Marking Scheme link is given at every page.

# SAMPLE PAPERS

# CBSE EXAM 2025

## 30 Sets

## Class : 10th

## Sub : Hindi B

How to see answers or marking scheme ?

CLICK HERE TO SEE ANSWERS

Click above on Every page

If you are unable to click, please open this file using a PDF viewer in Google Drive.

Disclaimer: These papers are based on the SQP released by CBSE and published by a private organization just for the practice of the students. CBSE has not released these papers and CBSE is not related to these papers in any manner. Publisher of these papers clearly state that these paeprs are only for practice of students and questions may not be come in main exam.

# प्रतिदर्श प्रश्नपत्र 1

## कक्षा–10 परीक्षा 2024–25

## हिन्दी–ब (कोड–085)

**निर्धारित समय : 3 घंटे** **अधिकतम अंक : 80**

**सामान्य निर्देश :**

- इस प्रश्नपत्र में चार खंड हैं– क, ख, ग, और घ।
- खंड–क में अपठित गद्यांश से प्रश्न पूछे गए हैं, जिनके उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए दीजिए।
- खंड–ख में व्यावहारिक व्याकरण से प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
- खंड–ग पाठ्यपुस्तक पर आधारित है, निर्देशानुसार उत्तर दीजिए।
- खंड़–घ रचनात्मक लेखन पर आधारित है आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
- प्रश्न पत्र में कुल 16 प्रश्न हैं, सभी प्रश्न अनिवार्य है।
- यथासंभव सभी खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

---

## खंड–क (अपठित बोध)

**1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** 7

समय का सदुपयोग जीवन में सफलता का एक महत्त्वपूर्ण मंत्र है। जो व्यक्ति "समय की नाड़ी पकड़ना" जानता है, वह जीवन में हमेशा आगे बढ़ता है। समय एक बहुमूल्य संसाधन है, जो एक बार चला गया तो वापस नहीं आता। इसी कारण से जीवन में समय का सही उपयोग करना बहुत जरूरी है। जो लोग अपने कार्यों को समय पर करते हैं, वे न केवल सफलता प्राप्त करते हैं, बल्कि समाज में आदर और सम्मान भी पाते हैं। आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में, जहाँ हर कोई आगे बढ़ने की होड़ में है, समय प्रबंधन का महत्त्व और भी बढ़ गया है। विद्यार्थी हो, व्यापारी हो या फिर कोई कर्मचारी, सभी के लिए समय की कीमत समझना अनिवार्य है। जो व्यक्ति समय का सदुपयोग नहीं करता, उसे अपने जीवन में अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। समय के सही प्रबंधन से न केवल काम में दक्षता आती है, बल्कि तनाव भी कम होता है। इसलिए, हमें अपने कार्यों की प्राथमिकता निर्धारित कर समय का सदुपयोग करना चाहिए। ऐसा करने से न केवल हमारा जीवन व्यवस्थित रहता है, बल्कि हमें अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने में भी सहायता मिलती है।

(क) उपर्युक्त गद्यांश का मुख्य विषय क्या है?

i. समय प्रबंधन का महत्त्व
ii. समय की नाड़ी पकड़ना
iii. जीवन में सम्मान
iv. लक्ष्य प्राप्ति के उपाय

CLICK HERE TO SEE ANSWERS

(ख) जो व्यक्ति 'समय की नाड़ी पकड़ना' जानता है, वह जीवन में हमेशा आगे बढ़ता है– पंक्ति से आशय है:

i. समय के महत्त्व को समझना
ii. समय का सदुपयोग करना
iii. जीवन में हमेशा मेहनत करना
iv. समय के साथ बदलना

(ग) निम्नलिखित कथन और निष्कर्ष को ध्यान से पढ़कर दिए गए विकल्प से सही उत्तर चुनकर लिखिए:
कथन : समय का सही उपयोग सफलता का मार्ग है।
निष्कर्ष : सफलता प्राप्त करने के लिए समय की बर्बादी करनी चाहिए।

i. कथन सही है, लेकिन निष्कर्ष गलत है।
ii. कथन और निष्कर्ष दोनों सही हैं।
iii. कथन गलत है और निष्कर्ष सही है।
iv. कथन और निष्कर्ष दोनों गलत हैं।

(घ) समय का सदुपयोग क्यों आवश्यक है?

(ङ) समय प्रबंधन से जीवन में क्या लाभ होते हैं?

**2. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** 7

धरती पर जल संकट एक गंभीर समस्या बनती जा रही है। पानी की कमी से निपटने के लिए वैज्ञानिक समुद्र के पानी को पीने योग्य बनाने की प्रक्रिया पर काम कर रहे हैं, जिसे विलवणीकरण कहा जाता है। इस प्रक्रिया में समुद्र के खारे पानी से नमक और अशुद्धियाँ हटा दी जाती हैं ताकि इसे पीने लायक बनाया जा सके। हालांकि, यह प्रक्रिया महंगी है, लेकिन तकनीकी प्रगति के साथ वैज्ञानिक इसे अधिक किफायती और ऊर्जा–सक्षम बनाने की कोशिश कर रहे हैं। कई देशों में, खासकर मध्य पूर्व और अफ्रीका में, पानी की कमी के कारण विलवणीकरण संयंत्रों का उपयोग बढ़ रहा है। यदि वैज्ञानिक इसे व्यापक रूप से सस्ता और कारगर बनाने में सफल होते हैं, तो इससे पानी की वैश्विक समस्या को काफी हद तक हल किया जा सकता है। इसके अलावा, यह तकनीक जल संसाधनों को संरक्षित करने में भी सहायक होगी, क्योंकि यह प्राकृतिक जल स्रोतों पर निर्भरता कम करेगी। इस प्रक्रिया का पर्यावरण पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा, क्योंकि यह पारंपरिक जल स्रोतों पर दबाव को कम कर सकती है और दीर्घकालिक जल आपूर्ति का एक टिकाऊ विकल्प प्रदान कर सकती है। इस प्रकार, विलवणीकरण जल संकट को दूर करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

(क) उपर्युक्त गद्यांश की विषय–वस्तु है?

i. जल संकट
ii. सौर ऊर्जा
iii. नाभिकीय ऊर्जा
iv. विलवणीकरण

CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP

(ख) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए:

कथन (A) : विलवणीकरण प्रक्रिया समुद्र के पानी को पीने योग्य बनाती है।

कारण (R) : यह प्रक्रिया पानी के प्राकृतिक स्रोतों को बढ़ाने का कार्य करती है।

i. कथन (A) सही है, कारण (R) गलत है।
ii. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।
iii. कथन (A) सही है, और कारण (R) उसकी सही व्याख्या है।
iv. कथन (A) गलत है किन्तु कारण (R) सही है।

(ग) वैज्ञानिकों द्वारा विलवणीकरण प्रक्रिया पर काम करने का मुख्य कारण है

i. पानी की कमी को दूर करना
ii. समुद्री जीवों की सुरक्षा
iii. प्राकृतिक जल स्रोतों को संग्रह करना
iv. समुद्र की गहराई में अनुसंधान करना

(घ) समुद्र के पानी को पीने योग्य बनाने की आवश्यकता क्यों मानी जाती है?

(ङ) विलवणीकरण प्रक्रिया प्राकृतिक जल स्रोतों से किस प्रकार भिन्न है?

## खंड–ख (व्यावहारिक व्याकरण)

**3.** **‘पदबंध’ पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** $4 \times 1 = 4$

(क) हरिहर काका धीरे–धीरे चलते हुए आँगन तक पहुँचे– वाक्य में से क्रिया–विशेषण पदबंध चुनकर लिखिए।

(ख) किसी वाक्य में क्रिया पदबंध की पहचान कैसे की जाती है? उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए।

(ग) <u>निर्भीक और साहसी</u> वज़ीर अली अपने अधिकार के लिए लड़ रहा था– वाक्य में रेखांकित पदबंध का भेद लिखिए।

(घ) बृजलाल गोयनका ने 200 आदमियों के साथ जुलूस निकाला– वाक्य में पदबंध का भेद बताते हुए कारण भी स्पष्ट कीजिए।

(ङ) विशेषण पदबंध का एक उदाहरण देकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।

**4.** **‘रचना के आधार पर वाक्य रूपांतरण’ पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** $4 \times 1 = 4$

(क) हमेशा सिर पर एक नंगी तलवार–सी लटकती मालूम होती’– वाक्य का भेद लिखिए।

(ख) फिर तेज कदमों से चलती हुई तताँरा के सामने आकर ठिठक गई– संयुक्त वाक्य में रूपांतरित कीजिए।

(ग) उदाहरण द्वारा संयुक्त एवं मिश्र वाक्य में अंतर स्पष्ट कीजिए।

(घ) मिश्र वाक्य में संबंधबोधक अव्यय की भूमिका स्पष्ट कीजिए।

(ङ) हरिहर काका ने घर की ओर देखा, परंतु उन्होंने कुछ नहीं कहा– वाक्य का भेद बताते हुए कारण स्पष्ट कीजिए।

CLICK HERE TO SEE ANSWERS

**5.** **'समास' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** $4 \times 1 = 4$

(क) सामासिक पद की पहचान कैसे की जाती है?

(ख) द्वंद्व समास में दोनों पदों का महत्व कैसे रहता है?

(ग) 'पीतांबर' बहुव्रीहि समास है कैसे?

(घ) 'दुर्गादास' सामासिक पद का विग्रह करते हुए भेद स्पष्ट कीजिए।

(ङ) बहुव्रीहि समास की विशेषता बताते हुए एक उदाहरण दीजिए।

**6.** **'मुहावरे' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** $4 \times 1 = 4$

(क) मेरा जी पढ़ने में बिलकुल न लगता था। एक घंटा भी किताब लेकर बैठना .................. था। (उपयुक्त मुहावरे द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।)

(ख) शैलेन्द्र ने अपने गीतों की गहराई में .................. दी। (उपयुक्त मुहावरे द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।)

(ग) लेखक ने "सपनों के से दिन" पाठ में अपनी पढ़ाई के दिनों को याद करते हुए कहा, "कामयाबी हासिल करने के लिए साँप–सीढ़ी खेल जैसे हालात से गुजरना पड़ता है।" पंक्ति से मुहावरा चुनकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।

(घ) 'मुँह की खाना' और 'मुँह में पानी भर आना' मुहावरे में अंतर स्पष्ट कीजिए।

(ङ) 'सुध–बुध खोना' मुहावरे का वाक्य बनाइए।

## खंड–ग (पाठ्यपुस्तक)

**7.** **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर सर्वाधिक उचित विकल्प से चुनकर लिखिए–** $5 \times 1 = 5$

मगर टाइम–टेबिल बना लेना एक बात है, उस पर अमल करना दूसरी बात। पहले ही दिन उसकी अवहेलना शुरू हो जाती। मैदान की वह सुखद हरियाली, हवा के हलके–हलके झोंके, फुटबॉल की वह उछल–कूद, कबड्डी के वह दाँव–घात, वॉलीवाल की वह तेजी और फुरती, मुझे अज्ञात और अनिवार्य रूप से खींच ले जाती और वहाँ जाते ही मैं सब कुछ भूल जाता। वह जानलेवा टाइम–टेबिल, वह आँखफोड़ पुस्तकें, किसी की याद न रहती और भाई साहब को नसीहत और फजीहत का अवसर मिल जाता। मैं उनके साये से भागता, उनकी आँखों से दूर रहने की चेष्टा करता, कमरे में इस तरह दबे पाँव आता कि उन्हें खबर न हो। उनकी नजर मेरी ओर उठी और मेरे प्राण निकले। हमेशा सिर पर एक नंगी तलवार–सी लटकती मालूम होती। फिर भी जैसे मौत और विपत्ति के बीच भी आदमी मोह और माया के बंधन में जकड़ा रहता है, मैं फटकार और घुड़कियाँ खाकर भी खेल–कूद का तिरस्कार न कर सकता था।

(क) टाइम–टेबिल बनाने के पहले ही दिन से क्या शुरू हो जाता था?

i. टाइम–टेबिल पर अमल का काम
ii. टाइम–टेबिल की अवहेलना का काम
iii. मौज–मस्ती करने का काम
iv. मित्रों के साथ खेलने–कूदने का काम

CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP

(ख) लेखक कहाँ जाते ही सब कुछ भूल जाता था?
- i. घर पर
- ii. विद्यालय में
- iii. खेल के मैदान में
- iv. छात्रावास में

(ग) लेखक बड़े भाई के डर से क्या कार्य करता था?
- i. उनके साये से दूर भागता था
- ii. उनकी आँखों से दूर रहने की चेष्टा करता था
- iii. कमरे में दबे पाँव आता था
- iv. उपर्युक्त सभी

(घ) भाई साहब को नसीहत और फजीहत का अवसर मिल जाता– पंक्ति में 'फजीहत' का अर्थ क्या है?
- i. प्रशंसा
- ii. आलोचना
- iii. सहानुभूति
- iv. सहायता

(ङ) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यान से पढ़िए तथा सर्वाधिक उचित विकल्प को चुनकर लिखिए:

कथन (A) : लेखक अपने टाइम–टेबल का पालन नहीं कर पाता था।

कारण (R) : खेल–कूद के आकर्षण में वह सब कुछ भूल जाता था।
- i. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।
- ii. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं।
- iii. कथन (A) गलत है तथा कारण (R) सही है।
- iv. कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

**8. गद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25–30 शब्दों में लिखिए–** $3 \times 2 = 6$

(क) लोग अपने–अपने मकानों व सार्वजनिक स्थलों पर राष्ट्रीय झंडा फहराकर किस बात का संकेत देना चाहते थे?

(ख) वामीरो अन्य गाँवों के युवकों को उत्तर देना उचित क्यों नही मानती?

(ग) 'मिट्टी से मिट्टी मिले' से लेखक का क्या तात्पर्य है?

(घ) सआदत अली को अवध के तख्त पर बिठाने के पीछे कर्नल का क्या उद्देश्य था?

**9. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए–** $5 \times 1 = 5$

स्याम म्हाने चाखर राखो जी,
गिरधारी लाला म्हाँने चाकर राखोजी।
चाकर रहस्यूँ बाग लगास्यूँ नित उठ दरसण पास्यूँ
बिन्दरावन री कुंज गली मे, गोंविन्द लीला गास्यूँ

CLICK HERE TO SEE ANSWERS

चाकरी में दरसण पास्यूँ, सुमरण पास्यूँ खरची
भाव भगती जागीरी पास्यूँ, तीनूं बाताँ सरसी।
मोर मुकुट पीताम्बर सौहे, गल वैजन्ती माला।
बिन्दरावन में धेनू चरावे, मोहन मुरली वाला।
ऊँचा–ऊँचा महल बणावं बिच बिच राखूँ बारी।
साँवरिया रा दरसण पास्यूँ, पहर कुसुम्बी साडी।
आधी रात प्रभू दरसण, दीज्यो जमनाजी रो तीरा।
मीराँ रा प्रभू गिरधर नागर, हिवडो घणों अधीरा

(क) मीरा कृष्ण से क्या प्रार्थना कर रही है?
- i. उनकी पीड़ा दूर करने की
- ii. सेविका के रूप मे स्वीकार करने की
- iii. प्रेमिका के रूप मे स्वीकार करने की
- iv. उन्हें अपने से दूर रखने की

(ख) कृष्ण की सेविका बनकर मीरा क्या करना चाहती है?
- i. बाग सजाना, दर्शन करना, गीत गाना
- ii. प्रशंसा के गीत गाना और गोकूल मे रहना
- iii. रोज उठकर उनके दर्शन करना और रोना
- iv. उनकी याद मे रोना, दर्शन करना गीत गाना

(ग) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्प में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।

अभिकथन (A) : मीराँ का मानना है कि भगवान के दर्शन और सेवा उसके जीवन का परम उद्देश्य है।

कारण (R) : भगवान की सेवा करने से उसे सामाजिक प्रतिष्ठा प्राप्त होती है।
- i कथन (A) गलत है, किन्तु कारण (R) सही है।
- ii कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।
- iii कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।
- iv कथन (A) सही है किन्तु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(घ) मीरा वृंदावन की गलियों में
- i. कृष्ण से मिलना चाहती है
- ii. कृष्ण का गुणगान करना चाहती है
- iii. कृष्ण को उलाहना देना चाहती है
- iv. कृष्ण की प्रतीक्षा करना चाहती हैं

(ङ) कृष्ण की भाव भक्ति में डूबना किसके समान है?
- i. सुख और वैभव के समान
- ii. मान–सम्मान के समान
- iii. धन–दौलत के समान
- iv. धन और सम्मान के समान

CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP

**10.** **काव्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए-** $3 \times 2 = 6$

(क) बिना साबुन और पानी के उपयोग के निर्मलता कैसे आ सकती है? कबीर के दोहे के आधार पर उत्तर दीजिए।

(ख) 'मनुष्यता' कविता में 'अभीष्ट मार्ग' किसे कहा गया है और क्यों?

(ग) 'अच्छे-अच्छे सूरमाओं के धज्जें' के माध्यम से कवि क्या कहना चाहता है?

(घ) एक सैनिक को किन-किन मुसीबतों का सामना करना पड़ता है

**11.** **पूरक पुस्तक 'संचयन' पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 40-50 शब्दों में लिखिए-** $2 \times 3 = 6$

(क) हरिहर काका के जीवन के अनुभवों से हमें क्या सीख मिलती है? 'हरिहर काका' पाठ के आधार पर लिखिए।

(ख) गरीब घरों के लड़कों का स्कूल जाना क्यों कठिन था? 'सपनों के-से दिन' पाठ के आधार पर लिखिए।

(ग) टोपी पढ़ने में बहुत तेज़ था, फिर भी वह दो बार फ़ेल हो गया। उसकी पढ़ाई में क्या बाधाएँ आ जाती थीं? 'टोपी शुक्ला' पाठ के आधार पर लिखिए।

## खंड-घ (रचनात्मक लेखन)

**12.** **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत-बिन्दुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए-** $1 \times 5 = 5$

(i) **कोरोना वायरस**
- कोरोना वायरस का संक्रमण
- लॉकडाउन के सकारात्मक प्रभाव
- बचाव के उपाय

(ii) **संघर्ष की परिणिति विजय**
- संघर्षशील जीवन
- चुनौती और संघर्ष
- विजय की खुशी

(iii) **याद आता है विद्यालय का प्रांगण**
- विद्यालय की मस्ती
- मित्रों का साथ
- कक्षा की पढ़ाई

CLICK HERE TO SEE ANSWERS

**13.** **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए–** $1 \times 5 = 5$

बिजली की अनियमित आपूर्ति की शिकायत करते हुए जयपुर विद्युत बोर्ड के अधिकारी को एक पत्र लि. खिए।

अथवा

अपने विद्यालय में पीने के पानी की समुचित व्यवस्था हेतु प्रधानाचार्य को एक प्रार्थना–पत्र लिखिए।

**14.** **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 60 शब्दों में सूचना लिखिए–** $1 \times 4 = 4$

आपके विद्यालय में नेत्र चिकित्सा शिविर लगाया जा रहा है। प्रधानाचार्य की ओर से छात्रों को इसकी सूचना जारी करें।

अथवा

शिक्षक–दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजन करने के लिए आपको संयोजक बनाया गया है। कार्यक्रम के बारे में विद्यार्थियों की सभा के लिए एक सूचना जारी करें।

**15.** **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन लिखिए–** $1 \times 3 = 3$

विद्यालय के वार्षिकोत्सव के अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा निर्मित हस्तकला की वस्तुओं की प्रदर्शनी के प्रचार हेतु एक विज्ञापन लिखिए।

अथवा

इस बरसात में आपने कुछ पौध तैयार की हैं। जिन्हें आप निःशुल्क वितरित करना चाहते हैं। सोसायटी सचिव की तरफ से एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

**16.** एक पहाड़ की ऊँची चोटी पर एक गरुड़ रहता था। उसी पहाड़ की तलहटी में एक विशाल वृक्ष था, जिस पर एक कौआ अपना घोंसला बनाकर रहता था........................................, पंक्ति से लगभग 100 शब्दों में लघुकथा लिखिए। $1 \times 5 = 5$

अथवा

आपके विद्यालय का नया सत्र आरंभ हो गया है लेकिन बाजार में अभी तक आपकी हिंदी की पाठ्यपुस्तक उपलब्ध नहीं है। इस संदर्भ में एनसीईआरटी के व्यापार प्रबंधक को लगभग 80 शब्दों में एक ई–मेल लिखिए।



CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP

# प्रतिदर्श प्रश्नपत्र 2

## कक्षा–10 परीक्षा 2024–25

## हिन्दी–ब (कोड–085)

**निर्धारित समय : 3 घंटे** **अधिकतम अंक : 80**

**सामान्य निर्देश :**

- इस प्रश्नपत्र में चार खंड हैं– क, ख, ग, और घ।
- खंड–क में अपठित गद्यांश से प्रश्न पूछे गए हैं, जिनके उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए दीजिए।
- खंड–ख में व्यावहारिक व्याकरण से प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
- खंड–ग पाठ्यपुस्तक पर आधारित है, निर्देशानुसार उत्तर दीजिए।
- खंड़–घ रचनात्मक लेखन पर आधारित है आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
- प्रश्न पत्र में कुल 16 प्रश्न हैं, सभी प्रश्न अनिवार्य है।
- यथासंभव सभी खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

---

## खंड–क (अपठित बोध)

**1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** 7

मेहनत और लगन से बढ़कर जीवन में कुछ भी नहीं है। जो व्यक्ति कठिन परिस्थितियों में भी "अपने पसीने की कमाई" से आगे बढ़ता है, वह न केवल अपने लक्ष्य को प्राप्त करता है, बल्कि समाज में एक मिसाल भी बनता है। मेहनत का फल मीठा होता है, और यह व्यक्ति को सफलता के शिखर तक पहुँचाता है। जीवन में संघर्ष और मेहनत के बिना कुछ भी प्राप्त नहीं किया जा सकता। आज के युग में, जहाँ हर कोई सफलता की तलाश में है, मेहनत और धैर्य का संयोजन आवश्यक है। कई बार हमें तुरंत परिणाम नहीं मिलता, लेकिन जो लोग निरंतर प्रयास करते रहते हैं, वे अंततः अपनी मंजिल को पा ही लेते हैं। मेहनत के साथ–साथ सही दिशा में काम करना भी जरूरी है। सच्ची मेहनत और ईमानदारी से किया गया काम न केवल व्यक्ति को आर्थिक रूप से सक्षम बनाता है, बल्कि उसे मानसिक शांति और आत्मसंतोष भी प्रदान करता है। जो व्यक्ति अपनी मेहनत से सफलता प्राप्त करता है, वही जीवन में वास्तविक खुशी का अनुभव करता है। इसीलिए, हर व्यक्ति को मेहनत और ईमानदारी के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ना चाहिए।

(क) उपर्युक्त गद्यांश का मुख्य विषय क्या है?
- i. मेहनत का महत्त्व
- ii. आर्थिक सफलता
- iii. धैर्य का लाभ
- iv. जीवन में संघर्ष

(ख) जो व्यक्ति 'अपने पसीने की कमाई' से आगे बढ़ता है, वह न केवल अपने लक्ष्य को प्राप्त करता है, बल्कि समाज में एक मिसाल भी बनता है– पंक्ति से आशय है:
- i. मेहनत और ईमानदारी से व्यक्ति सफल होता है
- ii. दूसरों की सहायता से सफलता मिलती है

CLICK HERE TO SEE ANSWERS

iii. बिना मेहनत के भी सफलता मिल सकती है
iv. मेहनत करने से ही समाज में सम्मान मिलता है

(ग) निम्नलिखित कथन और निष्कर्ष को ध्यान से पढ़कर दिए गए विकल्प से सही उत्तर चुनकर लिखिए:
कथन : मेहनत का फल मीठा होता है।
निष्कर्ष : मेहनत करने वाले हमेशा खुश रहते हैं।
i. कथन सही है, लेकिन निष्कर्ष गलत है।
ii. कथन और निष्कर्ष दोनों सही हैं।
iii. कथन गलत है और निष्कर्ष सही है।
iv. कथन और निष्कर्ष दोनों गलत हैं।

(घ) सरल भाषा में मेहनत का महत्त्व स्पष्ट कीजिए।

(ङ) मेहनत और धैर्य का जीवन में क्या महत्त्व है?

**2. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** 7

आधुनिक समय में डिजिटल शिक्षा का महत्व तेजी से बढ़ता जा रहा है। कई स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय अब ऑनलाइन कक्षाओं और डिजिटल संसाधनों का उपयोग करके छात्रों को शिक्षा प्रदान कर रहे हैं। डिजिटल शिक्षा से छात्रों को घर बैठे ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलता है। इसके माध्यम से शिक्षक अपनी सामग्री को अधिक प्रभावी ढंग से प्रस्तुत कर सकते हैं, जिससे छात्रों की समझ में सुधार होता है। डिजिटल प्लेटफार्मों पर मौजूद वीडियो, चित्र, और इंटरैक्टिव टूल्स छात्रों को पाठ्यक्रम को बेहतर तरीके से समझने में सहायक होते हैं। इसके अलावा, डिजिटल शिक्षा समय और स्थान की बाधाओं को दूर कर सकती है, जिससे ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में भी शिक्षा सुलभ हो जाती है।

हालांकि, डिजिटल शिक्षा में कुछ चुनौतियाँ भी हैं, जैसे इंटरनेट की उपलब्धता और डिजिटल उपकरणों की लागत, जो कुछ क्षेत्रों में छात्रों के लिए समस्या बन सकती हैं। इसके बावजूद, यदि डिजिटल शिक्षा को सही ढंग से लागू किया जाए और आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जाएँ, तो यह शिक्षा के क्षेत्र में एक क्रांति ला सकती है और समाज के हर वर्ग तक शिक्षा पहुँचाने में सहायक हो सकती है। डिजिटल शिक्षा न केवल शिक्षण प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाती है बल्कि छात्रों को भविष्य के लिए तैयार करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

(क) उपर्युक्त गद्यांश का मुख्य विषय क्या है?
i. इंटरनेट का उपयोग
ii. डिजिटल शिक्षा का महत्त्व
iii. पारंपरिक शिक्षा का महत्व
iv. शिक्षकों की भूमिका

(ख) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। दिए गए विकल्पों में से एक सही विकल्प चुनकर लिखिए:
कथन (A) : डिजिटल शिक्षा छात्रों को अधिक प्रभावी ढंग से सीखने में सहायता करती है।
कारण (R) : डिजिटल प्लेटफार्मों पर उपलब्ध वीडियो, चित्र, और इंटरैक्टिव टूल्स पाठ्यक्रम को समझने में सहायक होते हैं।
i. कथन (A) सही है, कारण (R) गलत है।
ii. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।

CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP

iii. कथन (A) सही है, और कारण (R) उसकी सही व्याख्या है।
iv. कथन (A) गलत है किन्तु कारण (R) सही है।

(ग) डिजिटल शिक्षा का मुख्य लाभ क्या है?
i. शिक्षा की गुणवत्ता में कमी
ii. समय और स्थान की बाधाओं को समाप्त करना
iii. डिजिटल उपकरणों की लागत में वृद्धि
iv. पारंपरिक शिक्षा का प्रसार

(घ) डिजिटल शिक्षा से ग्रामीण क्षेत्रों में क्या लाभ हो सकता है?

(ङ) डिजिटल शिक्षा में किस प्रकार की चुनौतियाँ अभी भी मौजूद हैं?

## खंड–ख (व्यावहारिक व्याकरण)

**3. 'पदबंध' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** $4 \times 1 = 4$

(क) जीने मरने वाले मनुष्य तो हो सकते हैं पर सही अर्थों में नहीं– वाक्य में से विशेषण पदबंध चुनकर लिखिए।

(ख) किसी वाक्य में क्रिया विशेषण पदबंध की पहचान कैसे की जाती है? उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए।

(ग) दोनों कबूतर रातभर खामोश और उदास बैठे रहते हैं– वाक्य में रेखांकित पदबंध का भेद लिखिए।

(घ) शुद्ध सोने में ताँबा मिलाने पर गिन्नी का सोना बनता है– वाक्य में पदबंध का भेद बताते हुए कारण भी स्पष्ट कीजिए।

(ङ) क्रिया पदबंध का एक उदाहरण देकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।

**4. 'रचना के आधार पर वाक्य रूपांतरण' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** $4 \times 1 = 4$

(क) मुद्रा कांतिहीन हो गई थी, मगर बेचारे फेल हो गए– वाक्य का भेद लिखिए

(ख) वजीर अली के जन्म को सआदत अली ने अपनी मौत माना– संयुक्त वाक्य में रूपांतरित कीजिए।

(ग) उदाहरण द्वारा सरल वाक्य और संयुक्त वाक्य में अंतर स्पष्ट कीजिए।

(घ) संयुक्त वाक्य में 'लेकिन' जैसे समुच्चयबोधक अव्यय की भूमिका स्पष्ट कीजिए।

(ङ) जब चाय तैयार हुई, तब उसने वह प्यालों में भरी– वाक्य का भेद बताते हुए कारण स्पष्ट कीजिए।

**5. 'समास' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** $4 \times 1 = 4$

(क) समास भाषा में संक्षिप्तता कैसे लाता है?

(ख) कर्मधारय समास में पूर्व पद और उत्तर पद के संबंध को स्पष्ट कीजिए।

(ग) 'जनसमूह' तत्पुरुष समास कैसे है?

(घ) 'विजयपताका' सामासिक पद का विग्रह करते हुए इसका भेद बताइए।

(ङ) द्वंद्व समास में दोनों पदों का संबंध कैसे होता है? एक उदाहरण दीजिए।

CLICK HERE TO SEE ANSWERS

**6.** **'मुहावरे' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** $4 \times 1 = 4$

(क) भाई साहब उपदेश की कला में निपुण थे। ऐसी–ऐसी लगती बातें कहते, ऐसे–ऐसे सूक्ति बाण चलाते कि मेरे .................. हो जाते और हिम्मत टूट जाती। (उपयुक्त मुहावरे द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।)

(ख) जब सवार ने कर्नल से कारतूस माँगे और असलियत सामने आई, तो कर्नल ने कहा, "यह तो ऐसा है जैसे .................।" (उपयुक्त मुहावरे द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।)

(ग) बड़े भाई साहब ने छोटे भाई को फटकारते हुए कहा, "अगर तुमने पढ़ाई पर ध्यान नहीं दिया, तो नाक कट जाएगी।" पंक्ति से मुहावरा चुनकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।

(घ) 'खून के आँसू रोना' और 'खून पसीना एक करना' मुहावरे में अंतर स्पष्ट कीजिए।

(ङ) 'बाट जोहना' मुहावरे का वाक्य बनाइए।

## खंड–ग (पाठ्यपुस्तक)

**7.** **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर सर्वाधिक उचित विकल्प से चुनकर लि. खिए–** $5 \times 1 = 5$

ऐसा नही हैं कि शैलेंन्द्र बीस सालों तक फिल्म इंडस्ट्री में रहते हुए भी वहाँ के तौर–तरीकों से नावाकिफ थे, परंतु उनमें उलझकर वे अपनी आदमियत नहीं खो सके। श्री 420 का एक लोकप्रिय गीत है– प्यार हुआ, इकरार हुआ है, प्यार से फिर क्यूँ डरता है दिल। इसके अंतरे की एक पंक्ति– रातें दसों दिशाओं से कहेंगी अपनी कहानियाँ पर संगीतकार जयकिशन ने आपत्ति की। उनका खयाल था कि दर्शक चार दिशाएँ तो समझ सकते हैं– दस दिखाएँ नहीं। लेकिन शैलेंद्र परिवर्तन के लिए तैयार नहीं हुए। उनका दृढ़ मंतव्य था कि दर्शकों की रूचि की आड़ में हमें उथलेपन को उन पर नहीं थोपना चाहिए। कलाकार का यह कर्त्तव्य भी है कि वह उपभोक्ता की रूचियों का परिष्कार करने का प्रयत्न करें। और उनका यकीन गलत नहीं था। यही नहीं, वे बहुत अच्छे गीत भी जो उन्होने लिखे बेहद लोकप्रिय हुए। शैलेंद्र ने झूठे अभिजात्य को कभी नहीं अपनाया। उनके गीत भाव–प्रवण थे– दुरूह नहीं। मेरा जूता है जापानी, ये पतलून इंगलिस्तानी, सर पे लाल टोपी रूसी, फिर भी दिल है 'हिंदुस्तानी' – यह गीत शैलेंद्र ही लिख सकते थे। शांत नदी का प्रवाह और समुद्र की गहराई लिए हुए। यही विशेषता उनकी जिंदगी की थी और यही उन्होंने अपनी फिल्म के द्वारा भी साबित किया था।

(क) फिल्म इंडस्ट्री के तौर–तरीकों में उलझकर शैलेंद्र क्या नहीं खोना चाहते थे?

i. अपनी इज्जत
ii. अपनी आदमियत
iii. अपनी पहचान
iv. अपनी दौलत

(ख) 'प्यार हुआ, इकरार हुआ है... गीत किस फिल्म का है।

i. संगम
ii. मेरा नाम जोकर
iii. तीसरी कसम
iv. श्री 420

CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP

(ग) कलाकार का कर्तव्य है कि
i. वह उपभोक्ता की रूचियों का परिष्कार करें
ii. वह उपभोक्ता की रूचियों की चिंता न करें
iii. वह अधिक–से–अधिक धन कमाए
iv. वह उपभोक्ता की रूचियों को बढ़ाए

(घ) कलाकार का यह कर्त्तव्य भी है कि वह उपभोक्ता की रूचियों का परिष्कार करने का प्रयत्न करें– पंक्ति में 'परिष्कार' का क्या अर्थ है?
i. सुधार करना
ii. निंदा करना
iii. त्याग करना
iv. सम्मान करना

(ङ) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यान से पढ़िए तथा सर्वाधिक उचित विकल्प को चुनकर लिखिए:
कथन (A) : शैलेंद्र ने दर्शकों की रूचि के अनुसार गीतों में बदलाव करने से मना कर दिया।
कारण (R) : उनका मानना था कि कलाकार को उथलेपन को थोपना नहीं चाहिए।
i. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।
ii. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं।
iii. कथन (A) गलत है तथा कारण (R) सही है।
iv. कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

**8. गद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25–30 शब्दों में लिखिए–** $3 \times 2 = 6$

(क) बड़े भाई साहब को अपनी मन की इच्छाएँ क्यों दबानी पड़ती थी?

(ख) 26 जनवरी 1931 के दिन को अमर बनाने के लिए क्या–क्या तैयारियाँ की गईं?

(ग) तताँरा की तलवार के बारे में लोगों का क्या मानना था? वह तलवार लोगों के लिए रहस्य का विषय क्यो थी?

(घ) चाय पीने के बाद लेखक को किन परिवर्तनों का अनुभव हुआ?

**9. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए–** $5 \times 1 = 5$

कंपनी बाग के मुहाने पर
धर रखी गई है यह 1857 की तोप
इसकी होती है बड़ी सम्हाल, विरासत में मिले
कंपनी बाग की तरह
साल में चमकाई जाती है दो बार।
सुबह–शाम कंपनी बाग में आते हैं बहुत–से सैलानी
उन्हें बताती है यह तोप
कि मैं बड़ी जबर
उड़ा दिए थे मैंने

CLICK HERE TO SEE ANSWERS

अच्छे–अच्छे सूरमाओं के धज्जे
अपने जमाने में।

(क) तोप को कहाँ रखा गया है?
  i. नगर के चौराहे पर
  ii. कंपनी बाग के मुहाने पर
  iii. छावनी के मुख्य द्वार पर
  iv. नेशनल पार्क में

(ख) कंपनी बाग के मुहाने पर रखी तोप किस समय की है?
  i. सन् 1800 की
  ii. सन् 1820 की
  iii. सन् 1857 की
  iv. सन् 1890 की

(ग) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्प में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।
  अभिकथन (A) : कुोप 1857 के स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुकी है।
  i कथन (A) गलत है, किन्तु कारण (R) सही है।
  ii कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।
  iii कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।
  iv कथन (A) सही है किन्तु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(घ) तोप को साल में कितनी बार चमकाया जाता है?
  i. चार बार
  ii. दो बार
  iii. तीन बार
  iv. एक बार

(ङ) तोप अपने जमाने में कैसी थी?
  i. बहुत कमजोर
  ii. बहुत कीमती
  iii. बहुत शक्तिशाली
  iv. बहुत सुंदर

**10.** **काव्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25–30 शब्दों में लिखिए–** $3 \times 2 = 6$

(क) मुराड़ा हाथ में लेकर कबीर ने अपना ही घर क्यों जलाया?

(ख) मैथिलीशरण गुप्त ने 'मनुष्यता' कविता में किन महापुरुषों का उल्लेख किया है और क्यों?

(ग) पर्वत को मेखलाकार कहने के पीछे कवि की कल्पना क्या रही होगी?

(घ) 'जीवन में जीवित रहने के अवसर तो बहुत हैं किंतु जान देने के मौके कम ही मिलते हैं। 'एक सैनिक की दृष्टि से इस कथन का आशय स्पष्ट कीजिए।

CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP

**11.** **पूरक पुस्तक ‘संचयन’ पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 40-50 शब्दों में लिखिए-** $2 \times 3 = 6$

(क) ‘हरिहर काका’ कहानी अंध भक्ति और ठाकुरबारी के चरित्र को उजागर करती है सोदाहरण स्पष्ट करें।

(ख) ‘सपनों के से दिन’ कहानी के आधार पर लिखिए कि स्काउट परेड करते समय लेखक स्वयं को फ़ौजी जवान क्यों समझता था?

(ग) ‘टोपी शुक्ला’ पाठ में ठाकुर हरिनाम सिंह कौन था? उसके लड़कों ने टोपी से दोस्ती क्यों नहीं की? यह उनकी किस भावना का व्यंजक है?

## खंड-घ (रचनात्मक लेखन)

**12.** **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत-बिन्दुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए-** $1 \times 5 = 5$

(i) **नारी और नौकरी**
- दोगुना कार्य
- घर और बाहर में संतुलन
- व्यक्तित्व निर्माण में सहायक कार्य

(ii) **ग्लोबल वार्मिंग**
- धरती पर बढ़ता तापमान
- बदलता मौसम
- समस्या के कारण
- समाधान

(iii) **परीक्षा से पहले मेरी मनोदशा**
- परीक्षा नाम से भय
- पर्याप्त तैयारी
- प्रश्नपत्र देखकर भय दूर हुआ

**13.** **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए-** $1 \times 5 = 5$

आपके क्षेत्र में डेंगू के मामले बढ़ते ही जा रहे हैं। इससे बचाव के लिए नगर-निगम के अध्यक्ष के नाम एक पत्र लिखिए।

अथवा

नगर में कल-कारखानों से प्रदूषण में हो रही वृद्धि पर चिंता व्यक्त करते हुए किसी दैनिक समाचार पत्र के संपादक को एक पत्र लिखिए।

**CLICK HERE TO SEE ANSWERS**

**14.** **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 60 शब्दों में सूचना लिखिए–** $1 \times 4 = 4$

आपके विद्यालय में निःशुल्क 'दंत चिकित्सा शिविर' का आयोजन किया जा रहा है। सूचना पट्ट पर विद्यालय के सचिव की ओर से सूचना जारी करें।

अथवा

विद्यालय के बाहर खड़े खोमचे वालों से कोई छात्र कुछ न खरीदे। यह हिदायत देने के लिए प्रधानाचार्य की ओर से सूचना जारी करें।

**15.** **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन लिखिए–** $1 \times 3 = 3$

आपके नगर में आयोजित होने वाली भारत की सांस्कृतिक एकता प्रदर्शनी को देखने के लिए लोगों को आमंत्रित करते हुए एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

अथवा

देश की जनता को 'मतदान अधिकार' के प्रति जागरूक करने के लिए मुख्य निर्वाचन आयुक्त कार्यालय की ओर से एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

**16.** रविवार का दिन था। अमित के पिता ने सोचा कि चलो, आज अमित को चिड़ियाघर के दर्शन कराए जाएँ। वहाँ तरह–तरह के जानवरों और पक्षियों से परिचय कराया जाए..................., पंक्ति से लगभग 100 शब्दों में लधुकथा लिखिए। $1 \times 5 = 5$

अथवा

आपने यात्रा के दौरान एक उपरगामी पुल को जर्जर हालत में देखा है। वह पुल कभी भी किसी दुर्घटना का कारण बन सकता है। आपने वहाँ रुककर अपने मोबाइल से उसका चित्र भी लिया है। उस चित्र सहित अधिशासी अभियंता (लोक निर्माण विभाग) को पुल की मरम्मत के संदर्भ में लगभग 80 शब्दों में एक ई–मेल लिखिए

www.nodia.in

CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP

# प्रतिदर्श प्रश्नपत्र 3

## कक्षा–10 परीक्षा 2024–25

## हिन्दी–ब (कोड–085)

**निर्धारित समय : 3 घंटे** **अधिकतम अंक : 80**

**सामान्य निर्देश :**

- इस प्रश्नपत्र में चार खंड हैं– क, ख, ग, और घ।
- खंड–क में अपठित गद्यांश से प्रश्न पूछे गए हैं, जिनके उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए दीजिए।
- खंड–ख में व्यावहारिक व्याकरण से प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
- खंड–ग पाठ्यपुस्तक पर आधारित है, निर्देशानुसार उत्तर दीजिए।
- खंड़–घ रचनात्मक लेखन पर आधारित है आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
- प्रश्न पत्र में कुल 16 प्रश्न हैं, सभी प्रश्न अनिवार्य है।
- यथासंभव सभी खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

---

## खंड–क (अपठित बोध)

**1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** 7

जब कोई युवा पुरुष अपने घर से बाहर निकलकर बाहरी संसार में अपनी स्थिति जमाता है, तब पहली कठिनता उसे मित्र चुनने में पड़ती हैं। यदि उसकी स्थिति बिल्कुल एकान्त और निराली नहीं रहती तो उसकी जान–पहचान के लोग धड़ाधड़ बढते जाते हैं और थोड़े ही दिनों में कुछ लोगों से उसका हेलमेल हो जाता है। यही हेलमेल बढ़ते बढ़ते मित्रता के रूप में परिणत हो जाता है। मित्रों के चुनाव की उपयुक्तता पर उसके जीवन की सफलता निर्भर हो जाती है; क्योंकि संगत का गुप्त प्रभाव हमारे आचरण पर बड़ा भारी पड़ता है। हम लोग ऐसे समय में समाज के प्रवेश करके अपना कार्य आरम्भ करते हैं जब कि हमारा चित्त कोमल और हर तरह से संस्कार ग्रहण करने योग्य रहता है, हमारे भाव अपरिमार्जित और हमारी प्रवृत्ति अपरिपक्व रहती है। अपने मनोवेगों की शक्ति और अपनी प्रकृति की कोमलता का पता हमीं को नहीं रहता। हम लोग कच्ची मिट्टी की मूर्ति के समान रहते हैं जिसे जिस रूप का चाहे, उस रूप का करे–चाहे राक्षस बनावे चाहे देवता। ऐसे लोगों का साथ हमारे लिए बुरा हैं, जो हमसे अधिक दृढ़–संकल्प के हैं, क्योंकि हमें उनकी हर बात बिना विरोध के मान लेनी पड़ती है, पर ऐसे लोगों का साथ और भी बुरा हैं, जो हमारी ही बात को ऊपर रखते हैं, क्योंकि ऐसी दशा में न तो हमारे ऊपर कोई नियंत्रण रहता है और न हमारे लिए कोई सहारा रहता है। दोनों अवस्थाओं में जिस बात का भय रहता है, उसका पता युवकों को प्रायः बहुत कम रहता है। यदि विवेक से काम लिया जाए तो भय नहीं रहता, पर युवापुरूष प्रायः विवेक से कम काम लेते हैं। कैसे आश्चर्य की बात है कि लोग घोड़ा लेते हैं तो उसके सौ गुण–दोष को परखकर लेते हैं, पर किसी को मित्र बनाने में उसके पूर्व आचरण और स्वभाव आदि का कुछ भी विचार और अनुसंधान नहीं करते। वे उसमें सब बातें अच्छी ही अच्छी मानकर अपना पूरा विश्वास जमा देते हैं।

CLICK HERE TO SEE ANSWERS

(क) उपर्युक्त गद्यांश का मुख्य विषय क्या है?
- i. युवाओं का समाज में प्रवेश
- ii. मित्र चयन की कठिनाइयाँ
- iii. युवाओं की विवेकहीनता
- iv. संगत का प्रभाव

(ख) मित्रों के चुनाव की उपयुक्तता पर उसके जीवन की सफलता निर्भर हो जाती है– पंक्ति से क्या आशय है?
- i. सही मित्र जीवन को सफल बनाते हैं
- ii. मित्रता जीवन में अवरोध पैदा करती है
- iii. मित्रता जीवन पर कोई प्रभाव नहीं डालती
- iv. मित्रता केवल सामाजिक व्यवहार है

(ग) निम्नलिखित कथन और निष्कर्ष को ध्यान से पढ़कर दिए गए विकल्प से सही उत्तर चुनकर लिखिए:
कथन : गलत संगति का प्रभाव व्यक्ति के आचरण पर पड़ता है।
निष्कर्ष : युवाओं को विवेक से मित्र चुनना चाहिए।
- i. कथन सही है, लेकिन निष्कर्ष गलत है।
- ii. कथन और निष्कर्ष दोनों सही हैं।
- iii. कथन गलत है और निष्कर्ष सही है।
- iv. कथन और निष्कर्ष दोनों गलत हैं।

(घ) सरल भाषा में संगत का व्यक्ति के जीवन पर प्रभाव स्पष्ट कीजिए।

(ङ) युवाओं को मित्र बनाने में विवेक से काम क्यों लेना चाहिए?

**2. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** 7

जल संसाधनों की कमी और बढ़ते प्रदूषण के कारण स्वच्छ पानी की उपलब्धता एक बड़ी चुनौती बन गई है। शहरीकरण और औद्योगिक विकास से जल स्रोत प्रदूषित हो रहे हैं, जिससे पीने योग्य पानी का अभाव हो रहा है। इसके अलावा, जल की बर्बादी और भूजल का अंधाधुंध उपयोग भी इस समस्या को और गंभीर बना रहे हैं। जल संरक्षण के प्रयासों में वर्षा जल संचयन, जल पुनर्चक्रण, और पानी की बचत के लिए जागरूकता बढ़ाना शामिल हैं। कई शहर अब वर्षा जल संचयन तकनीकों का उपयोग कर रहे हैं ताकि भूजल स्तर को बनाए रखा जा सके। इसके साथ ही, घरों में जल की खपत को कम करने के लिए आधुनिक जल–संरक्षण उपकरणों का प्रयोग भी किया जा रहा है। औद्योगिक क्षेत्रों में जल शोधन संयंत्रों की स्थापना की जा रही है ताकि जल का पुनः उपयोग किया जा सके और प्रदूषण को कम किया जा सके।

यदि इन जल संरक्षण उपायों को व्यापक रूप से अपनाया जाए, तो यह जल संकट को कम करने में सहायक हो सकता है। जल संरक्षण न केवल पानी की उपलब्धता को बढ़ाता है, बल्कि पर्यावरण के संतुलन को बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण योगदान देता है।

(क) उपर्युक्त गद्यांश का मुख्य विषय क्या है?
- i. जल संरक्षण
- ii. प्रदूषण नियंत्रण
- iii. औद्योगिकीकरण के लाभ
- iv. शहरीकरण

CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP

(ख) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। दिए गए विकल्पों में से एक सही विकल्प चुनकर लिखिए:

कथन (A) : जल संरक्षण के उपाय जल संकट को कम कर सकते हैं।

कारण (R) : जल संरक्षण के प्रयास भूजल स्तर को बनाए रखने में सहायक होते हैं।

i. कथन (A) सही है, कारण (R) गलत है।
ii. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।
iii. कथन (A) सही है, और कारण (R) उसकी सही व्याख्या है।
iv. कथन (A) गलत है किन्तु कारण (R) सही है।

(ग) जल संरक्षण का मुख्य उद्देश्य क्या है?

i. पानी की बर्बादी को बढ़ाना
ii. जल संसाधनों की कमी को दूर करना
iii. औद्योगिक विकास को बढ़ावा देना
iv. शहरीकरण में सहायता करना

(घ) वर्षा जल संचयन तकनीक से क्या लाभ हो सकता है?

(ङ) जल संरक्षण में किस प्रकार की चुनौतियाँ अभी भी मौजूद हैं?

## खंड–ख (व्यावहारिक व्याकरण)

**3.** **'पदबंध' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** $4 \times 1 = 4$

(क) प्रैक्टिकल आइड़ियालिस्टों के जीवन से आदर्श धीरे–धीरे पीछे हटने लगते हैं– वाक्य में से क्रिया–विशेषण पदबंध चुनकर लिखिए।

(ख) किसी वाक्य में संज्ञा पदबंध की पहचान कैसे की जाती है? उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए।

(ग) मैं तो खेलते–कूदते दरजे में अव्वल आ गया– वाक्य में रेखांकित पदबंध का भेद लिखिए।

(घ) कर्नल की पूरी फौज धीरे–धीरे वज़ीर अली का पीछा कर रही है– वाक्य में पदबंध का भेद बताते हुए कारण भी स्पष्ट कीजिए।

(ङ) सर्वनाम पदबंध का एक उदाहरण देकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।

**4.** **'रचना के आधार पर वाक्य रूपांतरण' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** $4 \times 1 = 4$

(क) वामीरों सचेत होकर घर की ओर दौड़ी– वाक्य का भेद लिखिए।

(ख) कई बार मुझे डाँटने का अवसर मिलने पर भी बड़े भाई साहब चुप रहे– संयुक्त वाक्य में रूपांतरित कीजिए।

(ग) उदाहरण द्वारा मिश्र और सरल वाक्य में अंतर स्पष्ट कीजिए।

(घ) मिश्र वाक्य में 'यदि' और 'तो' जैसे संबंधबोधक अव्ययों की भूमिका स्पष्ट कीजिए।

(ङ) बाहर बेढब–सा मिट्टी का बरतन पड़ा था– वाक्य का भेद बताते हुए कारण स्पष्ट कीजिए।

CLICK HERE TO SEE ANSWERS

**5.** **'समास' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** $4 \times 1 = 4$

(क) समास का प्रयोग भाषा में स्पष्टता कैसे लाता है?

(ख) द्विगु समास में संख्यावाचक पद की क्या भूमिका होती है?

(ग) 'स्वयंप्रकाश' बहुव्रीहि समास क्यों कहलाता है?

(घ) 'दीनदयाल' सामासिक पद का विग्रह करते हुए इसका भेद बताइए।

(ङ) कर्मधारय समास की विशेषता बताते हुए एक उदाहरण दीजिए।

**6.** **'मुहावरे' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** $4 \times 1 = 4$

(क) बड़े भाई साहब की फटकार मेरे सिर पर .................... रहती थी। (उपयुक्त मुहावरे द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।)

(ख) वजीर अली को पकड़ने के लिए कर्नल के प्रयासों पर लेफ्टीनेंट ने कहा, "यह तो .................... के बराबर है।" (उपयुक्त मुहावरे द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।)

(ग) महंत जी ने हरिहर काका को ठाकुरबारी में रोकने के लिए कहा, 'जैसा मैं कह रहा हूँ वैसा करो, वरना बात हाथ से निकल जाएगी।' पंक्ति से मुहावरा चुनकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।

(घ) 'नाक कटना' और 'दो नावों की सवारी करना' मुहावरे में अंतर स्पष्ट कीजिए।

(ङ) 'खुशी का ठिकाना न रहना' मुहावरे का वाक्य बनाइए।

## खंड–ग (पाठ्यपुस्तक)

**7.** **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर सर्वाधिक उचित विकल्प से चुनकर लिखिए–** $5 \times 1 = 5$

ग्वालियर में हमारा एक मकान था, उस मकान के दालान में दो रोशनदान थे। उसमें कबूतर के एक जोड़े ने घोंसला बना लिया था। एक बार बिल्ली ने उचककर दो में से एक अंडा तोड़ दिया। मेरी माँ ने देखा तो उसे दुःख हुआ। उसने स्टूल पर चढ़कर दूसरे अंडे को बचाने की कोशिका की। लेकिन इस कोशिश में दूसरा अंडा उसी के हाथ से गिरकर टूट गया। कबूतर परेशानी में इधर–उधर फड़फड़ा रहे थे। उनकी आँखों में दुःख देखकर मेरी माँ की आँखों में आँसू आ गए। इस गुनाह को खुदा से मुआफ कराने के लिए उसने पूरा दिन रोजा रखा। दिन–भर कुछ खाया–पिया नहीं। सिर्फ रोती रही और बार–बार नमाज पढ़–पढ़कर खुदा से इस गलती को मुआफ करने की दुआ माँगती रही।

(क) लेखक की माँ किस बात से दुःखी थी?

i. घर में कबूतरों ने घोंसला बना लिया था
ii. कबूतर के दोनों अंडे टूट गए थे
iii. कबूतर अंडों को छोड़कर चले गए थे
iv. बिल्ली अंडों को खा गई थी

(ख) लेखक की माँ खुदा से किस गुनाह को माफ करना चाहती थी?

i. पहला अंडा तोड़ने का गुनाह
ii. बिल्ली को मारने का गुनाह
iii. दूसरा अंडा टूट जाने का गुनाह
iv. कबूतर का घोंसला तोड़ने का गुनाह

CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP

(ग) माँ की आँखों में आँसू आ गए थे, क्योंकि
- i. कबूतर का अंडा बिल्ली ने तोड़ दिया था
- ii. कबूतर का अंडा लेखक की माँ से टूट गया था
- iii. लेखक की पत्नी ने कबूतर का अंडा तोड़ दिया था
- iv. कबूतर की आँखों में दुःख देखकर व्यथित हो गई थी

(घ) इस गुनाह को खुदा से मुआफ कराने के लिए– पंक्ति में 'गुनाह' का अर्थ क्या है?
- i. उपहार
- ii. गलती
- iii. पूजा
- iv. सफलता

(ङ) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यान से पढ़िए तथा सर्वाधिक उचित विकल्प को चुनकर लिखिए:

कथन (A) : माँ ने पूरे दिन रोजा रखा और नमाज पढ़ती रही।

कारण (R) : वह कबूतरों को घर में रखने का वादा कर रही थी।
- i. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं
- ii. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं
- iii. कथन (A) गलत है तथा कारण (R) सही है
- iv. कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है

**8. गद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25–30 शब्दों में लिखिए–** $3 \times 2 = 6$

(क) शुद्ध सोना और 'गिन्नी का सोना' अलग–अलग कैसे है? स्पष्ट कीजिए।

(ख) अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के विषय में निकोबारियों का क्या विश्वास है?

(ग) 'कारतूस' पाठ में 'खतरनाक' शब्द का प्रयोग किस व्यक्ति के लिए किया गया है और क्यों?

(घ) छोटे भाई ने अपनी पढ़ाई का टाइम–टेबल बनाते समय क्या–क्या सोचा और फिर उसका पालन क्यों नहीं कर पाया?

**9. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए–** $5 \times 1 = 5$

विचार लो कि मर्त्य हो न मृत्यु से डरो कभी,<br>
मरो, परंतु यों मरो कि याद जो करें सभी।<br>
हुई न यों सुमृत्यु तो वृथा मरे, वृथा जिए,<br>
मरा नहीं वही कि जो जिया न आपके लिए।<br>
वही पशु–प्रवृत्ति है कि आप आप ही चरे,<br>
वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे।।

(क) कवि के अनुसार मनुष्य कौन है?
- i. जो अपने लिए जीता है
- ii. जो अपने परिवार के लिए मरता है
- iii. जो मनुष्य के लिए जीता–मरता है
- iv. जो किसी के लिए कुछ नहीं करता

CLICK HERE TO SEE ANSWERS

(ख) पशु–प्रवृत्ति क्या है?
i. दूसरों के लिए जीना मरना
ii. हमेशा परोपकार करना
iii. जंगलों में घूमना–फिरना
iv. केवल अपने लिए ही जीना

(ग) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्प में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।
अभिकथन (A) : कवि का मानना है कि मनुष्य का जीवन तभी सार्थक है जब वह दूसरों के लिए जिए।
कारण (R) : दूसरों के लिए जीना मनुष्य को अमर बना देता है और उसे समाज में विशेष स्थान दिलाता है।
i कथन (A) गलत है, किन्तु कारण (R) सही है।
ii कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।
iii कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।
iv कथन (A) सही है किन्तु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(घ) कौन अमर हो जाता है?
i. जो दूसरों के लिए जीता–मरता है
ii. जो केवल अपने लिए जीता है
iii. जो कठोर तपस्या करता है
iv. जो पशुओं जैसा जीवन जीता है

(ङ) कैसी मृत्यु सुमृत्यु होती है?
i. जिसमें कष्ट होता है
ii. जिसमें कष्ट नहीं होता
iii. जिसमें मरने के बाद भी लोग याद करते हैं
iv. जिसमें मरने के बाद कोई याद नहीं करता

**10. काव्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25–30 शब्दों में लिखिए–** **$3 \times 2 = 6$**

(क) तोप अपनी किस विशेषता से परिचित करवाना चाहती है और कैसें?

(ख) कस्तूरी मृग के उदाहरण द्वारा कबीर ने क्या स्पष्ट किया है:

(ग) उदार व्यक्ति की क्या विशेषताएँ होती हैं? धरा उसके प्रति किस भाव का अनुभव करती है? 'मनुष्यता' कविता के संदर्भ में उत्तर दें।

(घ) 'पर्वत प्रदेश में पावस' के दृश्यों को कवि ने 'इंद्रजाल' क्यों कहा है?

CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP

**11.** **पूरक पुस्तक 'संचयन' पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 40-50 शब्दों में लिखिए-** $2 \times 3 = 6$

(क) समाज में रिश्तों की क्या अहमियत रह गई है? 'हरिहर काका' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए कि आप परिवार में किस प्रकार के रिश्तों को उपयुक्त मानते हैं और क्यों ?

(ख) 'सपनों के-से दिन' पाठ में ख़ुशी से जाने की जगह न होने पर भी, लेखक को कब और क्यों स्कूल जाना अच्छा लगने लगा?

(ग) किन बातों से पता चलता है कि टोपी को इफ़्फ़न की दादी बहुत प्रिय थी? 'टोपी शुक्ला' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए।

## खंड-घ (रचनात्मक लेखन)

**12.** **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत-बिन्दुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए-** $1 \times 5 = 5$

(i) **जंक फूड**

- जंक फूड क्या होता है?
- युवा पीढ़ी और जंक फूड
- जंक फूड खाने के दुष्परिणाम

(ii) **महानगरीय भीडभाड़ और मेट्रो**

- यातायात और भीड़भाड़
- प्रदूषण की समस्या
- मेट्रो रेल की भूमिका
- मेट्रो के लाभ

(iii) **स्वच्छ भारत अभियान**

- आरंभ
- उद्देश्य
- छात्रों और सरकारी कर्मचारियों का सहयोग
- जन साधारण को प्रेरित करना
- वेस्ट मैनेजमेंट तकनीकों को बढ़ावा

**13.** **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए-** $1 \times 5 = 5$

पीतमपुरा, दिल्ली डाकघर से ट्रांस कॉलोनी, कानपुर को भेजा गया मनीऑर्डर अपने गंतव्य तक नहीं पहुँचा। इसकी शिकायत करते हुए प्रेषक की ओर से डाकपाल को एक पत्र लिखिए।

अथवा

किसी प्रख्यात समाचारपत्र के संपादक के नाम एक पत्र लिखकर रेल आरक्षण व्यवस्था में हुए सुधार की प्रशंसा कीजिए।

CLICK HERE TO SEE ANSWERS

**14.** **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 60 शब्दों में सूचना लिखिए–** $1 \times 4 = 4$

आप जयपुर स्थित सरस्वती उच्च विद्यालय की बाल–कल्याण परिषद् के सचिव हैं। आपने पास स्थित झुग्गी–झोपड़ी के बच्चों की सहायता के लिए कक्षाएँ लगाने का निर्णय किया है। जो भी विद्यार्थी इस पुनीत कार्य में सहयोग करना चाहते हैं, उनके नाम 6 जून तक खेल परिषद् के कार्यालय में जमा कराने के लिए सूचना तैयार करें।

अथवा

मुखर्जी कॉलेज, दिल्ली में छात्र के अध्यक्ष, सचिव व खजांची के पद का चुनाव होगा। सलाहकार होने के नाते छात्राओं से नामांकन पत्र जमा करवाने के लिए सूचना–पत्र में तैयार कीजिए।

**15.** **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन लिखिए–** $1 \times 3 = 3$

अतिवृष्टि के कारण कुछ शहर बाढ़ से ग्रस्त है। वहाँ के निवासियों की सहायतार्थ सामग्री एकत्र करने हेतु एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

अथवा

आपके शहर में एक नया वाटर पार्क खुला है, जिसमें पानी के खेल, रोमांचक झूलों, मनोरंजक खेलों और खान–पान की व्यवस्था है। इसके लिए एक विज्ञापन का आलेख तैयार कीजिए।

**16.** धन कमाने को ही अंतिम सत्य मानने वाले सेठ शामलाल की रेलयात्रा के दौरान एक संन्यासी से भेंट हो गई। सेठ ने संन्यासी को लाचार कहा तो संन्यासी ने...................., पंक्ति से लगभग 100 शब्दों में लघुकथा लिखिए। $1 \times 5 = 5$

अथवा

आपके क्षेत्र में कोई भी टेलीविजन सहजता से दूरदर्शन के कार्यक्रम नहीं पकड़ पाता। बहुत संभव है यह केबल ऑपरेटरों की कारस्तानी हो। दूरदर्शन के महानिदेशक को लगभग 80 शब्दों में एक ई–मेल लिखकर इस ओर उनका ध्यान आकृष्ट कीजिए।

www.nodia.in

CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP

# प्रतिदर्श प्रश्नपत्र 4

## कक्षा–10 परीक्षा 2024–25

## हिन्दी–ब (कोड–085)

**निर्धारित समय : 3 घंटे** **अधिकतम अंक : 80**

**सामान्य निर्देश :**

- इस प्रश्नपत्र में चार खंड हैं– क, ख, ग, और घ।
- खंड–क में अपठित गद्यांश से प्रश्न पूछे गए हैं, जिनके उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए दीजिए।
- खंड–ख में व्यावहारिक व्याकरण से प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
- खंड–ग पाठ्यपुस्तक पर आधारित है, निर्देशानुसार उत्तर दीजिए।
- खंड़–घ रचनात्मक लेखन पर आधारित है आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
- प्रश्न पत्र में कुल 16 प्रश्न हैं, सभी प्रश्न अनिवार्य है।
- यथासंभव सभी खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

---

## खंड–क (अपठित बोध)

**1.** **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** 7

विद्या + अर्थी अर्थात् विद्या के हेतु जिसका जन्म हो वो है विद्यार्थी। लेकिन नित्य बढ़ती अनुशासनहीनता के कारण आजकल के विद्यार्थियों में उसका अर्थ बदल दिया है। वो इस प्रकार है जो विद्या की अर्थी निकाल दे वही विद्यार्थी है। विद्यार्थियों में बढ़ती अनुशासनहीनता के कारणों में संभवतः सर्वाधिक मुख्य कारण यह भी है कि प्रायः विद्यार्थी अनुशासन के लाभो से अपरिचित होते हैं। उन्हे ज्ञान नही होता कि अनुशासन से जीवन सुखी एवं शांत बन जाता है। अनुशासनहीनता का दूसरा कारण यह है कि आज कि शिक्षा–प्रणाली में आचरण को केवल व्यक्तिगत विषय समझ लिया गया है। विद्यार्थी को आचरण सम्बंधी शिक्षा नही दी जाती है तथा पुस्तकीय ज्ञान को ही सब कुछ मान लिया जाता है। फलतः विद्यार्थी की चंचल मानसिक प्रवृति निरंतर उद्दंडता की ओर उन्मुख होती चली जा रही है; अतः यह आवश्यक है कि हम अपनी शिक्षा–पद्धति में सुधार करें तथा आचारशास्त्र को ही आरंभिक कक्षाओं में अनिवार्य तथा उच्च कक्षाओं में वैकल्पिक विषय के रूप में स्थान दें। इसके साथ ही हमें विद्यार्थियों को यह बताना चाहिए कि अनुशासन किस प्रकार से उनके भावी जीवन के विकास में सहायक बन सकता हैं। हमें विद्यार्थियों को इस बात की शिक्षा देनी चाहिए कि अनुशासन के माध्यम से मन पर नियंत्रण करने की कला भी आती हैं। मन को अपने वश में रखने की कला भी आती है। मन को अपने वश में रखने की कला सीख लेने से यह लाभ होता है कि जीवन में प्रगति के पथ पर बढ़ते समय कोई रुकावट नहीं आतीं, लेकिन जो व्यक्ति अपने मन पर शासन करने की कला में प्रवीण नही हो पाते, उनहे सदैव परमुखापेक्षी रहना पड़ता है।

(क) उपर्युक्त गद्यांश का मुख्य विषय क्या है?

i. शिक्षा प्रणाली में सुधार
ii. विद्यार्थियों में अनुशासनहीनता
iii. शिक्षा का महत्त्व
iv. विद्यार्थियों का आचरण

CLICK HERE TO SEE ANSWERS

(ख) विद्या की अर्थी निकाल दे वही विद्यार्थी है– पंक्ति से क्या आशय है?

i. विद्या का आदर करना
ii. विद्या को त्याग देना
iii. विद्या प्राप्ति के लिए प्रयास करना
iv. विद्या का महत्त्व समझना

(ग) निम्नलिखित कथन और निष्कर्ष को ध्यान से पढ़कर दिए गए विकल्प से सही उत्तर चुनकर लिखिए:

कथन : विद्यार्थियों में अनुशासन की शिक्षा दी जानी चाहिए।
निष्कर्ष : अनुशासन से जीवन सुखी और शांत बनता है।

i. कथन सही है, लेकिन निष्कर्ष गलत है।
ii. कथन और निष्कर्ष दोनों सही हैं।
iii. कथन गलत है और निष्कर्ष सही है।
iv. कथन और निष्कर्ष दोनों गलत हैं।

(घ) सरल भाषा में अनुशासन की भूमिका स्पष्ट कीजिए।

(ङ) मन को अपने वश में रखने की कला क्यों महत्त्वपूर्ण है?

**2. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** 7

भारत की सांस्कृतिक धरोहर विविध और समृद्ध है, जिसमें विभिन्न प्रकार की कला, संगीत, नृत्य, और परंपराएँ शामिल हैं। भारत के विभिन्न राज्यों में अलग–अलग लोक नृत्य और संगीत की परंपराएँ हैं, जो वहाँ की संस्कृति को प्रतिबिंबित करती हैं। जैसे राजस्थान में घूमर नृत्य और पंजाब में भांगड़ा लोकप्रिय हैं, वैसे ही ओडिशा का ओडिसी नृत्य और तमिलनाडु का भरतनाट्यम शास्त्रीय नृत्य के रूप में प्रसिद्ध हैं। भारतीय संगीत में शास्त्रीय संगीत का विशेष स्थान है, जो हिंदुस्तानी और कर्नाटक संगीत में विभाजित है। इसके अलावा, भारत की स्थापत्य कला भी अद्वितीय है, जिसमें ताजमहल, खजुराहो के मंदिर और हम्पी के मंदिर जैसे कई स्मारक विश्व धरोहर स्थल के रूप में प्रतिष्ठित हैं। साहित्य के क्षेत्र में भी भारत की समृद्धि अद्वितीय है; कालिदास, तुलसीदास, और टैगोर जैसे लेखकों ने अमूल्य योगदान दिया है, जिनकी रचनाएँ आज भी प्रशंसा पाती हैं। भारत की संस्कृति में मेल–जोल, सहिष्णुता, और विविधता के प्रति सम्मान की भावना है, जो इसे विशेष बनाती है और इसके इतिहास को गौरवान्वित करती है।

सांस्कृतिक धरोहर का संरक्षण आवश्यक है ताकि आने वाली पीढ़ियाँ इसकी समृद्धि को समझ सकें और इसका अनुभव कर सकें। इसके संरक्षण के लिए सरकार और जनता दोनों की जिम्मेदारी है।

(क) उपर्युक्त गद्यांश का मुख्य विषय क्या है?

i. भारतीय संगीत
ii. सांस्कृतिक धरोहर
iii. शास्त्रीय नृत्य
iv. स्थापत्य कला

(ख) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। दिए गए विकल्पों में से एक सही विकल्प चुनकर लिखिए:

कथन (A) : भारत की सांस्कृतिक धरोहर में विविधता और समृद्धि है।
कारण (R) : भारत के विभिन्न क्षेत्रों में अलग–अलग कला, संगीत और नृत्य परंपराएँ हैं।

CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP

i. कथन (A) सही है, कारण (R) गलत है।
ii. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।
iii. कथन (A) सही है, और कारण (R) उसकी सही व्याख्या है।
iv. कथन (A) गलत है किन्तु कारण (R) सही है।

(ग) सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण का मुख्य उद्देश्य क्या है?
i. विदेशी संस्कृति का प्रसार
ii. पर्यटन को बढ़ावा देना
iii. अगली पीढ़ी के लिए सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित रखना
iv. प्राचीन कला का परित्याग

(घ) भारतीय शास्त्रीय संगीत की दो प्रमुख श्रेणियाँ कौन सी हैं?

(ङ) भारतीय संस्कृति की विशेषताएँ क्या हैं?

## खंड–ख (व्यावहारिक व्याकरण)

**3. 'पदबंध' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** $4 \times 1 = 4$

(क) अकसर हम या तो गुज़रे हूए दिनों की खट्टी–मीठी यादों में से उलझे रहते हैं या भविष्य के रंगीन सपने देखते रहते हैं– वाक्य में से क्रिया पदबंध चुनकर लिखिए।

(ख) किसी वाक्य में विशेषण पदबंध की पहचान कैसे की जाती है? उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए।

(ग) फूल की तरह खिली रहने वाली वामीरो आज चुप थी– वाक्य में रेखांकित पदबंध का भेद लिखिए।

(घ) बड़े भाई साहब अधिकांश समय पढ़ते रहते थे– वाक्य में पदबंध का भेद बताते हुए कारण भी स्पष्ट कीजिए।

(ङ) क्रिया–विशेषण पदबंध का एक उदाहरण देकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।

**4. 'रचना के आधार पर वाक्य रूपांतरण' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** $4 \times 1 = 4$

(क) मैं मंदिर भी जाऊँगा और भजन भी सुनूँगा'– वाक्य का भेद लिखिए।

(ख) 'मेहनत न करने के कारण वह रह गया'– संयुक्त वाक्य में रूपांतरित कीजिए।

(ग) उदाहरण द्वारा सरल और संयुक्त वाक्य में अंतर स्पष्ट कीजिए।

(घ) संयुक्त वाक्य में 'अथवा' जैसे समुच्चयबोधक अव्यय की भूमिका स्पष्ट कीजिए।

(ङ) यदि हमें सुमृत्यु प्राप्त करनी है तो हमें संवेदनशील बनना होगा– वाक्य का भेद बताते हुए कारण स्पष्ट कीजिए।

**5. 'समास' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** $4 \times 1 = 4$

(क) समास का प्रयोग भाषा को संक्षिप्त कैसे बनाता है?

(ख) कर्मधारय समास में पूर्व पद और उत्तर पद के संबंध को स्पष्ट कीजिए।

(ग) 'सदैवसुखी' अव्ययीभाव समास है कैसे?

CLICK HERE TO SEE ANSWERS

(घ) 'गुरुकुल' सामासिक पद का विग्रह करते हुए भेद लिखिए।

(ङ) तत्पुरुष समास और द्वंद्व समास में क्या अंतर है? एक–एक उदाहरण दें।

**6.** **'मुहावरे' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** $4 \times 1 = 4$

(क) मैं जब भी पतंग उड़ाकर आता, भाई साहब मुझे .................. लेते थे। (उपयुक्त मुहावरे द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।)

(ख) जब वजीर अली ने अंग्रेजों की सेना को मात दी, तो कर्नल ने कहा, "यह तो .................. जैसा है।" (उपयुक्त मुहावरे द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।)

(ग) बड़े भाई साहब ने छोटे भाई से कहा, "अगर तुमने ऐसे आलस्य दिखाया, तो पानी सिर के ऊपर आ जाएगा।" पंक्ति से मुहावरा चुनकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।

(घ) 'खून जलाना' और 'पहाड़ उठाना' मुहावरे में अंतर स्पष्ट कीजिए।

(ङ) 'आग बबूला होना' मुहावरे का वाक्य बनाइए।

## खंड–ग (पाठ्यपुस्तक)

**7.** **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर सर्वाधिक उचित विकल्प से चुनकर लिखिए–** $5 \times 1 = 5$

ऐसी एक घटना का ज़िक्र सिंधी भाषा के महाकवि शेख आयाज ने अपनी आत्मकथा में किया है। उन्होने लिखा हैं– एक दिन उनके पिता कुएँ से नहाकर लौटे। माँ ने भोजन परोसा। उन्होने जैसे ही रोटी का कौर तोड़ा उनकी नजर अपनी बाजू पर पड़ी। वहा एक काला च्योंटा रेंग रहा था। वह भोजन छोडकर उठ खडे हुए। 'माँ ने पूछा, क्या बात है? भोजन अच्छा नही लगा?' शेख अयाज़ के पिता बोले, 'नही, यह बात नही है। मैने एक घर वाले को बेघर कर दिया है। उस बेघर को कुएँ पर उसके घर छोडने जा रहा हूँ।

(क) शेख अयाज़ किस भाषा के महाकवि थे?

i. हिंदी के
ii. अंग्रेजी के
iii. सिंधी के
iv. मराठी के

(ख) शेख अयाज़ के पिता भोजन छोड़कर खड़े हो गए, क्योंकि–

i. भोजन अच्छा नही बना था
ii. उन्हे भूख नही थीं
iii. वे नाराज हो गए थें
iv. उन्हे च्योंटें को कुएँ पर छोड़ने जाना था

(ग) गद्यांश के अनुसार शेख अयाज़ के पिता जींवों के प्रति थे

i. संवेदनहीन
ii. संवेदनशील
iii. उदासीन
iv. निर्दयी

CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP

(घ) मैने एक घर वाले को बेघर कर दिया है– पंक्ति में 'बेघर' का अर्थ क्या है?
i. घर से निकालना
ii. भोजन से दूर करना
iii. अस्थायी स्थानांतरण
iv. स्थाई निवास खो देना

(ङ) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यान से पढ़िए तथा सर्वाधिक उचित विकल्प को चुनकर लिखिए:
कथन (A) : शेख अयाज़ के पिता भोजन छोड़कर उठ खड़े हुए
कारण (R) : एक काला च्योंटा उनकी रोटी पर रेंग रहा था
i. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।
ii. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं।
iii. कथन (A) गलत है तथा कारण (R) सही है।
iv. कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

**8.** **गद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए–** $3 \times 2 = 6$

(क) गीत सुनकर तताँरा अपनी सुधबुध क्यों खो चुका था?

(ख) 'तीसरी कसम' फिल्म को सैल्युलाइड पर लिखी कविता क्यों कहा गया है?

(ग) लेखक ने व्यावहारिकता की तुलना किस सोने से की है? उसकी क्या विशेषता है?

(घ) कलकत्ता वासियों के लिए 26 जनवरी 1931 का दिन क्यों महत्त्वपूर्ण था?

**9.** **निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए–** $5 \times 1 = 5$

कर चले हम फिदा जानो–तन साथियो
अब तुम्हारे हवाले वतन साथियों
साँस थमती गई, नब्ज़ जमती गई
फिर भी बढ़ते कदम को न रुकने दिया
कट गए सर हमारे तो कुछ गम नहीं
सर हिमालय का हम ने ना झुकने दिया
मरते–मरते रहा बाँकपन साथियों
अब तुम्हारे हवाले वतन साथियों!

(क) 'साथियों' संबोधन किसके लिए प्रयोग किया गया है?
i. सैनिकों के लिए
ii. राजनेताओं के लिए
iii. देशवासियों के लिए
iv. किसानों के लिए

CLICK HERE TO SEE ANSWERS

(ख) सैनिकों की स्थिति में सम्मिलित है–

i. साँस का थम जाना
ii. नब्ज़ का जम जाना
iii. बढ़ते कदमों का न रुकना
iv. ये सभी

(ग) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्प में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।

अभिकथन (A) : सैनिकों ने अपने प्राणों की आहुति देकर देश की रक्षा की।
कारण (R) : सैनिकों का उद्देश्य अपने जीवन का आनंद लेना था।

i कथन (A) गलत है, किन्तु कारण (R) सही है।
ii कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।
iii कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।
iv कथन (A) सही है किन्तु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(घ) 'सर हिमालय का हमने न झुकने दिया' में 'सर' किसका प्रतीक है?

i. घमंड़ का
ii. स्वाभिमान का
iii. शक्ति का
iv. ध्वजा का

(ङ) 'बाँकपन का अर्थ हैं–

i. गर्व का भाव
ii. दीनता का भाव
iii. हीनता का भाव
iv. डर का भाव

**10.** **काव्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25–30 शब्दों में लिखिए–** **$3 \times 2 = 6$**

(क) 1857 की तोप को साल में दो बार क्यों चमकाया जाता है?

(ख) कृष्ण का चीर बढ़ाना किस कथा की ओर संकेत करता है?

(ग) पोथी पढ़–पढ़ कर भी ज्ञान प्राप्त न होने से कबीर का क्या तात्पर्य है?

(घ) इस कविता में मानव–मानव की एकता को किस प्रकार सिद्ध किया गया है?

**11.** **पूरक पुस्तक 'संचयन' पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 40–50 शब्दों में लिखिए–** **$2 \times 3 = 6$**

(क) टोपी और इफ़्फ़न की परंपराएँ, सोच अलग–अलग थीं फिर भी उन दोनों में इतना मेल क्यों था? कारण देते हुए स्पष्ट कीजिए।

(ख) वर्तमान समय में हरिहर काका जैसे वृद्ध व्यक्तियों के प्रति युवा पीढ़ी का क्या कर्तव्य है? पाठ के आधार पर अपने विचार लिखिए।

(ग) 'कोई भी भाषा आपसी व्यवहार में बाधा नहीं डालती।' 'सपनों के से दिन' पाठ के आधार पर उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP

## खंड–घ (रचनात्मक लेखन)

**12.** **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत–बिन्दुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए–** $1 \times 5 = 5$

(i) **कमरतोड़ महँगाई**
- बढ़ती महँगाई
- कारण
- मुक्ति के उपाय

(ii) **महानगरों में महिलाओं की सुरक्षा**
- महानगरों की समस्या और सुरक्षा की स्थिति
- महिलाओं की असुरक्षा
- कारण प्रभाव और समाधान

(iii) **मित्र की परख संकट में**
- मित्रता का महत्त्व
- अच्छे मित्र बुरे मित्र की पहचान
- मित्रता सौभाग्य से

**13.** **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए–** $1 \times 5 = 5$

नगर की सफाई–दुर्व्यवस्था की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए स्वास्थ्य मंत्री को एक पत्र लिखिए।

अथवा

दैनिक जागरण समाचार–पत्र के संपादक को पत्र लिखिए, जिसमें दिल्ली में बढ़ती हुई अपराध–वृत्ति की ओर अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराया गया हो।

**14.** **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 60 शब्दों में सूचना लिखिए–** $1 \times 4 = 4$

प्रधानाचार्य की ओर से विद्यालय में स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित होने जा रही खेल प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु सूचना लिखिए।

अथवा

आप इस वर्ष दशहरे के अवसर पर विद्यालय के प्रांगण में मेले का आयोजन करना चाहते हैं। इसी से संबंधित सूचना विद्यालय के सूचना पट्ट के लिए लिखिए।

CLICK HERE TO SEE ANSWERS

**15.** **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन लिखिए–** $1 \times 3 = 3$

आपकी बड़ी बहन ने एक संगीत सिखाने की संस्था खोली है। इसके लिए एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

अथवा

एक साइकिल कंपनी किशोरों के लिए नया उत्पाद बाजार में लाना चाहती है। उसके लिए एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

**16.** एक बाप ने अपने बेटे को भी मूर्तिकला ही सिखाई, क्योंकि वो खुद भी मूर्ति ही बनाता था। बेटे द्वारा कुछ मूर्तिकला सीख लिए जाने के बाद, अब बाप और बेटे दोनों मूर्तियाँ बनाते और उसे बेचने के लिए हाट जाते......................., पंक्ति से लगभग 100 शब्दों में लघुकथा लिखिए। $1 \times 5 = 5$

अथवा

हिंदी शैक्षिक भ्रमण के रूप में इस बार आपकी कक्षा किसी गाँव में एक सप्ताह तक प्रौढ़ शिक्षा का कार्यक्रम करने की इच्छा रखती है। इसके लिए अनुमति माँगते हुए प्रधानाचार्य को लगभग 80 शब्दों में एक ई–मेल लिखिए।

www.nodia.in

CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP

# प्रतिदर्श प्रश्नपत्र 5

## कक्षा–10 परीक्षा 2024–25

## हिन्दी–ब (कोड–085)

**निर्धारित समय : 3 घंटे** **अधिकतम अंक : 80**

**सामान्य निर्देश :**

- इस प्रश्नपत्र में चार खंड हैं– क, ख, ग, और घ।
- खंड–क में अपठित गद्यांश से प्रश्न पूछे गए हैं, जिनके उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए दीजिए।
- खंड–ख में व्यावहारिक व्याकरण से प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
- खंड–ग पाठ्यपुस्तक पर आधारित है, निर्देशानुसार उत्तर दीजिए।
- खंड़–घ रचनात्मक लेखन पर आधारित है आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
- प्रश्न पत्र में कुल 16 प्रश्न हैं, सभी प्रश्न अनिवार्य है।
- यथासंभव सभी खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

---

## खंड–क (अपठित बोध)

**1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** 7

स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का वास होता है। यह कहावत हमें सिखाती है कि शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य एक–दूसरे से जुड़े हुए हैं। यदि व्यक्ति का शरीर स्वस्थ है, तो वह मानसिक रूप से भी स्वस्थ और सशक्त रहता है। नियमित व्यायाम, संतुलित आहार, और पर्याप्त नींद अच्छे शारीरिक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत महत्त्वपूर्ण हैं। जब व्यक्ति शारीरिक रूप से सक्रिय रहता है, तो उसके मस्तिष्क में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है, जिससे वह तनावमुक्त और खुश रहता है।

आज की तेज़ भागती दुनिया में मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देना भी आवश्यक है। मानसिक स्वास्थ्य के लिए ध्यान और योग जैसे साधन सहायक हो सकते हैं। ये न केवल मानसिक शांति प्रदान करते हैं, बल्कि व्यक्ति के आत्मविश्वास को भी बढ़ाते हैं।

सामाजिक संबंध भी मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव डालते हैं। सकारात्मक और सहायक संबंध व्यक्ति के मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करते हैं। दूसरी ओर, नकारात्मक संबंध व्यक्ति में तनाव और चिंता बढ़ा सकते हैं। इसके अलावा, समाज में सक्रिय भागीदारी और लोगों के साथ मिलकर काम करना भी मानसिक स्वास्थ्य को सुधारने में सहायक होता है। इसलिए, अच्छे स्वास्थ्य के लिए शारीरिक और मानसिक दोनों पहलुओं पर ध्यान देना अनिवार्य है।

(क) उपर्युक्त गद्यांश का मुख्य विषय क्या है?

i. मानसिक स्वास्थ्य का महत्त्व

ii. शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य का संबंध

iii. योग और ध्यान का महत्त्व

iv. सामाजिक संबंध और स्वास्थ्य

CLICK HERE TO SEE ANSWERS

(ख) स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का वास होता है– पंक्ति से क्या आशय है?
i. शारीरिक स्वास्थ्य मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ा नहीं है
ii. मानसिक स्वास्थ्य शारीरिक स्वास्थ्य पर निर्भर है
iii. केवल मानसिक स्वास्थ्य महत्त्वपूर्ण है
iv. शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य का कोई संबंध नहीं है

(ग) निम्नलिखित कथन और निष्कर्ष को ध्यान से पढ़कर दिए गए विकल्प से सही उत्तर चुनकर लिखिए:
कथन : मानसिक स्वास्थ्य केवल ध्यान और योग पर निर्भर करता है।
निष्कर्ष : व्यक्ति को स्वस्थ रहने के लिए नियमित रूप से योग करना चाहिए।
i. कथन सही है, लेकिन निष्कर्ष गलत है।
ii. कथन और निष्कर्ष दोनों सही हैं।
iii. कथन गलत है और निष्कर्ष सही है।
iv. कथन और निष्कर्ष दोनों गलत हैं।

(घ) सरल भाषा में शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के बीच संबंध स्पष्ट कीजिए।

(ङ) मानसिक स्वास्थ्य सुधारने के लिए कौन–कौन से उपाय किए जा सकते हैं?

**2. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** 7

जलवायु परिवर्तन के बढ़ते प्रभावों के कारण दुनिया के कई हिस्सों में तापमान में वृद्धि और वर्षा के पैटर्न में बदलाव हो रहा है। इस समस्या से निपटने के लिए वैज्ञानिक कार्बन कैप्चर तकनीक पर काम कर रहे हैं, जो वातावरण से कार्बन डाइऑक्साइड को हटाने और उसे भूमिगत सुरक्षित रूप से संग्रहीत करने की प्रक्रिया है। इस तकनीक का उद्देश्य ग्लोबल वार्मिंग को नियंत्रित करना है ताकि पृथ्वी पर तापमान स्थिर रह सके और पर्यावरण का संतुलन बना रहे। हालांकि, यह प्रक्रिया जटिल और महंगी है, और इसे व्यापक रूप से अपनाने के लिए और शोध की आवश्यकता है। यदि वैज्ञानिक इस तकनीक को किफायती और प्रभावी बना पाते हैं, तो यह जलवायु परिवर्तन से निपटने का एक महत्वपूर्ण साधन बन सकता है और वैश्विक स्तर पर प्रभाव डाल सकता है। इसके अतिरिक्त, कार्बन कैप्चर तकनीक का उपयोग उद्योगों से उत्सर्जित कार्बन डाइऑक्साइड को भी कम करने में किया जा सकता है, जिससे वायु गुणवत्ता में सुधार और पर्यावरण संरक्षण में मदद मिलेगी। इस प्रकार, यह तकनीक ग्रीनहाउस गैसों को नियंत्रित करने और पृथ्वी के संतुलन को बनाए रखने में सहायक हो सकती है, जिससे आने वाली पीढ़ियों के लिए पर्यावरण सुरक्षित रहेगा और उनकी जीवन गुणवत्ता में सुधार हो सकेगा।

(क) उपर्युक्त गद्यांश की विषय–वस्तु है?
i. जल संरक्षण
ii. कार्बन कैप्चर तकनीक
iii. ऊर्जा उत्पादन
iv. बायोमास

(ख) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए:
कथन (A) : कार्बन कैप्चर तकनीक ग्लोबल वार्मिंग को नियंत्रित करने में सहायक है।
कारण (R) : यह तकनीक वातावरण में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ाती है।

CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP

i. कथन (A) सही है, कारण (R) गलत है।
ii. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।
iii. कथन (A) सही है, और कारण (R) उसकी सही व्याख्या है।
iv. कथन (A) गलत है किन्तु कारण (R) सही है।

(ग) वैज्ञानिकों द्वारा कार्बन कैप्चर तकनीक पर काम करने का मुख्य कारण है
i. ऊर्जा उत्पादन बढ़ाना
ii. प्रदूषण को बढ़ावा देना
iii. ग्रीनहाउस गैसों को कम करना
iv. जलवायु परिवर्तन को अनदेखा करना

(घ) कार्बन कैप्चर तकनीक का उद्देश्य क्या है?

(ङ) कार्बन कैप्चर तकनीक अन्य प्रदूषण नियंत्रण उपायों से किस प्रकार भिन्न है?

## खंड–ख (व्यावहारिक व्याकरण)

**3.** **‘पदबंध’ पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** $4 \times 1 = 4$

(क) खिड़की के बाहर अब असहाय दोनों कबूतर रात–भर खामोश और उदास बैठे रहते हैं– वाक्य में से संज्ञा पदबंध चुनकर लिखिए।

(ख) किसी वाक्य में क्रिया पदबंध का प्रयोग कैसे किया जाता है? उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए।

(ग) शैलेंद्र ने ‘तीसरी कसम’ को अपनी भावप्रवणता का सर्वश्रेष्ठ तथ्य प्रदान किया– वाक्य में रेखांकित पदबंध का भेद लिखिए।

(घ) कबीर जी एक कवि होने के साथ–साथ समाज–सुधारक भी थे– वाक्य में पदबंध का भेद बताते हुए कारण भी स्पष्ट कीजिए।

(ङ) संज्ञा पदबंध का एक उदाहरण देकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।

**4.** **‘रचना के आधार पर वाक्य रूपांतरण’ पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** $4 \times 1 = 4$

(क) ‘रीति के अनुसार, दोनों का एक ही गाँव का होना आवश्यक था’– वाक्य का भेद लिखिए।

(ख) ‘उनकी नज़र मेरी ओर उठते ही मेरे प्राण निकले’– संयुक्त वाक्य में रूपांतरित कीजिए।

(ग) मिश्र वाक्य के निर्माण में प्रयुक्त अव्ययों का उदाहरण सहित वर्णन कीजिए।

(घ) वाक्यों में प्रयुक्त क्रियाओं के आधार पर सरल वाक्य और संयुक्त वाक्य में भेद स्पष्ट कीजिए।

(ङ) उदार व्यक्ति की कथा का बखान तो माँ सरस्वती भी करती है– वाक्य का भेद बताते हुए कारण स्पष्ट कीजिए।

CLICK HERE TO SEE ANSWERS

**5.** **'समास' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** $4 \times 1 = 4$

(क) अव्ययीभाव समास में पूर्व पद का महत्व क्या होता है? उदाहरण सहित बताइए।

(ख) बहुव्रीहि समास का प्रयोग भाषा में कैसे किया जाता है?

(ग) 'आत्मबल' सामासिक पद का विग्रह करते हुए इसका भेद स्पष्ट कीजिए।

(घ) 'सूर्यकांत' पद में समास का प्रकार क्या है और इसका अर्थ क्या है?

(ङ) द्विगु समास की विशेषता बताते हुए एक उदाहरण दीजिए।

**6.** **'मुहावरे' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** $4 \times 1 = 4$

(क) बिना मेहनत के परीक्षा में पास हो जाना तुम्हारे लिए ऐसा ही है जैसे .................... गई हो। (उपयुक्त मुहावरे द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।)

(ख) हरिहर काका को उनके भाइयों ने उनके हिस्से की जमीन हथियाने के लिए ....................। (उपयुक्त मुहावरे द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।)

(ग) दूसरों की पीड़ा देखकर आँखों में पानी आ जाता था, लेकिन अब समय बदल गया है। पंक्ति से मुहावरा चुनकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।

(घ) 'मन का चोर' और 'दिल पिघलना' मुहावरे में अंतर स्पष्ट कीजिए।

(ङ) "तेल देखो, तेल की धार देखो" मुहावरे का वाक्य बनाइए।

## खंड–ग (पाठ्यपुस्तक)

**7.** **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर सर्वाधिक उचित विकल्प से चुनकर लिखिए–** $5 \times 1 = 5$

वह एक छः मंजिला इमारत थी जिसकी छत पर दफ़्ती की दीवारोवाली और तातामी (चटाई) की ज़मीनवाली एक सुंदर पर्णकुटी थी। बाहर बेढ़ब–सा एक मिट्टी का बरतन था। उसमें पानी भरा हुआ था। हमने अपने हाथ पाँव इस पानी से धोए। तौलिए से पोंछे और अंदर आ गए। अंदर 'चाजीन' बैठा था। हमें देखकर वह खड़ा हुआ। कमर झुकाकर उसने हमें प्रणाम किया। दो.....झो.....(आइए, तशरीफ लाइए) कहकर स्वागत किया। बैठने की जगह हमें दिखाई। अँगीठी सुलगाई। उस पर चायदानी रखी। बगल के कमरे में जाकर कुछ बर्तन ले आया। तौलिए से बर्तन साफ किए सभी क्रियाएँ इतनी गरिमापूर्ण ढंग से कीं कि उसकी हर भंगिमा से लगता था मानों जयजयवंती के सुर गूँज रहे हों। वहाँ का वातावरण इतना शांत था कि चायदानी के पानी का खदबदाना भी सुनाई दे रहा था।

(क) "जयजयवंती के सुर गूँज रहे हों" – इस पंक्ति का क्या संकेत है?

i. चाजीन का संगीत में रुचि होना
ii. चाजीन की गरिमा और शांति
iii. वातावरण की उदासी
iv. चाय बनाने में जल्दबाजी

(ख) चाय बनाने की प्रक्रिया में सम्मिलित नहीं है–

i. अँगीठी सुलगाना
ii. अँगीठी पर चायदानी रखना
iii. तौलिए से बर्तन साफ़ करना
iv. दूध उबालना

CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP

(ग) 'चाजीन' ने सभी क्रियाएँ की थी–
i. गरिमापूर्ण ढंग से
ii. असभ्यतापूर्वक
iii. अनमने ढंग से
iv. जल्दबाजी से

(घ) चायदानी के पानी का खदबदाना भी सुनाई दे रहा था– पंक्ति में 'खदबदाना' का अर्थ क्या है?
i. चायदानी की आवाज
ii. पानी का उबलना
iii. चाय की महक
iv. आग की लपटें

(ङ) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यान से पढ़िए तथा सर्वाधिक उचित विकल्प को चुनकर लिखिए:
कथन (A) : चायदानी के पानी का खदबदाना सुनाई दे रहा था
कारण (R) : आस–पास का वातावरण बहुत शांत था।
i. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।
ii. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं।
iii. कथन (A) गलत है तथा कारण (R) सही है।
iv. कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

**8. गद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25–30 शब्दों में लिखिए–** $3 \times 2 = 6$

(क) 'आज जो बात थी वह निराली थी'– किस बात से पता चल रहा था कि आज का दिन अपने आप में निराला है? स्पष्ट कीजिए।

(ख) एक दिन जब गुल्ली–डंडा खेलने के बाद छोटा भाई बड़े भाई साहब के सामने पहुँचा तो उनकी क्या प्रतिक्रिया हुई?

(ग) 'संगम' फिल्म की अद्‌भुत सफलता के बाद राजकपूर ने आत्मविश्वास में भरकर क्या किया?

(घ) गाना रुकते ही ततँरा एकाएक क्यों बोल पड़ा?

**9. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए–** $5 \times 1 = 5$

पावस ऋतु थी, पर्वत प्रदेश,
अवलोक रहा है बार–बार
पल–पल परिवर्तित प्रकृति–वेश।
नीचे जल में निज महाकार,
मेखलाकार पर्वत अपार
जिसके चरणों में पला ताल
अपने सहस्त्र दृग–सुमन फाड़,
दर्पण–सा फैला है विशाल है!

CLICK HERE TO SEE ANSWERS

(क) पद्यांश में किस ऋतु का वर्णन किया गया है?
- i. शरद ऋतु का
- ii. ग्रीष्म ऋतु का
- iii. वर्षा ऋतु का
- iv. वसंत ऋतु का

(ख) पर्वत किस आकार का है?
- i. माला के आकार का
- ii. करधनी के आकार का
- iii. त्रिशूल के आकार का
- iv. सूरज के आकार का

(ग) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्प में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।

अभिकथन (A) : पावस ऋतु में पर्वत प्रदेश का सौंदर्य और अधिक मनोहारी हो जाता है।

कारण (R) : पावस ऋतु में जल से भरे ताल पर्वतों के विशाल प्रतिबिंब को दर्पण की तरह प्रतिबिंबित करते हैं।
- i कथन (A) गलत है, किन्तु कारण (R) सही है।
- ii कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।
- iii कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।
- iv कथन (A) सही है किन्तु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(घ) पर्वत के चरणों में स्थित ताल की तुलना किससे की है?
- i. सूर्य से
- ii. रेगिस्तान से
- iii. दर्पण से
- iv. समुद्र से

(ङ) 'दृग–सुमन' में कौन–सा अंलकार है?
- i. रूपक अलंकार
- ii. उपमा अलंकार
- iii. श्लेष अलंकार
- iv. यमक अलंकार

**10. काव्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25–30 शब्दों में लिखिए–** $3 \times 2 = 6$

(क) धरती को दुल्हन कहने के पीछे कवि का भाव स्पष्ट कीजिए।

(ख) दुख आने पर कवि परमात्मा से क्या निवेदन करता है?

(ग) मीरा ने अपनी पीड़ा हरने की विनती हुए किन उदाहरणों का उल्लेख किया है?

(घ) लाखों ग्रंथ पढ़ने पर भी कबीर की दृष्टि में लोग पंडित क्यों नहीं बन पाते हैं?

CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP

**11.** **पूरक पुस्तक 'संचयन' पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 40-50 शब्दों में लिखिए-** $2 \times 3 = 6$

(क) समाज में रिश्तों की क्या अहमियत है? 'हरिहर काका' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

(ख) 'सपनों के से दिन' पाठ के आधार पर लिखिए कि बच्चों की रुचि पढ़ाई में क्यों नहीं थी? माँ-बाप को उनकी पढ़ाई व्यर्थ क्यों लगती थी?

(ग) 'अम्मी' शब्द पर टोपी के घरवालों की क्या प्रतिक्रिया हुई और क्यों?

## खंड-घ (रचनात्मक लेखन)

**12.** **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत-बिन्दुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए-** $1 \times 5 = 5$

(i) **समय का महत्त्व**
- समय का महत्त्व
- समय नियोजन
- समय गवाने की हानियाँ

(ii) **पर्वो का बदलता स्वरूप**
- तात्पर्य
- परंपरागत तरीके
- बाजार का बढ़ता प्रभाव

(iii) **महानगरीय जीवन**
- विकास की अँधी दौड
- संबंधों का ह्रास
- दिखावा

**13.** **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए-** $1 \times 5 = 5$

रेलयात्रा के दौरान रेल में मिलने वाले भोजन के आपत्तिजनक, न्यून स्तर की शिकायत करते हुए रेलवे पुलिस अधीक्षक को एक पत्र लिखिए।

अथवा

किसी दैनिक समाचार-पत्र के संपादक को अपने क्षेत्र में चल रही बिजली की कटौती में सुधार के लिए संबंधित अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट करने के लिए एक पत्र लिखिए।

**14.** **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 60 शब्दों में सूचना लिखिए-** $1 \times 4 = 4$

विद्यालय में स्वच्छता अभियान चलाने के लिए योजनाबद्ध कार्यक्रम के निर्धारण हेतु सभी कक्षाओं के प्रति. निधियों की बैठक के लिए समय, स्थान आदि के विवरण सहित सूचना तैयार कीजिए।

अथवा

बाढ़ पीड़ितों को सहायता देने के लिए प्रधानाचार्य की ओर से सूचना लिखिए।

CLICK HERE TO SEE ANSWERS

**15.** **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन लिखिए–** $1 \times 3 = 3$

नाखूनों की सुंदरता बढ़ाने के लिए नेलपॉलिश का विज्ञापन तैयार कीजिए।

अथवा

आपके विद्यालय में श्रेया घोषाल की गायकी का कार्यक्रम है। इस संदर्भ में किसी प्रतिष्ठित समाचार पत्र में देने योग्य विज्ञापन तैयार कीजिए।

**16.** ये कहानी है एक परिवार की। सायंकाल होती तो घर के सब काम–काज ठप पड़ जाते। आग जलाकर सब बैठ जाते और अंधकार को मनमाना कोसते। कोई कहता भगवान को भी लगता है, बुद्धि नही थी अंधकार बनाकर रख दिया...................., पंक्ति से लगभग 100 शब्दों में लघुकथा लिखिए। $1 \times 5 = 5$

अथवा

अपने क्षेत्र में पार्क का निर्माण करवाने हेतु उद्यान विभाग के सचिव को लगभग 80 शब्दों में एक ई–मेल लिखिए।

www.nodia.in

CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP

# प्रतिदर्श प्रश्नपत्र 6

## कक्षा–10 परीक्षा 2024–25

## हिन्दी–ब (कोड–085)

**निर्धारित समय : 3 घंटे** | **अधिकतम अंक : 80**

**सामान्य निर्देश :**

- इस प्रश्नपत्र में चार खंड हैं– क, ख, ग, और घ।
- खंड–क में अपठित गद्यांश से प्रश्न पूछे गए हैं, जिनके उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए दीजिए।
- खंड–ख में व्यावहारिक व्याकरण से प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
- खंड–ग पाठ्यपुस्तक पर आधारित है, निर्देशानुसार उत्तर दीजिए।
- खंड़–घ रचनात्मक लेखन पर आधारित है आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
- प्रश्न पत्र में कुल 16 प्रश्न हैं, सभी प्रश्न अनिवार्य है।
- यथासंभव सभी खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

---

## खंड–क (अपठित बोध)

**1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** 7

पर्यावरण का संरक्षण आज की सबसे महत्त्वपूर्ण चुनौतियों में से एक है। प्रकृति ने हमें जल, वायु, मिट्टी, और वनस्पतियों के रूप में अनमोल उपहार दिए हैं, जिनका संरक्षण हमारी जिम्मेदारी है। औद्योगिकीकरण, शहरीकरण, और वनों की अंधाधुंध कटाई से पर्यावरण संतुलन बिगड़ रहा है। इसके परिणामस्वरूप, ग्लोबल वार्मिंग, जलवायु परिवर्तन, और जैव विविधता की हानि जैसे गंभीर मुद्दे सामने आ रहे हैं।

हमारे छोटे–छोटे प्रयास पर्यावरण संरक्षण में बड़ा योगदान दे सकते हैं। वृक्षारोपण, जल संरक्षण, और ऊर्जा के नवीकरणीय स्रोतों का उपयोग जैसे कदम हमारे पर्यावरण को बचाने में मदद कर सकते हैं। साथ ही, प्लास्टिक के उपयोग में कटौती और पुनर्चक्रण को बढ़ावा देना भी आवश्यक है।

सरकारें भी पर्यावरण संरक्षण के लिए कई योजनाएँ और कानून लागू कर रही हैं, लेकिन इसमें समाज की भागीदारी भी उतनी ही महत्त्वपूर्ण है। जब तक प्रत्येक व्यक्ति अपने स्तर पर योगदान नहीं देगा, तब तक पर्यावरण संरक्षण संभव नहीं है। हमें अपने दैनिक जीवन में छोटे–छोटे बदलाव करने होंगे, जैसे पानी बचाना, ऊर्जा का विवेकपूर्ण उपयोग करना और प्रदूषण कम करना। इसलिए, हमें अपनी जीवनशैली में बदलाव लाकर और सतत विकास की ओर बढ़कर पर्यावरण को सुरक्षित रखना होगा।

(क) उपर्युक्त गद्यांश का मुख्य विषय क्या है?

i. औद्योगिकीकरण का महत्त्व

ii. पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता

iii. जैव विविधता की हानि

iv. ऊर्जा के स्रोतों का उपयोग

CLICK HERE TO SEE ANSWERS

(ख) हमारे छोटे–छोटे प्रयास पर्यावरण संरक्षण में बड़ा योगदान दे सकते हैं– पंक्ति से क्या आशय है?
i. छोटे प्रयास बेकार होते हैं
ii. छोटे प्रयास बड़े बदलाव ला सकते हैं
iii. बड़े प्रयास ही महत्त्वपूर्ण हैं
iv. प्रयास करने की आवश्यकता नहीं है

(ग) निम्नलिखित कथन और निष्कर्ष को ध्यान से पढ़कर दिए गए विकल्प से सही उत्तर चुनकर लिखिए:
कथन : प्लास्टिक का उपयोग पर्यावरण के लिए हानिकारक है।
निष्कर्ष : हमें प्लास्टिक के उपयोग में कटौती करनी चाहिए।
i. कथन सही है, लेकिन निष्कर्ष गलत है।
ii. कथन और निष्कर्ष दोनों सही हैं।
iii. कथन गलत है और निष्कर्ष सही है।
iv. कथन और निष्कर्ष दोनों गलत हैं।

(घ) सरल भाषा में पर्यावरण संरक्षण के लिए उठाए जाने वाले कदमों का वर्णन कीजिए।

(ङ) समाज की भागीदारी पर्यावरण संरक्षण में क्यों महत्त्वपूर्ण है?

**2. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** 7

भारतीय स्वतंत्रता संग्राम भारत के इतिहास का एक गौरवशाली अध्याय है। 1857 का स्वतंत्रता संग्राम ब्रिटिश शासन के खिलाफ भारत का पहला बड़ा विद्रोह था, जिसे भारत का पहला स्वतंत्रता संग्राम कहा जाता है। इसके बाद भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना हुई, जिसने स्वतंत्रता के लिए आंदोलन को संगठित और मजबूत किया। महात्मा गांधी के नेतृत्व में असहयोग आंदोलन, सविनय अवज्ञा आंदोलन और भारत छोड़ो आंदोलन जैसे बड़े आंदोलन हुए, जिन्होंने भारतीय जनता में स्वतंत्रता के प्रति जागरूकता और जोश भर दिया। भगत सिंह, सुभाष चंद्र बोस, और जवाहरलाल नेहरू जैसे नेताओं ने स्वतंत्रता संग्राम में प्रमुख भूमिका निभाई। इन आंदोलनों में महिलाओं की भी महत्वपूर्ण भागीदारी रही; सरोजिनी नायडू और अरुणा आसफ़ अली जैसी महिलाओं ने इस संघर्ष को नई ऊँचाई दी।

अंततः 1947 में भारत को ब्रिटिश शासन से स्वतंत्रता प्राप्त हुई, जो लाखों भारतीयों के संघर्ष और बलिदान का परिणाम था। इस संग्राम ने भारत को केवल स्वतंत्रता ही नहीं दिलाई, बल्कि देश को एकता, संघर्ष, और स्वाभिमान का महत्व भी सिखाया। यह संघर्ष आज भी भारतीय समाज के लिए एक प्रेरणा स्रोत है, जो युवाओं को देशभक्ति और बलिदान का महत्व सिखाता है। स्वतंत्रता संग्राम की ये यादें भारत के गौरवमयी इतिहास का एक अभिन्न हिस्सा हैं।

(क) उपर्युक्त गद्यांश का मुख्य विषय क्या है?
i. भारतीय स्वतंत्रता संग्राम
ii. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
iii. महात्मा गांधी के विचार
iv. भारत का आर्थिक विकास

(ख) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। दिए गए विकल्पों में से एक सही विकल्प चुनकर लिखिए:
कथन (A) : 1857 का स्वतंत्रता संग्राम भारत का पहला संगठित आंदोलन था।
कारण (R) : यह आंदोलन भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नेतृत्व में किया गया था।

CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP

i. कथन (A) सही है, कारण (R) गलत है।
ii. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।
iii. कथन (A) सही है, और कारण (R) उसकी सही व्याख्या है।
iv. कथन (A) गलत है किन्तु कारण (R) सही है।

(ग) भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का मुख्य उद्देश्य क्या था?
i. औद्योगिक विकास करना
ii. स्वतंत्रता प्राप्त करना
iii. कृषि को सुधारना
iv. शिक्षा का प्रसार

(घ) भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के मुख्य नेताओं में से कौन–कौन शामिल थे?

(ङ) भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का भारत के समाज पर क्या प्रभाव पड़ा?

## खंड–ख (व्यावहारिक व्याकरण)

**3.** **‘पदबंध’ पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** $4 \times 1 = 4$

(क) मैं तो खेलते–कूदते दरजे में अव्वल आ गया– वाक्य में से क्रिया–विशेषण पदबंध चुनकर लिखिए।

(ख) किसी वाक्य में क्रिया विशेषण पदबंध और संज्ञा पदबंध में अंतर कैसे करते हैं? उदाहरण सहित समझाइए।

(ग) परिस्थितियों का मारा वह लकड़ी की तलवार निकालकर भूमि पर रेखा खींचने लगा– वाक्य में रेखांकित पदबंध का भेद लिखिए।

(घ) दादी ने टोपी की डंडे से खूब पिटाई की– वाक्य में पदबंध का भेद बताते हुए कारण भी स्पष्ट कीजिए।

(ङ) विशेषण पदबंध का एक उदाहरण देकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।

**4.** **‘रचना के आधार पर वाक्य रूपांतरण’ पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** $4 \times 1 = 4$

(क) ‘असल में नवाब आसिफउद्दौला के यहाँ लड़के की उम्मीद नहीं थी’– वाक्य का भेद लिखिए।

(ख) ‘मेरे दरजे में आते ही दाँतो पसीना आ जाएगा’– मिश्रित वाक्य में रूपांतरित कीजिए।

(ग) संयुक्त वाक्य के निर्माण में प्रयुक्त अव्ययों का उदाहरण सहित वर्णन कीजिए।

(घ) मिश्र वाक्य में प्रयुक्त क्रिया और उनके आपसी संबंध पर प्रकाश डालिए।

(ङ) वज़ीर अली ने खंजर निकाला और वकील का काम–तमाम कर दिया– वाक्य का भेद बताते हुए कारण स्पष्ट कीजिए।

**5.** **‘समास’ पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** $4 \times 1 = 4$

(क) समास का उद्देश्य भाषा को सरल और सारगर्भित बनाना कैसे है?

(ख) तत्पुरुष समास में प्रधान पद की पहचान कैसे की जाती है?

(ग) 'महानगर' सामासिक पद किस प्रकार का समास है?

(घ) 'विद्यार्थी' सामासिक पद का विग्रह करते हुए अर्थ स्पष्ट कीजिए।

(ङ) बहुव्रीहि समास की विशेषता बताते हुए एक उदाहरण दीजिए।

CLICK HERE TO SEE ANSWERS

**6.** **'मुहावरे' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** $4 \times 1 = 4$

(क) भारतीय प्रशासनिक सेवा में चयनित होने के लिए .................... पड़ते हैं। (उपयुक्त मुहावरे द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।)

(ख) जब सवार ने कर्नल से कारतूस माँगे और उसकी असलियत बाद में सामने आई, तो कर्नल ने कहा, "यह तो ऐसा है जैसे ..................।" (उपयुक्त मुहावरे द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।)

(ग) लेखक ने कहा, "आज के समय में किसी की परेशानी देखकर दिल पसीज जाता है।" पंक्ति से मुहावरा चुनकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।

(घ) 'लाठियाँ चलाना' और 'झंडा गाड़ना' मुहावरे में अंतर स्पष्ट कीजिए।

(ङ) 'आवाज़ उठाना' मुहावरे का वाक्य बनाइए।

## खंड–ग (पाठ्यपुस्तक)

**7.** **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर सर्वाधिक उचित विकल्प से चुनकर लिखिए–** $5 \times 1 = 5$

इस प्रकार करीब पौन घंटे के बाद पुलिस की लारी आई और उनको लालबाजार से ले जाया गया। और भी कई आदमियों को पकड़ा गया। बृजलाल गोयनका जो कई दिन से अपने साथ काम कर रहा था और दमदम जेल में भी अपने साथ था, पकड़ा गया। पहले तो वह झंडा लेकर वंदे मातरम् बोलता हुआ मोनुमेंट की ओर इतने जोर से दौड़ा कि अपने आप ही गिर पड़ा और उसे एक अंग्रेजी घुड़सवार ने लाठी मारी फिर पकड़कर कुछ दूर ले जाने के बाद छोड़ दिया। इस पर वह स्त्रियों के जुलूस में शामिल हो गया और वहाँ पर भी उसको छोड़ दिया तब वह दो सौ आदमियों का जुलूस बनाकर लालबाजार गया और वहाँ पर गिरफ्तार हो गया। मदालसा भी पकड़ी गई थी। उससे मालूम हुआ कि उसको थाने में भी मारा था। सब मिलाकर 105 स्त्रियाँ पकड़ी गई थीं। बाद में रात को नौ बजे सबको छोड़ दिया गया। कलकत्ता में आज तक इतनी स्त्रियाँ एक साथ गिरफ्तार नहीं की गई थीं। करीब आठ बजे खादी भंडार आए तो कांग्रेस ऑफिस से फोन आया कि यहाँ बहुत आदमी चोट खाकर आए हैं और कई की हालत संगीन है उनके लिए गाड़ी चाहिए। जानकीदेवी के साथ वहाँ गए, बहुत लोगों को चोट लगी हुई थी। डॉक्टर दासगुप्ता उनकी देख–रेख तथा फोटो उतरवा रहे थे। उस समय तक 67 आदमी वहाँ आ चुके थे। बाद में तो 103 तक आ पहुँचे।

(क) लेखक के साथ कई दिन से कौन काम कर रहा था?

i. पूर्णोदास
ii. पुरुषोत्तम
iii. बृजलाल गोयनका
iv. क्षितीश चटर्जी

(ख) घायलों का फोटो किसलिए उतारा जा रहा था?

i. ताकि प्रमाण रहे कि किन–किन लोगों ने जुलूस में भाग लिया
ii. अंग्रेज सरकार को दिखाने के लिए
iii. सुभाष बाबू को दिखाने के लिए
iv. उन्हें सज़ा दिलाने के लिए

CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP

(ग) कलकत्ता में आज तक इतनी स्त्रियाँ एक साथ गिरफ्तार नहीं की गई थीं– पंक्ति का क्या अर्थ है?
i. पहली बार इतनी स्त्रियाँ गिरफ्तार हुईं
ii. कलकत्ता में जुलूस पहली बार निकला
iii. सिर्फ कुछ पुरुष गिरफ्तार हुए
iv. स्त्रियाँ पहली बार लालबाजार गईं

(घ) वह वंदे मातरम् बोलता हुआ मोनुमेंट की ओर इतने जोर से दौड़ा– इस पंक्ति में 'मोनुमेंट' का क्या अर्थ है?
i. एक इमारत
ii. स्वतंत्रता का प्रतीक
iii. अंग्रेजों का कार्यालय
iv. एक मंदिर

(ङ) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यान से पढ़िए तथा सर्वाधिक उचित विकल्प को चुनकर लिखिए:
कथन (A) : कांग्रेस ऑफिस से फोन आया।
कारण (R) : जुलुस में घायल हुए लोगों के लिए गाड़ी की ज़रूरत थी।
i. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।
ii. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं।
iii. कथन (A) गलत है तथा कारण (R) सही है।
iv. कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

**8. गद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए–** $3 \times 2 = 6$

(क) युवती ने तताँरा को बेरुखी के साथ क्या जवाब दिया? ततांरा को कैसा लगा?

(ख) शैलेंद्र सफल फिल्म–निर्माता नहीं थे, फिर उन्होंने 'तीसरी कसम' क्यों बनाई? जबकि राजकपूर ने उन्हें आगाह भी किया, था।

(ग) समाज को पतन की ओर ले जाने वाले कौन लोग हैं? उनका मुख्य उद्देश्य क्या रहता है?

(घ) मानव ने अपनी बुद्धि से कैसी दीवारें खड़ी की हैं?

**9. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए–** $5 \times 1 = 5$

उड़ गया, अचानक लो, भूधर
फड़का अपार पारद के पर!
रव–शेष रह गए हैं निर्झर!
है टूट पड़ा भू पर अंबर!
धँस गए धरा में सभय शाल!
उठ रहा धुआँ, जल गया ताल!
–यों जलद–यान में विचर–विचर
था इंद्र खेलता इंद्रजाल

CLICK HERE TO SEE ANSWERS

(क) पद्यांश के अनुसार, अचानक कौन उड़ गया?
- i. हंस
- ii. पर्वत
- iii. मोर
- iv. बादल

(ख) अंबर कहाँ टूट पड़ा?
- i. पर्वत पर
- ii. समुद्र पर
- iii. धरती पर
- iv. वृक्षों पर

(ग) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्प में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।

अभिकथन (A) : इंद्र ने अपने जलद–यान में बैठकर अद्भुत इंद्रजाल का प्रदर्शन किया।

कारण (R) : इंद्र के इंद्रजाल से पर्वत, जल और वृक्षों पर प्रभाव पड़ा और वातावरण भयावह हो गया।
- i कथन (A) गलत है, किन्तु कारण (R) सही है।
- ii कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।
- iii कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।
- iv कथन (A) सही है किन्तु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(घ) शाल के वृक्ष किससे भयभीत होकर धरा में धँस गए हैं?
- i. तेज हवा से
- ii. प्रकृति का भयानक रूप देखकर
- iii. भूकंप से
- iv. बाढ़ से

(ङ) 'इंद्रजाल' कौन खेल रहा है?
- i. बादल
- ii. सूरज
- iii. इंद्र
- iv. वरुण

**10.** **काव्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए–** $3 \times 2 = 6$

(क) 'कर चले हम फ़िदा' कविता में सैनिकों की देशवासियों से क्या अपेक्षाए हैं?

(ख) कवि 'सुख के दिन' में परमात्मा के प्रति कैसा भाव रखता है?

(ग) मीरा वृंदावन की कुँज–गली में ही गोविन्द लीला का गान क्यों करना चाहती हैं?

(घ) कबीर के अनुसार मनुष्य की वाणी में मिठास कब आती है:

CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP

**11.** **पूरक पुस्तक 'संचयन' पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 40-50 शब्दों में लिखिए-** $2 \times 3 = 6$

(क) हरिहर काका के साथ उनके भाइयों तथा ठाकुरबारी के महंत ने कैसा व्यवहार किया? क्या आप उसे उचित मानते हैं? कारण सहित स्पष्ट कीजिए।

(ख) लेखक को स्कूल जाने के नाम से उदासी क्यों आती थी? 'सपनों के-से दिन' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए। आपको स्कूल जाना कैसा लगता है और क्यों?

(ग) 'इफ़्फ़न की दादी मुस्लिम विचाराधारा की तरह हिंदू विचाराधारा से भी प्रभावित थीं।' 'टोपी शुक्ला' पाठ के आधार पर सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

## खंड-घ (रचनात्मक लेखन)

**12.** **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत-बिन्दुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए-** $1 \times 5 = 5$

(i) **आज का युवा वर्ग**
- भौतिकता की ओर आकर्षण
- भारतीय संस्कृति के प्रति घटती आस्था
- कुछ कर गुजरने की हिम्मत

(ii) **लोकतंत्र और चुनाव**
- लोकतंत्र में लोक का महत्व
- जनता की आवाज चुने हुए प्रतिनिधि
- प्रतिनिधि चुनने से लोकतंत्र की रक्षा
- सही प्रतिनिधि कैसे चुनें

(iii) **करत करत अभ्यास के जड़मति होत सुजान**
- अभ्यास का अर्थ
- अभ्यास के आवश्यक तत्व
- सच्चे कर्मवीर के लक्षण

**13.** **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए-** $1 \times 5 = 5$

किसी कम्पनी में क्लर्क के रिक्त पद की पूर्ति के लिए एक आवेदन पत्र लिखिए।

अथवा

दूरदर्शन निदेशालय को पत्र लिखकर अनुरोध कीजिए कि किशोरों के लिए देशभक्ति की प्रेरणा देने वाले अधिकाधिक कार्यक्रमों को प्रसारित करने की ओर ध्यान दिया जाए।

CLICK HERE TO SEE ANSWERS

**14.** **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 60 शब्दों में सूचना लिखिए–** $1 \times 4 = 4$

प्रधानाचार्य हैप्पी पब्लिक स्कूल, दरियागंज की ओर से गरीब व अनाथ बच्चों के दाखिले की सूचना पर्याप्त जानकारी (उम्र, सुविधाएँ आदि) सहित दीजिए।

अथवा

आपकी सोसायटी में मरम्मत का कार्य होने जा रहा है। सचिव होने के नाते सभी सदस्यों को इसकी जानकारी देने व कार्य में सहयोग देने का अनुरोध करते हुए सूचना जारी करें।

**15.** **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन लिखिए–** $1 \times 3 = 3$

गर्मियों की छुट्टियों में आपने नृत्य संस्थान खोला है। उससे संबंधित एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

अथवा

बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए खिलौने बनाने वाली एक कम्पनी 'खिलता बचपन' के लिए एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।

**16.** 'कुत्ते की स्वामी भक्ति' विषय पर लघुकथा लगभग 100 शब्दों में लिखिए। $1 \times 5 = 5$

अथवा

आपके शहर में बढ़ रहे संचारी रोगों के कारण नगरवासी बीमार हैं। इस पर चिंता व्यक्त करते हुए स्वास्थ्य अधिकारी को लगभग 80 शब्दों में एक ई–मेल लिखिए।

www.nodia.in

CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP

# प्रतिदर्श प्रश्नपत्र 7

## कक्षा–10 परीक्षा 2024–25

## हिन्दी–ब (कोड–085)

**निर्धारित समय : 3 घंटे** **अधिकतम अंक : 80**

**सामान्य निर्देश :**

- इस प्रश्नपत्र में चार खंड हैं– क, ख, ग, और घ।
- खंड–क में अपठित गद्यांश से प्रश्न पूछे गए हैं, जिनके उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए दीजिए।
- खंड–ख में व्यावहारिक व्याकरण से प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
- खंड–ग पाठ्यपुस्तक पर आधारित है, निर्देशानुसार उत्तर दीजिए।
- खंड़–घ रचनात्मक लेखन पर आधारित है आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
- प्रश्न पत्र में कुल 16 प्रश्न हैं, सभी प्रश्न अनिवार्य है।
- यथासंभव सभी खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

---

## खंड–क (अपठित बोध)

**1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** 7

जल ही जीवन है, यह पुरानी कहावत आज भी उतनी ही प्रासंगिक है जितनी पहले थी। पानी हमारी दैनिक जीवन की आवश्यकता है और इसके बिना जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। लेकिन, आज के समय में जल संकट एक गंभीर समस्या बन चुका है। विश्व के कई हिस्सों में जल की कमी हो रही है, और इसका मुख्य कारण जल का अत्यधिक दोहन, प्रदूषण, और जल स्रोतों का दुरुपयोग है।

जल संरक्षण हमारे लिए एक अनिवार्य कर्तव्य बन गया है। हमें अपने दैनिक जीवन में छोटे–छोटे कदम उठाने की आवश्यकता है, जैसे नलों को अनावश्यक खुला न छोड़ना, वर्षा जल संचयन, और पानी की बर्बादी रोकना। इसके अलावा, हमें पानी के स्रोतों को साफ रखना और जल संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करना चाहिए। शिक्षा और समुदाय की भागीदारी के माध्यम से हम जल संकट को कम कर सकते हैं।

सरकारें भी जल संकट को दूर करने के लिए कई योजनाएँ चला रही हैं, लेकिन इस समस्या का समाधान सामूहिक प्रयासों से ही संभव है। जल के बिना जीवन संभव नहीं है, इसलिए हमें इसे बचाने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए। साथ ही, हमें पानी का विवेकपूर्ण उपयोग करना और भविष्य के लिए जल संसाधनों को संरक्षित करना सीखना चाहिए।

(क) उपर्युक्त गद्यांश का मुख्य विषय क्या है?

i. जल प्रदूषण की समस्या
ii. जल संकट और संरक्षण
iii. जल का अत्यधिक दोहन
iv. जल की दैनिक आवश्यकता

CLICK HERE TO SEE ANSWERS

(ख) जल ही जीवन है– पंक्ति से क्या आशय है?
i. जल के बिना जीवन संभव है
ii. जल जीवन के लिए आवश्यक है
iii. जल का महत्त्व नहीं है
iv. जल का कोई उपयोग नहीं है

(ग) निम्नलिखित कथन और निष्कर्ष को ध्यान से पढ़कर दिए गए विकल्प से सही उत्तर चुनकर लिखिए:
कथन : जल संरक्षण से जल संकट को दूर किया जा सकता है।
निष्कर्ष : सरकारों के प्रयास ही जल संकट का समाधान कर सकते हैं।
i. कथन सही है, लेकिन निष्कर्ष गलत है।
ii. कथन और निष्कर्ष दोनों सही हैं।
iii. कथन गलत है और निष्कर्ष सही है।
iv. कथन और निष्कर्ष दोनों गलत हैं।

(घ) सरल भाषा में जल संरक्षण के लिए उठाए जाने वाले कदमों का वर्णन कीजिए।

(ङ) सामूहिक प्रयासों से जल संकट का समाधान क्यों संभव है?

**2. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** 7

भारतीय संस्कृति की विविधता और समृद्धि का अनुभव भारत के प्रत्येक हिस्से में देखने को मिलता है। भारत के विभिन्न राज्यों में कला, संगीत, नृत्य, परंपराएँ और जीवनशैली में भिन्नता है। जैसे राजस्थान का घूमर नृत्य, पंजाब का भांगड़ा, ओडिशा का ओडिसी नृत्य और तमिलनाडु का भरतनाट्यम भारत की सांस्कृतिक धरोहर को समृद्ध बनाते हैं। भारतीय संगीत में भी विविधता है, जिसमें शास्त्रीय संगीत के दो प्रमुख प्रकार – हिंदुस्तानी और कर्नाटक संगीत दृ शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, भारत की स्थापत्य कला भी अद्वितीय है, जिसमें ताजमहल, खजुराहो के मंदिर, और हम्पी के स्मारक जैसे कई स्थल शामिल हैं जो भारत के गौरव का प्रतीक हैं। भारतीय साहित्य भी सांस्कृतिक धरोहर का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जहाँ कालिदास, तुलसीदास, और टैगोर जैसे महान लेखकों ने अमूल्य योगदान दिया है, जिनकी रचनाएँ आज भी सराही जाती हैं और लोगों को प्रेरित करती हैं।

भारत की इस सांस्कृतिक धरोहर का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है, ताकि आने वाली पीढ़ियाँ इसे समझ सकें और इसका अनुभव कर सकें। सरकार, समाज और युवाओं को इसके संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए, ताकि भारत की सांस्कृतिक पहचान बनी रहे और विश्व में इसका सम्मान कायम रहे। इस सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण के लिए शिक्षा, जागरूकता, और संरक्षण परियोजनाओं की भी महत्त्वपूर्ण भूमिका है।

(क) उपर्युक्त गद्यांश का मुख्य विषय क्या है?
i. भारतीय संगीत
ii. भारतीय स्थापत्य कला
iii. भारतीय सांस्कृतिक धरोहर
iv. भारतीय साहित्य

CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP

(ख) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। दिए गए विकल्पों में से एक सही विकल्प चुनकर लिखिए:

कथन (A) : भारत की सांस्कृतिक धरोहर में शास्त्रीय संगीत का विशेष स्थान है।
कारण (R) : शास्त्रीय संगीत के दो प्रमुख प्रकार हिंदुस्तानी और कर्नाटक संगीत हैं।

i. कथन (A) सही है, कारण (R) गलत है।
ii. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।
iii. कथन (A) सही है, और कारण (R) उसकी सही व्याख्या है।
iv. कथन (A) गलत है किन्तु कारण (R) सही है।

(ग) भारतीय सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण का मुख्य उद्देश्य क्या है?

i. सांस्कृतिक पहचान को सुरक्षित रखना
ii. औद्योगिक विकास को बढ़ावा देना
iii. कृषि का विस्तार करना
iv. धार्मिक समारोहों का आयोजन

(घ) भारतीय शास्त्रीय संगीत के कौन–कौन से दो प्रमुख प्रकार हैं?

(ङ) भारतीय संस्कृति का अन्य देशों पर क्या प्रभाव है?

## खंड–ख (व्यावहारिक व्याकरण)

**3.** **‘पदबंध’ पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** $4 \times 1 = 4$

(क) बार–बार तताँरा का याचना भरा चेहरा उसकी आँखों में तैर जाता– वाक्य में से संज्ञा पदबंध चुनकर लिखिए।

(ख) किसी वाक्य में क्रिया पदबंध का सही उपयोग कैसे किया जाता है? उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए।

(ग) निडर वज़ीर अली आज़मगढ़ से घाघरा की ओर जा रहा था– वाक्य में रेखांकित पदबंध का भेद लिखिए।

(घ) स्काउटिंग का अभ्यास करने के लिए बच्चे हाथ में नीली–पीली झंडियाँ लाए थे– वाक्य में पदबंध का भेद बताते हुए कारण भी स्पष्ट कीजिए।

(ङ) संज्ञा पदबंध का एक उदाहरण देकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।

**4.** **‘रचना के आधार पर वाक्य रूपांतरण’ पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** $4 \times 1 = 4$

(क) जब हम अकेले पड़ते है, तब अपने आपसे लगातार बड़बड़ाते रहते है– वाक्य का भेद लिखिए।

(ख) मैंने उसे पढ़ाकर नौकरी दिलवाई– संयुक्त वाक्य में रूपांतरित कीजिए।

(ग) संयुक्त वाक्य में "परंतु" का महत्त्व उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

(घ) सरल, संयुक्त और मिश्र वाक्य का भेद एक वाक्य में बताइए।

(ङ) ततँारा ने वामीरो के गीत को सुनकर अपना होश–हवाश खो दिया था– वाक्य का भेद बताते हुए कारण स्पष्ट कीजिए।

CLICK HERE TO SEE ANSWERS

**5.** **'समास' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** $4 \times 1 = 4$

(क) समास का उद्देश्य भाषा को संक्षिप्त और अर्थपूर्ण बनाना कैसे है?

(ख) तत्पुरुष समास का व्याकरण में क्या महत्व है?

(ग) 'सदैवसुखी' और 'यथाशक्ति' में क्या समानता है?

(घ) 'धर्मराज' सामासिक पद का विग्रह करते हुए भेद लिखिए।

(ङ) तत्पुरुष समास की विशेषता बताते हुए एक उदाहरण दीजिए।

**6.** **'मुहावरे' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** $4 \times 1 = 4$

(क) एवरेस्ट पर चढ़ना .................... के समान है। (उपयुक्त मुहावरे द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।)

(ख) जब वामीरो ने तताँरा को दूसरी तरफ जाते देखा, तो ऐसा लगा मानो उसने ....................। (उपयुक्त मुहावरे द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।)

(ग) राजकपूर ने कहा, "मेरे अभिनय में मासूमियत का सातवें आसमान पर होना ही मेरी ताकत है।" पंक्ति से मुहावरा चुनकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।

(घ) 'चादर देख कर पाँव फैलाना' और 'आसमान के तारे तोड़ना' मुहावरे में अंतर स्पष्ट कीजिए।

(ङ) 'पानी सिर के ऊपर आना' मुहावरे का वाक्य बनाइए।

## खंड–ग (पाठ्यपुस्तक)

**7.** **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर सर्वाधिक उचित विकल्प से चुनकर लिखिए–** $5 \times 1 = 5$

हमारी फिल्मों की सबसे बड़ी कमजोरी होती है, लोक तत्व का अभाव। वे जिंदगी से दूर होती है यदि त्रासद स्थितियों का चित्रांकन होता है तो उन्हें ग्लोरिफाई किया जाता है। दु:ख का ऐसा वीभत्स रूप प्रस्तुत होता है जो दर्शकों का भावनात्मक शोषण कर सके और 'तीसरी कसम' की यह खास बात थी कि वह दु:ख को भी सहज स्थिति में, जीवन–सापेक्ष प्रस्तुत करती है।

मैंने शैलेंद्र को गीतकार नहीं, कवि कहा है। वे सिनेमा की चकाचौंध के बीच रहते हुए यश और धन–लिप्सा से कोसों दूर थे। जो बात उनकी जिंदगी में थी वही उनके गीतों में भी। उनके गीतों में सिर्फ करुणा नहीं, जूझने का संकेत भी था और वह प्रक्रिया भी मौजूद थी जिसके तहत अपनी मंजिल तक पहुँचा जाता है। व्यथा आदमी को पराजित नहीं करती, उसे आगे बढ़ने का संदेश देती है।

(क) फिल्मों की सबसे बड़ी कमजोरी क्या मानी गई है?

i. कलाकारों का अभिनय
ii. त्रासद स्थितियों का चित्रण
iii. लोक तत्व का अभाव
iv. अधिक दृश्य प्रभाव

(ख) 'तीसरी कसम' फिल्म की खास बात क्या थी?

i. दर्शकों को भावनात्मक रूप से जोड़ना
ii. दु:ख को ग्लोरिफाई करना
iii. दु:ख को सहज स्थिति में प्रस्तुत करना
iv. त्रासद स्थितियों का चित्रण

CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP

(ग) लेखक ने शैलेंद्र को किस रूप में संबोधित किया है?

i. गायक

ii. गीतकार

iii. कवि

iv. अभिनेता

(घ) व्यथा आदमी को पराजित नहीं करती– पंक्ति में 'पराजित' का क्या अर्थ है?

i. सफल होना

ii. हार मानना

iii. प्रेरित करना

iv. रोकना

(ङ) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यान से पढ़िए तथा सर्वाधिक उचित विकल्प को चुनकर लिखिए:

कथन (A) : शैलेंद्र के गीतों में केवल करुणा ही नहीं थी।

कारण (R) : उनके गीतों में जीवन–संघर्ष और आगे बढ़ने का संकेत भी था।

i. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।

ii. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं।

iii. कथन (A) गलत है तथा कारण (R) सही है।

iv. कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

**8. गद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25–30 शब्दों में लिखिए–** **$3 \times 2 = 6$**

(क) जीवन के शाश्वत मूल्यों से आप क्या समझते हैं?

(ख) छोटे भाई ने बड़े भाई साहब के नरम व्यवहार का क्या फ़ायदा उठाया?

(ग) ततँारा–वामीरो के प्रेम का क्या अंत हुआ?

(घ) वज़ीर अली के पैदा होने से सआदत अली को क्या हानि हुई?

**9. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए–** **$5 \times 1 = 5$**

विपदाओं से मुझे बचाओ, यह मेरी प्रार्थना नहीं<br>
केवल इतना हो (करुणामय)<br>
कभी न विपदा में पाऊँ भय।<br>
दु:ख–ताप से, व्यथित चित्त को न दो सांत्वना नहीं सही<br>
पर इतना होवे (करुणामय)<br>
दु:ख को मैं कर सकूँ सदा जय।<br>
कोई कहीं सहायक न मिले<br>
तो अपना बल पौरुष न हिले;<br>
हानि उठानी पड़े जगत् में लाभ अगर वंचना रही<br>
तो भी मन मैं ना मानूँ क्षय।।

CLICK HERE TO SEE ANSWERS

(क) पद्यांश में कौन ईश्वर से प्रार्थना कर रहा है?
- i. एक बालक
- ii. एक भक्त
- iii. स्वयं कवि
- iv. एक किसान

(ख) विपदा के विषय में कवि ईश्वर से क्या प्रार्थना करता है?
- i. मुझे विपदा से बचा लेना
- ii. विपदा में मेरी सहायता करना
- iii. मैं विपदा में कभी भयभीत न होऊँ
- iv. विपक्ष मेरे लिए वरदान बन जाए

(ग) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्प में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।
अभिकथन (A) : कवि ईश्वर से विपदाओं से बचाने की प्रार्थना करता है।
कारण (R) : कवि का मानना है कि विपदाओं से बचना ही जीवन का सबसे बड़ा उद्देश्य है।
- i कथन (A) गलत है, किन्तु कारण (R) सही है।
- ii कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।
- iii कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।
- iv कथन (A) सही है किन्तु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(घ) कवि किस पर विजय पाने की प्रार्थना करता है?
- i. शत्रुओं पर
- ii. मित्रों पर
- iii. इंद्रियों पर
- iv. दुःखों पर

(ङ) कवि कैसी स्थिति में बल–पौरुष न हिलने की प्रार्थना करता है?
- i. जब सामने शत्रु खड़ा हो
- ii. जब कोई सहायक न मिले
- iii. जब हानि हो जाए
- iv. जब सफलता न मिले

**10.** **काव्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25–30 शब्दों में लिखिए–** $3 \times 2 = 6$

(क) कवि के अनुसार, युद्ध में जवानी की सार्थकता किसमें मानी जाएगी?

(ख) कबीर अपने साथ चलने वाले का भी घर क्यों फूँकना चाहते हैं?

(ग) वृक्ष आसमान की ओर चिंतित होकर क्यों देख रहे हैं? 'पर्वत प्रदेश में पावस' के आधार पर लिखिए।

(घ) मीरा कृष्ण की चाकरी करने की इतनी आतुर क्यों है?

CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP

**11.** **पूरक पुस्तक 'संचयन' पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 40-50 शब्दों में लिखिए-** $2 \times 3 = 6$

(क) अपने जीते जी ही अपनी धन-संपत्ति को हड़पने के लिए रचे जा रहे षड्यंत्र और दाँव-पेच देखकर हरिहर काका पर क्या बीती होगी? कल्पना के आधार पर लिखिए।

(ख) लेखक अपने छात्र जीवन में स्कूल से छुट्टियों में मिले काम को पूरा करने के लिए क्या-क्या योजनाएं बनाया करते थे और उसे पूरा न कर पाने की स्थिति में किसकी भांति 'बहादुर' बनने की कल्पना किया करते थे?

(ग) टोपी ने इफ़्फन से दादी बदलने की बात क्यों कही? 'टोपी शुक्ला' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए।

## खंड-घ (रचनात्मक लेखन)

**12.** **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत-बिन्दुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए-** $1 \times 5 = 5$

(i) **स्वावलंबन**
- स्वावलंबन का अर्थ
- आत्मविश्वास की सीढ़ी
- स्वावलम्बी समाज राष्ट्र का हितैषी

(ii) **परहित सरिस धर्म नहिं भाई**
- मनुष्यता की कसौटी
- जीवन की सार्थकता
- परोपकार से आनंद की अनुभूति

(iii) **मेक इन इण्डिया**
- वस्तुओं का भारत में निर्माण
- आरम्भ और लक्ष्य
- लाभ और क्षेत्र
- उज्ज्वल औद्योगिक भविष्य

**13.** **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए-** $1 \times 5 = 5$

आपका पानी का मीटर खराब पड़ा है और इस कारण सही भुगतान नहीं हो पा रहा है। कार्यपालक अभियंता को इस संबंध में एक पत्र लिखिए।

अथवा

अपने क्षेत्र में पेड़-पौधों के अनियंत्रित कटाव को रोकने के लिए जिलाधिकारी को एक पत्र लिखिए।

CLICK HERE TO SEE ANSWERS

**14.** **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 60 शब्दों में सूचना लिखिए–** $1 \times 4 = 4$

विद्यालय में छुट्टी के दिनों में प्रातःकाल योग की अभ्यास कक्षाएँ चलने की सूचना देते हुए इच्छुक विद्यार्थियों द्वारा अपना नाम देने हेतु सूचना पट्ट के लिए सूचना जारी करें।

अथवा

आप एन. के. विद्यालय के प्रधानाचार्य हैं। दिल्ली में लगी व्यावसायिक प्रदर्शनी (ट्रेड फेयर) देखने के इच्छुक विद्यार्थियों को वहाँ ले जाने की सूचना जारी करें।

**15.** **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन लिखिए–** $1 \times 3 = 3$

'सोलर कुकर' बनाने वाली एक कम्पनी के लिए विज्ञापन तैयार कीजिए।

अथवा

राष्ट्रीय पुस्तक मेले में पुस्तक प्रदर्शनी हेतु विज्ञापन तैयार कीजिए।

**16.** 'ईमानदारी का फल' विषय पर लघु कथा लगभग 100 शब्दों में लिखिए। $1 \times 5 = 5$

अथवा

आपने यात्रा के दौरान एक उपरगामी पुल को जर्जर हालत में देखा है। वह पुल कभी भी किसी दुर्घटना का कारण बन सकता है। आपने वहाँ रुककर अपने मोबाइल से उसका चित्र भी लिया है। उस चित्र सहित लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता को पुल की मरम्मत के संदर्भ में लगभग 80 शब्दों में एक ई–मेल लिखिए।

www.nodia.in

CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP

# प्रतिदर्श प्रश्नपत्र 8

## कक्षा–10 परीक्षा 2024–25

## हिन्दी–ब (कोड–085)

**निर्धारित समय : 3 घंटे** **अधिकतम अंक : 80**

**सामान्य निर्देश :**

- इस प्रश्नपत्र में चार खंड हैं– क, ख, ग, और घ।
- खंड–क में अपठित गद्यांश से प्रश्न पूछे गए हैं, जिनके उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए दीजिए।
- खंड–ख में व्यावहारिक व्याकरण से प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
- खंड–ग पाठ्यपुस्तक पर आधारित है, निर्देशानुसार उत्तर दीजिए।
- खंड़–घ रचनात्मक लेखन पर आधारित है आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
- प्रश्न पत्र में कुल 16 प्रश्न हैं, सभी प्रश्न अनिवार्य है।
- यथासंभव सभी खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

---

## खंड–क (अपठित बोध)

**1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** 7

प्रदूषण आज की दुनिया की सबसे गंभीर समस्याओं में से एक है। यह न केवल पर्यावरण को नुकसान पहुँचाता है, बल्कि मानव जीवन पर भी बुरा प्रभाव डालता है। वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण, और ध्वनि प्रदूषण जैसे विभिन्न प्रकार के प्रदूषण हमारे स्वास्थ्य और पर्यावरण दोनों को प्रभावित करते हैं। औद्योगिकरण, वाहनों की बढ़ती संख्या, और कचरे का अनुचित निपटान इन समस्याओं को और अधिक बढ़ावा देते हैं।

वायु प्रदूषण से सांस की बीमारियाँ, हृदय रोग, और अन्य स्वास्थ्य समस्याएँ उत्पन्न होती हैं। जल प्रदूषण का सीधा असर हमारी पेयजल की गुणवत्ता पर पड़ता है, जिससे कई संक्रामक बीमारियाँ फैलती हैं। ध्वनि प्रदूषण मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव डालता है, जिससे तनाव और अनिद्रा जैसी समस्याएँ होती हैं। इसके अलावा, प्रदूषण से प्राकृतिक संसाधनों की भी हानि होती है, जिससे हमारी आने वाली पीढ़ियाँ प्रभावित हो सकती हैं।

इन समस्याओं से निपटने के लिए हमें व्यक्तिगत और सामूहिक दोनों स्तरों पर प्रयास करने होंगे। वृक्षारोपण, कचरे का सही निपटान, और प्रदूषण फैलाने वाले कारकों को नियंत्रित करना आवश्यक है। सरकारें भी विभिन्न पर्यावरणीय योजनाएँ और कानून लागू कर रही हैं, लेकिन इसमें हर नागरिक की भागीदारी महत्त्वपूर्ण है। प्रदूषण से लड़ाई सामूहिक प्रयासों से ही जीती जा सकती है।

(क) उपर्युक्त गद्यांश का मुख्य विषय क्या है?

i. औद्योगिकरण के लाभ

ii. प्रदूषण की समस्या और समाधान

iii. स्वास्थ्य और पर्यावरण

iv. पर्यावरणीय योजनाएँ

CLICK HERE TO SEE ANSWERS

(ख) प्रदूषण से निपटने के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं– पंक्ति से क्या आशय है?
i. केवल सरकार को प्रदूषण रोकना चाहिए
ii. हर व्यक्ति को प्रदूषण नियंत्रण में भाग लेना चाहिए
iii. प्रदूषण एक सामान्य समस्या नहीं है
iv. प्रदूषण पर नियंत्रण असंभव है

(ग) निम्नलिखित कथन और निष्कर्ष को ध्यान से पढ़कर दिए गए विकल्प से सही उत्तर चुनकर लिखिए:
कथन : प्रदूषण से हमारी आने वाली पीढ़ियाँ प्रभावित हो सकती हैं।
निष्कर्ष : हमें अपने प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करना चाहिए।
i. कथन सही है, लेकिन निष्कर्ष गलत है।
ii. कथन और निष्कर्ष दोनों सही हैं।
iii. कथन गलत है और निष्कर्ष सही है।
iv. कथन और निष्कर्ष दोनों गलत हैं।

(घ) सरल भाषा में प्रदूषण के कारण और इसके समाधान के उपाय स्पष्ट कीजिए।

(ङ) ध्वनि प्रदूषण से बचने के लिए क्या कदम उठाए जा सकते हैं?

**2. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** 7

भारतीय पर्व और त्योहार भारतीय संस्कृति की एक अनमोल धरोहर हैं, जो देश की विविधता और एकता का प्रतीक हैं। भारत में विभिन्न धर्मों और समुदायों के लोग अलग–अलग त्योहार मनाते हैं, जिनमें दीवाली, होली, ईद, क्रिसमस, बैसाखी और पोंगल शामिल हैं। प्रत्येक त्योहार का अपना धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व होता है, जो समाज में आपसी सौहार्द्र और भाईचारे को बढ़ावा देता है। दीवाली को रोशनी का पर्व कहा जाता है, जो अंधकार पर प्रकाश की विजय का प्रतीक है। होली रंगों का त्योहार है, जो बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। इसी प्रकार ईद भाईचारे और दया का संदेश देती है, जबकि क्रिसमस प्रेम और करुणा का प्रतीक माना जाता है।

इन त्योहारों का आयोजन समाज में मेलजोल और सहिष्णुता की भावना को प्रबल करता है। लोग एक–दूसरे के त्योहारों में शामिल होते हैं, जिससे आपसी समझ और सांस्कृतिक आदान–प्रदान बढ़ता है। भारतीय त्योहारों का यह जीवंत स्वरूप विश्व भर में सराहा जाता है और भारत की अनूठी पहचान को दर्शाता है। इन त्योहारों के माध्यम से भारतीय समाज को एकता का संदेश मिलता है और समाज में प्रेम और भाईचारे का संचार होता है।

(क) उपर्युक्त गद्यांश का मुख्य विषय क्या है?
i. भारतीय त्योहार
ii. धार्मिक परंपराएँ
iii. समाज में सहिष्णुता
iv. सांस्कृतिक आदान–प्रदान

(ख) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। दिए गए विकल्पों में से एक सही विकल्प चुनकर लिखिए:
कथन (A) : होली रंगों का त्योहार है।
कारण (R) : होली को दीपों और रोशनी का पर्व कहा जाता है।
i. कथन (A) सही है, कारण (R) गलत है।
ii. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।

CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP

iii. कथन (A) सही है, और कारण (R) उसकी सही व्याख्या है।
iv. कथन (A) गलत है किन्तु कारण (R) सही है।

(ग) भारतीय त्योहारों का मुख्य उद्देश्य क्या है?
i. धार्मिक आदान–प्रदान को बढ़ावा देना
ii. आर्थिक लाभ बढ़ाना
iii. समाज में मेलजोल और भाईचारा बढ़ाना
iv. कृषि में सुधार लाना

(घ) भारतीय त्योहारों का समाज पर क्या प्रभाव पड़ता है?

(ङ) भारतीय त्योहारों का विश्व में क्या महत्व है?

## खंड–ख (व्यावहारिक व्याकरण)

**3. 'पदबंध' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** $4 \times 1 = 4$

(क) उसमें कबूतर के एक जोड़े ने घोंसला बना लिया था– वाक्य में से क्रिया पदबंध चुनकर लिखिए।

(ख) किसी वाक्य में संज्ञा पदबंध का उदाहरण दीजिए और कारण स्पष्ट कीजिए।

(ग) निकोबारी उसे बेहद प्रेम करते थे– वाक्य में रेखांकित पदबंध का भेद लिखिए।

(घ) विरासत में मिली चीजों को सँभालकर रखा जाता है– वाक्य में पदबंध का भेद बताते हुए कारण भी स्पष्ट कीजिए।

(ङ) सर्वनाम पदबंध का एक उदाहरण देकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।

**4. 'रचना के आधार पर वाक्य रूपांतरण' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–**

$4 \times 1 = 4$

(क) दो सौ आदमियों का जूलुस लाल बाजार जाकर गिरफ्तार हो गया– वाक्य का भेद लिखिए।

(ख) मैं किसी के लिए मुसीबत नहीं हूँ, सबके लिए मुहब्बत हूँ– संयुक्त वाक्य में रूपांतरित कीजिए।

(ग) सरल वाक्य के उदाहरण सहित परिभाषा दीजिए।

(घ) संयुक्त वाक्य में "और" का महत्त्व उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

(ङ) बड़े भाई साहब के अनुसार जीवन की समझ अनुभव रूपी ज्ञान से आती है– वाक्य का भेद बताते हुए कारण स्पष्ट कीजिए।

**5. 'समास' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** $4 \times 1 = 4$

(क) कर्मधारय समास में प्रधान पद की भूमिका क्या होती है?

(ख) द्विगु समास में संख्यावाचक पद का क्या महत्व है? एक उदाहरण दीजिए।

(ग) 'वनवास' और 'ग्रामगत' में क्या समानता है?

(घ) 'त्रिलोकीनाथ' सामासिक पद का विग्रह करते हुए भेद लिखिए।

(ङ) द्वंद्व समास की विशेषता बताते हुए एक उदाहरण दीजिए।

CLICK HERE TO SEE ANSWERS

**6.** **'मुहावरे' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** $4 \times 1 = 4$

(क) बड़े भाई साहब ने कहा, मेरी कक्षा में आओगे तो तुम्हें .................... आ जाएगा। (उपयुक्त मुहावरे द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।)

(ख) कर्नल ने सोचा, "वजीर अली को पकड़ने की कोशिश .................... के बराबर है।" (उपयुक्त मुहावरे द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।)

(ग) गाँववालों ने कहा, "तताँरा को समझाना ऐसा है जैसे दीवार से सिर टकराना।" पंक्ति से मुहावरा चुनकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।

(घ) 'गुल खिलाना' और 'खेल दिखाना' मुहावरे में अंतर स्पष्ट कीजिए।

(ङ) "अंधे के हाथ बटेर लगना" मुहावरे का वाक्य बनाइए।

## खंड–ग (पाठ्यपुस्तक)

**7.** **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर सर्वाधिक उचित विकल्प से चुनकर लिखिए–** $5 \times 1 = 5$

सदियों पूर्व, जब लिटिल अंडमान और कार–निकोबार आपस में जुड़े हुए थे तब वहाँ एक सुंदर–सा गाँव था। पास में एक सुंदर और शक्तिशाली युवक रहा करता था। उसका नाम था–तताँरा। निकोबारी उसे बेहद प्रेम करते थे। तताँरा एक नेक और मददगार व्यक्ति था। सदैव दूसरों की सहायता के लिए तत्पर रहता। अपने गाँववालों को ही नहीं, अपितु समूचे द्वीपवासियों की सेवा करना अपना परम कर्तव्य समझता था। उसके इस त्याग की वजह से वह चर्चित था। सभी उसका आदर करते। वक्त मुसीबत में उसे स्मरण करते और वह भागा–भागा वहाँ पहुँच जाता। दूसरे गाँवों में भी पर्व–त्योहारों के समय उसे विशेष रूप से आमंत्रित किया जाता। उसका व्यक्तित्व तो आकर्षक था ही, साथ ही आत्मीय स्वभाव की वजह से लोग उसके करीब रहना चाहते। पारंपरिक पोशाक के साथ वह अपनी कमर में सदैव एक लकड़ी की तलवार बाँधे रहता। लोगों का मत था, बावजूद लकड़ी की होने पर, उस तलवार में अद्भुत दैवीय शक्ति थी। तताँरा अपनी तलवार को कभी अलग न होने देता। उसका दूसरों के सामने उपयोग भी न करता। किंतु उसके चर्चित साहसिक कारनामों के कारण लोग–बाग तलवार में अद्भुत शक्ति का होना मानते थे। तताँरा की तलवार एक विलक्षण रहस्य थी।

(क) तताँरा को निकोबारी लोग क्यों पसंद करते थे?
- i. उसके आकर्षक व्यक्तित्व के कारण
- ii. उसके सेवा–भाव के कारण
- iii. उसकी तलवार के कारण
- iv. उसके साहसिक कारनामों के कारण

(ख) 'तताँरा की तलवार में अद्भुत दैवीय शक्ति थी' कथन से निम्नलिखित में से क्या निष्कर्ष निकलता है?
- i. लोग उसकी तलवार से डरते थे।
- ii. तलवार के कारण वह प्रसिद्ध था।
- iii. तलवार उसके कारनामों का कारण मानी जाती थी।
- iv. लोग तलवार को केवल दिखावा मानते थे।

CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP

(ग) इस गद्यांश का सूत्रधार आप किसे मानते हैं?
i. ततॉँरा
ii. गाँववाले
iii. निकोबारी
iv. द्वीपवासी

(घ) सभी उसका आदर करते– पंक्ति में 'आदर' का क्या संकेत है?
i. प्रेम करना
ii. मान–सम्मान देना
iii. ईर्ष्या करना
iv. उपहास करना

(ङ) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यान से पढ़िए तथा सर्वाधिक उचित विकल्प को चुनकर लिखिए:
कथन (A): ततॉँरा अपनी तलवार का उपयोग दूसरों के सामने नहीं करता था।
कारण (R): वह नहीं चाहता था कि लोग उसकी तलवार की शक्ति से डरें।
i. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।
ii. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं।
iii. कथन (A) गलत है तथा कारण (R) सही है।
iv. कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

**8.** **गद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25–30 शब्दों में लिखिए–** $3 \times 2 = 6$

(क) सआदत अली कौन था? उसकी क्या इच्छा थी?

(ख) दुनिया के वजूद के विषय में कौन उत्तर देता है?

(ग) 'तीसरी कसम' फिल्म को कौन–कौन से पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है?

(घ) 'प्रैक्टिकल आइडियालिस्ट' का क्या तात्पर्य है?

**9.** **निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए–** $5 \times 1 = 5$

जिंदा रहने के मौसम बहुत है मगर
जान देने की रुत रोज आती नहीं
हुस्न और इश्क दोनों को रुस्वा करे
वो जवानी जो खूँ में नहाती नहीं
आज धरती बनी है दुलहन साथियों
अब तुम्हारे हवाले वतन साथियों।

(क) पद्यांश के कवि का क्या नाम है?
i. वीरेन डंगवाल
ii. माखनलाल चतुर्वेदी
iii. कैफी आजमी
iv. नीरज

CLICK HERE TO SEE ANSWERS

(ख) 'जान देने की रुत' से तात्पर्य है–
   i. प्राकृतिक आपदा को
   ii. मृत्यु के समय को
   iii. देश पर बलिदान होने के अवसर को
   iv. जवानी के समय को

(ग) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्प में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।
   अभिकथन (A) : कवि का मानना है कि देश के लिए जान देने का अवसर बार–बार नहीं आता।
   कारण (R) : कवि के अनुसार, देशभक्ति का सर्वोच्च प्रमाण अपने जीवन का बलिदान है।
   i कथन (A) गलत है, किन्तु कारण (R) सही है।
   ii कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।
   iii कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।
   iv कथन (A) सही है किन्तु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(घ) देश की धरती क्या बनी हुई है?
   i. दुलहन
   ii. माता
   iii. बहन
   iv. फुलवारी

(ङ) 'खूँ में नहाना' का आशय है–
   i. खून बहाना
   ii. खून उबलना
   iii. देश के लिए मर मिटना
   iv. खून में स्नान करना

**10.** **काव्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25–30 शब्दों में लिखिए–** $3 \times 2 = 6$

(क) 'पर्वत प्रदेश में पावस' के आधार पर 'है टूट पड़ा भू पर अम्बर' पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए।

(ख) 'आत्मत्राण' कविता में चारों ओर से दुखों से घिरने पर कवि परमेश्वर में विश्वास करते हुए भी अपने से क्या अपेक्षा करता है?

(ग) कबीर के अनुसार सच्चा ज्ञान क्या है?

(घ) कवि ने मनुष्य को मृत्यु से न डरने का संदेश क्यों दिया है?

**11.** **पूरक पुस्तक 'संचयन' पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 40–50 शब्दों में लिखिए–** $2 \times 3 = 6$

(क) अपने जीते जी ही अपनी धन–संपत्ति को हड़पने के लिए रचे जा रहे षड्यंत्र और दाँव–पेच देखकर हरिहर काका पर क्या बीती होगी? कल्पना के आधार पर लिखिए।

(ख) विद्यार्थियो को अनुशासन में रखने के लिए 'सपनों के–से दिन' पाठ में अपनाई गई युक्तियों और वर्तमान में स्वीकृत मान्यताओं के संबंध में अपने विचार प्रकट कीजिए।

CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP

(ग) वर्तमान में कुछ लोग विपरीत धर्म के होते हुए भी एक–दूसरे से अटूट रिश्ते से जुड़ जाते हैं। क्या आप विपरीत धर्मों के रिश्ते को उचित मानते हैं? 'टोपी शुक्ला' पाठ के आधार पर तर्कपूर्ण उत्तर दीजिए।

## खंड–घ (रचनात्मक लेखन)

**12. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत–बिन्दुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए–** $1 \times 5 = 5$

(i) **भारत में बाढ़ की समस्या**
- बाढ़ के कारण
- जन–जीवन पर प्रभाव
- इससे बचने के उपाय

(ii) **जीएसटी**
- परिचय
- पुरानी कर व्यवस्था
- परिवर्तित कर व्यवस्था

(iii) **मधुर वाणी**
- मधुर वाणी : एक वरदान
- प्रभाव और प्रयोग
- जीवन में महत्त्व

**13. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए–** $1 \times 5 = 5$

आप दिल्ली के निवासी है। अपने क्षेत्र में एक पार्क विकसित कराने के लिए सचिव, दिल्ली विकास प्राधिकरण को एक अनुरोध पत्र लिखिए।

अथवा

आपको हिंदी की कुछ पुस्तकों की आवश्यकता है। नागरी पुस्तक भंडार, बिहार के विक्रय प्रबंधक को इन पुस्तकों को भिजवाने के लिए एक पत्र लिखिए।

**14. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 60 शब्दों में सूचना लिखिए–** $1 \times 4 = 4$

'आकांक्षा' सोसायटी के सचिव होने के नाते पानी की सप्लाई में होने वाली कटौती के लिए एक सूचना तैयार कीजिए।

अथवा

आप बाल विद्यालय दिल्ली के सांस्कृतिक संघ के अध्यक्ष हैं। विद्यालय द्वारा उत्तराखण्ड की एक सप्ताह की यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। एक सूचना लिखिए जिससे छात्र–छात्राओं को जानकारी दी जाए।

CLICK HERE TO SEE ANSWERS

**15.** **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन लिखिए–** $1 \times 3 = 3$

आप एक अच्छे चित्रकार हैं। अपने चित्रों की प्रदर्शनी के लिए एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।

अथवा

विद्यार्थियों की जरूरत के हर सामान के लिए उपलब्ध 'कामधेनु भंडार' का एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।

**16.** 'बुरी संगति से दुर्गति' विषय पर लघु कथा लगभग 100 शब्दों में लिखिए। $1 \times 5 = 5$

अथवा

आपके क्षेत्र में कोई भी टेलीविजन सहजता से दूरदर्शन के कार्यक्रम नहीं पकड़ पाता। बहुत संभव है यह केबल ऑपरेटरों की कारस्तानी हो। दूरदर्शन के महानिदेशक को लगभग 80 शब्दों में एक ई–मेल लिखकर इस ओर उनका ध्यान आकृष्ट कीजिए।

www.nodia.in

CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP

# प्रतिदर्श प्रश्नपत्र 9

## कक्षा–10 परीक्षा 2024–25

## हिन्दी–ब (कोड–085)

**निर्धारित समय : 3 घंटे** **अधिकतम अंक : 80**

**सामान्य निर्देश :**

- इस प्रश्नपत्र में चार खंड हैं– क, ख, ग, और घ।
- खंड–क में अपठित गद्यांश से प्रश्न पूछे गए हैं, जिनके उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए दीजिए।
- खंड–ख में व्यावहारिक व्याकरण से प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
- खंड–ग पाठ्यपुस्तक पर आधारित है, निर्देशानुसार उत्तर दीजिए।
- खंड़–घ रचनात्मक लेखन पर आधारित है आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
- प्रश्न पत्र में कुल 16 प्रश्न हैं, सभी प्रश्न अनिवार्य है।
- यथासंभव सभी खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

---

## खंड–क (अपठित बोध)

**1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** 7

पुस्तकें हमारे जीवन में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। वे न केवल हमें ज्ञान प्रदान करती हैं, बल्कि हमारा मनोरंजन भी करती हैं और हमें जीवन की नई दिशाओं से परिचित कराती हैं। एक अच्छी पुस्तक व्यक्ति के व्यक्तित्व को निखारने में मदद करती है और उसे सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। बचपन से ही पुस्तक पढ़ने की आदत डालना बहुत जरूरी है, क्योंकि यह आदत हमें न केवल ज्ञानवान बनाती है, बल्कि हमारी सोचने की क्षमता को भी विकसित करती है।

पुस्तकों की विभिन्न विधाएँ होती हैं, जैसे कहानी, कविता, उपन्यास, आत्मकथा, और नाटक। हर विधा का अपना एक अलग महत्त्व होता है। कहानी और उपन्यास हमें जीवन की जटिलताओं को समझने में मदद करते हैं, जबकि आत्मकथा और जीवनियाँ हमें महान व्यक्तियों के जीवन से प्रेरणा देती हैं। कविता हमें भावनाओं की गहराई तक ले जाती है और नाटक जीवन की विविधता को दर्शाते हैं।

आज के डिजिटल युग में भी पुस्तकों का महत्त्व कम नहीं हुआ है। इंटरनेट और सोशल मीडिया के इस युग में भी पुस्तकें हमें स्थायी ज्ञान और मनोरंजन का माध्यम प्रदान करती हैं। इसलिए, हमें पुस्तकों को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाना चाहिए और उनसे मिलने वाले ज्ञान और प्रेरणा का लाभ उठाना चाहिए।

(क) उपर्युक्त गद्यांश का मुख्य विषय क्या है?

i. पुस्तकों की विधाएँ
ii. पुस्तकों का महत्त्व
iii. डिजिटल युग में ज्ञान
iv. आत्मकथाओं का प्रभाव

CLICK HERE TO SEE ANSWERS

(ख) पुस्तकें हमारा मनोरंजन भी करती हैं– पंक्ति से क्या आशय है?
i. पुस्तकें केवल शिक्षा के लिए होती हैं
ii. पुस्तकें हमें खुश रखने में मदद करती हैं
iii. पुस्तकें केवल ज्ञान प्रदान करती हैं
iv. पुस्तकें उबाऊ होती हैं

(ग) निम्नलिखित कथन और निष्कर्ष को ध्यान से पढ़कर दिए गए विकल्प से सही उत्तर चुनकर लिखिए:
कथन : पुस्तक पढ़ने की आदत बचपन से डालनी चाहिए।
निष्कर्ष : इससे व्यक्ति का बौद्धिक विकास होता है।
i. कथन सही है, लेकिन निष्कर्ष गलत है।
ii. कथन और निष्कर्ष दोनों सही हैं।
iii. कथन गलत है और निष्कर्ष सही है।
iv. कथन और निष्कर्ष दोनों गलत हैं।

(घ) सरल भाषा में पुस्तक पढ़ने के लाभ स्पष्ट कीजिए।

(ङ) डिजिटल युग में भी पुस्तकों का महत्त्व क्यों है?

**2. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** 7

भारतीय खान–पान की परंपरा विविधता और स्वाद का अनोखा मिश्रण है। भारत के प्रत्येक क्षेत्र की अपनी खास व्यंजन शैली है, जो वहाँ की सांस्कृतिक पहचान को दर्शाती है। उत्तर भारत के व्यंजनों में पराठा, छोले–भटूरे, और मक्खन में बने पकवान शामिल हैं, जबकि दक्षिण भारत में इडली, डोसा, और सांभर प्रमुख हैं। पश्चिम भारत में गुजरात की ढोकला और महाराष्ट्र का वड़ा पाव लोकप्रिय हैं। पूर्वी भारत में मछली और चावल का भोजन प्रचलित है, विशेषकर पश्चिम बंगाल में। इसके अलावा, भारत में कई प्रकार के मसाले, जैसे हल्दी, जीरा, और धनिया, व्यंजनों में विशेष स्वाद और सुगंध जोड़ते हैं, जो भारतीय भोजन को अनोखा बनाते हैं। भारतीय मिठाइयाँ भी खास हैं, जिनमें रसगुल्ला, गुलाब जामुन, और लड्डू का विशेष स्थान है।

भारतीय भोजन का वैश्विक स्तर पर भी प्रभाव है, और आज दुनियाभर में भारतीय रेस्तरां देखे जा सकते हैं। विदेशों में भारतीय व्यंजन न केवल भारतीय प्रवासियों में लोकप्रिय हैं, बल्कि स्थानीय लोगों में भी इनका स्वाद खूब पसंद किया जाता है। भारतीय खान–पान न केवल पोषण से भरपूर है, बल्कि इसमें स्वास्थ्य के लिए लाभकारी गुण भी होते हैं। यह विविधता भारतीय संस्कृति की गहरी जड़ों और समृद्ध इतिहास को भी दर्शाती है।

(क) उपर्युक्त गद्यांश का मुख्य विषय क्या है?
i. भारतीय मसाले
ii. भारतीय खान–पान
iii. भारतीय मिठाइयाँ
iv. भारतीय परंपराएँ

(ख) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। दिए गए विकल्पों में से एक सही विकल्प चुनकर लिखिए:
कथन (A) : भारत के प्रत्येक क्षेत्र की अपनी खास व्यंजन शैली है।
कारण (R) : भारतीय भोजन में केवल चावल और मछली ही प्रमुख हैं।

CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP

i. कथन (A) सही है, कारण (R) गलत है।
ii. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।
iii. कथन (A) सही है, और कारण (R) उसकी सही व्याख्या है।
iv. कथन (A) गलत है किन्तु कारण (R) सही है।

(ग) भारतीय मसाले भारतीय भोजन को किस प्रकार विशेष बनाते हैं?
i. स्वाद और सुगंध बढ़ाकर
ii. पकाने के समय को कम करके
iii. भोजन को सजाकर
iv. केवल रंग बढ़ाकर

(घ) भारतीय भोजन का वैश्विक स्तर पर क्या प्रभाव है?

(ङ) भारतीय खान–पान की विशेषताएँ क्या हैं?

## खंड–ख (व्यावहारिक व्याकरण)

**3.** **‘पदबंध’ पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** $4 \times 1 = 4$

(क) महंत जी लड़ाकू और दबंग प्रकृति के आदमी हैं– वाक्य में से विशेषण पदबंध चुनकर लिखिए।

(ख) विशेषण पदबंध का वाक्य में महत्व क्या है? उदाहरण सहित समझाइए।

(ग) वातावरण में <u>रात का सन्नाटा और सूनापन</u> व्याप्त मिला– वाक्य में रेखांकित पदबंध का भेद लिखिए।

(घ) युद्ध भूमि में जो सैनिक उपस्थित हैं, वह देश की रक्षा कर रहे हैं– वाक्य में पदबंध का भेद बताते हुए कारण भी स्पष्ट कीजिए।

(ङ) क्रिया–विशेषण पदबंध का एक उदाहरण देकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।

**4.** **‘रचना के आधार पर वाक्य रूपांतरण’ पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** $4 \times 1 = 4$

(क) सुभाष बाबू को पकड़ लिया गया और गाड़ी में बैठाकर लाल बाजार लॉकअप में भेद दिया गया– वाक्य का भेद लिखिए।

(ख) वामीरो से मिलने के बाद तताँरा के जीवन में परिवर्तन आया– मिश्रित वाक्य में रूपांतरित कीजिए।

(ग) संयुक्त वाक्य की विशेषता बताते हुए एक उदाहरण दीजिए।

(घ) संयुक्त वाक्य में ”या” और ”और” का उपयोग किस प्रकार भिन्न होता है? उदाहरण सहित समझाइए।

(ङ) जापान में चाय पीने की एक विधि है, जिसे ‘चा–नो–यू’ कहते हैं– वाक्य का भेद बताते हुए कारण स्पष्ट कीजिए।

**5.** **‘समास’ पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** $4 \times 1 = 4$

(क) अव्ययीभाव समास में अव्यय पद का कार्य क्या होता है?

(ख) बहुव्रीहि समास किसे दर्शाता है?

(ग) ‘यथाशक्ति’ अव्ययीभाव समास है कैसे?

(घ) ‘घर–बाहर’ सामासिक पद का विग्रह करते हुए भेद लिखिए।

(ङ) कर्मधारय समास की विशेषता बताते हुए एक उदाहरण दीजिए।

CLICK HERE TO SEE ANSWERS

**6.** **'मुहावरे' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** $4 \times 1 = 4$

(क) छोटी कक्षा में .................... भी पास हो जाते हैं। (उपयुक्त मुहावरे द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।)

(ख) जब पुलिस ने झंडा फहराने वालों को रोका, तो उन्होंने कहा, "हमारा हौसला ऐसा है कि हम ....... .............।" (उपयुक्त मुहावरे द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।)

(ग) सिपाहियों ने जंगल के कोने–कोने की खाक छानकर वजीर अली को ढूँढ़ने का प्रयास किया। पंक्ति से मुहावरा चुनकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।

(घ) 'आँख का तारा' और 'आँख का काँटा' मुहावरे में अंतर स्पष्ट कीजिए।

(ङ) 'नदी की धारा को रोकना' मुहावरे का वाक्य बनाइए।

## खंड–ग (पाठ्यपुस्तक)

**7.** **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर सर्वाधिक उचित विकल्प से चुनकर लिखिए–** $5 \times 1 = 5$

वामीरो घर पहुँचकर भीतर–ही–भीतर कुछ बेचैनी महसूस करने लगी। उसके भीतर तताँरा से मुक्त होने की एक झूठी छटपटाहट थी। एक झल्लाहट में उसने दरवाजा बंद किया और मन को किसी और दिशा में ले जाने का प्रयास किया। बार–बार तताँरा का याचना भरा चेहरा उसकी आँखों में तैर जाता। उसने तताँरा के बारे में कई कहानियाँ सुन रखी थीं। उसकी कल्पना में वह एक अद्भुत साहसी युवक था। किंतु वही तताँरा उसके सम्मुख एक अलग रूप में आया। सुंदर, बलिष्ठ किंतु बेहद शांत, सभ्य और भोला। उसका व्यक्तित्व कदाचित वैसा ही था जैसा वह अपने जीवन–साथी के बारे में सोचती रही थी। 'किंतु एक दूसरे गाँव के युवक के साथ यह संबंध परंपरा के विरुद्ध था। अतएव उसने उसे भूल जाना ही श्रेयस्कर समझा। किंतु यह असंभव जान पड़ा। तताँरा बार–बार उसकी आँखों के सामने था। निर्निमेष याचक की तरह प्रतीक्षा में डूबा हुआ।

(क) वामीरो के लिए तताँरा को भूलना आवश्यक था, क्योंकि
- i. तताँरा से मिलकर उसका मन बेचैन हो गया था
- ii. तताँरा ने उसे गीत गाने को विवश किया था
- iii. वह उसके जीवन–साथी की कल्पना पर खरा नहीं था
- iv. दूसरे गाँव के युवक से संबंध परंपरा के विरुद्ध था

(ख) वामीरो घर पहुँचकर कैसा महसूस कर रही थी?
- i. आह्लादित
- ii. संयत
- iii. संकुचित
- iv. असहज

(ग) गाँव की क्या परंपरा थी?
- i. अपने गाँव के युवक से संबंध–निषेध की
- ii. दूसरे गाँव के युवक से संबंध–निषेध की
- iii. तताँरा जैसे युवक के साथ संबंध–निषेध की
- iv. याचक जैसे युवक के साथ संबंध–निषेध की

CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP

(घ) बार–बार तताँरा का याचना भरा चेहरा उसकी आँखों में तैर जाता– पंक्ति में 'याचना' का क्या अर्थ है?
   i. प्रार्थना
   ii. सहायता
   iii. भय
   iv. प्रेम

(ङ) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यान से पढ़िए तथा सर्वाधिक उचित विकल्प को चुनकर लिखिए:
   कथन (A) : वामीरो घर पहुँचकर एक अजीब सी खुशी महसूस कर रही थी।
   कारण (R) : वामीरो तताँरा के व्यक्तित्व से अत्यधिक प्रभावित नहीं थी।
   i. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।
   ii. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं।
   iii. कथन (A) गलत है तथा कारण (R) सही है।
   iv. कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

**8. गद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25–30 शब्दों में लिखिए–** $3 \times 2 = 6$

(क) चींटियों के घबराने पर सुलेमान ने क्या उत्तर दिया था?

(ख) बड़े भाई साहब दिमाग को आराम देने के लिए क्या करते थे?

(ग) कला मर्मज्ञ तथा फिल्म समीक्षक राजकपूर को कैसा कलाकार मानते थे?

(घ) जापानियों के तनाव का मुख्य कारण क्या है?

**9. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए–** $5 \times 1 = 5$

रहो न भूल के कभी मदांध तुच्छ वित्त में,
सनाथ जान आपको करो न गर्व चित्त में
अनाथ कौन है यहाँ, त्रिलोकनाथ साथ है,
दयालु दीनबंधु के बड़े विशाल हाथ हैं।
अतीव भाग्यहीन हैं अधीर भाव जो करे,
वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे।।

(क) पद्यांश में कवि ने धन को कैसा बताया है?
   i. महत्वपूर्ण
   ii. अनावश्यक
   iii. आवश्यक
   iv. तुच्छ

(ख) संसार में कोई भी अनाथ नहीं है; क्योंकि–
   i. सबके माता–पिता हैं
   ii. सबके पास धन है
   iii. सबके साथ त्रिलोकनाथ हैं
   iv. सब स्वतंत्र हैं

CLICK HERE TO SEE ANSWERS

(ग) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्प में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।
अभिकथन (A) : कवि का मानना है कि तुच्छ धन–संपत्ति पर गर्व करना अनुचित है।
कारण (R) : क्योंकि सच्चा सहारा और आश्रय त्रिलोकनाथ और दीनबंधु के विशाल हाथों में है।
i कथन (A) गलत है, किन्तु कारण (R) सही है।
ii कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।
iii कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।
iv कथन (A) सही है किन्तु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(घ) पद्यांश के अनुसार, अतीव भाग्यहीन कौन है?
i. जो धनहीन है
ii. जो निडर रहता है
iii. जो अधीरता का भाव धारण करता है
iv. जो धैर्यवान है

(ङ) विशाल हाथ किसके हैं?
i. राजा के
ii. ईश्वर के
iii. राक्षसों के
iv. देवताओं के

**10.** **काव्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25–30 शब्दों में लिखिए–** $3 \times 2 = 6$

(क) 'पर्वत प्रदेश में पावस' कविता में कवि ने फूलों की तुलना नेत्रो से क्यों की है?

(ख) 'आत्मत्राण' कविता की प्रार्थना अन्य प्रार्थना–गीतों से अलग कैसे है?

(ग) कबीर के अनुसार, ईश्वर का निवास कहाँ है ?

(घ) महल की रचना में मीरा खिड़कियों की स्थिति क्यों चाहती हैं?

**11.** **पूरक पुस्तक 'संचयन' पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 40–50 शब्दों में लिखिए–** $2 \times 3 = 6$

(क) 'हरिहर काका' कहानी में हरिहर काका और उनके परिवार के बारे में क्या बताया गया है? विस्तारपूर्वक लिखिए।

(ख) पी. टी. मास्टर और हेड मास्टर के क्रोध में आप क्या अंतर देखते हैं? 'सपनों के–से दिन' पाठ के आधार पर अपने उत्तर की पुष्टि कीजिए।

(ग) घरवालों के मना करने पर भी टोपी का लगाव इफ़्फन के घर और उसकी दादी से क्यों था? दोनों के अनजान, अटूट रिश्ते के बारे में अपने विचार लिखिए।

CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP

# खंड–घ (रचनात्मक लेखन)

**12.** **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत–बिन्दुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए–** $1 \times 5 = 5$

(i) **डिजिटल इण्डिया**
- क्षेत्र
- गठबंधन
- देश का विकास

(ii) **ग्रामीण जीवन और भारत**
- गाँव और शहर
- दोनों प्रकार के जीवन में भेद
- सुविधा, असुविधा

(iii) **भारत में सूखे की समस्या**
- सूखे के कारण
- प्रभाव
- बचने के उपाय

**13.** **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए–** $1 \times 5 = 5$

अपने क्षेत्र में सार्वजनिक पुस्तकालय एवं वाचनालय खोलने की प्रार्थना करते हुए शिक्षा विभाग के सचिव को एक पत्र लिखिए।

अथवा

बस में यात्रा करते समय आपका मोबाइल फोन गुम हो गया। अपने क्षेत्र के पुलिस अधिकारी को इसकी सूचना देते हुए एक पत्र लिखिए।

**14.** **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 60 शब्दों में सूचना लिखिए–** $1 \times 4 = 4$

आपके विद्यालय में तुलसी जयंती के अवसर पर अंत्याक्षरी प्रतियोगिता का आयोजन होगा। इच्छुक छात्र हिंदी शिक्षक को नामांकन दें। इसकी सूचना लिखिए।

अथवा

अमृत सोसायटी के सचिव होने के नाते सभी सदस्यों से सफाई बनाए रखने कि अपील करते हुए सूचना जारी करें।

CLICK HERE TO SEE ANSWERS

**15.** **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन लिखिए–** $1 \times 3 = 3$

कीर्ति ज्वैलर्स द्वारा डायमंड ज्वैलरी की खरीद पर और अन्य प्रकार की ज्वैलरी की बनवाई पर 30 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। इसके लिए एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

अथवा

आप किसी कम्पनी के मैनेजर हैं। आपको अपनी कम्पनी के लिए प्रतिनिधि की आवश्यकता है। इसके लिए एक विज्ञापन लिखिए।

**16.** 'बीमारियों पर श्राप' विषय पर लघु कथा लगभग 100 शब्दों में लिखिए। $1 \times 5 = 5$

अथवा

ध्वनि प्रदूषण की समस्या से अवगत कराते हुए नगर योजना अधिकारी को लगभग 80 शब्दों में एक ई–मेल लिखिए।

www.nodia.in

CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP

# प्रतिदर्श प्रश्नपत्र 10

## कक्षा–10 परीक्षा 2024–25

## हिन्दी–ब (कोड–085)

**निर्धारित समय : 3 घंटे** **अधिकतम अंक : 80**

**सामान्य निर्देश :**

- इस प्रश्नपत्र में चार खंड हैं– क, ख, ग, और घ।
- खंड–क में अपठित गद्यांश से प्रश्न पूछे गए हैं, जिनके उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए दीजिए।
- खंड–ख में व्यावहारिक व्याकरण से प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
- खंड–ग पाठ्यपुस्तक पर आधारित है, निर्देशानुसार उत्तर दीजिए।
- खंड़–घ रचनात्मक लेखन पर आधारित है आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
- प्रश्न पत्र में कुल 16 प्रश्न हैं, सभी प्रश्न अनिवार्य है।
- यथासंभव सभी खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

---

## खंड–क (अपठित बोध)

**1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** 7

जलवायु परिवर्तन आज के समय की एक गंभीर समस्या है, जो पूरे विश्व को प्रभावित कर रही है। इसका मुख्य कारण मानवीय गतिविधियाँ हैं, जैसे औद्योगिकरण, वनों की कटाई, और जीवाश्म ईंधनों का अत्यधिक उपयोग। इन कारणों से वायुमंडल में कार्बन डाइऑक्साइड और अन्य ग्रीनहाउस गैसों की मात्रा बढ़ रही है, जिससे पृथ्वी का तापमान धीरे–धीरे बढ़ रहा है।

जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव व्यापक और गंभीर हैं। इसके कारण ग्लेशियर पिघल रहे हैं, समुद्र का स्तर बढ़ रहा है, और मौसम में अत्यधिक परिवर्तन हो रहे हैं। कहीं सूखा पड़ रहा है, तो कहीं बाढ़ आ रही है। इन बदलावों का प्रभाव न केवल पर्यावरण पर पड़ता है, बल्कि मानव जीवन, पशु–पक्षियों और वनस्पतियों पर भी गहरा असर डालता है।

इस समस्या से निपटने के लिए हमें सामूहिक प्रयास करने की आवश्यकता है। वृक्षारोपण, नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों का उपयोग, और ऊर्जा की बचत जैसे कदम उठाने होंगे। साथ ही, हमें अपने दैनिक जीवन में भी ऐसे बदलाव करने होंगे, जिससे कार्बन उत्सर्जन कम हो। सरकारों और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों को भी इस दिशा में ठोस कदम उठाने होंगे। यदि हम समय रहते जागरूक नहीं हुए, तो इसका दुष्प्रभाव हमारी आने वाली पीढ़ियों को भुगतना पड़ेगा।

(क) उपर्युक्त गद्यांश का मुख्य विषय क्या है?

i. जीवाश्म ईंधनों का उपयोग

ii. जलवायु परिवर्तन की समस्या

iii. ग्लेशियरों का पिघलना

iv. नवीकरणीय ऊर्जा का महत्त्व

CLICK HERE TO SEE ANSWERS

(ख) जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव व्यापक और गंभीर हैं– पंक्ति से क्या आशय है?
i. जलवायु परिवर्तन का कोई प्रभाव नहीं पड़ता
ii. जलवायु परिवर्तन से छोटे बदलाव होते हैं
iii. जलवायु परिवर्तन से गंभीर समस्याएँ उत्पन्न होती हैं
iv. जलवायु परिवर्तन से केवल पर्यावरण प्रभावित होता है

(ग) निम्नलिखित कथन और निष्कर्ष को ध्यान से पढ़कर दिए गए विकल्प से सही उत्तर चुनकर लिखिए:
कथन : जलवायु परिवर्तन के कारण केवल मौसम में बदलाव होता है।
निष्कर्ष : जलवायु परिवर्तन का मानव जीवन पर कोई असर नहीं पड़ता।
i. कथन सही है, लेकिन निष्कर्ष गलत है।
ii. कथन और निष्कर्ष दोनों सही हैं।
iii. कथन गलत है और निष्कर्ष सही है।
iv. कथन और निष्कर्ष दोनों गलत हैं।

(घ) सरल भाषा में जलवायु परिवर्तन के कारणों का वर्णन कीजिए।

(ङ) जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए कौन–कौन से कदम उठाए जा सकते हैं?

**2. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** 7

भारतीय हस्तशिल्प भारतीय संस्कृति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो देश की कलात्मकता और परंपराओं को दर्शाता है। विभिन्न राज्यों में बनाए जाने वाले हस्तशिल्प अपनी अनोखी शैली और डिजाइन के लिए प्रसिद्ध हैं। राजस्थान का बंधनी वस्त्र, उत्तर प्रदेश का चिकनकारी काम, गुजरात का पटोला सिल्क, और कश्मीर की पश्मीना शालें भारतीय हस्तशिल्प के कुछ प्रमुख उदाहरण हैं। इन शिल्पों को बनाने में कारीगरों की मेहनत और सृजनशीलता साफ झलकती है। भारतीय हस्तशिल्प में बांस और लकड़ी के काम से लेकर धातु, मिट्टी, और कपड़े का काम शामिल है, जो पर्यावरण के अनुकूल भी होते हैं। हस्तशिल्प में प्रतीकात्मक डिज़ाइन और रंगों का विशेष महत्त्व है, जो भारत की गहरी सांस्कृतिक जड़ों और विविध परंपराओं का प्रतीक हैं।

भारतीय हस्तशिल्प का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी काफी प्रभाव है, और यह कई देशों में निर्यात किया जाता है। विश्व भर में भारतीय हस्तशिल्प की मांग बढ़ती जा रही है, क्योंकि यह न केवल कलात्मक होते हैं, बल्कि इनमें भारतीय संस्कृति का विशेष स्पर्श होता है। सरकार और विभिन्न संगठन भी इन हस्तशिल्पों को प्रोत्साहन देते हैं, ताकि कारीगरों को आजीविका का साधन मिल सके और भारतीय कला को पहचान मिले। यह उद्योग भारतीय अर्थव्यवस्था में भी महत्वपूर्ण योगदान देता है और ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर पैदा करता है, जिससे ग्रामीण जीवन में स्थिरता आती है।

(क) उपर्युक्त गद्यांश का मुख्य विषय क्या है?
i. भारतीय कृषि
ii. भारतीय हस्तशिल्प
iii. भारतीय संगीत
iv. भारतीय वस्त्र

CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP

(ख) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। दिए गए विकल्पों में से एक सही विकल्प चुनकर लिखिए:

कथन (A) : भारतीय हस्तशिल्प पर्यावरण के अनुकूल होते हैं।

कारण (R) : भारतीय हस्तशिल्प में बांस और लकड़ी का भी उपयोग किया जाता है।

i. कथन (A) सही है, कारण (R) गलत है।

ii. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।

iii. कथन (A) सही है, और कारण (R) उसकी सही व्याख्या है।

iv. कथन (A) गलत है किन्तु कारण (R) सही है।

(ग) भारतीय हस्तशिल्प का वैश्विक स्तर पर क्या महत्व है?

i. यह केवल भारत में प्रचलित हैं

ii. यह कई देशों में निर्यात किए जाते हैं

iii. इनकी मांग कम हो रही है

iv. ये केवल धार्मिक उपयोग में आते हैं

(घ) भारतीय हस्तशिल्प की कौन–कौन सी प्रमुख शैलियाँ हैं?

(ङ) भारतीय हस्तशिल्प का कारीगरों और ग्रामीण क्षेत्रों पर क्या प्रभाव है?

## खंड–ख (व्यावहारिक व्याकरण)

**3. 'पदबंध' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** $4 \times 1 = 4$

(क) दिमाग की रफ्तार धीरे–धीरे धीमी पड़ती जा रहीं है– वाक्य में से क्रिया–विशेषण पदबंध चुनकर लिखिए।

(ख) पदबंध का वाक्य संरचना में क्या महत्व है? अपने उत्तर को उदाहरण से पुष्ट करें।

(ग) <u>देशभक्ति का ज़ज़्बा लिए हम सब</u> जुलूस में शमिल हुए– वाक्य में रेखांकित पदबंध का भेद लिखिए।

(घ) तताँरा नामक एक युवक को वामीरो से प्रेम हो गया– वाक्य में पदबंध का भेद बताते हुए कारण भी स्पष्ट कीजिए।

(ङ) संज्ञा पदबंध का एक उदाहरण देकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।

**4. 'रचना के आधार पर वाक्य रूपांतरण' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** $4 \times 1 = 4$

(क) बड़े भाई साहब ने भी उसी उम्र में पढ़ना शुरू किया था, जब मैनें शुरू किया था– वाक्य का भेद लिखिए।

(ख) यदि आप झूठ बोलते हैं, तो आप झूठे है– संयुक्त वाक्य में रूपांतरित कीजिए।

(ग) मिश्र वाक्य का उपयोग किस प्रकार विचारों को स्पष्ट करता है? उदाहरण सहित लिखिए।

(घ) संयुक्त वाक्य में "अथवा" का महत्त्व उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

(ङ) भाई साहब ने उछलकर पतंग की डोर पकड़ ली और बेतहाशा होस्टल की तरफ दौड़े– वाक्य का भेद बताते हुए कारण स्पष्ट कीजिए।

CLICK HERE TO SEE ANSWERS

**5.** **'समास' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** $4 \times 1 = 4$

(क) समास का प्रयोग भाषा में संक्षिप्तता कैसे लाता है?

(ख) कर्मधारय समास में विशेषण और विशेष्य पद का संबंध स्पष्ट कीजिए।

(ग) 'राष्ट्रपति' तत्पुरुष समास कैसे है?

(घ) 'धर्मपथ' सामासिक पद का विग्रह करते हुए इसका भेद बताइए।

(ङ) बहुव्रीहि समास की विशेषता बताते हुए एक उदाहरण दीजिए।

**6.** **'मुहावरे' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** $4 \times 1 = 4$

(क) बड़े भाई साहब का रौद्र–रूप देखकर लेखक के .................... जाते थे। (उपयुक्त मुहावरे द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।)

(ख) जब सवार ने अपनी पहचान छुपाई, तो कर्नल ने सोचा, "यह तो .................... जैसा है।" (उपयुक्त मुहावरे द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।)

(ग) गाँववालों के विरोध के समय किसी ने कहा, "अब तो यहाँ सिर पर पाँव रखकर भागने की नौबत आ गई है।" पंक्ति से मुहावरा चुनकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।

(घ) 'सिर पर आसमान टूटना' और 'चक्रव्यूह में फँसना' मुहावरे में अंतर स्पष्ट कीजिए।

(ङ) 'जान पर खेलना' मुहावरे का वाक्य बनाइए।

## खंड–ग (पाठ्यपुस्तक)

**7.** **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर सर्वाधिक उचित विकल्प से चुनकर लिखिए–** $5 \times 1 = 5$

शुद्ध सोना अलग है और गिन्नी का सोना अलग। गिन्नी के सोने में थोड़ा–सा ताँबा मिलाया हुआ होता है, इसलिए वह ज्यादा चमकता है और शुद्ध सोने से मजबूत भी होता है। औरतें अकसर इसी सोन के गहने बनवा लेती हैं।

फिर भी होता तो वह है गिन्नी का ही सोना

शुद्ध आदर्श भी शुद्ध सोने के जैसे ही होते है। चंद लोग उनमें व्यावहारिकता का थोड़ा–सा ताँबा मिला देते हैं और चलाकर दिखाते हैं तब हम लोग उन्हें 'प्रैक्टिकल आइडियालिस्ट' कहकर उनका बखान करते हैं।

(क) शुद्ध सोना और गिन्नी का सोना किस प्रकार अलग हैं?

i. गिन्नी का सोना अधिक महंगा होता है

ii. गिन्नी के सोने में ताँबा मिलाया गया होता है

iii. शुद्ध सोना अधिक मजबूत होता है

iv. गिन्नी का सोना हल्का होता है

(ख) गिन्नी के सोने का उपयोग किसलिए किया जाता है?

i. गहनों के निर्माण के लिए

ii. सिक्कों के निर्माण के लिए

iii. सोने के बर्तनों के लिए

iv. व्यापार के लिए

CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP

(ग) 'प्रैक्टिकल आइडियालिस्ट' किसे कहा जाता है?
i. जो शुद्ध आदर्श का पालन करते हैं
ii. जो अपने आदर्श में व्यावहारिकता मिलाते हैं
iii. जो केवल व्यावहारिक होते हैं
iv. जो बिना आदर्श के जीवन जीते हैं

(घ) व्यावहारिकता का थोड़ा–सा ताँबा– पंक्ति में 'ताँबा' का क्या संकेत है?
i. सोने की गुणवत्ता
ii. आदर्श में व्यावहारिकता
iii. गहनों की चमक
iv. ताँबे का महत्व

(ङ) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यान से पढ़िए तथा सर्वाधिक उचित विकल्प को चुनकर लिखिए:
कथन (A): गिन्नी का सोना शुद्ध सोने से ज्यादा मजबूत होता है।
कारण (R): गिन्नी के सोने में ताँबा मिलाया गया होता है जो उसे मजबूत बनाता है।
i. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।
ii. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं।
iii. कथन (A) गलत है तथा कारण (R) सही है।
iv. कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

**8.** **गद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25–30 शब्दों में लिखिए–** $3 \times 2 = 6$

(क) भावनाओं से परिपूर्ण होने पर भी 'तीसरी कसम' फिल्म बहुत अधिक क्यों नहीं चली?
(ख) ततोँरा के क्रोध का कारण क्या था?
(ग) 'धरती' पर किस–किसकी हिस्सेदारी है?
(घ) धर्मतल्ले के मोड़ पर आकर जुलूस क्यों टूट गया?

**9.** **निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए–** $5 \times 1 = 5$

'मनुष्य मात्र बंधु है' यह बड़ा विवेक है,
पुराणपुरुष स्वयंभू पिता प्रसिद्ध एक हैं।
फलानुसार कर्म के अवश्य बाह्य भेद है,
परंतु अंतरैक्य में प्रमाणभूत वेद हैं।
अनर्थ है कि बंधु ही न बंधु की व्यथा हरे,
वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे।।

(क) सबसे बड़ा विवेक क्या है?
i. मनुष्य मात्र को अपना बंधु मानना
ii. केवल अपना स्वार्थ सिद्ध करना
iii. अच्छे–बुरे की पहचान करना
iv. किसी से कोई संबंध न रखना

CLICK HERE TO SEE ANSWERS

(ख) सब मनुष्य परस्पर बंधु है; क्योंकि
   i. सब एक–दूसरे का ध्यान रखते हैं
   ii. सब एक साथ रहते हैं
   iii. सब एक ही परमपिता परमेश्वर की संतान है
   iv. सबको एक ही माता ने जन्म दिया है

(ग) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्प में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।
   अभिकथन (A) : कवि का मानना है कि सभी मनुष्य आपस में एक–दूसरे से भिन्न हैं।
   कारण (R) : सभी मनुष्यों के मूल में एक ही परमपिता का अंश है।
   i कथन (A) गलत है, किन्तु कारण (R) सही है।
   ii कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।
   iii कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।
   iv कथन (A) सही है किन्तु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(घ) मनुष्यों के बाह्य भेद का क्या कारण है?
   i. जन्म स्थान की भिन्नता
   ii. जन्म के समय की भिन्नता
   iii. धर्म की भिन्नता
   iv. कर्म–फल की भिन्नता

(ङ) कवि के अनुसार, सबसे बड़ा अनर्थ क्या है?
   i. जीवों की हत्या करना
   ii. एक भाई द्वारा दूसरे भाई की व्यथा न हरना
   iii. झूठ बोलना
   iv. कर्तव्य का पालन न करना

**10.** **काव्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25–30 शब्दों में लिखिए–** $3 \times 2 = 6$

(क) 'जबर', 'धज्जे' इत्यादि शब्दों का प्रयोग 'तोप' कविता की भाषा की किस विशेषता को दर्शाता है?

(ख) 'पर्वत प्रदेश में पावस' कविता में कवि ने तालाब की तुलना दर्पण से क्यों की है?

(ग) इस कविता के आधार पर बताइए कि हमारा परमात्मा के प्रति कैसा भाव होना चाहिए?

(घ) सच्चा भक्त किसे कहा गया है?

**11.** **पूरक पुस्तक 'संचयन' पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 40–50 शब्दों में लिखिए–** $2 \times 3 = 6$

(क) "लोगों की जुबान से घटनाओं की जुबान ज़्यादा पैनी और असरदार होती है।" 'हरिहर काका' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

(ख) तोतों के प्रति प्रीतमचंद के मधुर व्यवहार से उनके व्यक्तित्व की कौन–सी विशेषता के बारे में पता चलता है?

(ग) जीवन मूल्यों के आधार पर इफ़्फ़न और टोपी शुक्ला के संबंधों की समीक्षा कीजिए।

CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP

## खंड–घ (रचनात्मक लेखन)

**12.** **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत-बिन्दुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए–** $1 \times 5 = 5$

(i) **नोटबंदी**

- नोटबंदी की घोषणा
- लोगों की लंबी कतार
- पक्ष और विपक्ष की टकरार
- मानवता का पुनर्जन्म

(ii) **देश की एकता और अखंडता**

- एकता से अखंडता की भावना
- एकता में बाधाएँ
- बाधाएँ दूर करने के उपाय

(iii) **स्त्री शिक्षा**

- आवश्यकता
- बढ़ते आँकड़े
- संतान तथा समाज पर प्रभाव

**13.** **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए–** $1 \times 5 = 5$

आप विद्यालय की छात्र–परिषद् के सचिव हैं। स्कूल के बाद विद्यार्थियों को नाटक का अभ्यास करवाने के लिए अनुमति माँगते हुए प्रधानाचार्य को एक पत्र लिखिए।

अथवा

स्वास्थ्य विभाग के निदेशक को एक पत्र लिखिए कि शहर में बीमारियाँ बढ़ रही हैं लेकिन चिकित्सा सुविधाओं की बहुत कमी है।

**14.** **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 60 शब्दों में सूचना लिखिए–** $1 \times 4 = 4$

डॉन बॉस्को स्कूल, गुवाहाटी में इको क्लब के सदस्यों की सभा के आयोजन की जानकारी के लिए क्लब के अध्यक्ष की ओर से सूचना तैयार कीजिए।

अथवा

गाँधी जयन्ती के अवसर पर विद्यालय में होने वाली विशेष प्रार्थना सभा के लिए हेड गर्ल की ओर से सूचना जारी करें।

CLICK HERE TO SEE ANSWERS

**15.** **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन लिखिए–** $1 \times 3 = 3$

दिल्ली के मशहूर गोलगप्पे की दुकान का किसी प्रतिष्ठित समाचार पत्र में छपने योग्य विज्ञापन तैयार कीजिए।

अथवा

किसी शैक्षणिक संस्थान में उच्च शिक्षा के पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु विज्ञापन तैयार कीजिए।

**16.** 'मन नहीं लगता' विषय पर लघु कथा लगभग 100 शब्दों में लिखिए। $1 \times 5 = 5$

अथवा

आपको अपनी बहन के विवाह में शामिल होने के लिए 3 दिन के अवकाश की आवश्यकता है। इसके लिए प्रधानाचार्य को लगभग 80 शब्दों में एक ई–मेल लिखिए।

www.nodia.in

CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP

# प्रतिदर्श प्रश्नपत्र 11

## कक्षा–10 परीक्षा 2024–25

## हिन्दी–ब (कोड–085)

**निर्धारित समय : 3 घंटे** **अधिकतम अंक : 80**

**सामान्य निर्देश :**

- इस प्रश्नपत्र में चार खंड हैं– क, ख, ग, और घ।
- खंड–क में अपठित गद्यांश से प्रश्न पूछे गए हैं, जिनके उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए दीजिए।
- खंड–ख में व्यावहारिक व्याकरण से प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
- खंड–ग पाठ्यपुस्तक पर आधारित है, निर्देशानुसार उत्तर दीजिए।
- खंड़–घ रचनात्मक लेखन पर आधारित है आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
- प्रश्न पत्र में कुल 16 प्रश्न हैं, सभी प्रश्न अनिवार्य है।
- यथासंभव सभी खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

---

## खंड–क (अपठित बोध)

**1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** 7

भारत के प्राचीन विचारकों ने अच्छा नागरिक बनने के लिए कुछ नियमों का प्रावधान किया है। इन नियमों में वाणी और व्यवहार की शुद्धि, कर्तव्य और अधिकार का समुचित निर्वाह, शुद्धतम पारस्परिक सद्भाव और सेवा की भावना आदि नियम बहुत महत्त्वपूर्ण माने गए हैं। ये सभी नियम यदि एक व्यक्ति के चारित्रिक गुणों के रूप में भी अनिवार्य माने जाएँ तो उसका अपना जीवन सुखी और आनंदमय हो सकता है। सभी गुणों का विकास एक बालक में यदि उसकी बाल्यावस्था से ही किया जाए तो वह अपने देश का श्रेष्ठ नागरिक बन सकता है। इन गुणों के कारण वह अपने परिवार, आस–पड़ोस, विद्यालय में अपने सहपाठियों एवं अध्यापकों के प्रति यथोचित व्यवहार कर सकेगा। वाणी एवं व्यवहार की मधुरता सभी के लिए सुखदायक होती है, समाज में हार्दिक सद्भाव की वृद्धि करती है, किंतु अहंकारहीन व्यक्ति ही स्निग्ध वाणी और शिष्ट व्यवहार का प्रयोग कर सकता है। अहंकारी और दंभी व्यक्ति सदा अशिष्ट वाणी और व्यवहार का अभ्यासी होता है जिसका परिणाम यह होता है कि ऐसे आदमी के व्यवहार से समाज में शांति और सौहार्द का वातावरण नहीं बनता। जिस प्रकार एक व्यक्ति समाज में रहकर अपने व्यवहार से कर्तव्य और अधिकार के प्रति सजग रहता है, उसी तरह देश के प्रति भी उसका व्यवहार कर्तव्य और अधिकार की भावना से भावित रहना चाहिए। उसका कर्तव्य हो जाता है कि न तो वह स्वयं कोई ऐसा काम करें और न ही दूसरों को करने दें, जिसमें देश के सम्मान, संपत्ति और स्वाभिमान को ठेस लगे। समाज एवं देश में शांति बनाए रखने के लिए धार्मिक सहिष्णुता भी बहुत आवश्यक है। यह वृत्ति तभी आ सकती है जब व्यक्ति संतुलित व्यक्तित्व का हो। वह आंतरिक व बाहरी संघर्ष से परे सामाजिकता की अनुभूति से परिपूर्ण व्यक्तित्व होना चाहिए।

CLICK HERE TO SEE ANSWERS

(क) उपर्युक्त गद्यांश का मुख्य विषय क्या है?
i. बाल्यावस्था का महत्त्व
ii. अच्छे नागरिक बनने के नियम
iii. धार्मिक सहिष्णुता
iv. समाज में शांति बनाए रखना

(ख) वाणी एवं व्यवहार की मधुरता सभी के लिए सुखदायक होती है– पंक्ति से क्या आशय है?
i. मधुर वाणी समाज में सौहार्द बढ़ाती है
ii. कठोर वाणी का समाज पर असर नहीं पड़ता
iii. मधुर वाणी का जीवन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता
iv. मधुर वाणी केवल व्यक्तिगत लाभ देती है

(ग) निम्नलिखित कथन और निष्कर्ष को ध्यान से पढ़कर दिए गए विकल्प से सही उत्तर चुनकर लिखिए:
कथन : अच्छे नागरिक के लिए कर्तव्य और अधिकार का समुचित निर्वाह आवश्यक है।
निष्कर्ष : यह समाज और देश में शांति बनाए रखने में सहायक होता है।
i. कथन सही है, लेकिन निष्कर्ष गलत है।
ii. कथन और निष्कर्ष दोनों सही हैं।
iii. कथन गलत है और निष्कर्ष सही है।
iv. कथन और निष्कर्ष दोनों गलत हैं।

(घ) सरल भाषा में अच्छे नागरिक के लिए नियमों की भूमिका स्पष्ट कीजिए।

(ङ) समाज में धार्मिक सहिष्णुता क्यों आवश्यक है?

**2. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** 7

भारत का प्राचीन साहित्य भारतीय संस्कृति की गहरी जड़ों और समृद्ध इतिहास का प्रमाण है। संस्कृत, तमिल, पाली और प्राकृत जैसी भाषाओं में लिखे गए ग्रंथों में भारतीय दर्शन, विज्ञान, और जीवनशैली के गूढ़ विचार समाहित हैं। महाकाव्य रामायण और महाभारत, वेद, उपनिषद, और पुराण जैसे ग्रंथ भारतीय साहित्य के आधार स्तंभ माने जाते हैं। संस्कृत में रचित कालिदास का "अभिज्ञान शाकुंतलम" और "मेघदूत" साहित्य की उत्कृष्ट रचनाएँ हैं, जिनकी आज भी सराहना की जाती है। तमिल में संगम साहित्य, जिसमें "शिलप्पदिकारम" और "मणिमेकलई" जैसे महाकाव्य शामिल हैं, दक्षिण भारतीय संस्कृति को दर्शाते हैं। इन ग्रंथों में न केवल धार्मिक बल्कि सामाजिक और नैतिक मूल्यों का भी विवरण मिलता है, जो उस समय के समाज की संरचना को समझने में सहायक हैं।

भारतीय साहित्य न केवल धार्मिक ग्रंथों तक सीमित है, बल्कि इसमें विज्ञान, गणित, खगोलशास्त्र, और चिकित्सा जैसे विषयों पर भी रचनाएँ हैं। "चरक संहिता" और "सुश्रुत संहिता" भारतीय चिकित्सा विज्ञान के महत्वपूर्ण ग्रंथ हैं। भारतीय साहित्य का वैश्विक स्तर पर भी प्रभाव पड़ा है और कई ग्रंथों का अनुवाद अन्य भाषाओं में किया गया है। भारतीय साहित्य का अध्ययन न केवल भारतीय संस्कृति को समझने का एक माध्यम है, बल्कि यह विश्व साहित्य में भी अपना विशेष स्थान बनाए हुए है। भारतीय ग्रंथों में मानवता, करुणा और सहिष्णुता के विचारों का समावेश भी मिलता है, जो इसे और भी प्रासंगिक बनाते हैं।

CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP

(क) उपर्युक्त गद्यांश का मुख्य विषय क्या है?
 i. भारतीय चिकित्सा
 ii. भारतीय विज्ञान
 iii. भारतीय प्राचीन साहित्य
 iv. भारतीय कला

(ख) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। दिए गए विकल्पों में से एक सही विकल्प चुनकर लिखिए:
कथन (A) : भारतीय साहित्य में रामायण और महाभारत का विशेष स्थान है।
कारण (R) : ये महाकाव्य केवल धार्मिक महत्व के लिए जाने जाते हैं।
 i. कथन (A) सही है, कारण (R) गलत है।
 ii. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।
 iii. कथन (A) सही है, और कारण (R) उसकी सही व्याख्या है।
 iv. कथन (A) गलत है किन्तु कारण (R) सही है।

(ग) "अभिज्ञान शाकुंतलम" की रचना किसने की थी?
 i. तुलसीदास
 ii. कालिदास
 iii. भास
 iv. शूद्रक

(घ) भारतीय साहित्य में विज्ञान और चिकित्सा पर कौन–कौन से प्रमुख ग्रंथ हैं?

(ङ) भारतीय प्राचीन साहित्य का वैश्विक स्तर पर क्या प्रभाव है?

## खंड–ख (व्यावहारिक व्याकरण)

**3.** **'पदबंध' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** $4 \times 1 = 4$

(क) अभिनय के दृष्टिकोण से 'तीसरी कसम' राजकपूर की जिंदगी की सबसे हसीन फिल्म है– वाक्य में से संज्ञा पदबंध चुनकर लिखिए।

(ख) संज्ञा पदबंध का अन्य पदबंधों से कैसे अंतर किया जा सकता है? एक उदाहरण दीजिए।

(ग) कुल मिलाकर 105 स्त्रियाँ पकड़ी गई थी– वाक्य में रेखांकित पदबंध का भेद लिखिए।

(घ) वज़ीर अली एक जाँबाज सिपाही था– वाक्य में पदबंध का भेद बताते हुए कारण भी स्पष्ट कीजिए।

(ङ) सर्वनाम पदबंध का एक उदाहरण देकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।

**4.** **'रचना के आधार पर वाक्य रूपांतरण' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** $4 \times 1 = 4$

(क) हमेंशा यही सवाल इसी ध्वनि में पूछा जाता था और इसका जवाब मेरे पास केवल मौन था'– वाक्य का भेद लिखिए।

(ख) ईमानदार व्यक्ति कभी भी किसी से नहीं डरते– मिश्र वाक्य में रूपांतरित कीजिए।

(ग) मिश्र वाक्य और संयुक्त वाक्य के बीच मुख्य अंतर उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

CLICK HERE TO SEE ANSWERS

(घ) मिश्र वाक्य में प्रयुक्त "जब" और "तो" के महत्त्व को उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

(ङ) तताँरा की व्याकुल आँखें वामीरो को ढूँढ़ने में व्यस्त थीं– वाक्य का भेद बताते हुए कारण स्पष्ट कीजिए।

**5. 'समास' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** $4 \times 1 = 4$

(क) द्विगु समास का अर्थ अन्य समासों से भिन्न क्यों होता है?

(ख) तत्पुरुष समास में प्रधानता कैसे निर्धारित की जाती है?

(ग) 'चक्रपाणि' बहुव्रीहि समास है कैसे?

(घ) 'पंकज' सामासिक पद का विग्रह करते हुए भेद लिखिए।

(ङ) कर्मधारय समास की पहचान कैसे की जाती है?

**6. 'मुहावरे' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** $4 \times 1 = 4$

(क) बड़े भाई साहब मौका पाते ही छोटे भाई को .................... लेते थे। (उपयुक्त मुहावरे द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।)

(ख) जब वामीरो ने गाँववालों का विरोध किया, तो उसकी माँ ने कहा, "तुम्हारा यह व्यवहार तो ........... ........ जैसा है।" (उपयुक्त मुहावरे द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।)

(ग) लेफ्टीनेंट कर्नल की योजना जानने के लिए बाल की खाल निकालने लगा। पंक्ति से मुहावरा चुनकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।

(घ) 'लाल पीला होना' और 'आसमान में उड़ना' मुहावरे में अंतर स्पष्ट कीजिए।

(ङ) 'पहाड़ टूट पड़ना' मुहावरे का वाक्य बनाइए।

## खंड–ग (पाठ्यपुस्तक)

**7. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर सर्वाधिक उचित विकल्प से चुनकर लिखिए–** $5 \times 1 = 5$

बाइबिल और दूसरे पावन ग्रंथों में नूह नाम के एक पैगंबर का ज़िक्र मिलता है। उनका असली नाम लश्कर था, लेकिन अरब ने उनको नूह के लकब से याद किया है। वह इसलिए कि आप सारी उम्र रोते रहे। इसका कारण एक जख्मी कुत्ता था। नूह के सामने से एक बार एक घायल कुत्ता गुज़रा। नूह ने उसे डाँटते हुए कहा, 'दूर हो जा गंदे कुत्ते!' इस्लाम में कुत्तों को गंदा समझा जाता है। कुत्ते ने उनकी डाँट सुनकर जवाब दिया... 'न मैं अपनी मर्जी से कुत्ता हूँ, न तुम अपनी पसंद से इंसान हो। बनाने वाला सबका तो वही एक है।

(क) नूह का असली नाम क्या था?

i. लश्कर

ii. अरब

iii. इस्लाम

iv. लकब

CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP

(ख) नूह को 'नूह' के लकब से क्यों याद किया जाता है?
i. वह बहुत दयालु थे
ii. वह सारी उम्र रोते रहे
iii. वह साहसी व्यक्ति थे
iv. वह हमेशा खुश रहते थे

(ग) नूह ने घायल कुत्ते को क्या कहा?
i. पास आओ
ii. मदद की पेशकश की
iii. दूर हो जा गंदे कुत्ते
iv. उसे अनदेखा किया

(घ) न मैं अपनी मर्जी से कुत्ता हूँ, न तुम अपनी पसंद से इंसान हो– पंक्ति में 'मर्जी' का क्या अर्थ है?
i. इच्छा
ii. मजबूरी
iii. ज्ञान
iv. दुख

(ङ) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यान से पढ़िए तथा सर्वाधिक उचित विकल्प को चुन कर लिखिए:
कथन (A): नूह ने कुत्ते को उसकी स्थिति के कारण डाँटा।
कारण (R): नूह ने घायल कुत्ते को गंदा मानते हुए उससे दूर रहने को कहा।
i. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।
ii. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं।
iii. कथन (A) गलत है तथा कारण (R) सही है।
iv. कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

**8.** **गद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25–30 शब्दों में लिखिए–** **$3 \times 2 = 6$**

(क) शैलेंद्र ने एक सच्चे तथा अच्छे कलाकार की क्या पहचान बताई है?

(ख) गांधी जी में नेतृत्व की अद्‌भुत क्षमता थी। 'गिन्नी का सोना' पाठ के आधार पर टिप्पणी कीजिए।

(ग) वजीर अली की स्कीम क्या थी?

(घ) तताँरा को लोग क्यों पसंद करते थे?

**9.** **निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए–** **$5 \times 1 = 5$**

मेरा भार अगर लघु करके न दो सांत्वना नहीं सही।
केवल इतना रखना अनुनय
वहन कर सकूँ इसको निर्भय
नत शिर होकर सुख के दिन में
तव मुख पहचानूँ छिन–छिन में
दुख–रात्रि में करे वंचना मेरी जिस दिन निखिल मही
उस दिन ऐसा हो करुणामय
तुम पर करूँ नहीं कुछ संशय।।

CLICK HERE TO SEE ANSWERS

(क) प्रस्तुत पद्यांश में कवि क्या चाहता है?
- i. भार हलका करना
- ii. सांत्वना
- iii. निर्भीकता
- iv. भार वहन करने की शक्ति

(ख) 'नत शिर' का आशय है
- i. झुककर
- ii. सिर ऊँचा करके
- iii. अहंकार से
- iv. विनम्रता से

(ग) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्प में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।

अभिकथन (A) : कवि केवल सुख के दिनों में ईश्वर का साथ चाहता है।

कारण (R) : कवि का विश्वास है कि ईश्वर दुख के समय में भी साथ देते हैं।

- i कथन (A) गलत है, किन्तु कारण (R) सही है।
- ii कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।
- iii कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।
- iv कथन (A) सही है किन्तु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(घ) दुखों से घिर जाने पर भी कवि क्या चाहता है?
- i. ईश्वर के प्रति अविश्वास
- ii. ईश्वर के प्रति संदेह
- iii. ईश्वर के प्रति कृतज्ञता
- iv. ईश्वर के प्रति शिकासत

(ङ) "तव मुख पहचानूँ छिन–छिन में" से कवि का क्या भाव है?
- i. दुख के दिनों में पल–पल ईश्वर को याद करता रहूँ।
- ii. विपत्ति आने पर पल–पल ईश्वर का मुँह ताकूँ।
- iii. सुख के दिनों में भी सदा ईश्वर को याद करता रहूँ।
- iv. सुख के दिनों में ईश्वर को भूल जाया करूँ।

**10.** **काव्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25–30 शब्दों में लिखिए–** $3 \times 2 = 6$

(क) कवि सुमित्रानंदन पंत ने पावस ऋतु के सौंदर्य चित्रण क लिए पर्वत प्रदेश को ही क्यों चुना?

(ख) सैनिक को बलिदान के समय भी गम क्यों नहीं है?

(ग) 'मनुष्यता' कविता में कैसी मृत्यु को सुमृत्यु कहा गया है और क्यों?

(घ) कंपनी बाग के विषय में आप क्या जानते हैं?

CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP

**11.** **पूरक पुस्तक 'संचयन' पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 40-50 शब्दों में लिखिए-** $2 \times 3 = 6$

(क) जीवन में कई बार हमें पुस्तकें वो ज्ञान नहीं दे पाती हैं जो ज्ञान हमें जीवन के अनुभव के द्वारा प्राप्त होता है। अक्सर अनपढ़ मनुष्य भी समझदारी से काम लेता है।
हरिहर काका द्वारा अपनी जमीन किसी के नाम न करना उसकी किस मानसिकता को दर्शाता है?

(ख) हेडमास्टर शर्मा जी ने पीटी साहब को क्यों मुअत्तल कर दिया?

(ग) समाज में मनुष्य धर्म तथा परिवार के नाम पर एक-दूसरे को बाँटकर अलग कर देता है। ऐसे में टोपी तथा इफ्फन की दोस्ती कहाँ तक उचित है? 'टोपी शुक्ला' पाठ के आधार पर अपने विचार व्यक्त कीजिए।

## खंड-घ (रचनात्मक लेखन)

**12.** **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत-बिन्दुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए-** $1 \times 5 = 5$

(i) **दुर्लभ होता है अच्छा मित्र**
- अच्छा मित्र कौन?
- क्यों होता है दुर्लभ?
- कैसे करें चुनाव?

(ii) **आधुनिक शिक्षा और रोजगार**
- शिक्षा का व्यावसायीकरण
- रोजगार के अवसर
- नैतिक मूल्य

(iii) **राष्ट्रध्वज**
- स्वरूप
- राष्ट्रीय जीवन में महत्त्व
- इसका सम्मान

**13.** **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए-** $1 \times 5 = 5$

अपने क्षेत्र में लाउडस्पीकरों का अनुचित प्रयोग रूकवाने के लिए पुलिस आयुक्त को एक पत्र लिखिए

अथवा

सर्व शिक्षा अभियान के प्रोत्साहन के लिए विद्यालय में शिक्षण की विशेष व्यवस्था करवाने की अनुमति माँगते हुए प्रधानाचार्य को एक पत्र लिखिए।

CLICK HERE TO SEE ANSWERS

**14.** **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 60 शब्दों में सूचना लिखिए–** $1 \times 4 = 4$

विद्यालय के बाहर खड़े खोमचे वालों से कोई छात्र कुछ न खरीदे। यह हिदायत देने के लिए प्रधानाचार्य की ओर से सूचना जारी करें।

अथवा

गणेश चतुर्थी के अवसर पर आप अपनी सोसाइटी में बच्चों की नृत्य प्रतियोगिता रखना चाहते हैं। सचिव होने के नाते सूचना जारी करें।

**15.** **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन लिखिए–** $1 \times 3 = 3$

एक आध्यात्मिक संस्था/ध्यान केन्द्र के लिए विज्ञापन तैयार कीजिए।

अथवा

आपके विद्यालय में श्रेया घोषाल की गायकी का कार्यक्रम है। इस संदर्भ में किसी प्रतिष्ठित समाचार पत्र में देने योग्य विज्ञापन तैयार कीजिए।

**16.** 'पहचान' विषय पर लघु कथा लगभग 100 शब्दों में लिखिए। $1 \times 5 = 5$

अथवा

आपके विद्यालय का नया सत्र आरंभ हो गया है लेकिन बाजार में अभी तक आपकी हिंदी की पाठ्यपुस्तक उपलब्ध नहीं है। इस संदर्भ में एनसीईआरटी के व्यापार प्रबंधक को लगभग 80 शब्दों में एक ई–मेल लिखिए।

www.nodia.in

CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP

# प्रतिदर्श प्रश्नपत्र 12

## कक्षा–10 परीक्षा 2024–25

## हिन्दी–ब (कोड–085)

**निर्धारित समय : 3 घंटे** **अधिकतम अंक : 80**

**सामान्य निर्देश :**

- इस प्रश्नपत्र में चार खंड हैं– क, ख, ग, और घ।
- खंड–क में अपठित गद्यांश से प्रश्न पूछे गए हैं, जिनके उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए दीजिए।
- खंड–ख में व्यावहारिक व्याकरण से प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
- खंड–ग पाठ्यपुस्तक पर आधारित है, निर्देशानुसार उत्तर दीजिए।
- खंड़–घ रचनात्मक लेखन पर आधारित है आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
- प्रश्न पत्र में कुल 16 प्रश्न हैं, सभी प्रश्न अनिवार्य है।
- यथासंभव सभी खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

---

## खंड–क (अपठित बोध)

**1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** 7

जीवन में सफलता पाने के लिए मेहनत और लगन की आवश्यकता होती है। किसी भी क्षेत्र में सफलता अचानक नहीं मिलती; इसके लिए लगातार प्रयास करना पड़ता है। जब व्यक्ति अपने लक्ष्य की ओर मेहनत करता है, तो उसे कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ये कठिनाइयाँ हमें सिखाती हैं कि सफलता का मार्ग सरल नहीं है। असफलता को स्वीकार करना और उससे सीखना भी उतना ही महत्त्वपूर्ण है जितना कि मेहनत करना। आत्मविश्वास और धैर्य के साथ किया गया प्रयास ही व्यक्ति को सफलता की ओर ले जाता है। इसके साथ ही, सही दिशा में मेहनत करना भी आवश्यक है। बिना दिशा के मेहनत करने से ऊर्जा व्यर्थ जाती है। सही मार्गदर्शन और योजना के बिना प्रयास असफल हो सकते हैं। जीवन में अनुशासन भी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। अनुशासन से व्यक्ति अपने कार्यों में निरंतरता और स्थिरता बनाए रखता है। अनुशासनहीन व्यक्ति अपने लक्ष्यों से भटक जाता है। इसके विपरीत, अनुशासन में रहने वाला व्यक्ति अपने समय और ऊर्जा का सही उपयोग करता है। आत्म–नियंत्रण और धैर्य भी सफलता के महत्त्वपूर्ण तत्व हैं। अंत में, जो व्यक्ति मेहनत, लगन, अनुशासन और सही मार्गदर्शन के साथ अपने कार्य को करता है, वही जीवन में सफलता प्राप्त करता है।

(क) उपर्युक्त गद्यांश का मुख्य विषय क्या है?

i. आत्मविश्वास का महत्त्व

ii. सही दिशा में मेहनत का महत्त्व

iii. सफलता पाने के नियम

iv. अनुशासन और मेहनत

CLICK HERE TO SEE ANSWERS

(ख) सही दिशा में मेहनत करना भी आवश्यक है– पंक्ति से क्या आशय है?

i. मेहनत से सफलता मिलती है
ii. सही दिशा में काम करने से सफलता जल्दी मिलती है
iii. मेहनत और दिशा का कोई संबंध नहीं है
iv. मेहनत में दिशा महत्त्वपूर्ण नहीं है

(ग) निम्नलिखित कथन और निष्कर्ष को ध्यान से पढ़कर दिए गए विकल्प से सही उत्तर चुनकर लिखिए:

कथन : सफलता के लिए लगातार प्रयास करना आवश्यक है।
निष्कर्ष : असफलता से सीखकर ही व्यक्ति सफलता की ओर बढ़ सकता है।

i. कथन सही है, लेकिन निष्कर्ष गलत है।
ii. कथन और निष्कर्ष दोनों सही हैं।
iii. कथन गलत है और निष्कर्ष सही है।
iv. कथन और निष्कर्ष दोनों गलत हैं।

(घ) सरल भाषा में मेहनत और अनुशासन का जीवन में महत्त्व स्पष्ट कीजिए।

(ङ) असफलता से सीखना क्यों महत्त्वपूर्ण है?

**2. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** 7

भारत की जल संरक्षण परंपरा का इतिहास अत्यंत प्राचीन है और यह पर्यावरण संतुलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। भारत के विभिन्न हिस्सों में जल संरक्षण की अनूठी तकनीकें विकसित की गई हैं, जो उस क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति के अनुसार अनुकूलित हैं। राजस्थान के कुंड, गुजरात के बावड़ी, महाराष्ट्र के टैंक, और उत्तर भारत की नहरें जल संरक्षण की कुछ प्राचीन विधियाँ हैं। ये तकनीकें न केवल पानी को संरक्षित करती हैं, बल्कि समाज में जल के महत्व को भी बढ़ावा देती हैं। पारंपरिक जल संरक्षण तकनीकों के माध्यम से स्थानीय समुदायों ने सूखे और जल संकट जैसी समस्याओं का सामना किया है।

आज के समय में जल संकट एक गंभीर मुद्दा बन चुका है, और जल संरक्षण की पुरानी परंपराओं को फिर से अपनाने की आवश्यकता महसूस की जा रही है। सरकारी और गैर–सरकारी संगठनों द्वारा तालाबों, बावड़ियों, और नहरों के पुनर्निर्माण पर जोर दिया जा रहा है। साथ ही, वर्षा जल संचयन और आधुनिक तकनीकों के उपयोग से जल संरक्षण को बढ़ावा दिया जा रहा है। जल संरक्षण न केवल वर्तमान पीढ़ी के लिए, बल्कि भविष्य के लिए भी आवश्यक है, ताकि हम जल की इस अमूल्य धरोहर को संरक्षित रख सकें।

(क) उपर्युक्त गद्यांश का मुख्य विषय क्या है?

i. जल संकट
ii. जल संरक्षण की परंपरा
iii. जल प्रदूषण
iv. जलवायु परिवर्तन

(ख) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। दिए गए विकल्पों में से एक सही विकल्प चुनकर लिखिए:

कथन (A) : राजस्थान में कुंड जल संरक्षण की एक प्राचीन विधि है।
कारण (R) : राजस्थान में पानी का संकट नहीं है।

i. कथन (A) सही है, कारण (R) गलत है।
ii. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।

CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP

iii. कथन (A) सही है, और कारण (R) उसकी सही व्याख्या है।
iv. कथन (A) गलत है किन्तु कारण (R) सही है।

(ग) वर्षा जल संचयन का क्या महत्व है?
i. जल संरक्षण को बढ़ावा देना
ii. पानी की बर्बादी करना
iii. पानी का आयात करना
iv. जल स्रोतों को प्रदूषित करना

(घ) भारत में जल संरक्षण की कुछ प्राचीन विधियाँ कौन–कौन सी हैं?

(ङ) जल संरक्षण का भविष्य में क्या महत्व है?

## खंड–ख (व्यावहारिक व्याकरण)

**3. 'पदबंध' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** $4 \times 1 = 4$

(क) मैं यह लताड़ सुनकर आँसू बहाने लगता– वाक्य में से क्रिया पदबंध चुनकर लिखिए।

(ख) विशेषण पदबंध और क्रिया विशेषण पदबंध में अंतर स्पष्ट कीजिए। उदाहरण देकर समझाइए।

(ग) तताँरा दिन ढलने तक वामीरो की प्रतीक्षा करता रहा– वाक्य में रेखांकित पदबंध का भेद लिखिए।

(घ) 'तीसरी कसम' फिल्म का निर्माण शैलेंद्र द्वारा किया गया था– वाक्य में पदबंध का भेद बताते हुए कारण भी स्पष्ट कीजिए।

(ङ) विशेषण पदबंध का एक उदाहरण देकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।

**4. 'रचना के आधार पर वाक्य रूपांतरण' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** $4 \times 1 = 4$

(क) जब से माता जी ने प्रबंध अपने हाथ में लिया है, तब से घर में लक्ष्मी आ गई है– वाक्य का भेद लिखिए।

(ख) एकाएक एक ऊँची लहर उठी और उसे भिगो गई– सरल वाक्य में रूपांतरित कीजिए।

(ग) मिश्र वाक्य में मुख्य और आश्रित वाक्य के संबंध को एक उदाहरण के माध्यम से समझाइए।

(घ) सरल वाक्य को संयुक्त वाक्य में परिवर्तित करने का एक नियम उदाहरण सहित स्पष्ट करें।

(ङ) वामीरो ने तताँरा को देखा और फूटकर रोने लगी– वाक्य का भेद बताते हुए कारण स्पष्ट कीजिए।

**5. 'समास' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** $4 \times 1 = 4$

(क) द्वंद्व समास का उपयोग भाषा में कैसे होता है?

(ख) कर्मधारय समास के उदाहरणों का विश्लेषण कैसे किया जाता है?

(ग) 'द्वारपाल' तत्पुरुष समास है कैसे?

(घ) 'सप्तसागर' सामासिक पद का विग्रह करते हुए भेद लिखिए।

(ङ) अव्ययीभाव समास में कौन सा पद प्रधान होता है? इसका एक उदाहरण दीजिए।

CLICK HERE TO SEE ANSWERS

**6.** **'मुहावरे' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** $4 \times 1 = 4$

(क) कुछ क्षेत्रों में विज्ञान की प्रगति भी कुछ नहीं कर सकी है। इस कारण वहाँ के निवासियों का .................... सामान्य है। (उपयुक्त मुहावरे द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।)

(ख) 26 जनवरी के दिन प्रदर्शनकारियों ने झंडा फहराने की घोषणा कर यह साबित कर दिया कि वे .................... तैयार हैं। (उपयुक्त मुहावरे द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।)

(ग) गाँववालों ने कहा, "तताँरा का शांत हो जाना ऐसा है जैसे मरी हुई बिल्ली को झटका देना।" पंक्ति से मुहावरा चुनकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।)

(घ) 'दिल कड़ा करना' और 'दिल बहलाना' मुहावरे में अंतर स्पष्ट कीजिए।

(ङ) 'नक्शा बदल देना' मुहावरे का वाक्य बनाइए।

## खंड–ग (पाठ्यपुस्तक)

**7.** **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर सर्वाधिक उचित विकल्प से चुनकर लिखिए–** $5 \times 1 = 5$

मेरी माँ कहती थी, सूरज ढले आँगन के पेड़ों से पत्ते मत तोड़ो, पेड़ रोएँगे। दीया–बत्ती के वक्त फूलों को मत तोड़ों, फूल बद्दुआ देते हैं। दरिया पर जाओ तो उसे सलाम किया करो, वह खुश होता है। कबूतरों को मत सताया करो, वे हजरत मुहम्मद को अजीज हैं। उन्होंने उन्हें अपनी मजार के नीचे गुंबद पर घोंसले बनाने की इजाजत दे रखी है। मुर्गे को परेशान नहीं किया करो।

(क) नीले गुंबद पर किसका घोंसला हुआ करता है?
i. चिड़िया का
ii. तोते का
iii. कबूतर का
iv. इनमें से कोई नहीं

(ख) लेखक की माँ लेखक को किसके प्रति उपदेश देती थी?
i. नदी के प्रति
ii. प्रकृति के प्रति
iii. जल के प्रति
iv. इनमें से कोई नहीं

(ग) लेखक किसके प्रति सम्मान का भाव रखता है?
i. दरिया के प्रति
ii. हजरत मुहम्मद के प्रति
iii. पक्षियों के प्रति
iv. दयालुओं के प्रति

CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP

(घ) कबूतरों को मत सताया करो, वे हजरत मुहम्मद को अजीज हैं– पंक्ति में 'अजीज' का क्या अर्थ है?
i. प्रिय
ii. मजबूत
iii. अभिमान
iv. विनम्र

(ङ) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यान से पढ़िए तथा सर्वाधिक उचित विकल्प को चुनकर लिखिए:
कथन (A) : दीया–बत्ती के वक्त फूलों को मत तोड़ो, फूल बद्दुआ देते हैं। दरिया पर जाओ तो उसे सलाम किया करो, वह खुश होता है।
कारण (R) : मनुष्य के मन में प्रकृति तथा जीव–जंतुओं के लिए भी संवेदनाएँ होना आवश्यक है।
i. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।
ii. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं।
iii. कथन (A) गलत है तथा कारण (R) सही है।
iv. कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

**8. गद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25–30 शब्दों में लिखिए–** $3 \times 2 = 6$

(क) ताँबा कब प्रमुख हो जाता है?
(ख) समुद्र तट का प्राकृतिक सौंदर्य कैसा था?
(ग) दूसरी बार पास होने पर छोटे भाई के व्यवहार में क्या परिर्वन आया?
(घ) गुलाम भारत का स्वतंत्रता दिवस मनाने में स्त्रियों ने क्या भूमिका निभाई थी?

**9. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए–** $5 \times 1 = 5$

उसी उदार की कथा सरस्वती बखनती,
उसी उदार से धरा कृतार्थ भाव मानती।
उसी उदार की सदा सजीव कीर्ति कूजती,
तथा उसी उदार को समस्त सृष्टि पूजती।
अखंड आत्म भाव जो असीम विश्व में भरे,
वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे।।

(क) कवि ने उदार किसे माना है?
i. जो बिना किसी स्वार्थ के परोपकार करता है
ii. जो दोनों हाथों से दान करता है
iii. जो सारे विश्व में अपनापन भर देता है
iv. जो किसी पर क्रोध नहीं करता है

CLICK HERE TO SEE ANSWERS

(ख) उदार व्यक्ति के प्रति पृथ्वी का क्या भाव रहता है?

i. घृणा और निंदा का

ii. कृतघ्नता और निंदा का

iii. कृतज्ञता और आभार का

iv. सहनशीलता और क्षमा का

(ग) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्प में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।

अभिकथन (A) : कवि का मानना है कि केवल स्वार्थी व्यक्ति ही संसार में सम्मान पाते हैं।

कारण (R) : समस्त सृष्टि उस उदार व्यक्ति की पूजा करती है जो मानवता के लिए अपना जीवन समर्पित करता है।

i कथन (A) गलत है, किन्तु कारण (R) सही है।

ii कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।

iii कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।

iv कथन (A) सही है किन्तु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(घ) 'सजीव कीर्ति कूजती' का आशय है–

i. यश फैलता है

ii. सम्मान होता है

iii. कीर्ति चहचहाती है

iv. कीर्ति सजीव हो जाती है

(ङ) 'सरस्वती बखानती' से तात्पर्य है–

i. उदार व्यक्ति पूजा जाता है

ii. वह यश और प्रसिद्धी पाता है

iii. सरस्वती की पूजा करता है

iv. उसकी कहानी बन जाती है

**10.** **काव्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25–30 शब्दों में लिखिए–** **$3 \times 2 = 6$**

(क) 'कर चले हम फ़िदा' कविता में कवि ने किसे राम और लक्ष्मण की संज्ञा दी है और क्यों?

(ख) सहस्र 'दृग–सुमन' से क्या तात्पर्य है? कवि ने इसका प्रयोग किसके लिए किया होगा?

(ग) दूसरों को सुख तथा तन को शीतलता कैसे प्राप्त होती है?

(घ) मीरा की भाव भक्ति को जागीर क्यों कहा गया है?

**11.** **पूरक पुस्तक 'संचयन' पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 40–50 शब्दों में लिखिए–** **$2 \times 3 = 6$**

(क) समाज में रिश्तों की क्या अहमियत है? 'हरिहर काका' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

(ख) 'सपनों के–से दिन' के आधार पर बताइए कि बच्चों को किस प्रकार स्कूल की ओर आकृष्ट किया जा सकता है?

(ग) ''कभी–कभी आपसी संबंध और एकता धार्मिक संकीर्णता से बड़े हो जाते हैं।'' 'टोपी शुक्ला' पाठ के आधार पर इस कथन को सिद्ध कीजिए।

CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP

## खंड-घ (रचनात्मक लेखन)

**12.** **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत-बिन्दुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए-** $1 \times 5 = 5$

(i) **बेरोजगारी : एक समस्या**
- बेरोजगारी से उत्पन्न समस्याए
- बेरोजगारी के कारण
- समाधान हेतु सुझाव

(ii) **सड़क दुर्घटना**
- यातायात नियमों की उपेक्षा
- असावधानी
- नियंत्रण के लिए सुझाव

(iii) **जैसी संगति बैठिए तैसोई फल दीन**
- सत्संगति का प्रभाव
- कुसंगति से हानि
- चरित्र का परिचायक
- प्रभावशाली व्यक्तित्व

**13.** **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए-** $1 \times 5 = 5$

शारीरिक व्यायाम स्वास्थ्य की दृष्टि से अति आवश्यक है। अपने विद्यालय में एक कुशल योग प्रशिक्षक को रखने का अनुरोध करते हुए प्रधानाचार्य एक पत्र लिखिए।

अथवा

आपने समाचार पत्र में समाचारवाचन के कोर्स के बारे में पढ़ा। आप उस संस्थान के पते पर एक पत्र लिखकर कोर्स की अवधि, फीस, समय आदि की जानकारी प्राप्त कीजिए।

**14.** **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 60 शब्दों में सूचना लिखिए-** $1 \times 4 = 4$

'आकांक्षा' सोसायटी के सचिव होने के नाते पानी की सप्लाई में होने वाली कटौती के लिए सूचना तैयार कीजिए।

अथवा

पुस्तकालय अधिकारी की ओर से सूचना पट्ट के लिए एक सूचना बनाइए कि सभी विद्यार्थी 10 मार्च तक पुस्तकालय की पुस्तकें लौटा दें, तभी उन्हें वार्षिक परीक्षा के लिए अनुक्रमांक व प्रवेश पत्र मिलेगा।

CLICK HERE TO SEE ANSWERS

**15.** **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन लिखिए–** $1 \times 3 = 3$

सरकार की निःशुल्क शिक्षा योजना के लिए एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

अथवा

सैल फोन विक्रेता हेतु विज्ञापन तैयार कीजिए।

**16.** 'पूर्णता का अहंकार' विषय पर लघु कथा लगभग 100 शब्दों में लिखिए। $1 \times 5 = 5$

अथवा

आप रजनी गुप्ता/राकेश गुप्ता हैं। नई दिल्ली मेट्रो स्टेशन की जाँच मशीन पर एक यात्री के भूलवश छूटे एक लाख बीस हजार रुपए की मेट्रो पुलिस ने उसे लौटा दिया। इस समाचार को पढ़कर जो विचार आपके मन में आते हैं, उन्हें किसी समाचार–पत्र के संपादक को ई–मेल के रूप में लिखिए। (शब्द–सीमा : लगभग 80 शब्द)

www.nodia.in

CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP

# प्रतिदर्श प्रश्नपत्र 13

## कक्षा–10 परीक्षा 2024–25

## हिन्दी–ब (कोड–085)

**निर्धारित समय : 3 घंटे** **अधिकतम अंक : 80**

**सामान्य निर्देश :**

- इस प्रश्नपत्र में चार खंड हैं– क, ख, ग, और घ।
- खंड–क में अपठित गद्यांश से प्रश्न पूछे गए हैं, जिनके उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए दीजिए।
- खंड–ख में व्यावहारिक व्याकरण से प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
- खंड–ग पाठ्यपुस्तक पर आधारित है, निर्देशानुसार उत्तर दीजिए।
- खंड़–घ रचनात्मक लेखन पर आधारित है आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
- प्रश्न पत्र में कुल 16 प्रश्न हैं, सभी प्रश्न अनिवार्य है।
- यथासंभव सभी खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

---

## खंड–क (अपठित बोध)

**1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** 7

ईमानदारी एक ऐसा गुण है, जो व्यक्ति को सच्चे अर्थों में महान बनाता है। ईमानदार व्यक्ति न केवल अपने जीवन में सफलता प्राप्त करता है, बल्कि समाज में भी आदर का पात्र बनता है। "सच्चाई की नींव पर खड़ा व्यक्ति" किसी भी कठिनाई में अपने सिद्धांतों से नहीं डिगता। वह सच्चाई का साथ देने के लिए तैयार रहता है, चाहे परिस्थिति कितनी भी विपरीत हो। आज के युग में, जहाँ हर कोई जल्दी सफलता पाना चाहता है, ईमानदारी का महत्त्व और भी बढ़ गया है। कई लोग सफलता के लिए अनुचित तरीकों का सहारा लेते हैं, लेकिन उनकी सफलता टिकाऊ नहीं होती। वहीं, जो व्यक्ति ईमानदारी से मेहनत करता है, वह दीर्घकालिक सफलता का आनंद लेता है। ईमानदार व्यक्ति के मन में आत्मसंतोष होता है और वह बिना किसी अपराधबोध के जीवन का आनंद ले सकता है। ईमानदारी का पालन करना हमेशा आसान नहीं होता, लेकिन यह व्यक्ति को जीवन में सच्ची खुशी प्रदान करता है। इसलिए, हमें अपने जीवन में ईमानदारी को अपनाना चाहिए और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिए। एक ईमानदार समाज ही समृद्ध और खुशहाल समाज का निर्माण कर सकता है।

(क) उपर्युक्त गद्यांश का मुख्य विषय क्या है?

i. ईमानदारी का महत्त्व

ii. सफलता के उपाय

iii. समाज में आदर का कारण

iv. आत्मसंतोष का महत्त्व

CLICK HERE TO SEE ANSWERS

(ख) सच्चाई की नींव पर खड़ा व्यक्ति किसी भी कठिनाई में अपने सिद्धांतों से नहीं डिगता– पंक्ति से क्या आशय है?

i. ईमानदार व्यक्ति कठिनाइयों से बचता है
ii. ईमानदार व्यक्ति सच्चाई का साथ देता है
iii. ईमानदार व्यक्ति अनुचित तरीकों का सहारा लेता है
iv. ईमानदार व्यक्ति केवल दूसरों के लिए कार्य करता है

(ग) निम्नलिखित कथन और निष्कर्ष को ध्यान से पढ़कर दिए गए विकल्प से सही उत्तर चुनकर लिखिए:
कथन : ईमानदारी से व्यक्ति दीर्घकालिक सफलता प्राप्त करता है।
निष्कर्ष : सफलता के लिए अनुचित तरीकों की आवश्यकता नहीं होती।

i. कथन सही है, लेकिन निष्कर्ष गलत है।
ii. कथन और निष्कर्ष दोनों सही हैं।
iii. कथन गलत है और निष्कर्ष सही है।
iv. कथन और निष्कर्ष दोनों गलत हैं।

(घ) ईमानदारी का पालन करना क्यों महत्त्वपूर्ण है?

(ङ) ईमानदार समाज से समाज को क्या लाभ होते हैं?

**2. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** 7

भारतीय कृषि देश की अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और इसकी परंपराएँ सदियों पुरानी हैं। भारत की भौगोलिक विविधता और जलवायु की विविधता के कारण यहाँ विभिन्न प्रकार की फसलें उगाई जाती हैं। उत्तर भारत में गेहूँ और धान प्रमुख फसलें हैं, जबकि दक्षिण भारत में चावल, नारियल और कॉफी का उत्पादन होता है। पश्चिमी भारत में कपास और तिलहन की खेती अधिक होती है, जबकि पूर्वी भारत में चाय की खेती प्रमुखता से की जाती है। कृषि उत्पादन में नई तकनीकों और हरित क्रांति के कारण भारत की कृषि में काफी प्रगति हुई है, जिससे खाद्यान्न उत्पादन में वृद्धि हुई है।

भारत में किसानों की सहायता के लिए सरकार ने कई योजनाएँ शुरू की हैं, जैसे सिंचाई परियोजनाएँ, उर्वरक सब्सिडी, और न्यूनतम समर्थन मूल्य। इसके अलावा, जैविक खेती को भी बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे पर्यावरण संरक्षण के साथ–साथ फसल की गुणवत्ता भी बढ़ाई जा सके। कृषि का भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था और रोजगार में भी बड़ा योगदान है, और यह समाज में खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अत्यंत आवश्यक है।

(क) उपर्युक्त गद्यांश का मुख्य विषय क्या है?

i. भारतीय उद्योग
ii. भारतीय कृषि
iii. भारतीय विज्ञान
iv. भारतीय व्यापार

CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP

(ख) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। दिए गए विकल्पों में से एक सही विकल्प चुनकर लिखिए:

कथन (A) : भारत में कृषि का महत्व अत्यधिक है।

कारण (R) : कृषि भारत की अर्थव्यवस्था का छोटा हिस्सा है।

i. कथन (A) सही है, कारण (R) गलत है।
ii. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।
iii. कथन (A) सही है, और कारण (R) उसकी सही व्याख्या है।
iv. कथन (A) गलत है किन्तु कारण (R) सही है।

(ग) भारत के किन क्षेत्रों में चाय की खेती अधिक होती है?

i. दक्षिण भारत
ii. उत्तर भारत
iii. पूर्वी भारत
iv. पश्चिमी भारत

(घ) भारत की कृषि में सरकार की कौन–कौन सी सहायता योजनाएँ हैं?

(ङ) कृषि का भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था में क्या महत्व है?

## खंड–ख (व्यावहारिक व्याकरण)

**3. ‘पदबंध’ पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** $4 \times 1 = 4$

(क) निकोबारी उसे बेहद प्रेम करते थें– वाक्य में से सर्वनाम पदबंध चुनकर लिखिए

(ख) वाक्य में क्रिया पदबंध की पहचान क्यों आवश्यक है? उदाहरण के माध्यम से बताइए।

(ग) वामीरों ध्यानपूर्वक देख रही थी– वाक्य में रेखांकित पदबंध का भेद लिखिए।

(घ) फैलते हुए प्रदूषण ने मनुष्य के जीवन में अनेक प्रकार की समस्याएँ पैदा कर दीं– वाक्य में पदबंध का भेद बताते हुए कारण भी स्पष्ट कीजिए।

(ङ) क्रिया पदबंध का एक उदाहरण देकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।

**4. ‘रचना के आधार पर वाक्य रूपांतरण’ पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** $4 \times 1 = 4$

(क) 26 जनवरी 1930 को गुलाम भारत में पहली बार स्वतंत्रता दिवस मनाया गया था– वाक्य का भेद लिखिए।

(ख) कई सालों से बड़े–बड़े बिल्डर समंदर को पीछे धकेलकर उसकी जमीन हथिया रहे थे– मिश्र वाक्य में रूपांतरित कीजिए।

(ग) संयुक्त वाक्य और मिश्र वाक्य में प्रयुक्त समुच्चयबोधक और संबंधबोधक अव्ययों का भेद समझाइए।

(घ) सरल वाक्य को मिश्र वाक्य में परिवर्तित करने का एक नियम उदाहरण सहित स्पष्ट करें।

(ङ) वह एक छह मंजिली इमारत थी जिसकी छत पर एक सुंदर पर्णकुटी थी– वाक्य का भेद बताते हुए कारण स्पष्ट कीजिए।

CLICK HERE TO SEE ANSWERS

**5.** **'समास' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** $4 \times 1 = 4$

(क) कर्मधारय समास में पूर्व पद का कार्य क्या होता है?

(ख) अव्ययीभाव समास में 'अति' का उपयोग समझाइए और इसका एक उदाहरण दीजिए।

(ग) 'नीलकंठ' बहुव्रीहि समास है कैसे?

(घ) 'पुस्तकालय' सामासिक पद का विग्रह करते हुए भेद लिखिए।

(ङ) तत्पुरुष समास और कर्मधारय समास में अंतर बताते हुए एक उदाहरण दीजिए।

**6.** **'मुहावरे' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** $4 \times 1 = 4$

(क) एकाग्रता के अभाव में .................... भी परीक्षा में असफल हो जाता है। (उपयुक्त मुहावरे द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।)

(ख) तताँरा के प्रयासों के बावजूद जब गाँववाले नहीं माने, तो उसने सोचा, "यह तो .................... के बराबर है।" (उपयुक्त मुहावरे द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।)

(ग) स्त्रियों के जुलूस को देखकर कहा गया, "वे सचमुच सीना तानकर खड़ी हैं।" पंक्ति से मुहावरा चुनकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।

(घ) 'अपनी पीठ थपथपाना' और 'अपना सिर खुजाना' मुहावरे में अंतर स्पष्ट कीजिए।

(ङ) 'आकाश पाताल एक करना' मुहावरे का वाक्य बनाइए।

## खंड–ग (पाठ्यपुस्तक)

**7.** **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर सर्वाधिक उचित विकल्प से चुनकर लि. खिए–** $5 \times 1 = 5$

मेरा जी पढ़ने में बिलकुल न लगता था। एक घंटा भी किताब लेकर बैठना पहाड़ था। मौका पाते ही होस्टल से निकलकर मैदान में आ जाता और कभी कंकरियाँ उछालता, कभी कागज की तितलियाँ उड़ाता और कहीं कोई साथी मिल गया, तो पूछना ही क्या। कभी चारदीवारी पर चढ़कर नीचे कूद रहे हैं। कभी फाटक पर सवार, उसे आगे–पीछे चलाते हुए मोटरकार का आनंद उठा रहे हैं, लेकिन कमरे में आते ही भाई साहब का वह रुद्र–रूप देखकर प्राण सूख जाते। उनका पहला सवाल यह होता– 'कहाँ थे'?

(क) लेखक के मन में पढ़ाई के प्रति अरुचि का क्या कारण हो सकता है?

i. खेल–कूद में रुचि
ii. प्रकृति से लगाव
iii. पढ़ाई से ऊब
iv. अनुशासनहीनता

(ख) 'होस्टल से निकलकर मैदान में आ जाता' – इस कथन से लेखक की कौन–सी प्रवृत्ति उजागर होती है?

i. अकेले रहने की आदत
ii. पढ़ाई से बचने की प्रवृत्ति
iii. समाजसेवा का भाव
iv. अनुशासन का पालन

CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP

(ग) इस गद्यांश का सूत्रधार किसे माना जा सकता है?
i. लेखक
ii. लेखक का मित्र
iii. भाई साहब
iv. अन्य विद्यार्थी

(घ) कमरे में आते ही भाई साहब का वह रुद्र–रूप देखकर प्राण सूख जाते– पंक्ति में 'रुद्र–रूप' का क्या अर्थ है?
i. क्रोधित रूप
ii. स्नेहिल रूप
iii. गंभीर रूप
iv. साधारण रूप

(ङ) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यान से पढ़िए तथा सर्वाधिक उचित विकल्प को चुनकर लिखिए:
कथन (A) : मौका पाते ही मैं हॉस्टल से निकलकर मैदान में आ जाता और कभी कंकड़ियाँ उछालता, कभी कागज की तितलियाँ उड़ाता।
कारण (R) : मेरा जी पढ़ने में बिल्कुल नहीं लगता।
i. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।
ii. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं।
iii. कथन (A) गलत है तथा कारण (R) सही है।
iv. कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

**8. गद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए–** $3 \times 2 = 6$

(क) 'कारतूस' पाठ में सआदत अली को किस प्रकार का व्यक्ति बताया गया है?
(ख) कबूतर परेशानी में इधर–उधर क्यों फडफडा रहे थे?
(ग) राजकपूर द्वारा यह कहना कि 'पूरा पारिश्रमिक एडवांस लूंगा' इसका क्या अर्थ था?
(घ) सुभाष बाबू ने कब और क्यों जुलूस निकाला था? लेखक ने इस दिन को अपूर्व क्यों कहा?

**9. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए–** $5 \times 1 = 5$

ऐसी बाँणी बोलिए मन का आपा खोए।
अपना तन सीतल करै औरन को सुख होय।।
निंदक नेड़ा राखिये, आँगणि कुटी बँधाइ।
बिन साबण पाँणी बिना, निरमल करै सुभाइ।।

(क) मन का आपा खोने से क्या अभिप्राय है?
i. मन से अज्ञान दूर होना
ii. मन में विरक्ति का भावा आना
iii. मन का अहंकार नष्ट होना
iv. मानसिक नियंत्रण खोना

CLICK HERE TO SEE ANSWERS

(ख) प्रथम दो पंक्तियों में महत्ता दर्शाई गई है–

i. मधुर वाणी की

ii. अहंकार युक्त वाणी की

iii. अहंकार रहित वाणी की

iv. ईश्वर भक्ति की

(ग) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्प में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।

अभिकथन (A) : कवि का मानना है कि मधुर वाणी का कोई प्रभाव नहीं होता।

कारण (R) : निंदक को दूर रखने से मनुष्य का स्वभाव और अधिक कठोर बनता है।

i कथन (A) गलत है, किन्तु कारण (R) सही है।

ii कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।

iii कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।

iv कथन (A) सही है किन्तु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(घ) निंदक को कहाँ रखना हितकर होता है?

i. समीप

ii. घर के अंदर

iii. दूर

iv. आँगन में

(ङ) 'निर्मल करै सुभाइ' से क्या तात्पर्य है–

i. दोषों को दूर करना

ii. आत्मीय संबंध बनाना

iii. रहने के लिए स्थान प्रदान करना

iv. दया दिखाना

**10. काव्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए–** $3 \times 2 = 6$

(क) कवि ने दधीचि और रन्तिदेव के नामों का उल्लेख करके हमें किस बात की प्रेरणा दी है?

(ख) मीरा कुसुंबी साड़ी क्यों पहनना चाहती हैं?

(ग) लाभ न मिलने और हानि मिलने की स्थिति में कवि ने क्या कहा है?

**11. पूरक पुस्तक 'संचयन' पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 40-50 शब्दों में लिखिए–** $2 \times 3 = 6$

(क) जीवन में अंधविश्वास मनुष्य को हानि ही पहुँचाता है। ईश्वर पर विश्वास करना सही है क्योंकि वह मनुष्य को धर्म के प्रति जागरूक करता है तथा सही और गलत की पहचान करने की क्षमता प्रदान करता है। धर्म के ठेकेदार अंधविश्वास का सहारा लेकर मनुष्य की भावनाओं के साथ खिलवाड़ कर अपनी स्वार्थ सिद्धि करते हैं।

गाँव में ठाकुरबारी के विकास का कारण बताते हुए ठाकुरबारी की आड़ में महंत के इरादों का पर्दाफाश कीजिए।

CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP

(ख) विद्यार्थियों को अनुशासन में रखने के लिए अपनाई गई युक्तियों को आप सही मानते हैं? 'सपनों के-से दिन' पाठ के आधार पर बताइए।

(ग) मनुष्य किसी के साथ मित्रता तब करता है जब भावनात्मक रूप से वह किसी से प्रभावित होता है। अतः सच्ची मित्रता के लिए भावनात्मक रूप से समान होना अत्यंत आवश्यक है। इसके अतिरिक्त निस्वार्थ भाव भी सच्ची मित्रता का आधार है। इन तत्वों के अभाव में किसी भी मनुष्य के बीच मित्रता का संबंध स्थापित करना संभव नहीं है।
इस कथन के आलोक में यह प्रमाणित कीजिए कि टोपी तथा इफ्फन की मित्रता सच्ची है।

## खंड-घ (रचनात्मक लेखन)

**12.** **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत-बिन्दुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए-** $1 \times 5 = 5$

(i) **प्रदूषित गंगा नदी**
- परिचय
- प्रदूषित होने के कारण
- सरकारी प्रयास
- उपाय

(ii) **स्वावलंबन**
- स्वावलंबन का अर्थ
- आत्मविश्वास की सीढ़ी
- स्वावलम्बी समाज राष्ट्र का हितैषी

(iii) **अधिकार और कर्तव्य**
- अधिकारों से जीवन की सुरक्षा
- हमारा कर्तव्य-सबके अधिकारों की रक्षा
- अधिकार के साथ कर्तव्य-पालन अनिवार्य

**13.** **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए-** $1 \times 5 = 5$

विद्यालय से आर्थिक सहायता की माँग करते हुए प्रधानाचार्य को एक प्रार्थना पत्र लिखिए।

अथवा

आप जिस कॉलोनी में रहते हैं, वहाँ आपके आयुवर्ग वाले बच्चों के लिए खेलने की कोई व्यवस्था नहीं है। अपने खेल के मैदान की व्यवस्था के लिए नगर-निगम/नगर-पालिका अध्यक्ष को एक पत्र लिखिए।

CLICK HERE TO SEE ANSWERS

**14. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 60 शब्दों में सूचना लिखिए–** $1 \times 4 = 4$

बाल विकास विद्यालय, नोएडा की कक्षा दसवीं की छात्रा अनीता की हिंदी व्याकरण की पुस्तक "अनमोल हिंदी व्याकरण भाग–2" विद्यालय में गुम हो गई है। वह विद्यालय के सूचना–पट्ट पर सूचना–पत्र लगाना चाहती है। उसके लिए सूचना तैयार कीजिए।

अथवा

आप सी. एस. ए. हायर सैकेंड्री स्कूल के प्रधानाचार्य हैं। विद्यालय में लेखन प्रतियोगिता होने जा रही है। छात्रों हेतु सूचना जारी कीजिए।

**15. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन लिखिए–** $1 \times 3 = 3$

किसी विद्यालय की उपलब्धियों का एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।

अथवा

चाय विक्रेता हेतु एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।

**16.** विनम्रता' विषय पर लघु कथा लगभग 100 शब्दों में लिखिए। $1 \times 5 = 5$

अथवा

आप विजय/रश्मि अग्रवाल हैं। बस चालकों की असावधानी के कारण हो रही दुर्घटनाओं के विषय में सूचित करते हुए किसी समाचार–पत्र के संपादक को लगभग 80 शब्दों में ई–मेल कीजिए।

www.nodia.in

CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP

# प्रतिदर्श प्रश्नपत्र 14

## कक्षा–10 परीक्षा 2024–25

## हिन्दी–ब (कोड–085)

**निर्धारित समय : 3 घंटे** **अधिकतम अंक : 80**

**सामान्य निर्देश :**

- इस प्रश्नपत्र में चार खंड हैं– क, ख, ग, और घ।
- खंड–क में अपठित गद्यांश से प्रश्न पूछे गए हैं, जिनके उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए दीजिए।
- खंड–ख में व्यावहारिक व्याकरण से प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
- खंड–ग पाठ्यपुस्तक पर आधारित है, निर्देशानुसार उत्तर दीजिए।
- खंड़–घ रचनात्मक लेखन पर आधारित है आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
- प्रश्न पत्र में कुल 16 प्रश्न हैं, सभी प्रश्न अनिवार्य है।
- यथासंभव सभी खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

---

## खंड–क (अपठित बोध)

**1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** 7

धैर्य एक ऐसा गुण है, जो व्यक्ति को कठिन से कठिन परिस्थिति में भी संभल कर आगे बढ़ने की शक्ति देता है। धैर्यवान व्यक्ति किसी भी कार्य को करने में जल्दबाजी नहीं करता, बल्कि "मन में ठहराव" रखता है और सही समय का इंतजार करता है। धैर्य की यह विशेषता व्यक्ति को स्थिरता और आत्मविश्वास प्रदान करती है, जिससे वह अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में सही ढंग से आगे बढ़ता है।

आजकल के तेज़ रफ्तार जीवन में धैर्य का महत्त्व और भी बढ़ गया है। हर कोई जल्दी से जल्दी सफलता प्राप्त करना चाहता है, लेकिन बिना धैर्य के सफलता हासिल करना मुश्किल होता है। धैर्य व्यक्ति को यह समझने में मदद करता है कि हर चीज़ समय के अनुसार ही होती है, और मेहनत का फल अवश्य मिलता है। यही गुण उसे जीवन में संतुलन बनाए रखने में सहायक होता है।

धैर्य न केवल व्यक्तिगत बल्कि सामाजिक जीवन में भी बहुत महत्त्वपूर्ण है। धैर्यवान व्यक्ति समाज में शांति और सहनशीलता का उदाहरण प्रस्तुत करता है, जिससे समाज में सौहार्द और सामंजस्य बना रहता है। ऐसे लोग समाज में आदर और सम्मान पाते हैं, क्योंकि वे कठिन परिस्थितियों में भी धैर्यपूर्वक अपनी जिम्मेदारियों को निभाते हैं। इसलिए, हमें अपने जीवन में धैर्य को अपनाना चाहिए और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिए।

(क) उपर्युक्त गद्यांश का मुख्य विषय क्या है?

i. धैर्य का महत्त्व

ii. सफलता के उपाय

iii. आत्मविश्वास का निर्माण

iv. तेज़ रफ्तार जीवन

CLICK HERE TO SEE ANSWERS

(ख) धैर्यवान व्यक्ति किसी भी कार्य को करने में जल्दबाजी नहीं करता, बल्कि 'मन में ठहराव' रखता है और सही समय का इंतजार करता है– पंक्ति से क्या आशय है?

i. व्यक्ति का मन स्थिर रहता है
ii. व्यक्ति किसी कार्य को छोड़ देता है
iii. व्यक्ति जल्दी से काम करता है
iv. व्यक्ति समय का सही उपयोग करता है

(ग) निम्नलिखित कथन और निष्कर्ष को ध्यान से पढ़कर दिए गए विकल्प से सही उत्तर चुनकर लिखिए:
कथन : धैर्य से सफलता प्राप्त की जा सकती है।
निष्कर्ष : धैर्य के बिना व्यक्ति सफल नहीं हो सकता।

i. कथन सही है, लेकिन निष्कर्ष गलत है।
ii. कथन और निष्कर्ष दोनों सही हैं।
iii. कथन गलत है और निष्कर्ष सही है।
iv. कथन और निष्कर्ष दोनों गलत हैं।

(घ) धैर्य का पालन करना क्यों महत्त्वपूर्ण है?

(ङ) धैर्यवान व्यक्ति समाज में किस प्रकार का उदाहरण प्रस्तुत करता है?

**2. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** 7

भारत की जैव विविधता विश्वभर में अपनी अनोखी विशेषताओं के लिए प्रसिद्ध है। भारत के विभिन्न क्षेत्रों में पाए जाने वाले वनस्पति और जीव जंतुओं की प्रजातियाँ न केवल पर्यावरण को संतुलित बनाए रखने में सहायक हैं, बल्कि यह देश की प्राकृतिक धरोहर का एक महत्वपूर्ण हिस्सा भी हैं। हिमालय के ऊँचे पहाड़ों से लेकर पश्चिमी घाट के घने जंगलों तक, और राजस्थान के रेगिस्तान से लेकर सुंदरवन के मैंग्रोव वनों तक, हर क्षेत्र में विशिष्ट प्रजातियाँ पाई जाती हैं। बंगाल टाइगर, एशियाई हाथी, भारतीय गैंडा, और शेर जैसी दुर्लभ प्रजातियाँ भारतीय वन्य जीवन की शोभा बढ़ाती हैं। इसके अलावा, नीलगिरी और अरावली की पहाड़ियों में भी दुर्लभ वनस्पतियाँ और जड़ी–बूटियाँ पाई जाती हैं, जो औषधीय और वैज्ञानिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

भारतीय जैव विविधता का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि यह न केवल पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखता है, बल्कि कृषि, चिकित्सा और अन्य विज्ञानों के लिए भी बहुत उपयोगी है। सरकार और विभिन्न गैर–सरकारी संगठन वन्यजीव अभयारण्यों और राष्ट्रीय उद्यानों के माध्यम से जैव विविधता के संरक्षण के प्रयास कर रहे हैं। भारत की जैव विविधता को संरक्षित रखना हमारे भविष्य के लिए महत्वपूर्ण है, ताकि हम आने वाली पीढ़ियों को एक समृद्ध प्राकृतिक विरासत सौंप सकें।

(क) उपर्युक्त गद्यांश का मुख्य विषय क्या है?

i. भारतीय कृषि
ii. भारतीय जैव विविधता
iii. भारतीय चिकित्सा
iv. भारतीय वन

CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP

(ख) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। दिए गए विकल्पों में से एक सही विकल्प चुनकर लिखिए:

कथन (A) : भारतीय जैव विविधता पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में सहायक है।

कारण (R) : भारतीय जैव विविधता केवल हिमालय के पहाड़ों तक सीमित है।

i. कथन (A) सही है, कारण (R) गलत है।
ii. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।
iii. कथन (A) सही है, और कारण (R) उसकी सही व्याख्या है।
iv. कथन (A) गलत है किन्तु कारण (R) सही है।

(ग) भारत के कौन से क्षेत्र जैव विविधता के लिए विशेष रूप से प्रसिद्ध हैं?

i. राजस्थान और गुजरात
ii. हिमालय और पश्चिमी घाट
iii. मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश
iv. पंजाब और हरियाणा

(घ) भारतीय जैव विविधता के संरक्षण का महत्व क्या है?

(ङ) भारत की जैव विविधता को संरक्षित रखने के कौन–कौन से प्रयास किए जा रहे हैं?

## खंड–ख (व्यावहारिक व्याकरण)

**3.** **'पदबंध' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** $4 \times 1 = 4$

(क) गायक मुकेश ने शैलेंद्र के गीतों में जान डाल दी– वाक्य में से संज्ञा पदबंध चुनकर लिखिए

(ख) क्या एक वाक्य में एक से अधिक पदबंध हो सकते हैं? उदाहरण देकर स्पष्ट करें।

(ग) ततँारा की तलवार एक विलक्षण रहस्य थी– वाक्य में रेखांकित पदबंध का भेद लिखिए।

(घ) कबीर ने ईश्वर का निवास सृष्टि के कण–कण में बताया है– वाक्य में पदबंध का भेद बताते हुए कारण भी स्पष्ट कीजिए।

(ङ) सर्वनाम पदबंध का एक उदाहरण देकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।

**4.** **'रचना के आधार पर वाक्य रूपांतरण' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** $4 \times 1 = 4$

(क) एक जमाना था कि लोग आठवाँ दरजा पास करके नायब तहसीलदार हो जाते– वाक्य का भेद लिखिए।

(ख) दोनो रोज उसी जगह पहुँचते और मूर्तिवत एक–दूसरे को निर्निमेष ताकते रहते– सरल वाक्य में रूपांतरित कीजिए।

(ग) सरल वाक्य की कोई दो विशेषताएँ उदाहरण सहित लिखिए।

(घ) मिश्र वाक्य में प्रयुक्त "क्योंकि" और "ताकि" के उपयोग को उदाहरण सहित समझाइए।

(ङ) हम जब अकेले पड़ते हैं तब अपने आप से लगातार बड़बड़ाते हैं– वाक्य का भेद बताते हुए कारण स्पष्ट कीजिए।

CLICK HERE TO SEE ANSWERS

**5.** **'समास' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** $4 \times 1 = 4$

(क) अव्ययीभाव समास में प्रधान पद का कार्य क्या होता है?

(ख) द्वंद्व समास में दोनों पदों की समानता क्यों आवश्यक है?

(ग) 'द्विज' द्विगु समास है कैसे?

(घ) 'गंगाजल' सामासिक पद का विग्रह करते हुए भेद लिखिए।

(ङ) कर्मधारय समास की विशेषता बताते हुए एक उदाहरण दीजिए।

**6.** **'मुहावरे' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** $4 \times 1 = 4$

(क) आज के युग में .................... पीछे रह जाते हैं। (उपयुक्त मुहावरे द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।)

(ख) वामीरो के बार–बार मना करने के बावजूद तताँरा ने हार नहीं मानी और ऐसा लगा कि वह .................... के लिए दृढ़ है। (उपयुक्त मुहावरे द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।)

(ग) पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को डराने की कोशिश की, लेकिन प्रदर्शनकारियों ने कहा, "हम अडिग रहना जानते हैं।" पंक्ति से मुहावरा चुनकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।

(घ) 'सुध–बुध खो बैठना' और 'आँखों के सामने तैरना' मुहावरे में अंतर स्पष्ट कीजिए।

(ङ) 'पानी सिर के ऊपर निकलना' मुहावरे का वाक्य बनाइए।

## खंड–ग (पाठ्यपुस्तक)

**7.** **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर सर्वाधिक उचित विकल्प से चुनकर लिखिए–** $5 \times 1 = 5$

तताँरा एक नेक और मददगार व्यक्ति था। सदैव दूसरों की सहायता के लिए तत्पर रहता। अपने गाँववालों की ही नहीं, अपितु समूचे द्वीपवासियों की सेवा करना अपना परम कर्तव्य समझता था। उसके इस त्याग की वजह से वह चर्चित था। सभी उसका आदर करते। वक्त मुसीबत में उसे स्मरण करते और वह भागा–भागा वहाँ पहुँच जाता। दूसरे गाँवों में भी पर्व–त्योहारों के समय उसे विशेष रूप से आमंत्रित किया जाता। उसका व्यक्तित्व भी आकर्षक था ही, साथ ही आत्मीय स्वभाव की वजह से लोग उसके करीब रहना चाहते। पारंपरिक पोशाक के साथ वह अपनी कमर में सदैव एक लकड़ी की तलवार बाँधे रहता। लोगों का मत था, बावजूद लकड़ी की होने पर, उस तलवार में अद्भुत दैवीय शक्ति थी। तताँरा अपनी तलवार को कभी अलग न होने देता। उसका दूसरों के सामने उपयोग भी न करता। किंतु उसके चर्चित साहसिक कारनामों के कारण लोग–बाग तलवार में अद्भुत शक्ति का होना मानते थे। तताँरा की तलवार एक विलक्षण रहस्य थी।

(क) इनमें से कौन–सा तताँरा का चारित्रिक गुण है?

i. तताँरा एक नेक व्यक्ति था और सभी की सहायता करता था

ii. तताँरा एक मददगार व्यक्ति था किसी की सहायता नहीं करता था

iii. तताँरा एक नेक और मददगार व्यक्ति था वह कहीं नहीं जाता था

iv. तताँरा एक नेक और मददगार व्यक्ति था उसके त्याग के कारण लोग उसकी चर्चा करते रहते थे

CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP

(ख) ततांँरा की तलवार के बारे में लोगों का क्या विचार था?
i. ततांँरा की तलवार लकड़ी की थी
ii. ततांँरा की तलवार में दैवीय शक्ति थी
iii. ततांँरा की तलवार लकड़ी की थी परंतु उसमें दैवीय शक्ति थी
iv. ततांँरा की तलवार साधारण थी

(ग) लोगों का मत क्या था कि ततांँरा की तलवार में किस प्रकार की शक्ति थी?
i. अलौकिक
ii. विनाशकारी
iii. साधारण
iv. अद्‌भुत दैवीय

(घ) ततांँरा की तलवार एक विलक्षण रहस्य थी– पंक्ति में 'विलक्षण' का अर्थ है:
i. अनोखा
ii. साधारण
iii. रहस्यमय
iv. पौराणिक

(ङ) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यान से पढ़िए तथा सर्वाधिक उचित विकल्प को चुनकर लिखिए:
कथन (A) : ततांँरा एक नेक और मददगार व्यक्ति था उसके त्याग की वजह से वह चर्चित था।
कारण (R) : ततांँरा की तलवार एक विलक्षण रहस्य नहीं थी।
i. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।
ii. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं।
iii. कथन (A) गलत है तथा कारण (R) सही है।
iv. कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

**8.** **गद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए–** **$3 \times 2 = 6$**

(क) लेखक ने अनंतकाल जैसा विस्तृत किसे कहा है और क्यों?
(ख) लेफ़्टीनेंट द्वारा वज़ीर अली को भूत कहने का क्या तात्पर्य है?
(ग) 'शो–मैन' शब्द की सार्थकता क्या है?
(घ) कौंसिल द्वारा क्या नोटिस निकाला गया था?

**9.** **निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए–** **$5 \times 1 = 5$**

सहानुभूति चाहिए, महाविभूति है यही,
वशीकृता सदैव है बनी हुई स्वयं मही।
विरुद्धवाद बुद्ध का दया–प्रवाह में बहा,
विनीत लोकवर्ग क्या न सामने झुका रहा?
अहा! वही उदार है परोपकार जो करे,
वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे।।

CLICK HERE TO SEE ANSWERS

(क) मनुष्य की सबसे बड़ी पूँजी किसे कहा गया है?
  i. सत्य बोलना
  ii. सहानुभूति
  iii. परोपकार
  iv. करुणा

(ख) धरती किन भावनाओं के कारण वशीकृता बनी हुई है?
  i. धैर्य और सहनशीलता
  ii. लोगों को अन्न देने की शक्ति
  iii. धन का भंडार
  iv. समर्पण

(ग) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्प में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।
अभिकथन (A) : कवि का मानना है कि मनुष्य को केवल अपने लिए जीना चाहिए।
कारण (R) : परोपकार का भाव मनुष्य को महान नहीं बनाता।
  i कथन (A) गलत है, किन्तु कारण (R) सही है।
  ii कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।
  iii कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।
  iv कथन (A) सही है किन्तु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(घ) 'विरुद्धवाद' से क्या आशय है?
  i. विरोध की आवाजें
  ii. विरोधी लोग
  iii. क्रांति
  iv. संकट

(ङ) बुद्ध का विरोध किस प्रकार समाप्त हुआ?
  i. प्रेम पाकर
  ii. संघर्ष द्वारा
  iii. दया पाकर
  iv. युद्ध द्वारा

**10.** **काव्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए-** $3 \times 2 = 6$

(क) 'कर चले हम फ़िदा' गीत की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि क्या है?

(ख) कबीर ने इस संसार में किसे सुखी तथा किसे दुखी बताया है?

(ग) मीरा ने अपने पद में कृष्ण की सुंदरता का वर्णन किस रूप में किया है?

(घ) कवि के लिए सुख और दुख एक समान क्यों हैं?

CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP

**11.** **पूरक पुस्तक 'संचयन' पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 40-50 शब्दों में लिखिए–** $2 \times 3 = 6$

(क) धन तथा सम्पत्ति का लालच मनुष्य को उसके आदर्श से नीचे गिरा देता है। लोग सम्पत्ति को हथियाने के लिए खून के रिश्ते को भी दाँव पर लगा देते हैं।
हरिहर काका जिन पर सबसे अधिक भरोसा करते थे उन्होंने ही उनका विश्वास तोड़ा। हरिहर काका के मानस पटल पर इसका क्या प्रभाव पड़ा? उनकी मनोदशा का वर्णन कीजिए।

(ख) धार्मिक भेदभाव, अलग परिवेश तथा उम्र का अंतर भी मित्रता के बीच दीवार नहीं बन सकता। सच्ची मित्रता के लिए केवल भावनाओं का मेल होना आवश्यक है।
टोपी तथा इफ़्फ़न की दादी का संबंध गहरा था। अनजान होते हुए भी दोनों को अपनेपन का एहसास होता था। दोनों के आपसी संबंध का उल्लेख अपने शब्दों में कीजिए।

(ग) आज जब शिक्षा के साथ–साथ खेलकूद को भी महत्त्व दिया जाने लगा है तब भी आपको अनेक अभिभावक ऐसे मिल जायेंगे जो अपने बच्चों पर खेलने–कूदने की पाबंदी लगाते हैं और उन्हें कूदने में समय बर्बाद न करने की नसीहत देते हैं। आप विद्यार्थी जीवन में खेल को कितना जरूरी मानते हैं?

## खंड–घ (रचनात्मक लेखन)

**12.** **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत–बिन्दुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए–** $1 \times 5 = 5$

(i) **भ्रष्टाचार : समस्या और समाधान**
- अर्थ
- भ्रष्टाचार के रूप
- भ्रष्टाचार फैलने के कारण
- भ्रष्टाचार रोकने के उपाय

(ii) **कम्प्यूटर : आज की जरूरत**
- उपयोगी वैज्ञानिक आविष्कार
- विविध क्षेत्रों में कम्प्यूटर
- लाभ–हानि

(iii) **वन और हमारा पर्यावरण**
- प्रदूषण की वर्तमान समस्या
- वृक्षों का महत्त्व
- व्यक्तिगत एवं सरकारी प्रयास

**13.** **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए–** $1 \times 5 = 5$

रेल द्वारा बुक करवा कर भेजा गया घरेलू सामान आपके निवास के निकटस्थ स्टेशन तक नहीं पहुँचा। इसकी शिकायत करने हेतु रेल प्रबंधक को एक पत्र लिखिए।

अथवा

किसी दैनिक समाचार–पत्र के सम्पादक को एक पत्र लिखकर शहर में बढ़ती असुरक्षा पर लेख छापने का अनुरोध कीजिए।

CLICK HERE TO SEE ANSWERS

**14.** **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 60 शब्दों में सूचना लिखिए–** $1 \times 4 = 4$

प्रधानाचार्य हैप्पी पब्लिक स्कूल, दरियागंज की ओर से गरीब व अनाथ बच्चों के दाखिले की सूचना पर्याप्त जानकारी (उम्र, सुविधाएँ, आदि) सहित दीजिए।

अथवा

विद्यालय में स्वच्छता अभियान चलाने के लिए योजनाबद्ध कार्यक्रम के निर्धारण हेतु सभी कक्षाओं के प्रतिनिधियों की बैठक के लिए समय, स्थान आदि के विवरण सहित सूचना तैयार कीजिए।

**15.** **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन लिखिए–** $1 \times 3 = 3$

अधिगम कोचिंग सेंटर हेतु विज्ञापन तैयार कीजिए।

अथवा

लड़कियों की घटती संख्या के बारे में जन–जागरूकता लाने के उद्देश्य से एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।

**16.** 'मेहनत की कमाई' विषय पर लघु कथा लगभग 100 शब्दों में लिखिए। $1 \times 5 = 5$

अथवा

अपनी योग्यता तथा खेलों में रुचि का परिचय देते हुए अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य महोदय को विद्यालय के स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित विज्ञान प्रतियोगिता में भाग लेने की अनुमति के लिए लगभग 80 शब्दों में एक ई–मेल लिखिए।

www.nodia.in

CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP

# प्रतिदर्श प्रश्नपत्र 15

## कक्षा–10 परीक्षा 2024–25

## हिन्दी–ब (कोड–085)

**निर्धारित समय : 3 घंटे** **अधिकतम अंक : 80**

**सामान्य निर्देश :**

- इस प्रश्नपत्र में चार खंड हैं– क, ख, ग, और घ।
- खंड–क में अपठित गद्यांश से प्रश्न पूछे गए हैं, जिनके उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए दीजिए।
- खंड–ख में व्यावहारिक व्याकरण से प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
- खंड–ग पाठ्यपुस्तक पर आधारित है, निर्देशानुसार उत्तर दीजिए।
- खंड़–घ रचनात्मक लेखन पर आधारित है आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
- प्रश्न पत्र में कुल 16 प्रश्न हैं, सभी प्रश्न अनिवार्य है।
- यथासंभव सभी खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

---

## खंड–क (अपठित बोध)

**1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** 7

सच्ची मित्रता जीवन का अनमोल उपहार होती है। सच्चे मित्र वह होते हैं जो हर परिस्थिति में साथ खड़े रहते हैं और बिना किसी स्वार्थ के मदद करते हैं। "सच्चे मित्र हीरा होते हैं," क्योंकि वे हमें कठिन समय में संभालते हैं और हमें बेहतर इंसान बनने के लिए प्रेरित करते हैं।

आज के समय में, जहाँ हर कोई अपनी सफलता की ओर भाग रहा है, सच्चे मित्र ढूँढ़ना मुश्किल होता जा रहा है। सच्चा मित्र वही होता है जो हमारी गलतियों को सुधारता है और हमारी खुशियों में सच्चा साथी बनता है। मित्रता में विश्वास, ईमानदारी, और समझ का होना बहुत जरूरी है। बिना इन गुणों के मित्रता में स्थिरता नहीं रहती।

मित्रता जीवन को आनंदमय बनाती है और हमें मानसिक संतुलन प्रदान करती है। सच्चे मित्र एक–दूसरे के लिए प्रेरणा का स्रोत होते हैं। वे हमें कठिनाइयों में हिम्मत देते हैं और हमारी सफलताओं में गर्व महसूस करते हैं। इसीलिए, हमें अपने जीवन में अच्छे मित्रों की कद्र करनी चाहिए और मित्रता को ईमानदारी और सच्चाई के साथ निभाना चाहिए। सच्ची मित्रता ही जीवन में असली खुशी का कारण बनती है।

(क) उपर्युक्त गद्यांश का मुख्य विषय क्या है?

i. मित्रता का महत्त्व

ii. सच्चे मित्र कैसे होते हैं

iii. मानसिक संतुलन का महत्त्व

iv. जीवन में सफलता

CLICK HERE TO SEE ANSWERS

(ख) सच्चे मित्र हीरा होते हैं– पंक्ति से क्या आशय है?
i. सच्चे मित्र बहुत कीमती होते हैं
ii. सच्चे मित्र हमेशा धैर्यवान होते हैं
iii. सच्चे मित्र कठिनाइयों में साथ नहीं देते
iv. सच्चे मित्र केवल खुशियों में साथ होते हैं

(ग) निम्नलिखित कथन और निष्कर्ष को ध्यान से पढ़कर दिए गए विकल्प से सही उत्तर चुनकर लिखिए:
कथन : मित्रता जीवन को आनंदमय बनाती है।
निष्कर्ष : मित्रता के बिना जीवन का आनंद नहीं लिया जा सकता।
i. कथन सही है, लेकिन निष्कर्ष गलत है।
ii. कथन और निष्कर्ष दोनों सही हैं।
iii. कथन गलत है और निष्कर्ष सही है।
iv. कथन और निष्कर्ष दोनों गलत हैं।

(घ) सच्चे मित्र जीवन में क्यों महत्त्वपूर्ण हैं?

(ङ) सच्चे मित्र किन गुणों के लिए जाने जाते हैं?

**2. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए– 7**

बढ़ती ऊर्जा की मांग और जीवाश्म ईंधनों के उपयोग से होने वाले प्रदूषण को कम करने के लिए वैज्ञानिक नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों पर जोर दे रहे हैं। इनमें सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा और जैविक ऊर्जा (बायोएनेर्जी) प्रमुख हैं। सौर ऊर्जा का उपयोग विशेष रूप से लोकप्रिय हो रहा है क्योंकि यह पर्यावरण के अनुकूल है और सूर्य से प्राप्त होती है, जिससे प्रदूषण का स्तर घटता है। पवन ऊर्जा भी एक सस्ता और स्वच्छ विकल्प है, जो हवा के प्रवाह से बिजली उत्पन्न करती है और इसका उपयोग बड़े पैमाने पर किया जा सकता है। जैविक ऊर्जा का उपयोग जैविक अपशिष्ट को ऊर्जा में बदलकर किया जा सकता है, जिससे न केवल ऊर्जा उत्पन्न होती है बल्कि कचरे का प्रबंधन भी होता है। हालाँकि, इन स्रोतों को बड़े पैमाने पर अपनाने के लिए अधिक निवेश और तकनीकी विकास की आवश्यकता है ताकि इन्हें अधिक सस्ता और उपयोगी बनाया जा सके। यदि यह प्रयास सफल होता है, तो नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत न केवल ऊर्जा संकट को हल कर सकते हैं, बल्कि प्रदूषण को भी कम कर सकते हैं और पर्यावरण को सुरक्षित रखने में सहायक हो सकते हैं।

(क) उपर्युक्त गद्यांश की मुख्य विषय–वस्तु क्या है?
i. ऊर्जा की बचत
ii. नवीकरणीय ऊर्जा के लाभ
iii. ऊर्जा संकट का समाधान
iv. प्रदूषण नियंत्रण

(ख) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। दिए गए विकल्पों में से एक सही विकल्प चुनकर लिखिए:
कथन (A) : जैविक ऊर्जा का उपयोग कचरे के प्रबंधन में सहायक है।
कारण (R) : जैविक ऊर्जा में अपशिष्ट को ऊर्जा में बदला जाता है, जिससे पर्यावरण को लाभ होता है।
i. कथन (A) सही है, कारण (R) गलत है।
ii. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।
iii. कथन (A) सही है, और कारण (R) उसकी सही व्याख्या है।
iv. कथन (A) गलत है किन्तु कारण (R) सही है।

CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP

(ग) वैज्ञानिकों द्वारा नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों पर जोर देने का मुख्य कारण क्या है?
  i. ऊर्जा उत्पादन को घटाना
  ii. प्रदूषण कम करना
  iii. जीवाश्म ईंधनों का उपयोग बढ़ाना
  iv. तकनीकी विकास को बढ़ावा देना

(घ) नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों का मुख्य लाभ क्या है?

(ङ) जैविक ऊर्जा का उपयोग किस प्रकार लाभकारी है?

## खंड–ख (व्यावहारिक व्याकरण)

**3.** **‘पदबंध’ पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** $4 \times 1 = 4$

(क) राजकपूर और वहीदा रहमान उस युग के लोकप्रिय फिल्मी सितारे थे– वाक्य में से विशेषण पदबंध चुनकर लिखिए।

(ख) वाक्य में विशेषण पदबंध और क्रिया विशेषण पदबंध एक साथ कैसे प्रयोग हो सकते हैं? उदाहरण देकर स्पष्ट करें।

(ग) वामीरो कुछ सचेत होने पर घर की तरफ दौड़ी–वाक्य में रेखांकित पदबंध का भेद लिखिए।

(घ) परमदानी राजा रंतिदेव ने एक भूखे व्यक्ति को अपनी भोजन की थाली दे दी थी– वाक्य में पदबंध का भेद बताते हुए कारण भी स्पष्ट कीजिए।

(ङ) क्रिया–विशेषण पदबंध का एक उदाहरण देकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।

**4.** **‘रचना के आधार पर वाक्य रूपांतरण’ पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** $4 \times 1 = 4$

(क) सुलेमान उनकी बाते सुनकर थोड़ी दूर पर रुक गए– वाक्य का भेद लिखिए।

(ख) अधिक पढ़ने पर अधिक लाभ होगा– मिश्र वाक्य में रूपांतरित कीजिए।

(ग) मिश्र वाक्य की कोई दो विशेषताएँ उदाहरण सहित लिखिए।

(घ) संयुक्त वाक्य और मिश्र वाक्य के बीच प्रमुख अंतर को उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

(ङ) अँगीठी सुलगाई और उस पर चायदानी रखी– वाक्य का भेद बताते हुए कारण स्पष्ट कीजिए।

**5.** **‘समास’ पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** $4 \times 1 = 4$

(क) द्विगु समास में संख्यावाचक पद का योगदान क्या होता है?

(ख) द्वंद्व समास में विपरीतार्थक पदों का उपयोग समझाइए और इसका एक उदाहरण दीजिए।

(ग) ’अन्न–जल’ द्वंद्व समास है कैसे?

(घ) ’नीलकमल’ सामासिक पद का विग्रह करते हुए भेद लिखिए।

(ङ) अव्ययीभाव समास में पूर्व और उत्तर पद के संबंध को स्पष्ट कीजिए।

CLICK HERE TO SEE ANSWERS

**6.** **'मुहावरे' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** $4 \times 1 = 4$

(क) भारतीय प्रशासनिक सेवा में चयनित होने के लिए .................... करना पड़ता है। (उपयुक्त मुहावरे द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।)

(ख) हरिहर काका को उनके भाइयों ने उनके हिस्से की जमीन हथियाने के लिए ....................। (उपयुक्त मुहावरे द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।)

(ग) बड़े भाई साहब ने छोटे भाई को समझाते हुए कहा, "पढ़ाई के लिए मेहनत करो, वरना नाक कट जाएगी।" पंक्ति से मुहावरा चुनकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।

(घ) 'आसमान से गिरा खजूर में अटका' और 'नौ दो ग्यारह होना' मुहावरे में अंतर स्पष्ट कीजिए।

(ङ) "तेल देखो, तेल की धार देखो" मुहावरे का वाक्य बनाइए।

## खंड–ग (पाठ्यपुस्तक)

**7.** **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर सर्वाधिक उचित विकल्प से चुनकर लिखिए–** $5 \times 1 = 5$

बाइबिल के सोलोमेन जिन्हें कुरआन में सुलेमान कहा गया है, ईसा से 1025 वर्ष पूर्व एक बादशाह थे। कहा गया है, वह केवल मानव जाति के ही राजा नहीं थे, सारे छोटे–बड़े पशु–पक्षी के भी हाकिम थे। वह इन सबकी भाषा भी जानते थे। एक दफा सुलेमान अपने लश्कर के साथ एक रास्ते से गुजर रहे थे। रास्ते में कुछ चींटियों ने घोड़ों की टापों की आवाज़ सुनी तो डर कर एक–दूसरे से कहा, 'आप जल्दी से अपने–अपने बिलों में चलो, फौज़ आ रही है।' सुलेमान उनकी बातें सुनकर थोड़ी दूर पर रुक गए और चींटियों से बोले, 'घबराओ नहीं, सुलेमान को खुदा ने सबका रखवाला बनाया है। मैं किसी के लिए मुसीबत नहीं हूँ, सबके लिए मुहब्बत हूँ।' चींटियों ने उनके लिए ईश्वर से दुआ की और सुलेमान अपनी मंज़िल की ओर बढ़ गए।

(क) सुलेमान को किस प्रकार का ज्ञान प्राप्त था?
   i. पशु–पक्षियों की भाषा का
   ii. युद्ध का
   iii. चिकित्सा का
   iv. जादू का

(ख) सुलेमान का लश्कर किस कारण रुक गया था?
   i. भोजन के लिए
   ii. मौसम खराब होने के कारण
   iii. चींटियों की बात सुनकर
   iv. थकान के कारण

(ग) चींटियों ने सुलेमान के प्रति क्या प्रतिक्रिया व्यक्त की?
   i. चींटियाँ घबराईं
   ii. चींटियाँ गुस्सा हुईं
   iii. चींटियों ने दुआ की
   iv. चींटियाँ भाग गईं

CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP

(घ) सुलेमान को खुदा ने सबका रखवाला बनाया है– पंक्ति में 'रखवाला' का अर्थ क्या है?
i. रक्षक
ii. राजा
iii. नौकर
iv. दोस्त

(ङ) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यान से पढ़िए तथा सर्वाधिक उचित विकल्प को चुन कर लिखिए:
कथन (A) : चींटियों ने घबराकर अपने बिलों में छुपने की सलाह दी।
कारण (R) : उन्हें लगा कि सुलेमान की फौज़ उनके लिए खतरा है।
i. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।
ii. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं।
iii. कथन (A) गलत है तथा कारण (R) सही है।
iv. कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

**8.** **गद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए–** $3 \times 2 = 6$

(क) तताँरा–वामीरो के बिछुड़ने का मुख्य कारण क्या था?

(ख) श्रद्धानंद पार्क में क्या घटना घटी थी?

(ग) हमारी फिल्मों की सबसे बड़ी कमजोरी क्या है?

(घ) लेखक ने जापानियों के दिमाग में 'स्पीड' का इंजन लगने की बात क्यों कही है?

**9.** **निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए–** $5 \times 1 = 5$

मोर मुगट पीताम्बर सौहे, गल वैजन्ती माला।
बिन्दरावन में धेनु चरावे, मोहन मुरली वाला।
ऊँचा ऊँचा महल बणावं बिच बिच राखूँ बारी।
साँवरिया रा दरसण पास्यूँ, पहर कुसुम्बी साड़ी।
आधी रात प्रभु दरसण, दीज्यों जमनाजी रे तीरां।
मीराँ रा प्रभु गिरधर नागर, हिवड़ो घणो अधीराँ।।

(क) 'मोर मुगट' शब्द का तात्पर्य है–
i. मोर जैसा मुकुट
ii. मोर पंख
iii. मोर पंख युक्त मुकुट
iv. उपर्युक्त सभी

(ख) कृष्ण के गले में है–
i. पुष्पों की माला
ii. मोतियों की माला
iii. रत्नों की माला
iv. वैजयंती माला

CLICK HERE TO SEE ANSWERS

(ग) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्प में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।

अभिकथन (A) : मीराँ का मन सांसारिक सुख–सुविधाओं में पूरी तरह संतुष्ट है।

कारण (R) : मीराँ प्रभु गिरधर नागर के दर्शन के लिए व्याकुल है।

i कथन (A) गलत है, किन्तु कारण (R) सही है।

ii कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।

iii कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।

iv कथन (A) सही है किन्तु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(घ) मीरा ऊँचे–ऊँचे महलों के बीच–बीच में 'बारी' क्यों बनाना चाहती हैं?

i. जिससे कि वे उनसे ठंडी हवा का आनंद ले सके

ii. जिससे कि वे उनसे उपवन के सौंदर्य का अवलोकन कर सकें

iii. जिससे कि वे उनसे श्रीकृष्ण के दर्शन कर सकें

iv. उपर्युक्त सभी

(ङ) 'कुसुम्बी' का तात्पर्य है–

i. चाँदी के रंग की

ii. गहरा लाल

iii. हल्का लाल

iv. पीला

**10. काव्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25–30 शब्दों में लिखिए–** $3 \times 2 = 6$

(क) 'अब तुम्हारे हवाले वतन साथियो' कविता का संदेश स्पष्ट कीजिए।

(ख) 'मनुष्यता' कविता में कवि हमें परोपकार के लिए कैसे प्रेरित किया है?

(ग) शाल के वृक्ष भयभीत होकर धरती में क्यों धँस गए?

(घ) 'आत्मत्राण' कविता में विपत्ति आने पर कवि ईश्वर से क्या प्रार्थना करता है?

**11. पूरक पुस्तक 'संचयन' पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 40–50 शब्दों में लिखिए–** $2 \times 3 = 6$

(क) हरिहर काका ने अपने भाइयों को ठाकुरबारी के महंत पुजारी से तनिक भी कम नहीं माना। क्यों? स्पष्ट कीजिए।

(ख) 'सपनों के–से दिन' कहानी के आधार पर लिखिए कि पी.टी. साहब की 'शाबाश' बच्चों को फौज़ के तमगों–सी क्यों लगती थी?

(ग) इफ़्फ़न की दादी की मौत के बाद टोपी को उसका घर खाली–सा क्यों लगा? कारण सहित उत्तर दीजिए।

CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP

## खंड–घ (रचनात्मक लेखन)

**12.** **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत–बिन्दुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए–** $1 \times 5 = 5$

(i) **विज्ञापन**
- विज्ञापन का अर्थ
- आवश्यकता
- सावधानी

(ii) **हमारे देश पर पड़ता विदेशी प्रभाव**
- भारतीय संस्कृति
- विदेशी प्रभाव
- युवा वर्ग पर प्रभाव

(iii) **खेलों का जीवन में महत्त्व**
- खेलों का महत्त्व
- शारीरिक और मानसिक बल
- जीवन में उपयोगी

**13.** **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए–** $1 \times 5 = 5$

आपके इलाके का डाकिया समय पर डाक नहीं बाँटता, उसकी शिकायत करते हुए पोस्टमास्टर को एक पत्र लिखिए।

अथवा

आपके विद्यालय के प्रधानाचार्य से खेलों का और अधिक सामान मँगवाने के लिए निवेदन करते हुए एक पत्र लिखिए। आप अपने आपको खेल–परिषद की सेक्रेटरी के रूप में प्रस्तुत कीजिए।

**14.** **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 60 शब्दों में सूचना लिखिए–** $1 \times 4 = 4$

शिक्षक दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजन करने के लिए आपको संयोजक बनाया गया है। कार्यक्रम के बारे में विद्यार्थियों की सभा के लिए एक सूचना जारी करें।

अथवा

प्रथम सत्र की परीक्षा के बाद अभिभावकों की बैठक होनी है। इस बारे में उन्हें आमंत्रित करते हुए सूचना जारी करें।

CLICK HERE TO SEE ANSWERS

**15.** **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन लिखिए–** $1 \times 3 = 3$

बच्चों के कपड़ों की नई दुकान के लिए आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।

अथवा

गर्मी की छुट्टियों में बच्चों को नृत्य, संगीत, कला–शिल्प आदि का प्रशिक्षण देने वाले केन्द्र 'निखरों और चमको' के लिए आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।

**16.** 'आसक्ति ही बंधन' विषय पर लघु कथा लगभग 100 शब्दों में लिखिए। $1 \times 5 = 5$

अथवा

आप सोहन/सोनिया है। आपका आधार–कार्ड आपके बैंक खाते से जुड़ा हुआ नहीं है। इस विषय में बैंक के प्रबंधक को लगभग 80 शब्दों में एक ई–मेल लिखिए।

www.nodia.in

CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP

# प्रतिदर्श प्रश्नपत्र 16

## कक्षा–10 परीक्षा 2024–25

## हिन्दी–ब (कोड–085)

**निर्धारित समय : 3 घंटे** **अधिकतम अंक : 80**

**सामान्य निर्देश :**

- इस प्रश्नपत्र में चार खंड हैं– क, ख, ग, और घ।
- खंड–क में अपठित गद्यांश से प्रश्न पूछे गए हैं, जिनके उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए दीजिए।
- खंड–ख में व्यावहारिक व्याकरण से प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
- खंड–ग पाठ्यपुस्तक पर आधारित है, निर्देशानुसार उत्तर दीजिए।
- खंड़–घ रचनात्मक लेखन पर आधारित है आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
- प्रश्न पत्र में कुल 16 प्रश्न हैं, सभी प्रश्न अनिवार्य है।
- यथासंभव सभी खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

---

## खंड–क (अपठित बोध)

**1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** 7

अध्ययन जीवन का महत्त्वपूर्ण हिस्सा है, और जो विद्यार्थी इसे ईमानदारी से अपनाते हैं, वे जीवन में सफलता प्राप्त करते हैं। "मन लगाकर पढ़ाई करना" किसी भी लक्ष्य को प्राप्त करने का पहला कदम है। पढ़ाई से न केवल व्यक्ति का ज्ञान बढ़ता है, बल्कि वह जीवन में अनुशासन और संयम भी सीखता है। आज के युग में, जहाँ प्रतिस्पर्धा बहुत अधिक है, अध्ययन का महत्त्व और भी बढ़ गया है। विद्यार्थी को पढ़ाई को बोझ समझने के बजाय उसे अपने विकास का एक साधन मानना चाहिए। सफलता का मार्ग मेहनत और लगन से होकर जाता है, और इस मार्ग पर चलने के लिए धैर्य की आवश्यकता होती है। अध्ययनशीलता व्यक्ति के आत्मविश्वास को भी बढ़ाती है, जिससे वह बड़ी चुनौतियों का सामना करने में सक्षम हो जाता है। पढ़ाई का महत्त्व केवल परीक्षा में अच्छे अंक लाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह व्यक्ति को समाज में आदर और सम्मान दिलाने में भी सहायक होता है। अध्ययनशील व्यक्ति अपने जीवन में एक आदर्श प्रस्तुत करता है, जो दूसरों को भी प्रेरित करता है। इसलिए, हर विद्यार्थी को मेहनत और लगन से पढ़ाई करनी चाहिए और जीवन में अपने लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए।

(क) उपर्युक्त गद्यांश का मुख्य विषय क्या है?

i. पढ़ाई का महत्त्व
ii. परीक्षा में अच्छे अंक
iii. अनुशासन का विकास
iv. समाज में आदर

CLICK HERE TO SEE ANSWERS

(ख) मन लगाकर पढ़ाई करना किसी भी लक्ष्य को प्राप्त करने का पहला कदम है– पंक्ति से क्या आशय है?

i. बिना ध्यान के पढ़ना
ii. पूरी लगन से पढ़ाई करना
iii. केवल परीक्षा की तैयारी करना
iv. पढ़ाई में जल्दबाजी करना

(ग) निम्नलिखित कथन और निष्कर्ष को ध्यान से पढ़कर दिए गए विकल्प से सही उत्तर चुनकर लिखिए:
कथन : पढ़ाई का महत्त्व केवल परीक्षा में अच्छे अंक लाने तक सीमित है।
निष्कर्ष : पढ़ाई से समाज में आदर नहीं मिलता।

i. कथन सही है, लेकिन निष्कर्ष गलत है।
ii. कथन और निष्कर्ष दोनों सही हैं।
iii. कथन गलत है और निष्कर्ष सही है।
iv. कथन और निष्कर्ष दोनों गलत हैं।

(घ) पढ़ाई का जीवन में क्या महत्त्व है?

(ङ) अध्ययनशील व्यक्ति समाज में किस प्रकार का आदर्श प्रस्तुत करता है?

**2.** **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** 7

भारतीय वेशभूषा भारतीय संस्कृति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो देश की विविधता और परंपराओं को दर्शाती है। भारत के हर क्षेत्र में अलग–अलग प्रकार की पारंपरिक वेशभूषा पहनी जाती है। उत्तर भारत में साड़ी और सलवार–कुर्ता प्रमुख हैं, जबकि राजस्थान और गुजरात में लोग विशेष रूप से घाघरा–चोली और कच्छ का पारंपरिक पहनावा अपनाते हैं। दक्षिण भारत में कांजीवरम साड़ी और लुंगी लोकप्रिय हैं, जबकि पूर्वोत्तर भारत के विभिन्न जनजातियों की अपनी अनूठी पारंपरिक पोशाकें हैं। ये वेशभूषाएँ न केवल सौंदर्य का प्रतीक हैं, बल्कि इनसे क्षेत्रीय और सांस्कृतिक पहचान भी उजागर होती है।

समय के साथ, भारतीय वेशभूषा का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी प्रभाव बढ़ा है। भारतीय वस्त्र और डिजाइन अब विश्वभर में लोकप्रिय हो रहे हैं, और भारतीय पारंपरिक कपड़े वैश्विक फैशन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन गए हैं। सरकार और कई संगठनों द्वारा भारतीय वस्त्र उद्योग को बढ़ावा देने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि इस कला को संरक्षित किया जा सके और भारतीय कारीगरों को रोजगार मिल सके। इसके अतिरिक्त, भारतीय वेशभूषा का पारंपरिक शिल्प पर्यावरण के अनुकूल भी है, क्योंकि इसमें प्राकृतिक रंगों और कपड़ों का अधिक उपयोग होता है, जो इसे और भी महत्वपूर्ण बनाता है।

(क) उपर्युक्त गद्यांश का मुख्य विषय क्या है?

i. भारतीय नृत्य
ii. भारतीय संगीत
iii. भारतीय वेशभूषा
iv. भारतीय खेल

CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP

(ख) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। दिए गए विकल्पों में से एक सही विकल्प चुनकर लिखिए:
कथन (A) : भारतीय वेशभूषा में क्षेत्रीय और सांस्कृतिक पहचान झलकती है।
कारण (R) : भारतीय वेशभूषा हर क्षेत्र की परंपराओं और शिल्पकला को प्रदर्शित करती है।
i. कथन (A) सही है, कारण (R) गलत है।
ii. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।
iii. कथन (A) सही है, और कारण (R) उसकी सही व्याख्या है।
iv. कथन (A) गलत है किन्तु कारण (R) सही है।

(ग) दक्षिण भारत में कौन सी पारंपरिक वेशभूषा प्रमुख है?
i. साड़ी और सलवार
ii. कांजीवरम साड़ी और लुंगी
iii. घाघरा–चोली
iv. कुर्ता–पायजामा

(घ) भारतीय वेशभूषा का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर क्या प्रभाव है?

(ङ) भारतीय वेशभूषा का भारतीय कारीगरों और पर्यावरण पर क्या प्रभाव है?

## खंड–ख (व्यावहारिक व्याकरण)

**3.** **'पदबंध' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** $4 \times 1 = 4$

(क) जापान में मैंने अपने एक मित्र से पूछा– वाक्य में से सर्वनाम पदबंध चुनकर लिखिए।

(ख) क्या एक वाक्य में संज्ञा पदबंध और विशेषण पदबंध का उपयोग एक साथ किया जा सकता है? उदाहरण सहित स्पष्ट करें।

(ग) झूठ बोलने वाले वे कब तक बचेंगें– वाक्य में रेखांकित पदबंध का भेद लिखिए।

(घ) बड़े भाई साहब ने दिन–रात एक करके पढ़ाई की– वाक्य में पदबंध का भेद बताते हुए कारण भी स्पष्ट कीजिए।

(ङ) संज्ञा पदबंध का एक उदाहरण देकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।

**4.** **'रचना के आधार पर वाक्य रूपांतरण' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** $4 \times 1 = 4$

(क) जो जितना बड़ा होता है उसे उतना ही कम गुस्सा आता है– वाक्य का भेद लिखिए।

(ख) वे जंगल में प्रवेश कर गए और अँधेरा बढ़ने लगा– सरल वाक्य में रूपांतरित कीजिए।

(ग) संयुक्त वाक्य की कोई दो विशेषताएँ उदाहरण सहित लिखिए।

(घ) "अगर" का उपयोग करते हुए एक मिश्र वाक्य बनाइए और इसका उपयोग समझाइए।

(ङ) जैसे ही चाय तैयार हुई वैसे ही उसने प्यालों में भरी फिर प्याले हमारे सामने रख दिए– वाक्य का भेद बताते हुए कारण स्पष्ट कीजिए।

CLICK HERE TO SEE ANSWERS

**5.** **'समास' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** $4 \times 1 = 4$

(क) द्विगु समास का संक्षिप्त अर्थ कैसे निकलता है?

(ख) समास का मुख्य उद्देश्य क्या होता है?

(ग) 'राजा–रानी' द्वंद्व समास है कैसे?

(घ) 'त्रिनेत्रधारी' सामासिक पद का विग्रह करते हुए भेद लिखिए।

(ङ) अव्ययीभाव समास की विशेषता स्पष्ट कीजिए और इसका एक उदाहरण दीजिए।

**6.** **'मुहावरे' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** $4 \times 1 = 4$

(क) तताँरा ने जब धरती को चीरना शुरू किया, तो लगा जैसे उसने सचमुच .................... का साहस किया। (उपयुक्त मुहावरे द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।)

(ख) जब पुलिस ने लाठियाँ चलाईं, तो लोगों का डटे रहना यह साबित करता है कि वे ...................... हैं। (उपयुक्त मुहावरे द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।)

(ग) भाई साहब ने कहा, "मेहनत से दूर रहना और खेल–कूद में समय गँवाना अपना सिर धुनना जैसा है।" पंक्ति से मुहावरा चुनकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।

(घ) 'आसमान सिर पर उठाना' और 'सिर झुकाना' मुहावरे में अंतर स्पष्ट कीजिए।

(ङ) 'दिल पर पत्थर रखना' मुहावरे का वाक्य बनाइए।

## खंड–ग (पाठ्यपुस्तक)

**7.** **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर सर्वाधिक उचित विकल्प से चुनकर लिखिए–** $5 \times 1 = 5$

कुछ समय बाद पासा गाँव में 'पशु–पर्व' का आयोजन हुआ। पशु–पर्व में हृष्ट–पुष्ट पशुओं के प्रदर्शन के अतिरिक्त पशुओं से युवकों की शक्ति परीक्षा प्रतियोगिता भी होती है। वर्ष में एक बार सभी गाँव के लोग हिस्सा लेते हैं। बाद में नृत्य–संगीत और भोजन का भी आयोजन होता है। शाम में सभी लोग पासा में एकत्रित होने लगे। धीरे–धीरे विभिन्न कार्यक्रम शुरू हुए।

तताँरा का मन इन कार्यक्रमों में बिल्कुल भी नहीं था। उसकी व्याकुल आँखें वामीरो को ढूँढने में व्यस्त थीं। नारियल के झुंड के एक पेड़ के पीछे से उसे जैसे कोई झाँकता दिखा। उसने थोड़ा और करीब जाकर पहचानने की चेष्टा की। वह वामीरो थी जो भयवश सामने आने में झिझक रही थी। उसकी आँखें तरल थीं। होंठ काँप रहे थे। तताँरा को देखते ही वह फूट–फूटकर रोने लगी। तताँरा विह्वल हुआ। उससे कुछ बोलते ही नहीं बन रहा था। रोने की आवाज लगातार ऊँची होती जा रही थी। तताँरा किंकर्तव्यविमूढ़ था। वामीरो के रुदन स्वरों को सुनकर उसकी माँ वहाँ पहुँची और दोनों को साथ देखकर आग बबूला हो उठी।

(क) लेखक के अनुसार, तताँरा का मन इन कार्यक्रमों में बिल्कुल भी नहीं था, क्योंकि

i. वामीरो की माँ आग–बबूला हो गई थी

ii. उसकी व्याकुल आँखें वामीरो को ढूँढ रही थीं

iii. वामीरो उस पर गुस्सा हो गई थी

iv. उसे इस तरह के कार्यक्रमों में कोई रुचि नहीं थी

CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP

(ख) 'वामीरो के रुदन स्वर को सुनकर उसकी माँ वहाँ पहुँची।' कथन के माध्यम से ज्ञात होता है कि वामीरो की माँ है

i. मैत्रीभाव से परिपूर्ण
ii. मातृत्वभाव से परिपूर्ण
iii. समन्वय से परिपूर्ण
iv. आदर्शवाद से परिपूर्ण

(ग) गद्यांश के आधार पर वामीरो के चरित्र की कुछ विशेषताएँ मिलती हैं कि वह थी

i. दृढ़ इच्छाशक्ति, भावुक, प्रकृति–प्रेमी
ii. निश्छल प्रेमिका, भावुक, सरल स्वभाव
iii. पशु–प्रेमी, बेहद गंभीर, डरपोक
iv. संकीर्ण हृदय, उदार, कृपण

(घ) वामीरो के रुदन स्वरों को सुनकर उसकी माँ वहाँ पहुँची और दोनों को साथ देखकर आग बबूला हो उठी– पंक्ति में 'रुदन' का क्या अर्थ है?

i. रोना
ii. गाना
iii. चिल्लाना
iv. मुस्कराना

(ङ) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यान से पढ़िए तथा सर्वाधिक उचित विकल्प को चुन कर लिखिए:

कथन (A) : वामीरो की माँ ने दोनों को साथ देखकर क्रोध प्रकट किया।
कारण (R) : वामीरो की माँ नहीं चाहती थी कि वामीरो तताँरा से मिले।

i. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।
ii. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं।
iii. कथन (A) गलत है तथा कारण (R) सही है।
iv. कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

**8.** **गद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25–30 शब्दों में लिखिए–** $3 \times 2 = 6$

(क) वज़ीर अली ने कंपनी के वकील का कत्ल क्यों किया था? 'कारतूस' पाठ के आधार पर बताइए।

(ख) प्रकृति में आए असंतुलन का क्या परिणाम हुआ?

(ग) पुलिस ने बड़े–बड़े पार्कों तथा मैदानों को क्यों घेर लिया था?

(घ) राजकपूर की किस बात पर शैलेंद्र का चेहरा मुरझा गया?

**9.** **निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए–** $5 \times 1 = 5$

विचार लो कि मर्त्य हो न मृत्यु से डरो कभी,
मरो, परंतु यो मरो कि याद जो करें सभी।।
हुई न यों सुमृत्यु तो वृथा मरे, वृथा जिए,
मरा नहीं वही कि जो जिया न आपके लिए।
वही पशु–प्रवृत्ति है कि आप आप ही चरे,
वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे।।

CLICK HERE TO SEE ANSWERS

(क) कवि जनसाधारण को अपना जीवन लोक सेवा में समर्पित करने की प्रेरणा देते हैं। इससे ज्ञात होता है कि कवि ............. के पक्षधर हैं।

i. परोपकार
ii. परोपदेश
iii. प्रचार
iv. प्रदर्शन

(ख) 'सुमृत्यु' से क्या तात्पर्य है?

i. अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए मिली मृत्यु
ii. स्वार्थ पूर्ति के लिए जीने वाले की मृत्यु
iii. परोपकार के लिए जीने वाले की मृत्यु
iv. स्वर्ग की चाह करने वाले की मृत्यु

(ग) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्प में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।

अभिकथन (A) : कवि का मानना है कि मृत्यु से डरना मानव जीवन का एक स्वाभाविक गुण है।
कारण (R) : मृत्यु का सही मूल्य तभी है जब व्यक्ति समाज और दूसरों के लिए जीकर मरे।

i कथन (A) गलत है, किन्तु कारण (R) सही है।
ii कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।
iii कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।
iv कथन (A) सही है किन्तु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(घ) कवि के अनुसार, वास्तव में मनुष्य कहलाने का अधिकारी है

i. जो स्वयं के जीवन को सुखमयी बनाता है
ii. जो दूसरों की हित पूर्ति के लिए अपना जीवन जीता है
iii. जो मृत्यु से भयभीत नहीं रहता है
iv. जो हमारी याद में आँसू बहाता है

(ङ) 'पशु–प्रवृत्ति' से क्या आशय है?

i. अपने कर्तव्यों का पालन
ii. प्रेम से रहना
iii. केवल स्वार्थ हेतु कार्य करना
iv. दूसरों से छीनकर खाना

**10.** **काव्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25–30 शब्दों में लिखिए–** **$3 \times 2 = 6$**

(क) घर के जलाने से कबीर का क्या तात्पर्य है?

(ख) 'पर्वत प्रदेश में पावस' कविता में झरने पर्वत का गौरव–गान कैसे करते हैं?

(ग) मीरा ने अपने पद में किन तीन बातों को विशेष महत्व दिया है?

(घ) 'आत्मत्राण' कविता में कवि किससे और क्या प्रार्थना कर रहे हैं?

CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP

**11. पूरक पुस्तक 'संचयन' पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 40-50 शब्दों में लिखिए-** $2 \times 3 = 6$

(क) 'सपनों के से दिन' पाठ में लेखक ने अपने बचपन के दिनों के विद्यालय में अनुशासन के लिए अपनाए जाने वाले किन तरीकों का वर्णन किया है तथा वर्तमान समय में अपनाए जाने वाले तरीके किस प्रकार भिन्न हैं? पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

(ख) ''हरिहर काका ने निश्चय किया कि जीते-जी किसी को जमीन नहीं लिखेंगे। अपने भाइयों को समझा दिया, मर जाऊँगा तो अपने आप मेरी जमीन तुम्हें मिल जाएगी। जमीन लेकर तो जाऊँगा नहीं। इसलिए लिखवाने की क्या जरूरत?
हरिहर काका बिलकुल अनपढ़ व्यक्ति हैं, फिर भी दुनियादारी की समझ रखते हैं। हरिहर काका के बारे में इस कथन को उपर्युक्त उद्धरण के आधार पर तर्क सहित स्पष्ट कीजिए।

(ग) ''टोपी और इफ्फन दोनों एक-दूसरे को धर्म, जाति, संप्रदाय आदि से ऊपर उठकर प्रेम करते हैं।''
'टोपी शुक्ला' पाठ के आधार पर इस कथन को स्पष्ट कीजिए।

## खंड-घ (रचनात्मक लेखन)

**12. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत-बिन्दुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए-** $1 \times 5 = 5$

(i) **विद्यालय का वार्षिकोत्सव**
- तैयारी
- प्रस्तुति
- विभिन्न कार्यक्रम
- प्रगति की झाँकी
- समापन

(ii) **आतंकवाद : एक समस्या**
- आतंकवाद शब्द
- उद्देश्य
- विश्वव्यापी समस्या और कारण
- आतंकवाद के दुष्परिणाम और सुरक्षा

(iii) **कामकाजी नारी का एक दिन**
- तनाव और तैयारी
- कार्यालय में व्यस्तता
- घर का काम
- पहले और अब में अंतर

CLICK HERE TO SEE ANSWERS

**13.** **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए–** $1 \times 5 = 5$

स्वयं को विद्यालय प्रबंधक मानते हुए विद्यालय में आयोजित 'खेल प्रतियोगिता' में मुख्य अतिथि के रूप में खेल मंत्री को आमंत्रित करते हुए एक पत्र लिखिए।

अथवा

प्रधानाचार्य को एक पत्र लिखकर ग्यारहवीं कक्षा में विज्ञान विषय देने की प्रार्थना कीजिए।

**14.** **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 60 शब्दों में सूचना लिखिए–** $1 \times 4 = 4$

आप बाल विद्यालय, दिल्ली के सांस्कृतिक संघ के अध्यक्ष हैं। विद्यालय द्वारा उत्तराखण्ड की एक सप्ताह की यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। एक सूचना लिखिए जिससे छात्र–छात्राओं को जानकारी दी जाए।

अथवा

आपके विद्यालय में तुलसी जयंती के अवसर पर अंत्याक्षरी प्रतियोगिता का आयोजन होगा। इच्छुक छात्र हिंदी शिक्षक को नामांकन दें। इसकी सूचना लिखिए।

**15.** **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन लिखिए–** $1 \times 3 = 3$

पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

अथवा

दिल्ली के साकेत में एक नया जिम खुला है, जिसमें कुशल प्रशिक्षक की देखरेख में व्यायाम की सुविधा है। एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

**16.** 'सबक' विषय पर लघु कथा लिखिए। $1 \times 5 = 5$

अथवा

अपने क्षेत्र में वृक्षारोपण का सुझाव देते हुए वन विभाग के अधिकारी को लगभग 80 शब्दों में एक ई–मेल लिखिए।



CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP

# प्रतिदर्श प्रश्नपत्र 17

## कक्षा–10 परीक्षा 2024–25

## हिन्दी–ब (कोड–085)

**निर्धारित समय : 3 घंटे** **अधिकतम अंक : 80**

**सामान्य निर्देश :**

- इस प्रश्नपत्र में चार खंड हैं– क, ख, ग, और घ।
- खंड–क में अपठित गद्यांश से प्रश्न पूछे गए हैं, जिनके उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए दीजिए।
- खंड–ख में व्यावहारिक व्याकरण से प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
- खंड–ग पाठ्यपुस्तक पर आधारित है, निर्देशानुसार उत्तर दीजिए।
- खंड़–घ रचनात्मक लेखन पर आधारित है आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
- प्रश्न पत्र में कुल 16 प्रश्न हैं, सभी प्रश्न अनिवार्य है।
- यथासंभव सभी खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

---

## खंड–क (अपठित बोध)

**1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** 7

परिश्रम और ईमानदारी जीवन में सफलता के दो प्रमुख स्तंभ हैं। जो व्यक्ति "खून–पसीने की मेहनत" से अपने लक्ष्य को प्राप्त करने का प्रयास करता है, वह जीवन में सच्ची सफलता का आनंद लेता है। मेहनत से न केवल व्यक्ति का आत्मविश्वास बढ़ता है, बल्कि वह जीवन की कठिनाइयों से लड़ने में भी सक्षम बनता है। आज के आधुनिक युग में, जहाँ हर कोई तेजी से आगे बढ़ना चाहता है, परिश्रम का महत्त्व और भी बढ़ गया है। जो लोग ईमानदारी और मेहनत से काम करते हैं, वे न केवल अपने लिए बल्कि समाज के लिए भी एक उदाहरण प्रस्तुत करते हैं। परिश्रम और ईमानदारी के बिना, सफलता का मार्ग अस्थायी होता है और इसका आनंद नहीं लिया जा सकता। सच्ची मेहनत और ईमानदारी से किया गया कार्य व्यक्ति को आंतरिक संतोष और मानसिक शांति प्रदान करता है। यह उसे समाज में आदर और सम्मान का पात्र बनाता है। इसीलिए, हमें अपने जीवन में परिश्रम और ईमानदारी को अपनाना चाहिए और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिए। जो लोग सच्चाई और मेहनत का मार्ग अपनाते हैं, वे ही जीवन में स्थायी सफलता प्राप्त करते हैं।

(क) उपर्युक्त गद्यांश का मुख्य विषय क्या है?

i. परिश्रम का महत्त्व
ii. आत्मविश्वास का विकास
iii. आधुनिक युग में सफलता
iv. समाज में आदर

CLICK HERE TO SEE ANSWERS

(ख) जो व्यक्ति "खून–पसीने की मेहनत" से अपने लक्ष्य को प्राप्त करने का प्रयास करता है, वह जीवन में सच्ची सफलता का आनंद लेता है– पंक्ति से क्या आशय है?

i. बिना किसी प्रयास के सफलता प्राप्त करना
ii. पूरी मेहनत और लगन से काम करना
iii. केवल धन कमाना
iv. दूसरों की मदद से सफलता पाना

(ग) निम्नलिखित कथन और निष्कर्ष को ध्यान से पढ़कर दिए गए विकल्प से सही उत्तर चुनकर लिखिए:
कथन : परिश्रम और ईमानदारी से काम करने वाले लोग समाज में आदर पाते हैं।
निष्कर्ष : समाज में आदर पाने के लिए परिश्रम और ईमानदारी आवश्यक हैं।

i. कथन सही है, लेकिन निष्कर्ष गलत है।
ii. कथन और निष्कर्ष दोनों सही हैं।
iii. कथन गलत है और निष्कर्ष सही है।
iv. कथन और निष्कर्ष दोनों गलत हैं।

(घ) परिश्रम का जीवन में क्या महत्त्व है?

(ङ) ईमानदार व्यक्ति समाज में कैसे आदर पाता है?

**2. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** 7

वैश्विक शिक्षा संकट एक गंभीर चुनौती बन गया है, विशेषकर विकासशील देशों में जहाँ शिक्षा तक पहुँच सीमित है। बढ़ती जनसंख्या, आर्थिक असमानता, और अपर्याप्त संसाधनों के कारण लाखों बच्चे उचित शिक्षा से वंचित हैं। कई ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में स्कूलों की कमी, शिक्षकों की अनुपस्थिति, और शैक्षिक सामग्री की अनुपलब्धता बच्चों की शिक्षा में बाधा उत्पन्न कर रही है। इसके अलावा, बाल श्रम, गरीबी, और सामाजिक कुरीतियाँ भी बच्चों को स्कूल जाने से रोकती हैं, जिससे उनकी शिक्षा में रुकावट आती है। इन समस्याओं के कारण बच्चों का मानसिक और शारीरिक विकास भी प्रभावित होता है, जिससे उनके जीवन की संभावनाओं पर दीर्घकालिक प्रभाव पड़ता है। इस संकट से निपटने के लिए कई देश और अंतरराष्ट्रीय संगठन शिक्षा के क्षेत्र में निवेश कर रहे हैं। डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने, दूरस्थ शिक्षा के साधन उपलब्ध कराने, और समुदायों में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसके अलावा, गरीब परिवारों को वित्तीय सहायता देकर बच्चों को स्कूल भेजने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। सभी बच्चों को शिक्षा का अधिकार देना एक वैश्विक जिम्मेदारी है, और इसके लिए सहयोग और निरंतर प्रयासों की आवश्यकता है।

(क) उपर्युक्त गद्यांश का मुख्य विषय क्या है?

i. शिक्षा संकट
ii. पर्यावरण संकट
iii. ऊर्जा संकट
iv. जलवायु संकट

(ख) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। दिए गए विकल्पों में से एक सही विकल्प चुनकर लिखिए:
कथन (A) : शिक्षा तक पहुँच को बढ़ावा देने के लिए डिजिटल शिक्षा को अपनाया जा रहा है।
कारण (R) : डिजिटल शिक्षा केवल शहरी क्षेत्रों में प्रभावी है।

CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP

i. कथन (A) सही है, कारण (R) गलत है।
ii. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।
iii. कथन (A) सही है, और कारण (R) उसकी सही व्याख्या है।
iv. कथन (A) गलत है किन्तु कारण (R) सही है।

(ग) वैश्विक शिक्षा संकट को दूर करने के लिए कौन सा उपाय अपनाया जा रहा है?
i. बाल श्रम को बढ़ावा देना
ii. डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देना
iii. शिक्षा बजट को घटाना
iv. शिक्षा संसाधनों को सीमित करना

(घ) शिक्षा संकट के समाधान के लिए कौन–कौन से संगठन कार्यरत हैं?

(ङ) शिक्षा तक सीमित पहुँच का बच्चों के जीवन पर क्या प्रभाव है?

## खंड–ख (व्यावहारिक व्याकरण)

**3.** **'पदबंध' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** $4 \times 1 = 4$

(क) दिमाग की रफ्तार धीरे–धीरे धीमी पड़ती जा रही है– वाक्य में से क्रिया–विशेषण पदबंध चुनकर लिखिए।

(ख) वाक्य में क्रिया पदबंध और क्रिया विशेषण पदबंध के एक साथ उपयोग का महत्व क्या है? उदाहरण सहित उत्तर दीजिए।

(ग) बादशाह सुलेमान मानव जाति के साथ–साथ पशु पक्षियों के भी राजा हैं– वाक्य में रेखांकित पदबंध का भेद लिखिए।

(घ) तताँरा की तलवार एक विलक्षण रहस्य थी– वाक्य में पदबंध का भेद बताते हुए कारण भी स्पष्ट कीजिए।

(ङ) विशेषण पदबंध का एक उदाहरण देकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।

**4.** **'रचना के आधार पर वाक्य रूपांतरण' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** $4 \times 1 = 4$

(क) वामीरो कीं प्रतीक्षा में एक–एक पल पहाड़ की तरह भारी था– वाक्य का भेद लिखिए।

(ख) भाई साहब ने अपने दरजे की पढ़ाई का जो भयंकर चित्र खींचा था, उसने मुझे भयभीत कर दिया– संयुक्त वाक्य में रूपांतरित कीजिए।

(ग) मिश्र वाक्य की परिभाषा दीजिए और एक उदाहरण भी दीजिए।

(घ) संयुक्त वाक्य में प्रयुक्त "परंतु" का एक उदाहरण दीजिए और इसका उद्देश्य समझाइए।

(ङ) किसी ने आवाज दी और सिपाही ने मुड़कर देखा– वाक्य का भेद बताते हुए कारण स्पष्ट कीजिए।

CLICK HERE TO SEE ANSWERS

**5. 'समास' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** $4 \times 1 = 4$

(क) समास का शाब्दिक अर्थ क्या होता है?

(ख) तत्पुरुष समास में पदों के बीच किस प्रकार का संबंध होता है? एक उदाहरण दीजिए।

(ग) 'जीवन–मरण' द्वंद्व समास है कैसे?

(घ) 'कविराज' सामासिक पद का विग्रह करते हुए भेद लिखिए।

(ङ) अव्ययीभाव समास और कर्मधारय समास में अंतर समझाइए और एक उदाहरण दीजिए।

**6. 'मुहावरे' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** $4 \times 1 = 4$

(क) पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को डराने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने कहा, "हमारा इरादा ऐसा है कि हम .................... कर रहेंगे।" (उपयुक्त मुहावरे द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।)

(ख) जब हरिहर काका ने अपने भाइयों को .................... सुनाई। (उपयुक्त मुहावरे द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।)

(ग) गाँववालों ने वामीरो और तताँरा को समझाने के प्रयास में कहा, "तुम दोनों अपनी हरकतों से आसमान सिर पर उठा रहे हो।" पंक्ति से मुहावरा चुनकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।

(घ) 'हाथ–पाँव फूलना' और 'आँखें तरेरना' मुहावरे में अंतर स्पष्ट कीजिए।

(ङ) 'आग में घी डालना' मुहावरे का वाक्य बनाइए।

## खंड–ग (पाठ्यपुस्तक)

**7. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर सर्वाधिक उचित विकल्प से चुनकर लिखिए–** $5 \times 1 = 5$

दुनिया कैसे वजूद में आई? पहले क्या थी? किस बिंदु से इसकी यात्रा शुरू हुई? इन प्रश्नों के उत्तर विज्ञान अपनी तरह से देता है, धार्मिक ग्रंथ अपनी–अपनी तरह से। संसार की रचना भले ही कैसे हुई हो, लेकिन धरती किसी एक की नहीं है। पंछी, मानव, पशु, नदी, पर्वत, समंदर आदि की इसमें बराबर की हिस्सेदारी है। यह और बात है कि इस हिस्सेदारी से मानव जाति ने अपनी बुद्धि से बड़ी–बड़ी दीवारें खड़ी कर दी हैं। पहले पूरा संसार एक परिवार के समान था अब टुकड़ों में बँटकर एक–दूसरे से दूर हो चुका है। पहले बड़े–बड़े दालानों– आँगनों में सब मिल–जुलकर रहते थे, अब छोटे–छोटे डिब्बे जैसे घरों में जीवन सिमटने लगा है। मानव का धरती पर अधिकार जमाने के कारण संसार छोटे–छोटे टुकड़ों में बँट गया है। बढ़ती हुई आबादी ने समंदर को पीछे सरकाना शुरू कर दिया है।

(क) ''मानव के धरती पर अधिकार जमाने के कारण संसार छोटे–छोटे टुकड़ों में बँट गया है।'' लेखक द्वारा ऐसा कहा जाना दर्शाता है, मानव का अन्य प्राणियों और प्रकृति के प्रति उसका

i. स्वार्थभाव

ii. मैत्रीभाव

iii. व्यक्तित्व

iv. कर्तव्यबोध

CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP

(ख) 'धरती किसी एक की नहीं हैं', लेखक ने ऐसा कहा, क्योंकि उसके अनुसार
i. इस पर केवल मनुष्य का अधिकार है
ii. सभी जीव एक समान नहीं है
iii. धर्म ग्रंथ में इस बात का वर्णन किया गया है
iv. इस पर प्रत्येक जीव का समान अधिकार है

(ग) "पहले बड़े–बड़े दालानों–आँगनों में सब मिल–जुलकर रहते थे, अब छोटे–छोटे डिब्बों जैसे घरों में जीवन सिमटने लगा है।" कथन के माध्यम से ज्ञात होता है कि मानव है–
i. कर्त्तव्यनिष्ठ, परिश्रमी, आध्यात्मिक
ii. समाज–सुधारक, कर्मयोगी, संवेदनशील
iii. आदर्शवादी, स्वार्थी, दृढ़निश्चयी
iv. स्वार्थी, मौकापरस्त, असंवेदनशील

(घ) बढ़ती हुई आबादी ने समंदर को पीछे सरकाना शुरू कर दिया है– पंक्ति में 'सरकाना' का क्या अर्थ है?
i. खींचना
ii. हटाना
iii. रोकना
iv. चलाना

(ङ) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यान से पढ़िए तथा सर्वाधिक उचित विकल्प को चुन कर लिखिए:
कथन (A) : आज संसार टुकड़ों में बँटकर रह गया है
कारण (R) : मानव की आँखों पर स्वार्थ तथा आधुनिकता का पर्दा पड़ चुका है
i. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।
ii. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं।
iii. कथन (A) गलत है तथा कारण (R) सही है।
iv. कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

**8.** **गद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25–30 शब्दों में लिखिए–** $3 \times 2 = 6$
(क) प्राचीन काल में मनोरंजन के क्या साधन थे?
(ख) पुलिस क्रांतिकारियों पर लाठी चार्ज क्यों कर रही थी?
(ग) कर्नल और सिपाहियों की परेशानी का कारण क्या था?
(घ) 'मुझसे पूछते तो दस लाख नाम बता देता' बड़े भाई साहब ने ऐसा क्यों कहा?

**9.** **निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए–** $5 \times 1 = 5$

खींच दो अपने खूँ से जमीं पर लकीर
इस तरफ आने पाए न रावन कोई
तोड़ दो हाथ अगर हाथ उठने लगे
छू न पाए सीता का दामन कोई
राम भी तुम, तुम्हीं लक्ष्मण साथियों
अब तुम्हारे हवाले वतन साथियों।

CLICK HERE TO SEE ANSWERS

(क) 'खूँ से जमीं पर लकीर खींचने' से क्या तात्पर्य है?
i. दुश्मन पर हमला करना
ii. सीमाओं पर रक्तपात करना
iii. बलिदान देकर भी शत्रु को रोकना
iv. मातृभूमि की रक्षा के लिए तत्पर रहना

(ख) कवि ने देशवासियों और सैनिकों को आत्मबलिदान से प्रेरणा लेकर देश की रक्षा के लिए सदा तैयार रहने का संदेश दिया है। इससे ज्ञात होता है कि कवि पक्षधर हैं–
i. स्वामी भक्ति के
ii. देशभक्ति के
iii. ईशनिंदा के
iv. क्रमान्वय के

(ग) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्प में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।
अभिकथन (A) : कवि सभी नागरिकों को अपने देश की रक्षा के लिए तैयार रहने का आह्वान करता है।
कारण (R) : कवि का मानना है कि देश की रक्षा के लिए साहस और एकता आवश्यक गुण हैं।
i कथन (A) गलत है, किन्तु कारण (R) सही है।
ii कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।
iii कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।
iv कथन (A) सही है किन्तु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(घ) 'सीता का दामन' किसे कहा गया है?
i. भारतीय सांस्कृतिक परंपरा को
ii. देवी–देवताओं की मर्यादा को
iii. देश के स्वाभिमान को
iv. मातृभूमि के सम्मान को

(ङ) 'राम भी तुम, तुम्हीं लक्ष्मण साथियों' कथन से कवि का संकेत किस ओर है?
i. तुम्हें राम भी बनना है और लक्ष्मण भी
ii. तुम्हें नारी के सम्मान की रक्षा भी करनी है और मर्यादा की भी
iii. तुम्हें युद्ध भी करना है और रक्षा भी
iv. तुम्हें भारतीयता को भी बचाना है और सीमाओं को भी

**10.** **काव्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25–30 शब्दों में लिखिए–** $3 \times 2 = 6$

(क) 'मनुष्यता' कविता में किस व्यक्ति को उदार कहा गया है और उसका क्या प्रभाव बताया गया है?
(ख) मीठी वाणी बोलने से औरों को सुख और मन को शीतलता कैसे प्राप्त होती है?
(ग) कवि 'सुख के दिन' में परमात्मा के प्रति कैसा भाव रखता है?
(घ) 'पर्वत प्रदेश में पावस' कविता में कवि ने फूलों की तुलना नेत्रो से क्यों की है?

CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP

**11.** **पूरक पुस्तक 'संचयन' पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 40–50 शब्दों में लिखिए–** $2 \times 3 = 6$

(क) 'एक रात उनके भाइयों ने वही रूप धारण कर लिया, जो रूप महंत और उनके सहपाठियों ने धारण किया था। हरिहर काका को महंत और अपने भाई एक ही श्रेणी के क्यों लगने लगे? तर्कसहित स्पष्ट कीजिए।

(ख) इन्हीं बातों से आकर्षित हो कुछ नौजवान भर्ती के लिए तैयार जो जाया करते। कभी–कभी हमें भी महसूस होता है कि हम भी फौजी जवानों से कम नहीं। धोबी की धुली वर्दी और पॉलिश किए बूट और जुराबों को पहने जब हम स्काउटिंग की परेड करते तो लगता हम फौजी ही हैं।
वर्दी तथा परेड के उत्साह से लेखक को ऐसा क्यों लगता है कि वह भी एक फौजी है? 'सपनों के से दिन' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

(ग) इफ़्फ़न से मित्रता करना तथा उसकी दादी के प्रति टोपी का लगाव उसके परिवार वालों को पसंद नहीं था इफ़्फ़न से मित्रता करने के लिए उसके भाई मुन्नी बाबू ने भी घर में शिकायत करके उसकी पिटाई करवाई थी।
टोपी ने अपने भाई मुन्नी बाबू के विषय में कौन–सा रहस्य छिपाकर रखा था तथा क्यों?

## खंड–घ (रचनात्मक लेखन)

**12.** **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत–बिन्दुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए–** $1 \times 5 = 5$

(i) **प्रदूषण : एक समस्या**
- परिचय
- प्रदूषण के तत्त्व
- प्रदूषण के प्रकार
- प्रदूषण के कारण
- प्रदूषण के प्रभाव
- प्रदूषण को रोकने के उपाय

(ii) **दहेज प्रथा : एक अभिशाप**
- सामाजिक समस्या
- रोकथाम के उपाय
- युवकों का कर्त्तव्य

(iii) **मन के हारे हार हैं मन के जीते जीत**
- निराशा
- दृष्टिकोण परिवर्तन
- सकारात्मक सोच

CLICK HERE TO SEE ANSWERS

**13. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए–** $1 \times 5 = 5$

अस्पताल कर्मचारियों के सद्व्यवहार की प्रशंसा करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी को पत्र लिखिए।

अथवा

आपकी बस्ती के पार्क में कई अनधिकृत खोमचे वालों ने डेरा डाल दिया है, उन्हें हटाने के लिए नगर–निगम अधिकारी को पत्र लिखिए।

**14. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 60 शब्दों में सूचना लिखिए–** $1 \times 4 = 4$

विद्यालय द्वारा चिकित्सा जाँच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। स्वास्थ्य संगठन के सचिव होने के नाते कक्षा छठी से बारहवीं तक के सभी विद्यार्थियों को इसकी सूचना तैयार कीजिए।

अथवा

आपकी कॉलोनी में मरम्मत का कार्य होने जा रहा है। सचिव होने के नाते सभी सदस्यों को इसकी जानकारी देने व कार्य में सहयोग देने का अनुरोध करते हुए सूचना जारी करें।

**15. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन लिखिए–** $1 \times 3 = 3$

अपने पुराने मकान को बेचने संबंधी विज्ञापन तैयार कीजिए।

अथवा

पुस्तक विक्रेता के लिए एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।

**16.** 'बुरे का फल बुरा ही मिलता है' विषय पर लघु कथा लगभग 100 शब्दों में लिखिए। $1 \times 5 = 5$

अथवा

समस्त औपचारिकताएँ पूर्ण करने पर भी आधार कार्ड न मिलने की शिकायत करते हुए संबंधित अधिकारी को लगभग 80 शब्दों में एक ई–मेल लिखिए।



CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP

# प्रतिदर्श प्रश्नपत्र 18

## कक्षा–10 परीक्षा 2024–25

## हिन्दी–ब (कोड–085)

**निर्धारित समय : 3 घंटे** **अधिकतम अंक : 80**

**सामान्य निर्देश :**

- इस प्रश्नपत्र में चार खंड हैं– क, ख, ग, और घ।
- खंड–क में अपठित गद्यांश से प्रश्न पूछे गए हैं, जिनके उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए दीजिए।
- खंड–ख में व्यावहारिक व्याकरण से प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
- खंड–ग पाठ्यपुस्तक पर आधारित है, निर्देशानुसार उत्तर दीजिए।
- खंड़–घ रचनात्मक लेखन पर आधारित है आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
- प्रश्न पत्र में कुल 16 प्रश्न हैं, सभी प्रश्न अनिवार्य है।
- यथासंभव सभी खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

---

## खंड–क (अपठित बोध)

**1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** 7

सच्ची देशभक्ति का मतलब केवल अपने देश के प्रति प्रेम व्यक्त करना नहीं, बल्कि अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करना है। जो व्यक्ति देश के लिए जान लड़ा देने का जज्बा रखता है, वह वास्तव में देशभक्त कहलाता है। देशभक्ति केवल युद्ध के समय में ही नहीं, बल्कि शांति के समय में भी महत्त्वपूर्ण है। एक सच्चे देशभक्त को अपने देश की समस्याओं और आवश्यकताओं के प्रति संवेदनशील होना चाहिए और उसे देश के विकास में योगदान देने के लिए हमेशा तत्पर रहना चाहिए। देश की उन्नति के लिए हर नागरिक का योगदान आवश्यक है। एक सच्चा देशभक्त वह होता है जो अपने काम को पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करता है। चाहे वह शिक्षक हो, सैनिक हो, या डॉक्टर, हर किसी को अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। एक सच्चे देशभक्त की पहचान उसके कार्यों से होती है, जो देश के विकास और कल्याण में सहायक होते हैं। आज के समय में देशभक्ति का महत्त्व और भी बढ़ गया है। जब हर कोई अपने स्वार्थ में लगा है, तब देश के प्रति समर्पण और त्याग का महत्त्व समझना आवश्यक है। हमें अपने देश के प्रति निष्ठा और सम्मान का भाव रखना चाहिए और इसे एक बेहतर स्थान बनाने के लिए निरंतर प्रयास करना चाहिए। देशभक्ति से ही समाज में एकता, सुरक्षा, और स्थिरता का निर्माण होता है।

(क) उपर्युक्त गद्यांश का मुख्य विषय क्या है?

i. देशभक्ति का महत्त्व

ii. शांति के समय में योगदान

iii. नागरिक की जिम्मेदारी

iv. विकास का महत्त्व

CLICK HERE TO SEE ANSWERS

(ख) जो व्यक्ति देश के लिए जान लड़ा देने का जज्बा रखता है, वह वास्तव में देशभक्त कहलाता है– पंक्ति से क्या आशय है?

i. देश के लिए त्याग करना
ii. देश के लिए केवल प्रेम व्यक्त करना
iii. देश के प्रति निष्ठा का भाव न रखना
iv. देश के विकास के प्रति उदासीन रहना

(ग) निम्नलिखित कथन और निष्कर्ष को ध्यान से पढ़कर दिए गए विकल्प से सही उत्तर चुनकर लिखिए:
कथन : एक सच्चा देशभक्त अपने कर्तव्यों का पालन करता है।
निष्कर्ष : देशभक्ति केवल युद्ध के समय में जरूरी होती है।

i. कथन सही है, लेकिन निष्कर्ष गलत है।
ii. कथन और निष्कर्ष दोनों सही हैं।
iii. कथन गलत है और निष्कर्ष सही है।
iv. कथन और निष्कर्ष दोनों गलत हैं।

(घ) सच्ची देशभक्ति का महत्त्व क्यों है?

(ङ) देश के विकास के लिए नागरिक का क्या योगदान हो सकता है?

**2. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** 7

स्वास्थ्य सेवाओं की कमी एक प्रमुख वैश्विक समस्या बनती जा रही है, जो विशेष रूप से विकासशील देशों में लोगों के जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रही है। कई देशों में, अपर्याप्त चिकित्सा सुविधाओं, प्रशिक्षित डॉक्टरों की कमी और आधुनिक उपकरणों के अभाव के कारण लोग बुनियादी स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित हैं। इस स्थिति को और गंभीर बनाता है बढ़ती जनसंख्या, जिससे चिकित्सा संसाधनों पर अधिक दबाव पड़ता है। साथ ही, दूषित जल और खराब स्वच्छता भी स्वास्थ्य समस्याओं में वृद्धि का कारण बनते हैं, जिनका समाधान करने के लिए प्रभावी स्वास्थ्य सेवाओं की सख्त जरूरत है। इसके अलावा, स्वास्थ्य सेवाओं की बढ़ती लागत के कारण गरीब वर्ग के लोगों के लिए इलाज कराना और भी कठिन हो गया है। इस संकट से निपटने के लिए कई देश और अंतरराष्ट्रीय संगठन स्वास्थ्य क्षेत्र में निवेश कर रहे हैं। मोबाइल स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार, टेलीमेडिसिन का उपयोग, और ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सा सुविधाओं को बढ़ावा देने के लिए कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त, स्वास्थ्यकर्मियों के प्रशिक्षण और स्वास्थ्य जागरूकता अभियानों पर भी जोर दिया जा रहा है। स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता बढ़ाना एक वैश्विक जिम्मेदारी है और इसके लिए सहयोग और निरंतर प्रयासों की आवश्यकता है, ताकि सभी को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएँ मिल सकें।

(क) उपर्युक्त गद्यांश का मुख्य विषय क्या है?

i. शिक्षा संकट
ii. पर्यावरण संकट
iii. स्वास्थ्य सेवाओं की कमी
iv. जलवायु संकट

CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP

(ख) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। दिए गए विकल्पों में से एक सही विकल्प चुनकर लिखिए:

कथन (A) : टेलीमेडिसिन का उपयोग ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देने के लिए किया जा रहा है।

कारण (R) : टेलीमेडिसिन केवल शहरी क्षेत्रों में ही प्रभावी है।

i. कथन (A) सही है, कारण (R) गलत है।

ii. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।

iii. कथन (A) सही है, और कारण (R) उसकी सही व्याख्या है।

iv. कथन (A) गलत है किन्तु कारण (R) सही है।

(ग) स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए कौन–सा तरीका अपनाया जा रहा है?

i. मोबाइल स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार

ii. चिकित्सा बजट को घटाना

iii. स्वास्थ्यकर्मियों की संख्या को कम करना

iv. स्वास्थ्य सेवाओं का निजीकरण

(घ) स्वास्थ्य सेवाओं की कमी के समाधान के लिए कौन–कौन से संगठन कार्यरत हैं?

(ङ) स्वास्थ्य सेवाओं की कमी का समाज पर क्या प्रभाव पड़ता है?

## खंड–ख (व्यावहारिक व्याकरण)

**3.** **'पदबंध' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** $4 \times 1 = 4$

(क) एक घटना का जिक्र महाकवि शेख ने अपनी आत्मकथा में किया है– वाक्य में से संज्ञा पदबंध चुनकर लिखिए

(ख) वाक्य में पदबंध का उपयोग कैसे इसे वर्णनात्मक बनाता है? तीन पदबंधों का उपयोग करते हुए एक उदाहरण दीजिए।

(ग) सदियों से चली आने वाली परंपराएँ पल भर में टूट गईं– वाक्य में रेखांकित पदबंध का भेद लिखिए।

(घ) यह वही कुत्ता है, जिसे नूह ने दुत्कार दिया था– वाक्य में पदबंध का भेद बताते हुए कारण भी स्पष्ट कीजिए।

(ङ) क्रिया पदबंध का एक उदाहरण देकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।

**4.** **'रचना के आधार पर वाक्य रूपांतरण' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** $4 \times 1 = 4$

(क) भाई साहब उपदेश देने की कला में निपुण थे– वाक्य का भेद लिखिए।

(ख) बगल के कमरे में जाकर कुछ बर्तन लाकर तौलिए से साफ़ किए– मिश्र वाक्य में रूपांतरित कीजिए।

(ग) मिश्र वाक्य को पहचानने का एक तरीका बताइए और इसका उदाहरण दीजिए।

(घ) "गाड़ी तेज चल रही थी।" इस वाक्य को सरल वाक्य मानते हुए इसकी संरचना समझाइए।

(ङ) हीराबाई का अभिनय इतना प्रभावी था कि दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए– वाक्य का भेद बताते हुए कारण स्पष्ट कीजिए।

CLICK HERE TO SEE ANSWERS

**5.** **'समास' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** $4 \times 1 = 4$

(क) समास का निर्माण किस प्रकार किया जाता है?

(ख) तत्पुरुष समास के विशेष लक्षण क्या हैं? एक उदाहरण दीजिए।

(ग) 'यथोचित' अव्ययीभाव समास है कैसे?

(घ) 'पाप–पुण्य' सामासिक पद का विग्रह करते हुए भेद लिखिए।

(ङ) बहुव्रीहि समास और कर्मधारय समास में अंतर बताते हुए एक उदाहरण दीजिए।

**6.** **'मुहावरे' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** $4 \times 1 = 4$

(क) ततँारा की छवि बार–बार वामीरो की .................... रही थी। (उपयुक्त मुहावरे द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।)

(ख) 26 जनवरी के दिन प्रदर्शनकारियों की बहादुरी को देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा था जैसे वे ........... ........ दिखा रहे हों। (उपयुक्त मुहावरे द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।)

(ग) भाई साहब ने कहा, "तुम्हारा टाइम–टेबल बनाना और उस पर न चलना हवा में महल बनाना जैसा है।" पंक्ति से मुहावरा चुनकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।

(घ) 'शेर का दिल रखना' और 'दिल छोटा करना' मुहावरे में अंतर स्पष्ट कीजिए।

(ङ) 'अपना पल्ला झाड़ना' मुहावरे का वाक्य बनाइए।

## खंड–ग (पाठ्यपुस्तक)

**7.** **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर सर्वाधिक उचित विकल्प से चुनकर लिखिए–** $5 \times 1 = 5$

मैं यह लताड़ सुनकर आँसू बहाने लगता। जवाब ही क्या था। अपराध तो मैंने किया, लताड़ कौन सहे? भाई साहब उपदेश की कला में निपुण थे। ऐसी–ऐसी लगती बातें कहते, ऐसे–ऐसे सूक्ति–बाण चलाते कि मेरे जिगर के टुकड़े–टुकड़े हो जाते और हिम्मत टूट जाती थी। इस तरह जान तोड़कर मेहनत करने की शक्ति मैं अपने में न पाता था और उस निराशा में जरा देर के लिए मैं सोचने लगता– 'क्यों न घर चला जाऊँ। जो काम मेरे बूते के बाहर है, उसमें हाथ डालकर क्यों अपनी जिंदगी खराब करूँ।' मुझे अपना मूर्ख रहना मंजूर था, लेकिन इतनी मेहनत से मुझे तो चक्कर आ जाता था, लेकिन घंटे–दो–घंटे के बाद निराशा के बादल फट जाते और मैं इरादा करता कि आगे से खूब जी लगाकर पढ़ूँगा। झटपट एक टाइम–टेबिल बना डालता। बिना पहले से नक्शा बनाए कोई स्कीम तैयार किए काम कैसे शुरू करूँ। टाइम–टेबिल में खेलकूद की मद बिलकुल उड़ जाती।

(क) ''ऐसी–ऐसी लगती बातें कहते, ऐसे–ऐसे सूक्ति–बाण चलाते कि मेरे जिगर के टुकड़े–टुकड़े हो जाते और हिम्मत टूट जाती।'' कथन के माध्यम से ज्ञात होता है कि भाई साहब

i. उपदेश देने की कला में निपुण थे

ii. चित्रकारी की कला में निपुण थे

iii. बहस की कला में निपुण थे

iv. बातचीत की कला में निपुण थे

CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP

(ख) लेखक द्वारा आँसू बहाने का क्या कारण था?
i. कक्षा में अनुत्तीर्ण होना
ii. भाई का उपदेश देना
iii. भाई द्वारा घर वापस भेजना
iv. भाई की डाँट सुनना

(ग) भाई साहब की डाँट सुनने के बाद निराश हुआ छोटा भाई क्या सोचने लगता था?
i. पढ़ाई मन लगाकर करूँगा
ii. घर वापस चला जाऊँ
iii. पुनः खेल खेलने चला जाऊँ
iv. पढ़ाई करना छोड़ दूँ

(घ) भाई साहब उपदेश की कला में निपुण थे– पंक्ति में 'निपुण' का क्या अर्थ है?
i. विशेषज्ञ
ii. रूचि रखने वाला
iii. कमजोर
iv. आलसी

(ङ) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यान से पढ़िए तथा सर्वाधिक उचित विकल्प को चुन कर लिखिए:
कथन (A) : लेखक घर वापस चले जाने के बारे में सोचने लगता था।
कारण (R) : लेखक का मन पढ़ाई में बिलकुल भी नहीं लगता था।
i. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।
ii. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं।
iii. कथन (A) गलत है तथा कारण (R) सही है।
iv. कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

**8.** **गद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए–** **$3 \times 2 = 6$**

(क) जीवन कैसे घरों में सिमटने लगा है?

(ख) ततँारा वामीरो पाठ में लेखक ने तत्कालीन समाज की किस परंपरा को उभारा है?

(ग) कर्नल द्वारा जंगल में खेमा लगाने का क्या उद्देश्य था?

(घ) मकानों को सजाने का क्या कारण था?

**9.** **निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए–** **$5 \times 1 = 5$**

हरि आप हरो जन री भीर।
द्रोपदी री लाज राखी, आप बढ़ायो चीर।
भगत कारण रूप नरहरि, धर्यो आप सरीर।
बूढ़तो गजराज राख्यो, काटी कुण्जर पीर।
दासी मीराँ लाल गिरधर, हरो म्हारी भीर।।

CLICK HERE TO SEE ANSWERS

(क) 'काटी कुण्जर पीर' से क्या तात्पर्य है?
i. हाथी को काटने की पीड़ा
ii. हाथी को मोक्ष प्रदान किया
iii. हाथी को पीड़ा से मुक्त किया
iv. हाथों के पाँव को काटा

(ख) ''द्रौपदी री लाज राखी, आप बढ़ायो चीर'' का आशय है
i. हरि का यहाँ साड़ी (चीर) से कोई संबंध नहीं है
ii. द्रौपदी के वस्त्र को बढ़ाकर आपने उसकी रक्षा की
iii. द्रौपदी के चीर हरण के समय उसकी लाज रखने के लिए श्रीकृष्ण ने उसके चीर (साड़ी) को बढ़ाया
iv. उपर्युक्त में से कोई नहीं

(ग) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्प में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।
अभिकथन (A) : मीरा भगवान से अपने दुख दूर करने की प्रार्थना करती हैं।
कारण (R) : मीरा को विश्वास है कि भगवान ने अतीत में अपने भक्तों की रक्षा की है।
i कथन (A) गलत है, किन्तु कारण (R) सही है।
ii कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।
iii कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।
iv कथन (A) सही है किन्तु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(घ) 'भगत कारण रूप नरहरि, धर्यो आप सरीर' पद्यांश की इस पंक्ति के माध्यम से कवयित्री कहना चाहती है कि
i. भक्त के लिए आपको नरसिंह बनना पड़ा
ii. नरसिंह का रूप भक्त की सेवा के लिए धारण करना पड़ा
iii. भक्त की रक्षा के लिए आपने (श्रीकृष्ण ने) भगवान नरसिंह का रूप धारण किया
iv. इनमें में से कोई नहीं

(ङ) मीरा अपने साथ–साथ सामान्य जन की पीड़ा हरने के लिए भी श्रीकृष्ण से प्रार्थना करती है। इससे कवयित्री की कौन–सी भावना प्रकट होती है?
i. ईर्ष्या
ii. परोपकार
iii. भक्ति
iv. सहज

**10.** **काव्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25–30 शब्दों में लिखिए–** $3 \times 2 = 6$

(क) कवि ने तालाब की समानता किसके साथ दिखाई है और क्यों?
(ख) निंदक हमारा सबसे बड़ा हितैषी कैसे होता है?
(ग) 'आत्मत्राण' कविता में कवि ने 'भार' शब्द का प्रयोग किसलिए किया है?
(घ) कुरबानियों की राह वीरान न हो–इसके लिए क्या करना पड़ेगा?

CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP

**11.** **पूरक पुस्तक 'संचयन' पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 40-50 शब्दों में लिखिए-** $2 \times 3 = 6$

(क) ''नौवीं कक्षा में दो बार अनुत्तीर्ण होने पर टोपी अपने परिवार एवं सहपाठियों के साथ-साथ शिक्षकों के लिए भी उपहास का पात्र बन गया था।''
नौंवी कक्षा में दो बार अनुत्तीर्ण होने वाले टोपी की भावनात्मक परेशानियों को देखते हुए शिक्षा व्यवस्था में किए जाने वाले आवश्यक बदलावों हेतु अपने शब्दों में कुछ सुझाव लिखिए।

(ख) वर्दी तथा परेड के उत्साह से लेखक को ऐसा लगता है कि वह भी एक फौजी है। 'सपनों के-से दिन' पाठ के आधार पर लेखक की मनोदशा का वर्णन कीजिए।

(ग) 'ठाकुरबारी के भीतर महंत और उनके कुछ चंद विश्वासी साधु सादे और लिखे कागजों पर अनपढ़ हरिहर काका के अँगूठे के निशन जबरन ले रहे थे। हरिहर काका तो महंत के इस व्यवहार में जैसे आसमान से जमीन पर आ गए थे। उन्होंने सपने में भी नहीं सोचा था कि महंत जी इस रूप में भी आएँगे।
'हरिहर काका' कहानी में ठाकुरबारी में साधु-महंतों द्वारा हरिहर काका के हिस्से की जमीन को अपने नाम लिखवाने के लिए दबाव डाला जाता है। इससे साधु-महंतों की कैसी भावना झलकती है? पाठ के माध्यम से स्पष्ट कीजिए।

## खंड-घ (रचनात्मक लेखन)

**12.** **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत-बिन्दुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए-** $1 \times 5 = 5$

(i) **देश प्रेम**
- देश के प्रति प्रेमभाव
- बलिदान की भावना
- भ्रष्टाचार खत्म करने के लिए संघर्ष करना
- देश की छवि उज्जवल करने का प्रयास

(ii) **आधुनिक जीवन में मोबाइल**
- आज की आवश्यकता
- युवाओं में मोबाइल की बढ़ती होड़
- हानियाँ
- सुझाव

(iii) **बुरा जो देखन मैं चला**
- निंदा करना एक आम दुर्गुण
- सामान्य जीवन से उदाहरण
- दोष सुधार कैसे?

CLICK HERE TO SEE ANSWERS

**13.** **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए–** $1 \times 5 = 5$

रेलयात्रा के दौरान रेल में मिलने वाले भोजन के आपत्तिजनक, न्यून स्तर की शिकायत करते हुए रेलवे पुलिस अधीक्षक को एक पत्र लिखिए।

अथवा

अपने क्षेत्र में पेड़–पौधों के अनियंत्रित कटाव को रोकने के लिए जिलाधिकारी को एक पत्र लिखिए।

**14.** **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 60 शब्दों में सूचना लिखिए–** $1 \times 4 = 4$

आपके विद्यालय द्वारा एक शैक्षिक भ्रमण का आयोजन किया जा रहा है। उसका विवरण देते हुए, विद्यालय के प्रबंधक की ओर से सूचना जारी करें।

अथवा

आपके विद्यालय में नेत्र चिकित्सा शिविर लगाया जा रहा है। प्रधानाचार्य की ओर से छात्रों को इसकी सूचना जारी करें।

**15.** **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन लिखिए–** $1 \times 3 = 3$

आप अपना पुराना फर्नीचर बेचना चाहते हैं। इसके लिए एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

अथवा

आप एक अच्छे चित्रकार हैं। अपने चित्रों की प्रदर्शनी के लिए एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

**16.** 'मन के हारे हार, मन के जीते जीत' विषय पर लघु कथा लगभग 100 शब्दों में लिखिए। $1 \times 5 = 5$

अथवा

आप कुछ दिनों के लिए विदेश जा रहे हैं। इस दौरान आने वाली अपनी डाक को डाकघर में ही सँभालकर रखने के लिए प्रार्थना करते हुए डाक अधिकारी को लगभग 80 शब्दों में एक ई–मेल लिखिए।

www.nodia.in

CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP

# प्रतिदर्श प्रश्नपत्र 19

## कक्षा–10 परीक्षा 2024–25

## हिन्दी–ब (कोड–085)

**निर्धारित समय : 3 घंटे** **अधिकतम अंक : 80**

**सामान्य निर्देश :**

- इस प्रश्नपत्र में चार खंड हैं– क, ख, ग, और घ।
- खंड–क में अपठित गद्यांश से प्रश्न पूछे गए हैं, जिनके उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए दीजिए।
- खंड–ख में व्यावहारिक व्याकरण से प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
- खंड–ग पाठ्यपुस्तक पर आधारित है, निर्देशानुसार उत्तर दीजिए।
- खंड़–घ रचनात्मक लेखन पर आधारित है आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
- प्रश्न पत्र में कुल 16 प्रश्न हैं, सभी प्रश्न अनिवार्य है।
- यथासंभव सभी खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

---

## खंड–क (अपठित बोध)

**1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** 7

संस्कृति किसी भी समाज की पहचान होती है। यह हमारे जीवन के मूल्यों, विश्वासों, और परंपराओं को दर्शाती है। संस्कृति का महत्त्व केवल सामाजिक जीवन में ही नहीं, बल्कि व्यक्तिगत विकास में भी है। संस्कृति की जड़ें गहरी होती हैं क्योंकि यह हमारी सोच, हमारे व्यवहार और हमारे जीवन के हर पहलू को प्रभावित करती है और हमारे व्यक्तित्व को आकार देती है। हमारी संस्कृति में हमें एक–दूसरे का सम्मान करना, बड़ों का आदर करना और छोटे बच्चों को स्नेह देना सिखाया जाता है। हर समाज की संस्कृति उसकी विशेषता होती है, जो उसे अन्य समाजों से अलग बनाती है। भारतीय संस्कृति विविधता में एकता की मिसाल है, जहाँ हर क्षेत्र की अपनी अनोखी परंपराएँ और मान्यताएँ हैं। यह हमें विभिन्न संस्कृतियों के साथ मिलकर चलने की शिक्षा देती है। आज के वैश्विक युग में, जहाँ हर समाज पर पश्चिमी संस्कृति का प्रभाव बढ़ रहा है, अपनी संस्कृति को बनाए रखना और उसका सम्मान करना और भी महत्त्वपूर्ण हो गया है। हमें अपनी संस्कृति का पालन करते हुए आधुनिकता को अपनाना चाहिए। इससे हम अपने मूल्यों को खोए बिना विकास कर सकते हैं। संस्कृति हमें न केवल एक–दूसरे से जोड़ती है, बल्कि हमें समाज में एक स्थिरता भी प्रदान करती है।

(क) उपर्युक्त गद्यांश का मुख्य विषय क्या है?

i. संस्कृति का महत्त्व
ii. आधुनिकता और परंपरा
iii. सामाजिक जीवन के मूल्य
iv. संस्कृति की विशेषताएँ

CLICK HERE TO SEE ANSWERS

(ख) संस्कृति की जड़ें गहरी होती हैं– पंक्ति से क्या आशय है?
  i. संस्कृति बदलती रहती है
  ii. संस्कृति का असर लंबे समय तक रहता है
  iii. संस्कृति का कोई महत्त्व नहीं है
  iv. संस्कृति केवल त्योहारों तक सीमित है

(ग) निम्नलिखित कथन और निष्कर्ष को ध्यान से पढ़कर दिए गए विकल्प से सही उत्तर चुनकर लिखिए:
कथन : भारतीय संस्कृति विविधता में एकता का प्रतीक है।
निष्कर्ष : भारतीय समाज में एक ही परंपरा का पालन होता है।
  i. कथन सही है, लेकिन निष्कर्ष गलत है।
  ii. कथन और निष्कर्ष दोनों सही हैं।
  iii. कथन गलत है और निष्कर्ष सही है।
  iv. कथन और निष्कर्ष दोनों गलत हैं।

(घ) संस्कृति का जीवन में क्या महत्त्व है?

(ङ) संस्कृति को बनाए रखना क्यों आवश्यक है?

**2. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** 7

राजनीतिक स्थिरता किसी भी देश के विकास और समृद्धि के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। राजनीतिक अस्थिरता के कारण आर्थिक विकास पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है, जिससे निवेशकों का विश्वास कम हो सकता है। इसके अलावा, राजनीतिक अस्थिरता के चलते सरकारी योजनाएँ और नीतियाँ प्रभावी रूप से लागू नहीं हो पातीं, जिससे देश के नागरिकों को कई बुनियादी सुविधाओं का अभाव सहना पड़ता है। राजनीतिक अस्थिरता से देश में सामाजिक असुरक्षा बढ़ जाती है और नागरिकों के बीच असंतोष फैल सकता है, जो लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को कमजोर करता है। इससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश की छवि भी प्रभावित होती है, जिससे विदेशी निवेश पर भी असर पड़ता है।

राजनीतिक स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए पारदर्शिता, जवाबदेही और भ्रष्टाचार–निरोधी उपायों पर ध्यान देना आवश्यक है। कई देशों में सरकारें राजनीतिक स्थिरता बढ़ाने के लिए मजबूत न्यायपालिका, स्वतंत्र मीडिया, और नागरिकों के अधिकारों की रक्षा के उपाय कर रही हैं। इसके अतिरिक्त, लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को बढ़ावा देना और चुनावी सुधार करना भी राजनीतिक स्थिरता में सहायक होते हैं। स्थिर राजनीति किसी देश के विकास का आधार है, और इसके लिए नागरिकों, सरकार, और विभिन्न संस्थानों का सहयोग अनिवार्य है।

(क) उपर्युक्त गद्यांश का मुख्य विषय क्या है?
  i. आर्थिक विकास
  ii. राजनीतिक स्थिरता
  iii. सामाजिक असमानता
  iv. न्यायिक प्रक्रिया

CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP

(ख) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। दिए गए विकल्पों में से एक सही विकल्प चुनकर लिखिए:

कथन (A) : राजनीतिक अस्थिरता के कारण देश में निवेश कम हो सकता है।

कारण (R) : राजनीतिक अस्थिरता से निवेशकों का विश्वास कमजोर हो जाता है।

i. कथन (A) सही है, कारण (R) गलत है।

ii. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।

iii. कथन (A) सही है, और कारण (R) उसकी सही व्याख्या है।

iv. कथन (A) गलत है किन्तु कारण (R) सही है।

(ग) राजनीतिक स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए कौन–सा उपाय अपनाया जा रहा है?

i. जवाबदेही और पारदर्शिता को बढ़ावा देना

ii. सरकार में भ्रष्टाचार बढ़ाना

iii. न्यायिक प्रक्रिया को कमजोर करना

iv. आर्थिक अस्थिरता को प्रोत्साहित करना

(घ) राजनीतिक अस्थिरता का नागरिकों पर क्या प्रभाव पड़ता है?

(ङ) राजनीतिक स्थिरता से देश के आर्थिक विकास पर क्या असर पड़ता है?

## खंड–ख (व्यावहारिक व्याकरण)

**3. 'पदबंध' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** $4 \times 1 = 4$

(क) बड़े भाई साहब बहुत बुद्धिमान, समझदार और गंभीर स्वभाव के व्यक्ति थे– वाक्य में से विशेषण पदबंध चुनकर लिखिए।

(ख) विशेषण पदबंध का उपयोग वाक्य में विशेषता बढ़ाने के लिए कैसे किया जाता है? एक वाक्य बनाकर समझाइए।

(ग) शैलेंद्र के गीतों की भाव प्रवणता देखते ही बनती है– वाक्य में रेखांकित पदबंध का भेद लिखिए।

(घ) सुलेमान अपनी मंजिल की ओर बढ़ गए– वाक्य में पदबंध का भेद बताते हुए कारण भी स्पष्ट कीजिए।

(ङ) सर्वनाम पदबंध का एक उदाहरण देकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।

**4. 'रचना के आधार पर वाक्य रूपांतरण' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** $4 \times 1 = 4$

(क) भाई साहब फेल हो गए, मैं पास हो गया और दरजे में प्रथम आया– वाक्य का भेद लिखिए।

(ख) परिश्रमी मनुष्य के लिए इस संसार में कुछ भी दुर्लभ नहीं है– मिश्र वाक्य में रूपांतरित कीजिए।

(ग) सरल वाक्य के लिए "नीला आसमान" का उपयोग करते हुए एक वाक्य बनाइए।

(घ) मिश्र वाक्य में प्रयुक्त "ताकि" और "क्योंकि" के उपयोग को एक वाक्य में समझाइए।

(ङ) टोपी शुक्ला ने अपने हर काम में सच्चाई और ईमानदारी को प्राथमिकता दी– वाक्य का भेद बताते हुए कारण स्पष्ट कीजिए।

CLICK HERE TO SEE ANSWERS

**5. 'समास' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** $4 \times 1 = 4$

(क) समास का निर्माण करते समय शब्दों का संक्षिप्त रूप क्यों अपनाया जाता है?

(ख) द्वंद्व समास की विशेषता बताते हुए एक उदाहरण दीजिए।

(ग) 'यथावकाश' अव्ययीभाव समास है कैसे?

(घ) 'कर्मफल' का अर्थ और प्रकार बताइए।

(ङ) द्विगु समास और द्वंद्व समास के बीच अंतर स्पष्ट कीजिए और एक उदाहरण दीजिए।

**6. 'मुहावरे' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** $4 \times 1 = 4$

(क) हरिहर काका के भाइयों ने उन्हें अपने पक्ष में करने के लिए .................... बहाए। (उपयुक्त मुहावरे द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।)

(ख) तताँरा और वामीरो के प्रेम की खबर .................... गई। (उपयुक्त मुहावरे द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।)

(ग) मोनुमेंट पर झंडा फहराने की घटना पर टिप्पणी करते हुए किसी ने कहा, "उनका कार्य वास्तव में जान हथेली पर रखने के बराबर है।" पंक्ति से मुहावरा चुनकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।

(घ) 'लकीर का फकीर होना' और 'सिर पर आसमान टूटना' मुहावरे में अंतर स्पष्ट कीजिए।

(ङ) 'नाक रगड़ना' मुहावरे का वाक्य बनाइए।

## खंड–ग (पाठ्यपुस्तक)

**7. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर सर्वाधिक उचित विकल्प से चुनकर लिखिए–** $5 \times 1 = 5$

एक शाम तताँरा दिनभर के अथक परिश्रम के बाद समुद्र किनारे टहलने निकल पड़ा। सूरज समुद्र से लगे क्षितिज तले डूबने को था। समुद्र से ठंडी बयारें आ रही थीं। पक्षियों की सांयकालीन चहचहाहटें शनैः शनैः क्षीण होने को थीं। उसका मन शांत था। विचारमग्न तताँरा समुद्र की बालू पर बैठकर सूरज की अंतिम रंग–बिरंगी किरणों को समुद्र पर निहारने लगा। तभी कहीं पास से उसे मधुर गीत गूंजता सुनाई दिया। गीत मानो बहता हुआ उसकी तरफ आ रहा हो। बीच–बीच में लहरों का संगीत सुनाई देता। गायन इतना प्रभावी था कि वह अपनी सुध–बुध खोने लगा। लहरों के एक प्रबल वेग ने उसकी तंद्रा भंग की। चैतन्य होते ही वह उधर बढ़ने को विवश हो उठा जिधर से वह अब भी बह रहा था। गीत के स्वर बह रहे थे। वह विकल सा उस तरफ़ बढ़ता गया। अंततः उसकी नजर एक युवती पर पड़ी जो ढलती हुई शाम के सौंदर्य में बेसुध, एकटक समुद्र की देह पर डूबते आकर्षक रंगों को निहारते हुए गा रही थी। यह एक श्रृंगार गीत था।

(क) तताँरा शाम को समुद्र किनारे क्यों गया था?

i. तैराकी करने के लिए

ii. सूर्यास्त देखने के लिए

iii. दिनभर के परिश्रम के बाद टहलने

iv. पक्षियों को देखने के लिए

CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP

(ख) ततँारा को समुद्र किनारे किसकी आवाज सुनाई दी?
i. लहरों की गर्जना
ii. किसी पक्षी की आवाज
iii. मधुर गीत
iv. किसी व्यक्ति की पुकार

(ग) गीत की ध्वनि का ततँारा पर क्या प्रभाव पड़ा?
i. वह डर गया
ii. वह चैतन्य हो गया
iii. वह अपनी सुध–बुध खोने लगा
iv. वह नाचने लगा

(घ) लहरों के एक प्रबल वेग ने उसकी तंद्रा भंग की– पंक्ति में 'तंद्रा' का क्या अर्थ है?
i. थकान
ii. नींद
iii. ध्यान
iv. चेतना

(ङ) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यान से पढ़िए तथा सर्वाधिक उचित विकल्प को चुन कर लिखिए:
कथन (A) : ततँारा ने सूर्य की अंतिम किरणों का आनंद लिया।
कारण (R) : वह शाम के समय अक्सर समुद्र किनारे टहलने जाया करता था।
i. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।
ii. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं।
iii. कथन (A) गलत है तथा कारण (R) सही है।
iv. कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

**8.** **गद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25–30 शब्दों में लिखिए–** **$3 \times 2 = 6$**

(क) 26 जनवरी 1931 के दिन को अमर बनाने के लिए क्या–क्या तैयारियाँ की गईं?

(ख) छोटे भाई ने अपनी पढ़ाई का टाइम–टेबल बनाते समय क्या–क्या सोचा और फिर उसका पालन क्यों नहीं कर पाया?

(ग) शैलेंद्र की फ़िल्म की कहानी सुनकर राजकपूर ने क्या कहा और शैलेंद्र किस उलझन में पड़ गए?

(घ) चींटियों ने सुलेमान के लिए दुआ क्यों कि?

**9.** **निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए–** **$5 \times 1 = 5$**

राह कुर्बानियों की न वीरान हो
तुम सजाते ही रहना नए काफिले
फतह का जश्न इस जश्न के बाद है
जिंदगी मौत से मिल रही है गले
बाँध लो अपने सर से कफन साथियों
अब तुम्हारे हवाले वतन साथियों

CLICK HERE TO SEE ANSWERS

(क) 'नए काफिले' से क्या तात्पर्य है?
i. तीर्थयात्रियों की टोली
ii. युद्ध के लिए तैयार सैनिकों की टोली
iii. नए बलिदानी देशभक्तों की टोली
iv. युद्ध का प्रशिक्षण नए सैनिकों की टोली

(ख) प्रस्तुत पद्यांश में सैनिक किसे सजाने की बात कर रहा है?
i. भारत माता के मस्तक को
ii. जश्न मनाने वालों को
iii. देश की कुर्बानियों को
iv. बलिदानी सैनिकों के जत्थों को

(ग) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्प में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।
अभिकथन (A) : कवि का मानना है कि स्वतंत्रता और विजय के मार्ग पर बलिदान अनिवार्य हैं।
कारण (R) : स्वतंत्रता का मार्ग कठिनाइयों से मुक्त होता है और उसे हासिल करना सरल होता है।
i कथन (A) गलत है, किन्तु कारण (R) सही है।
ii कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।
iii कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।
iv कथन (A) सही है किन्तु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(घ) 'राह कुर्बानियों की न वीरान हो' पंक्ति का क्या आशय है?
i. सैनिक देश के बारे में सोचते रहे
ii. बलिदानी सैनिकों की परंपरा बनी रहे
iii. सैनिक सोच–समझकर आगे बढ़े
iv. बलिदानी सैनिक आगे बढ़ने की सोच में रहे

(ङ) 'सिर पर कफन बाँधना' किस ओर संकेत करता है?
i. जीवित रहने की ओर
ii. सिर बजाने की ओर
iii. देश पर बलिदान होने की ओर
iv. सिर पर मुकुट बाँधने की ओर

**10. काव्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25–30 शब्दों में लिखिए–** $3 \times 2 = 6$

(क) कवि ने दधीचि और रंतिदेव के नामों का उल्लेख करके हमें किस बात की प्रेरणा दी है?
(ख) 'सहस्र दृग–सुमन' से क्या तात्पर्य है? कवि ने इस पद का प्रयोग किसके लिए किया होगा?
(ग) मीराबाई की भाषा शैली पर प्रकाश हालिए।
(घ) 'आत्मत्राण' कविता से हमें क्या संदेश मिलता है?

CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP

**11.** **पूरक पुस्तक 'संचयन' पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 40-50 शब्दों में लिखिए-** $2 \times 3 = 6$

(क) ''दरअसल, बहुत सारी बातें ऐसी होती हैं, जिनकी जानकारी बिना बताए ही लोगों को मिल जाती है।'' क्या आप इस कथन से सहमत हैं? यदि हाँ तो क्यों? 'हरिहर काका' के पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए।

(ख) ''बालमन 'स्वार्थ' से चलायमान न होकर 'अपनेपन' से चलायमान होता है। यही अपनापन मानव-मानव के मध्य सद्भाव का जनक माना जाता है।'' टोपी शुक्ला के इफ्फन की दादी एवं घर की नौकरानी सीता के साथ संबंधों के परिप्रेक्ष्य में उपर्युक्त कथन की विवेचना कीजिए।

(ग) 'सपनों के-से दिन' पाठ में लेखक को कब लगता कि वह भी एक फौजी है? कारण सहित लिखिए।

## खंड-घ (रचनात्मक लेखन)

**12.** **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत-बिन्दुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए-** $1 \times 5 = 5$

(i) **सिनेमा व युवा पीढ़ी**
- भूमिका
- युवा पीढ़ी पर सकारात्मक प्रभाव
- युवा पीढ़ी पर नकारात्मक प्रभाव
- उपसंहार

(ii) **स्मार्ट क्लास की उपयोगिता**
- छात्रों की अधिक सक्रियता
- विषयवस्तु का अधिगम
- कम समय में अधिक जानकारी प्राप्त करना
- छात्रों पर प्रभाव

(iii) **लड़का-लड़की एक समान**
- समाज में लड़का-लड़की के प्रति दृष्टिकोण
- लड़की के प्रति दृष्टिकोण को बदलना
- समाज में दोनों की समानता
- लड़कियो के प्रति भेदभाव की समाप्ति

**13.** **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए-** $1 \times 5 = 5$

नगर में कल-कारखानों से प्रदूषण में हो रही वृद्धि पर चिंता व्यक्त करते हुए किसी दैनिक समाचार पत्र के संपादक को एक पत्र लिखिए।

अथवा

विद्यालय से आर्थिक सहायता की माँग करते हुए प्रधानाचार्य को एक प्रार्थना पत्र लिखिए।

CLICK HERE TO SEE ANSWERS

**14.** **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 60 शब्दों में सूचना लिखिए–** $1 \times 4 = 4$

प्रधानाचार्य की ओर से विद्यालय में स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित होने जा रही खेल प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु सूचना लिखिए

अथवा

होली के अवसर पर आपकी सोसाइटी 'लक्ष्मी' में हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन हो रहा है। सचिव होने के नाते सूचना जारी करें

**15.** **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन लिखिए–** $1 \times 3 = 3$

एक साइकिल कंपनी किशोरों के लिए नया उत्पाद बाजार में लाना चाहती है। उसके लिए एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

अथवा

देश की जनता को 'मतदान अधिकार' के प्रति जागरूक करने के लिए मुख्य निर्वाचन आयुक्त कार्यालय की ओर से एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

**16.** 'सज्जन की खोज' विषय पर लघु कथा लगभग 100 शब्दों में लिखिए। $1 \times 5 = 5$

अथवा

अपने क्षेत्र में एक पार्क विकसित करने के लिए सभी कॉलोनीवासियों की ओर से नगर निगम अधिकारी को एक 80 शब्दों में ईमेल लिखिए।

www.nodia.in

CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP

# प्रतिदर्श प्रश्नपत्र 20

## कक्षा–10 परीक्षा 2024–25

## हिन्दी–ब (कोड–085)

**निर्धारित समय : 3 घंटे** **अधिकतम अंक : 80**

**सामान्य निर्देश :**

- इस प्रश्नपत्र में चार खंड हैं– क, ख, ग, और घ।
- खंड–क में अपठित गद्यांश से प्रश्न पूछे गए हैं, जिनके उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए दीजिए।
- खंड–ख में व्यावहारिक व्याकरण से प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
- खंड–ग पाठ्यपुस्तक पर आधारित है, निर्देशानुसार उत्तर दीजिए।
- खंड़–घ रचनात्मक लेखन पर आधारित है आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
- प्रश्न पत्र में कुल 16 प्रश्न हैं, सभी प्रश्न अनिवार्य है।
- यथासंभव सभी खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

---

## खंड–क (अपठित बोध)

**1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** 7

पर्यावरण का संरक्षण आज की सबसे महत्त्वपूर्ण जरूरत है। बढ़ते प्रदूषण और वन कटाव के कारण हमारी धरती का संतुलन बिगड़ता जा रहा है। धरती माता का संरक्षण करना हमारा कर्तव्य है, ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सुरक्षित और स्वस्थ पर्यावरण छोड़ सकें। प्राकृतिक संसाधनों का उचित उपयोग और प्रदूषण नियंत्रण में हमारी भूमिका अत्यंत महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि इसका सीधा असर हमारे जीवन पर पड़ता है।

प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन और प्रदूषण के कारण वायु, जल, और भूमि प्रदूषित हो रहे हैं, जिसका असर न केवल मानव जीवन पर पड़ता है, बल्कि वन्यजीवन और अन्य जीव–जंतुओं पर भी भारी पड़ता है। हमारी जिम्मेदारी है कि हम जल, वायु, और ऊर्जा का उपयोग सोच–समझकर करें और पर्यावरण को प्रदूषण से बचाने में योगदान दें।

वृक्षारोपण, रीसाइक्लिंग, और प्रदूषण कम करने के उपायों को अपनाना पर्यावरण संरक्षण का एक तरीका है। इसके साथ ही, लोगों को जागरूक करना और उन्हें पर्यावरण की सुरक्षा के लिए प्रेरित करना भी आवश्यक है। अगर हम सभी मिलकर इस दिशा में कदम बढ़ाएँगे, तो पर्यावरण संतुलित रहेगा और हमें प्राकृतिक आपदाओं का सामना नहीं करना पड़ेगा। पर्यावरण का संरक्षण ही धरती पर जीवन को स्थिर और सुरक्षित बनाए रखने का एकमात्र रास्ता है।

(क) उपर्युक्त गद्यांश का मुख्य विषय क्या है?

i. वृक्षारोपण का महत्त्व
ii. पर्यावरण का संरक्षण
iii. प्राकृतिक आपदाएँ
iv. प्रदूषण का समाधान

CLICK HERE TO SEE ANSWERS

(ख) धरती माता का संरक्षण करना हमारा कर्तव्य है– पंक्ति से क्या आशय है?

i. केवल अपने लिए संसाधनों का उपयोग करना

ii. धरती और पर्यावरण को सुरक्षित रखना

iii. धरती को अनदेखा करना

iv. केवल प्रदूषण को कम करना

(ग) निम्नलिखित कथन और निष्कर्ष को ध्यान से पढ़कर दिए गए विकल्प से सही उत्तर चुनकर लिखिए:

कथन : प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन करना पर्यावरण के लिए हानिकारक है।

निष्कर्ष : हमें संसाधनों का उपयोग सावधानी से करना चाहिए।

i. कथन सही है, लेकिन निष्कर्ष गलत है।

ii. कथन और निष्कर्ष दोनों सही हैं।

iii. कथन गलत है और निष्कर्ष सही है।

iv. कथन और निष्कर्ष दोनों गलत हैं।

(घ) पर्यावरण संरक्षण का क्या महत्त्व है?

(ङ) पर्यावरण संरक्षण के लिए कौन–कौन से उपाय किए जा सकते हैं?

**2. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** 7

सार्वजनिक परिवहन किसी भी देश के विकास और शहरीकरण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण साधन है। बेहतर सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था न केवल नागरिकों के आवागमन को सरल बनाती है, बल्कि प्रदूषण और यातायात जाम को भी कम करती है। कई बड़े शहरों में सार्वजनिक परिवहन के अभाव के कारण निजी वाहनों का उपयोग बढ़ गया है, जिससे सड़कों पर भीड़ बढ़ती जा रही है और यातायात की समस्याएँ उत्पन्न हो रही हैं। इसके अलावा, प्रदूषण के कारण स्वास्थ्य समस्याएँ भी बढ़ रही हैं, जिनसे निपटने के लिए प्रभावी परिवहन योजनाओं की जरूरत है। कई देशों में, सरकारें सार्वजनिक परिवहन में सुधार के लिए बड़े पैमाने पर निवेश कर रही हैं। बस, मेट्रो, और ट्राम जैसी परिवहन सेवाओं को बढ़ावा दिया जा रहा है ताकि नागरिकों को सुविधाजनक, सस्ता और समय पर उपलब्ध साधन मिल सके। इसके साथ ही, प्रदूषण रहित इलेक्ट्रिक वाहनों को भी बढ़ावा दिया जा रहा है, जो प्रदूषण कम करने में सहायक हो सकते हैं। एक मजबूत सार्वजनिक परिवहन प्रणाली का होना देश की अर्थव्यवस्था और पर्यावरण के लिए फायदेमंद साबित हो सकता है, और इसे सुनिश्चित करना एक दीर्घकालिक निवेश है।

(क) उपर्युक्त गद्यांश का मुख्य विषय क्या है?

i. यातायात की समस्याएँ

ii. प्रदूषण

iii. सार्वजनिक परिवहन

iv. स्वास्थ्य संकट

(ख) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। दिए गए विकल्पों में से एक सही विकल्प चुनकर लिखिए:

कथन (A) : सार्वजनिक परिवहन का उपयोग प्रदूषण कम करने में सहायक होता है।

कारण (R) : सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने से निजी वाहनों की संख्या में कमी आती है, जिससे वायु गुणवत्ता में सुधार होता है।

i. कथन (A) सही है, कारण (R) गलत है।

ii. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।

CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP

iii. कथन (A) सही है, और कारण (R) उसकी सही व्याख्या है।
iv. कथन (A) गलत है किन्तु कारण (R) सही है।

(ग) सार्वजनिक परिवहन को प्रोत्साहित करने का एक प्रमुख कारण क्या है?
i. स्वास्थ्य समस्याएँ बढ़ाना
ii. निजी वाहनों का उपयोग बढ़ाना
iii. यातायात जाम को कम करना
iv. प्रदूषण बढ़ाना

(घ) सार्वजनिक परिवहन प्रणाली का पर्यावरण पर क्या प्रभाव है?

(ङ) सार्वजनिक परिवहन की सुविधा से शहरी जीवन में किस प्रकार का परिवर्तन आ सकता है?

## खंड–ख (व्यावहारिक व्याकरण)

**3.** **'पदबंध' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** $4 \times 1 = 4$

(क) सुंदर, बलिष्ठ तताँरा भीतर ही भीतर कुछ बेचैनी महसूस कर रहा था– वाक्य में से संज्ञा पदबंध चुनकर लिखिए।

(ख) क्या क्रिया विशेषण पदबंध वाक्य में दो क्रियाओं को जोड़ सकता है? एक उदाहरण देकर स्पष्ट करें।

(ग) तताँरा बहुत शक्तिशाली भी था– वाक्य में रेखांकित पदबंध का भेद लिखिए।

(घ) जो नहीं जा सके हैं, उन्होंने यहाँ–वहाँ डेरा डाल लिया है– वाक्य में पदबंध का भेद बताते हुए कारण भी स्पष्ट कीजिए।

(ङ) क्रिया पदबंध का एक उदाहरण देकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।

**4.** **'रचना के आधार पर वाक्य रूपांतरण' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** $4 \times 1 = 4$

(क) वह लगातार समुद्र की सतह की तरफ फिसल रहा था– वाक्य का भेद लिखिए।

(ख) सूर्योदय होने पर कुहासा जाता रहा– मिश्र वाक्य में रूपांतरित कीजिए।

(ग) संयुक्त वाक्य में "फिर भी" का उपयोग करके एक वाक्य बनाइए और इसका अर्थ स्पष्ट कीजिए।

(घ) मिश्र वाक्य में प्रयुक्त "जिससे" का एक वाक्य लिखिए और इसका महत्त्व बताइए।

(ङ) काका ने क्रोध में आकर अपने भतीजों को घर से निकाल दिया– वाक्य का भेद बताते हुए कारण स्पष्ट कीजिए।

**5.** **'समास' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** $4 \times 1 = 4$

(क) समास और संधि में क्या अंतर होता है?

(ख) द्वंद्व समास में पदों का समान महत्व क्यों होता है? एक उदाहरण दीजिए।

(ग) 'अतिशीघ्र' अव्ययीभाव समास है कैसे?

(घ) 'रत्नाकर' सामासिक पद का विग्रह करते हुए भेद लिखिए।

(ङ) कर्मधारय समास की विशेषता बताते हुए एक उदाहरण दीजिए।

CLICK HERE TO SEE ANSWERS

**6.** **'मुहावरे' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** $4 \times 1 = 4$

(क) अंग्रेज़ी पढ़ने के लिए .................... पड़ती हैं और खून जलाना पड़ता है। (उपयुक्त मुहावरे द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।)

(ख) जब हरिहर काका ने अपनी संपत्ति बचाने के लिए भाइयों से झगड़ा किया, तो उन्होंने कहा, "अब मैं .................... के लिए तैयार हूँ।" (उपयुक्त मुहावरे द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।)

(ग) खून का रिश्ता दीवार बन गया। पंक्ति से मुहावरा चुनकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।

(घ) 'आसमान से बातें करना' और 'जमीन पर आना' मुहावरे में अंतर स्पष्ट कीजिए।

(ङ) 'आँखों में धूल झोंकना' मुहावरे का वाक्य बनाइए।

## खंड–ग (पाठ्यपुस्तक)

**7.** **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर सर्वाधिक उचित विकल्प से चुनकर लिखिए–** $5 \times 1 = 5$

कई वर्षों से बड़े–बड़े बिल्डर समंदर को पीछे धकेलकर उसकी जमीन को हथिया रहे थे। बेचारा समंदर लगातार सिमटता जा रहा था। पहले उसने अपनी फैली हुई टाँगें समेटीं, थोड़ा सिमटकर बैठ गया। फिर जगह कम पड़ी तो उकड़ूँ बैठ गया। फिर खड़ा हो गया...जब खड़े रहने की जगह कम पड़ी तो उसे गुस्सा आ गया। जो जितना बड़ा होता है, उसे उतना ही कम गुस्सा आता है, परंतु आता है तो रोकना मुश्किल हो जाता है और यही हुआ, उसने एक रात अपनी लहरों पर दौड़ते हुए तीन जहाजों को उठाकर बच्चों की नींद की तरह तीन दिशाओं में फेंक दिया। एक वर्ली के समंदर के किनारे पर आकर गिरा, दूसरा बांद्रा में कार्टर रोड के सामने औंधे मुँह और तीसरा गेट–वे ऑफ इंडिया पर टूट–फूटकर सैलानियों का नजारा बना बावजूद कोशिश, वे फिर से चलने–फिरने के काबिल नहीं हो सके।

(क) "पहले उसने अपनी फैली टाँगें समेटीं, थोड़ा सिमटकर बैठ गया। फिर जगह कम पड़ी तो उकड़ूँ बैठ गया। फिर खड़ा हो गया... कथन के माध्यम से ज्ञात होती है समुद्र की

i. बेचारगी और लाचारी
ii. ताकत और रौद्र रूप
iii. अभिलाषा और आकांक्षाएँ
iv. दार्शनिकता और समझदारी

(ख) 'पहले उसने अपनी फैली हुई टाँगे समेटीं' पंक्ति में 'उसने' शब्द किसके लिए प्रयुक्त हुआ है?

i. लेखक के लिए
ii. समुद्र के लिए
iii. बच्चे के लिए
iv. सैलानी के लिए

(ग) 'जो जितना बड़ा होता है, उसे उतना ही कम गुस्सा आता है' यह पंक्ति किस संदर्भ में कही गई है?

i. सहनशीलता के
ii. प्रेम के
iii. अपनत्व के
iv. अभिमान के

CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP

(घ) बेचारा समंदर लगातार सिमटता जा रहा था– पंक्ति में 'सिमटता' का क्या अर्थ है?

i. फैलना
ii. सिकुड़ना
iii. बढ़ना
iv. ठहरनाइ

(ङ) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यान से पढ़िए तथा सर्वाधिक उचित विकल्प को चुन कर लिखिए:

कथन (A) : समुद्र के किनारे निर्माण कार्यों के कारण समुद्र सिमटते जा रहे हैं।
कारण (R) : जनसंख्या वृद्धि के कारण स्थान का अभाव होता जा रहा है।

i. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।
ii. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं।
iii. कथन (A) गलत है तथा कारण (R) सही है।
iv. कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

**8. गद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए–** $3 \times 2 = 6$

(क) बड़े भाई साहब को अपनी मन की इच्छाएँ क्यों दबानी पड़ती थी?

(ख) धर्मतल्ले के मोड़ पर आकर जुलूस क्यों टूट गया?

(ग) वामीरो अन्य गाँवों के युवकों को उत्तर देना उचित क्यों नही मानती?

(घ) शैलेंद्र ने राजकुमार और वहीदा रहमान को किस प्रकार सच्चा कलाकार बनाया?

**9. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए–** $5 \times 1 = 5$

चलो अभीष्ट मार्ग में सहर्ष खेलते हुए
विपत्ति, विघ्न जो पड़ें, उन्हें ढकेलते हुए।
घटे न हेलमेल हाँ, बढ़े न भिन्नता कभी,
अतर्क एक पंथ के सतर्क पंथ हों सभी।
तभी समर्थ भाव है कि तारता हुआ तरे,
वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे।।

(क) 'सतर्क पंथ' से आशय है

i. सावधानीपूर्वक आगे बढ़ना
ii. अच्छा तर्क प्रस्तुत करना
iii. एक साथ तर्क देना
iv. बिना तर्क किए रहना

(ख) प्रस्तुत पद्यांश में कवि ने क्या प्रेरणा दी है?

i. संघर्षों से मुख मोड़ने की
ii. संघर्षपूर्ण जीवन व्यतीत न करने की
iii. लक्ष्य पथ की ओर आगे बढ़ते रहने की
iv. भेदभाव सहन करने की

CLICK HERE TO SEE ANSWERS

(ग) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्प में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।
अभिकथन (A) : कवि का मानना है कि विपत्ति और विघ्नों का सामना हंसते–हंसते करना चाहिए।
कारण (R) : ऐसा करने से मनुष्य अपने उद्देश्य में सफल होता है और दूसरों की सहायता कर सकता है।

i कथन (A) गलत है, किन्तु कारण (R) सही है।
ii कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।
iii कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।
iv कथन (A) सही है किन्तु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(घ) जीवन में विपत्ति या विघ्न आने पर क्या करना चाहिए?
i. ईश्वर का स्मरण करना चाहिए
ii. सहर्ष खेलना चाहिए
iii. बाधा को दूर करना चाहिए
iv. डटकर मुकाबला करना चाहिए

(ङ) 'तभी समर्थ भाव है कि तारता हुआ तरे' से क्या तात्पर्य है?
i. ईश्वर पर विश्वास रखते हुए आगे बढ़ना चाहिए
ii. सोच–समझकर आगे बढ़ना चाहिए
iii. चिंता मुक्त होकर आगे बढ़ना चाहिए
iv. दूसरों का कल्याण करते हुए आगे बढ़ना चाहिए

**10. काव्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25–30 शब्दों में लिखिए–** $3 \times 2 = 6$

(क) कवि पंत ने पर्वत की विशालता को किस प्रकार चित्रित किया है?
(ख) दीपक दिखाई देने पर अँधियारा कैसे मिट जाता है? साखी के संदर्भ में स्पष्ट कीजिए।
(ग) कविता में तोप को दो बार चमकाने की बात की गई है। ये दो अवसर कौन–से होंगे?
(घ) 'सांस थमती गई, नब्ज़ जमती गई' से क्या तात्पर्य है?

**11. पूरक पुस्तक 'संचयन' पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 40–50 शब्दों में लिखिए–** $2 \times 3 = 6$

(क) 'टोपी शुक्ला' पाठ के माध्यम से लेखक राही मासूम रजा ने पाठकों को क्या संदेश देना चाहा है? प्रस्तुत पाठ में मानवीय संबंधों की किस सच्चाई को उजागर किया गया है?
(ख) परिवार के लोगों के किस प्रकार के व्यवहार से आहत होकर हरिहर काका को अपने प्रिय स्थान (घर) को छोड़कर ठाकुरबारी जैसी संस्था में रहना पड़ा? 'हरिहर काका' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए।
(ग) 'सपनों के–से दिन' पाठ में वर्तमान शिक्षा व्यवस्था में स्वीकृत मान्यताओं और पाठ में वर्णित युक्तियों के संबंध में अपने विचार जीवन मूल्यों की दृष्टि से व्यक्त कीजिए।

CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP

## खंड–घ (रचनात्मक लेखन)

**12.** **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत–बिन्दुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए–** $1 \times 5 = 5$

(i) **टेलीविजन समाचार**

- समाचार का स्वरूप
- महत्त्व और गुण–दोष
- निष्कर्ष

(ii) **श्रम का महत्त्व**

- तात्पर्य
- सफलता का सोपान
- भविष्य का निर्माण

(iii) **नन्हें कंधों पर बढ़ता बस्ते का बोझ**

- शिक्षा का स्वरूप
- गृह कार्य और कक्षा कार्य
- माता–पिता का योगदान
- समाधान

**13.** **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए–** $1 \times 5 = 5$

बस में यात्रा करते समय आपका मोबाइल फोन गुम हो गया। अपने क्षेत्र के पुलिस अधिकारी को इसकी सूचना देते हुए एक पत्र लिखिए।

अथवा

स्वास्थ्य विभाग के निदेशक को एक पत्र लिखिए कि शहर में बीमारियाँ बढ़ रही हैं लेकिन चिकित्सा सुविधाओं की बहुत कमी है।

**14.** **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 60 शब्दों में सूचना लिखिए–** $1 \times 4 = 4$

आपके विद्यालय में निःशुल्क 'दंत चिकित्सा शिविर' का आयोजन किया जा रहा है। सूचना–पट्ट पर विद्यालय के सचिव की ओर से सूचना जारी करें।

अथवा

आप अपने विद्यालय के सांस्कृतिक सचिव हैं। विद्यालय में होने वाली 'वाद–विवाद प्रतियोगिता' में भाग लेने के लिए आमंत्रण हेतु एक सूचना जारी करें।

CLICK HERE TO SEE ANSWERS

**15.** **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन लिखिए–** $1 \times 3 = 3$

इस बरसात में आपने कुछ पौध तैयार की हैं। जिन्हें आप निःशुल्क वितरित करना चाहते हैं। सोसायटी सचिव की तरफ से एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

अथवा

रोशनी मोमबत्ती बनाने वाली कंपनी के लिए एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

**16.** 'एकता में शक्ति' विषय पर लघु कथा लगभग 100 शब्दों में लिखिए। $1 \times 5 = 5$

अथवा

आपने यात्रा के दौरान एक उपरगामी पुल को जर्जर हालत में देखा है। वह पुल कभी भी किसी दुर्घटना का कारण बन सकता है। आपने वहाँ रुककर अपने मोबाइल से उसका चित्र भी लिया है। उस चित्र सहित लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता को पुल की मरम्मत के संदर्भ में एक ई–मेल लिखिए। (शब्द–सीमा : लगभग 80 शब्द)

www.nodia.in

CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP

# प्रतिदर्श प्रश्नपत्र 21

## कक्षा–10 परीक्षा 2024–25

## हिन्दी–ब (कोड–085)

**निर्धारित समय : 3 घंटे** **अधिकतम अंक : 80**

**सामान्य निर्देश :**

- इस प्रश्नपत्र में चार खंड हैं– क, ख, ग, और घ।
- खंड–क में अपठित गद्यांश से प्रश्न पूछे गए हैं, जिनके उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए दीजिए।
- खंड–ख में व्यावहारिक व्याकरण से प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
- खंड–ग पाठ्यपुस्तक पर आधारित है, निर्देशानुसार उत्तर दीजिए।
- खंड़–घ रचनात्मक लेखन पर आधारित है आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
- प्रश्न पत्र में कुल 16 प्रश्न हैं, सभी प्रश्न अनिवार्य है।
- यथासंभव सभी खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

---

## खंड–क (अपठित बोध)

**1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** 7

स्वास्थ्य हमारे जीवन का सबसे बड़ा धन है। "स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है" क्योंकि जब हमारा शरीर स्वस्थ होता है, तो हम मानसिक रूप से भी सशक्त रहते हैं। अच्छे स्वास्थ्य के लिए संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, और पर्याप्त नींद आवश्यक हैं। ये तीनों तत्व न केवल हमारे शारीरिक स्वास्थ्य को बनाए रखते हैं, बल्कि हमें मानसिक रूप से भी स्थिर और खुशहाल बनाते हैं। आजकल की व्यस्त जीवनशैली में, जहाँ हर कोई समय की कमी का सामना कर रहा है, स्वस्थ जीवनशैली बनाए रखना और भी जरूरी हो गया है। फास्ट फूड, तनाव, और अनियमित दिनचर्या से हमारे स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है। इसलिए हमें अपने दैनिक जीवन में स्वास्थ्य के प्रति सजग रहना चाहिए और नियमित रूप से स्वस्थ आदतों का पालन करना चाहिए। स्वस्थ जीवनशैली न केवल हमें बीमारियों से दूर रखती है, बल्कि यह हमें एक लंबे और सुखी जीवन का आनंद लेने का अवसर भी प्रदान करती है। इसलिए, स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी चाहिए, ताकि हम अपने जीवन को अच्छे से जी सकें और समाज में भी एक सकारात्मक उदाहरण प्रस्तुत कर सकें।

(क) उपर्युक्त गद्यांश का मुख्य विषय क्या है?

i. संतुलित आहार का महत्त्व
ii. स्वस्थ जीवनशैली का महत्त्व
iii. तनाव से बचने के उपाय
iv. समाज में सकारात्मक उदाहरण

CLICK HERE TO SEE ANSWERS

(ख) स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है– पंक्ति से क्या आशय है?
  i. शरीर स्वस्थ नहीं तो मस्तिष्क भी कमजोर होता है
  ii. स्वस्थ शरीर में मस्तिष्क का कोई महत्त्व नहीं होता
  iii. स्वास्थ्य का मस्तिष्क पर कोई असर नहीं पड़ता
  iv. मस्तिष्क स्वस्थ हो तो शरीर स्वस्थ रहता है

(ग) निम्नलिखित कथन और निष्कर्ष को ध्यान से पढ़कर दिए गए विकल्प से सही उत्तर चुनकर लिखिए:
कथन : नियमित व्यायाम और संतुलित आहार स्वास्थ्य के लिए आवश्यक हैं।
निष्कर्ष : स्वास्थ्य बनाए रखने के लिए सिर्फ नींद ही पर्याप्त है।
  i. कथन सही है, लेकिन निष्कर्ष गलत है।
  ii. कथन और निष्कर्ष दोनों सही हैं।
  iii. कथन गलत है और निष्कर्ष सही है।
  iv. कथन और निष्कर्ष दोनों गलत हैं।

(घ) स्वस्थ जीवनशैली का पालन करना क्यों जरूरी है?

(ङ) अच्छे स्वास्थ्य के लिए कौन–कौन से उपाय अपनाए जा सकते हैं?

**2. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** 7

शहरीकरण के बढ़ते प्रभाव ने कई देशों में भूमि उपयोग की समस्या को जन्म दिया है। कृषि भूमि का कम होना, हरे भरे क्षेत्रों की कमी और रिहायशी इलाकों का विस्तार इन समस्याओं में शामिल हैं। शहरीकरण के कारण अधिक से अधिक क्षेत्रों में भवन, सड़कें और अन्य निर्माण कार्य हो रहे हैं, जिससे प्राकृतिक संसाधनों का अति उपयोग हो रहा है। भूमि के अत्यधिक उपयोग से न केवल पर्यावरण में असंतुलन उत्पन्न हो रहा है, बल्कि जलवायु पर भी इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। इसके साथ ही, शहरीकरण के कारण पेड़ों की कटाई और वन्यजीवों के आवास का विनाश हो रहा है, जो जैव विविधता को हानि पहुँचाता है। यह प्रक्रिया मिट्टी की गुणवत्ता को भी प्रभावित कर रही है, जिससे कृषि उत्पादन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। भूमि संरक्षण को प्रोत्साहित करने के लिए सरकारें भूमि प्रबंधन के उपाय अपना रही हैं। हरित क्षेत्र बढ़ाने, कृषि भूमि की रक्षा करने, और भवन निर्माण के लिए प्रभावी योजनाओं का उपयोग किया जा रहा है। साथ ही, नागरिकों को भूमि के विवेकपूर्ण उपयोग के प्रति जागरूक करना आवश्यक है ताकि भविष्य में भूमि की कमी की समस्या से बचा जा सके। भूमि संरक्षण आज की आवश्यकता है और इसके लिए सभी का सहयोग अनिवार्य है।

(क) उपर्युक्त गद्यांश का मुख्य विषय क्या है?
  i. जैव विविधता संरक्षण
  ii. भूमि उपयोग
  iii. कृषि संकट
  iv. औद्योगिक विकास

CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP

(ख) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। दिए गए विकल्पों में से एक सही विकल्प चुनकर लिखिए:

कथन (A) : भूमि संरक्षण से पर्यावरण में संतुलन बनाए रखने में सहायता मिलती है।

कारण (R) : भूमि संरक्षण के प्रयास केवल ग्रामीण क्षेत्रों में किए जाते हैं।

i. कथन (A) सही है, कारण (R) गलत है।

ii. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।

iii. कथन (A) सही है, और कारण (R) उसकी सही व्याख्या है।

iv. कथन (A) गलत है किन्तु कारण (R) सही है।

(ग) भूमि संरक्षण के लिए कौन–सा उपाय अपनाया जा रहा है?

i. कृषि भूमि को निर्माण के लिए बदलना

ii. हरित क्षेत्र बढ़ाना

iii. निर्माण कार्य बढ़ाना

iv. वन्यजीवों के लिए भूमि कम करना

(घ) शहरीकरण का जैव विविधता पर क्या प्रभाव है?

(ङ) भूमि संरक्षण में नागरिकों की भूमिका क्यों महत्वपूर्ण है?

## खंड–ख (व्यावहारिक व्याकरण)

**3.** **'पदबंध' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** $4 \times 1 = 4$

(क) ततँारा दिन ढलने तक वामीरो की प्रतिक्षा करता रहा– वाक्य में से क्रिया–विशेषण पदबंध चुनकर लिखिए।

(ख) वाक्य में केवल विशेषण पदबंध का उपयोग करते हुए दो वाक्य बनाइए और उनका विश्लेषण कीजिए।

(ग) विनम्र और सहनशील हरिहर काका अपने अधिकारों के लिए लड़ रहे थे– वाक्य में रेखांकित पदबंध का भेद लिखिए।

(घ) खेलकूद का कोई अवसर हाथ से न जाने देता– वाक्य में पदबंध का भेद बताते हुए कारण भी स्पष्ट कीजिए।

(ङ) क्रिया–विशेषण पदबंध का एक उदाहरण देकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।

**4.** **'रचना के आधार पर वाक्य रूपांतरण' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** $4 \times 1 = 4$

(क) ग्वालियर में हमारा एक मकान था और उस समय मकान के दलान में दो रोशनदान थे– वाक्य का भेद लिखिए।

(ख) गरीबों का शोषण करने वाले गरीबों का दु:ख क्या समझेंगे– मिश्र वाक्य में रूपांतरित कीजिए।

(ग) सरल वाक्य को पहचानने के लिए मुख्य विशेषता बताइए।

(घ) संयुक्त वाक्य में प्रयुक्त "न तो ... न ही" का उपयोग एक वाक्य में कीजिए।

(ङ) हीरामन को माई की कहानी याद आ गई, जो वह बचपन में सुना करता था– वाक्य का भेद बताते हुए कारण स्पष्ट कीजिए।

CLICK HERE TO SEE ANSWERS

**5.** **'समास' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** $4 \times 1 = 4$

(क) कर्मधारय समास में विशेषण–विशेष्य संबंध कैसे बनता है?

(ख) अव्ययीभाव समास का व्याकरणिक योगदान क्या है?

(ग) 'चक्रपाणि' बहुव्रीहि समास है कैसे?

(घ) 'अन्न–जल' सामासिक पद का विग्रह करते हुए भेद लिखिए।

(ङ) बहुव्रीहि समास की विशेषता बताते हुए एक उदाहरण दीजिए।

**6.** **'मुहावरे' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** $4 \times 1 = 4$

(क) जब तताँरा ने वामीरो को पहली बार देखा, तो ऐसा लगा मानो उसने .................... दी। (उपयुक्त मुहावरे द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।)

(ख) भाई साहब ने कहा, "तुम्हारा पास होना .................... के समान है।" (उपयुक्त मुहावरे द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।)

(ग) महंत ने हरिहर काका को ठक्करबाड़ी में रखने की पूरी कोशिश की, लेकिन वह लौटकर भाइयों के पास चले गए। यह तो 'खोदा पहाड़, निकली चुहिया' जैसा है। पंक्ति से मुहावरा चुनकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।

(घ) 'नाक में दम करना' और 'नाक कटना' मुहावरे में अंतर स्पष्ट कीजिए।

(ङ) 'दीवार से सिर टकराना' मुहावरे का वाक्य बनाइए।

## खंड–ग (पाठ्यपुस्तक)

**7.** **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर सर्वाधिक उचित विकल्प से चुनकर लिखिए–** $5 \times 1 = 5$

किस्सा क्या हुआ था उसको उसके पद से हटाने के बाद हमने वजीर अली को बनारस पहुँचा दिया और तीन लाख रुपया सालाना वजीफा मुकर्रर कर दिया। कुछ महीने बाद गवर्नर जनरल ने से कलकत्ता (कोलकाता) तलब किया। वजीर अली कंपनी के वकील के पास गया, जो बनारस में रहता था और उससे शिकायत की कि गवर्नर जनरल उसे कलकत्ता में क्यूँ तलब करता है। वकील ने शिकायत की भी परवाह नहीं की उलटा उसे बुरा–भला सुना दिया। वजीर अली के तो दिल में यूँ भी अंग्रेजों के खिलाफ नफरत कूट–कूटकर भरी है, उसने खंजर से वकील का काम तमाम कर दिया।

(क) ''वजीर अली कंपनी के वकील के पास गया, जो बनारस में रहता था और उससे शिकायत की कि गवर्नर जनरल उसे कलकत्ता में क्यूँ तलब करता है?'' कथन के माध्यम से वजीर अली के व्यक्तित्व की कौन–सी विशेषता ज्ञात होती है?

i. वजीर अली एक लाचार व्यक्ति था

ii. वजीर अली एक दार्शनिक व्यक्ति था

iii. वजीर अली एक स्वाभिमानी व्यक्ति था

iv. वजीर अली एक देशभक्त व्यक्ति था

CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP

(ख) ''वजीर अली के तो दिल में यूँ भी अंग्रेजों के खिलाफ नफरत कूट–कूटकर भरी है।'' यह दर्शाता है, वजीर अली का/की

i. अभिमान
ii. अपनत्व
iii. कर्तव्यबोध
iv. देशभक्ति

(ग) पद से हटाए जाने के बदले में वजीर अली को क्या दिया गया?

i. एक महल और दो रानियाँ दी गई थीं
ii. तीन लाख रुपये सालाना दिया गया था
iii. सरकारी पद पर नौकरी दी गई थी
iv. ये सभी

(घ) गवर्नर जनरल ने उसे कलकत्ता तलब किया– पंक्ति में 'तलब' का क्या अर्थ है?

i. बुलाना
ii. सजा देना
iii. विदा करना
iv. सम्मान देना

(ङ) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यान से पढ़िए तथा सर्वाधिक उचित विकल्प को चुन कर लिखिए:

कथन (A) : वजीर अली ने कंपनी के वकील की हत्या कर दी।
कारण (R) : वजीर अली अपनी शक्ति का प्रदर्शन करना चाहता था

i. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।
ii. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं।
iii. कथन (A) गलत है तथा कारण (R) सही है।
iv. कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

**8. गद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25–30 शब्दों में लिखिए–** **$3 \times 2 = 6$**

(क) 'शाश्वत मूल्यों' से क्या आशय है? व्यवहारवादी लोगों के लिए उनका क्या महत्त्व है?

(ख) क्या आपकी माँ भी लेखक की माँ की तरह कुछ कामों को करने से मना करती है? वे कौन–कौन से काम हैं?

(ग) 'तीसरी कसम' फिल्म में शैलेंद्र की किस विशेषता के दर्शन होते हैं?

(घ) 'बडे भाई साहब' कहानी में छोटा भाई क्यों और कितनी पढ़ाई करता था?

**9. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए–** **$5 \times 1 = 5$**

उड़ गया, अचानक लो, भूधर
फड़का अपार पारद के पर!
रव–शेष रह गए हैं निर्झर!
है टूट पड़ा भू पर अंबर!
–यों जलद–यान में विचर–विचर
था इंद्र खेलता इंद्रजाल।

CLICK HERE TO SEE ANSWERS

(क) पर्वत, झरने, शाल के वृक्ष आदि के दिखाई न देने का क्या कारण है?
i. मूसलाधार वर्षा का होना
ii. घना अँधकार छा जाना
iii. चारों ओर धुआँ ही धुआँ होना
iv. उपर्युक्त सभी

(ख) पद्यांश में तालाब के जल से उठने वाले धुएँ को किसके समान बताया गया है?
i. सफेद हँस के
ii. अग्नि के
iii. i और ii दोनों
iv. गहन अँधकार के

(ग) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्प में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।
अभिकथन (A) : कवि के अनुसार इंद्र ने जलद–यान में बैठकर अद्भुत इंद्रजाल का प्रदर्शन किया।
कारण (R) : क्योंकि इंद्र ने पर्वतों को उखाड़कर और आकाश को धरती पर गिराकर चमत्कार दिखाए।
i कथन (A) गलत है, किन्तु कारण (R) सही है।
ii कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।
iii कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।
iv कथन (A) सही है किन्तु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(घ) 'रव–शेष रह गए हैं निर्झर' पंक्ति से आशय है
i. अंधकार छा जाने के कारण कुछ नहीं दिखाई देता, केवल झरनों की आवाज ही सुनाई देती है
ii. प्रकृति की सुंदरता का चित्रण झरनों के दृश्यों के माध्यम से किया गया है
iii. झरने बहुत सुंदर दिखाई दे रहे हैं
iv. अंधकार में झरनों का दृश्य मनोरम दिखाई देता है

(ङ) प्रस्तुत पद्यांश में किस ऋतु की सुंदरता का वर्णन किया गया है?
i. वर्षा ऋतु
ii. ग्रीष्म ऋतु
iii. शरद ऋतु
iv. बसंत ऋतु

**10.** **काव्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25–30 शब्दों में लिखिए–** $3 \times 2 = 6$

(क) गीत में ऐसी क्या खास बात होती है कि वे जीवन भर याद रह जाते हैं?
(ख) अपने स्वभाव को निर्मल रखने के लिए कबीर ने क्या उपाय सुझाया है?
(ग) अंत में कवि क्या अनुनय करता है?
(घ) मृत्यु से भयभीत क्यों नहीं होना चाहिए?

CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP

**11. पूरक पुस्तक 'संचयन' पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 40-50 शब्दों में लिखिए-** $2 \times 3 = 6$

(क) ठाकुरबारी से घर वापस लौटने पर हरिहर काका के मन में महंत जी के प्रति आदर और श्रद्धा का भाव क्यों बढ़ गया? 'हरिहर काका' कहानी के आधार पर बताइए।

(ख) लेखक के अधिकांश मित्र राजस्थान हरियाणा के मूल निवासी थे, जो व्यापार के उद्देश्य से परिवार के साथ यहाँ रहते थे। उनकी बोली कम समझ में आती थी।
'सपनों के-से दिन' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि जहाँ आत्मीयता व अपनेपन की भावना प्रबल होती है, वहाँ भिन्न भाषा जैसी समस्याएँ बाधक नहीं बन पातीं।

(ग) "टोपी और इफ़्फ़न की दादी अलग-अलग मजहब और जाति के थे पर एक अनजान अटूट रिश्ते से बँधे थे।" 'टोपी शुक्ला' पाठ के आधार पर अपने विचार लिखिए।

## खंड-घ (रचनात्मक लेखन)

**12. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत-बिन्दुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए-** $1 \times 5 = 5$

(i) **व्यायाम का महत्त्व**
- व्यायाम का अर्थ और प्रकार
- व्यायाम न करने से आलस का बढ़ना
- स्वस्थ रहने के लिए व्यायाम
- नियमित समय पर व्यायाम करना

(ii) **शिक्षा का महत्त्व**
- शिक्षा का अर्थ और प्रकार
- शिक्षा रहित जीवन व्यर्थ
- शिक्षा से मानवीय मूल्यों का विकास
- शिक्षा : विकास का अचूक मंत्र

(iii) **पक्षी : हमारे मित्र**
- पक्षियों का स्वाधीन जीवन
- पक्षी : मनुष्य के मित्र
- मनुष्यों का पक्षियों के प्रति व्यवहार
- पक्षियों का जीवन खतरे में

**13. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए-** $1 \times 5 = 5$

नगर विकास प्राधिकरण के सचिव को पत्र लिखकर अनुरोध कीजिए कि आपके चंदनपुर मोहल्ले की सड़कों में अनगिनत गड्ढे हैं, बरसात आने से पहले उन सड़कों की दशा में आवश्यक सुधार किया जाए।

अथवा

वाहन खड़े करने की भूमिगत व्यवस्था की माँग करते हुए दैनिक समाचार-पत्र 'हिंदुस्तान' के संपादक को एक पत्र लिखिए।

CLICK HERE TO SEE ANSWERS

**14.** **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 60 शब्दों में सूचना लिखिए–** $1 \times 4 = 4$

आप केंद्रीय विद्यालय आर.के. पुरम के छात्र हैं। स्कूल में आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता के लिए विभिन्न विद्यालयों के छात्रों को आमंत्रित करते हुए एक सूचना लिखिए।

अथवा

प्रधानाचार्य की ओर से अपने विद्यालय में हो रही नुक्कड़ नाटिका प्रतियोगिता की सूचना लिखिए।

**15.** **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन लिखिए–** $1 \times 3 = 3$

अधिगम कोचिंग सेंटर हेतु विज्ञापन तैयार कीजिए।

अथवा

आपका फियो कार का शोरूम है। अक्षय तृतीया के अवसर पर कार की खरीद पर ऑफर के लिए एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

**16.** 'मेरे बचपन की साहसिक घटना' विषय पर लघु कथा लगभग 100 शब्दों में लिखिए। $1 \times 5 = 5$

अथवा

आपके बिजली के बिल में अधिक राशि आई है, जो पिछले महीनों से बहुत अधिक है। इसके लिए कार्यपालक अभियंता को बिजली के बिल संबंधी शिकायत करने के लिए लगभग 80 शब्दों में एक ई–मेल लिखिए।

www.nodia.in

CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP

# प्रतिदर्श प्रश्नपत्र 22

## कक्षा–10 परीक्षा 2024–25

## हिन्दी–ब (कोड–085)

**निर्धारित समय : 3 घंटे** **अधिकतम अंक : 80**

**सामान्य निर्देश :**

- इस प्रश्नपत्र में चार खंड हैं– क, ख, ग, और घ।
- खंड–क में अपठित गद्यांश से प्रश्न पूछे गए हैं, जिनके उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए दीजिए।
- खंड–ख में व्यावहारिक व्याकरण से प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
- खंड–ग पाठ्यपुस्तक पर आधारित है, निर्देशानुसार उत्तर दीजिए।
- खंड़–घ रचनात्मक लेखन पर आधारित है आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
- प्रश्न पत्र में कुल 16 प्रश्न हैं, सभी प्रश्न अनिवार्य है।
- यथासंभव सभी खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

---

## खंड–क (अपठित बोध)

**1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** 7

संगीत हमारी आत्मा का पोषण करता है। संगीत जीवन का सार है क्योंकि यह हमारे मन और मस्तिष्क को शांति और संतुलन प्रदान करता है। संगीत का प्रभाव इतना गहरा होता है कि यह हमारे भावनात्मक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है। चाहे वह शास्त्रीय संगीत हो, लोक संगीत हो, या फिर पॉप म्यूजिक, हर प्रकार का संगीत हमें अलग–अलग अनुभवों से जोड़ता है। संगीत सुनने से हमारी एकाग्रता भी बढ़ती है, जो हमें काम और पढ़ाई में अधिक ध्यान केंद्रित करने में मदद करती है। संगीत न केवल हमें आनंद प्रदान करता है, बल्कि हमें प्रेरणा और ऊर्जा भी देता है। कठिन समय में संगीत हमारे साथी की तरह होता है, जो हमें हिम्मत और सांत्वना देता है। कई लोग संगीत के माध्यम से अपनी भावनाओं को व्यक्त करते हैं, और यही कारण है कि संगीत हमारे जीवन में इतनी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। आज के तनावपूर्ण जीवन में संगीत का महत्त्व और भी बढ़ गया है। यह न केवल हमें सुकून देता है, बल्कि हमारी रचनात्मकता को भी बढ़ाता है। इसलिए, संगीत को अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए ताकि हम अपने मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बना सकें और जीवन में आनंद का अनुभव कर सकें।

(क) उपर्युक्त गद्यांश का मुख्य विषय क्या है?

i. संगीत का प्रकार

ii. संगीत का जीवन में महत्त्व

iii. तनाव का कारण

iv. संगीत और प्रेरणा

CLICK HERE TO SEE ANSWERS

(ख) संगीत जीवन का सार है– पंक्ति से क्या आशय है?

i. संगीत से जीवन में तनाव आता है
ii. संगीत जीवन को सुंदर बनाता है
iii. संगीत का कोई महत्त्व नहीं है
iv. संगीत केवल मनोरंजन है

(ग) निम्नलिखित कथन और निष्कर्ष को ध्यान से पढ़कर दिए गए विकल्प से सही उत्तर चुनकर लिखिए:

कथन : संगीत से मानसिक शांति मिलती है।

निष्कर्ष : संगीत का प्रभाव केवल शारीरिक स्वास्थ्य पर पड़ता है।

i. कथन सही है, लेकिन निष्कर्ष गलत है।
ii. कथन और निष्कर्ष दोनों सही हैं।
iii. कथन गलत है और निष्कर्ष सही है।
iv. कथन और निष्कर्ष दोनों गलत हैं।

(घ) संगीत का हमारे मानसिक स्वास्थ्य पर क्या प्रभाव पड़ता है?

(ङ) जीवन में संगीत का क्या महत्त्व है?

**2. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** 7

आर्थिक असमानता आज के समय में एक गंभीर चुनौती बन गई है, जो समाज में कई समस्याओं को जन्म दे रही है। आय और संपत्ति का असमान वितरण विभिन्न वर्गों के बीच आर्थिक खाई को बढ़ा रहा है। इसके परिणामस्वरूप, अमीर और गरीब के बीच की दूरी बढ़ती जा रही है, जिससे शिक्षा, स्वास्थ्य, और रोजगार के अवसरों में भी असमानता उत्पन्न हो रही है। आर्थिक असमानता न केवल सामाजिक असंतोष का कारण बनती है, बल्कि यह देश के विकास और समृद्धि में भी बाधा उत्पन्न करती है। असमानता के कारण समाज में तनाव, असुरक्षा और अपराध की संभावनाएँ बढ़ जाती हैं, जिससे समाज में अस्थिरता पैदा हो सकती है। आर्थिक असमानता को कम करने के लिए कई देशों ने कर सुधार, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में निवेश, और रोजगार सृजन जैसे उपाय अपनाए हैं। सरकारें ऐसी नीतियाँ बना रही हैं जो वंचित वर्गों को आर्थिक सुरक्षा और समर्थन प्रदान करती हैं। इसके अलावा, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं और गरीबी उन्मूलन के प्रयासों पर भी ध्यान दिया जा रहा है ताकि सभी नागरिकों को बुनियादी सुविधाएँ प्राप्त हो सकें। आर्थिक समानता के लिए सभी वर्गों को समान अवसर उपलब्ध कराना आवश्यक है, जिससे समाज में संतुलन और स्थिरता बनी रह सके और देश समग्र विकास की ओर बढ़ सके।

(क) उपर्युक्त गद्यांश का मुख्य विषय क्या है?

i. रोजगार
ii. आर्थिक असमानता
iii. शिक्षा संकट
iv. पर्यावरण संरक्षण

(ख) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। दिए गए विकल्पों में से एक सही विकल्प चुनकर लिखिए:

कथन (A) : आर्थिक असमानता समाज में असंतोष का कारण बनती है।

कारण (R) : आर्थिक असमानता से सभी वर्गों को समान अवसर मिलते हैं।

i. कथन (A) सही है, कारण (R) गलत है।
ii. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।

CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP

iii. कथन (A) सही है, और कारण (R) उसकी सही व्याख्या है।
iv. कथन (A) गलत है किन्तु कारण (R) सही है।

(ग) आर्थिक असमानता को कम करने के लिए कौन–सा उपाय अपनाया जा रहा है?
i. कर सुधार
ii. कर बढ़ाना
iii. रोजगार के अवसरों को सीमित करना
iv. शिक्षा का महत्व घटाना

(घ) आर्थिक असमानता के कारण समाज पर क्या प्रभाव पड़ता है?

(ङ) आर्थिक असमानता को कम करने में शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं का क्या योगदान है?

## खंड–ख (व्यावहारिक व्याकरण)

**3. 'पदबंध' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** $4 \times 1 = 4$

(क) ततँारा दिनभर के अथक परिश्रम के बाद समुद्र के किनारे टहलने निकल पड़ा– वाक्य में से क्रिया–विशेषण पदबंध चुनकर लिखिए।

(ख) क्या विशेषण पदबंध केवल संज्ञा से ही जुड़ता है? इस पर अपने विचार प्रस्तुत कीजिए और उदाहरण दीजिए।

(ग) टोपी शुक्ला पढ़कर सो रहा है– वाक्य में रेखांकित पदबंध का भेद लिखिए।

(घ) ततँारा की तलवार में अद्भुत दैवीय शक्ति थी– वाक्य में पदबंध का भेद बताते हुए कारण भी स्पष्ट कीजिए।

(ङ) विशेषण पदबंध का एक उदाहरण देकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।

**4. 'रचना के आधार पर वाक्य रूपांतरण' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** $4 \times 1 = 4$

(क) शीला बीमार है, इसलिए विद्यालय नहीं जाएगी– वाक्य का भेद लिखिए

(ख) तुम बस रुकने के स्थान पर चले जाओ– मिश्र वाक्य में रूपांतरित कीजिए।

(ग) "राम ने किताब पढ़ी।" इस वाक्य को सरल वाक्य मानते हुए इसकी विशेषता बताइए।

(घ) मिश्र वाक्य में प्रयुक्त "ताकि" का उपयोग एक वाक्य में करें।

(ङ) टोपी शुक्ला ने हमेशा अपने दोस्तों की मदद की– वाक्य का भेद बताते हुए कारण स्पष्ट कीजिए।

**5. 'समास' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** $4 \times 1 = 4$

(क) अव्ययीभाव समास में अव्यय पद का योगदान क्या होता है?

(ख) द्वंद्व समास के विशेष लक्षण क्या हैं? एक उदाहरण दीजिए।

(ग) 'नितप्रति' अव्ययीभाव समास है कैसे?

(घ) 'धर्मपत्नी' सामासिक पद का विग्रह करते हुए भेद लिखिए।

(ङ) द्विगु समास और बहुव्रीहि समास के बीच अंतर स्पष्ट कीजिए और एक उदाहरण दीजिए।

CLICK HERE TO SEE ANSWERS

**6.** **'मुहावरे' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** $4 \times 1 = 4$

(क) कबूतरों के अंडे टूटने के बाद मेरी माँ को ऐसा लगा जैसे अब वह खुदा को .................... रही। (उपयुक्त मुहावरे द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।)

(ख) तताँरा ने अपने गुस्से का इज़हार तलवार से धरती पर चीरकर किया। यह कहना गलत नहीं होगा कि उसने धरती पर अपनी .................... दी। (उपयुक्त मुहावरे द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।)

(ग) हरिहर काका को ठाकुरबारी के महंत ने धर्म के नाम पर ठग लिया, वह तो आस्तीन का साँप निकला। पंक्ति से मुहावरा चुनकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।

(घ) 'राई का पहाड़ बनाना' और 'तिल का ताड़ बनाना' मुहावरे में अंतर स्पष्ट कीजिए।

(ङ) 'अपना उल्लू सीधा करना' मुहावरे का वाक्य बनाइए।

## खंड–ग (पाठ्यपुस्तक)

**7.** **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर सर्वाधिक उचित विकल्प से चुनकर लिखिए–** $5 \times 1 = 5$

मैं तुमसे पाँच साल बड़ा हूँ और हमेशा रहूँगा। मुझे दुनिया का और जिंदगी का जो तजुरबा है, तुम उसकी बराबरी नहीं कर सकते, चाहे तुम एम. ए. और डी. फिल् और डी. लिट् ही क्यों न हो जाओ। समझ किताबें पढ़ने से नहीं आती, दुनिया देखने से आती है। हमारी अम्मा ने कोई दरजा नहीं पास किया और दादा भी शायद पाँचवीं–छठी जमात के आगे नहीं गए, लेकिन हम दोनों चाहें सारी दुनिया की विद्या पढ़ लें, अम्मा और दादा को हमें समझाने और सुधारने का अधिकार हमेशा रहेगा। केवल इसलिए नहीं कि वे हमारे जन्मदाता हैं, बल्कि इसलिए कि उन्हें दुनिया का हमसे ज्यादा तजुरबा है और रहेगा। अमेरिका में किस तरह की राज–व्यवस्था है और आठवें हेनरी ने कितने ब्याह किए और आकाश में कितने नक्षत्र हैं, यह बातें चाहे उन्हें न मालूम हों, लेकिन हजारों ऐसी बातें हैं, जिनका ज्ञान उन्हें हमसे और तुमसे ज्यादा है।

(क) बड़े भाई साहब ने छोटे भाई पर रोब जमाने के लिए किस बात की दुहाई दी?
i. अपनी पढ़ाई की
ii. अपने अनुभवों व आयु की
iii. चित्र बनाने की कला की
iv. इनमें से कोई नहीं

(ख) "मैं तुमसे पाँच साल बड़ा हूँ और हमेशा रहूँगा। मुझे दुनिया का और जिंदगी का जो तजुरबा है, तुम उसकी बराबरी नहीं कर सकते ..." कथन के माध्यम से ज्ञात होता है कि
i. छोटा भाई अपने भाई साहब का आदर करता है
ii. भाई साहब को जिंदगी का अच्छा अनुभव है
iii. भाई साहब के भीतर भी एक छोटा बच्चा है
iv. भाई साहब छोटे भाई का भला चाहते हैं

(ग) बड़े भाई के अनुसार, दुनिया की समझ किससे आती है?
i. किताबें पढ़ने से
ii. उच्च शिक्षा प्राप्त करने से
iii. अनुभव से
iv. इनमें से कोई नहीं

CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP

(घ) लेकिन हजारों ऐसी बातें हैं, जिनका ज्ञान उन्हें हमसे और तुमसे ज्यादा है– पंक्ति में 'हजारों' का क्या अर्थ है?
   i. अनेक
   ii. गिने–चुने
   iii. कुछ
   iv. सब

(ङ) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यान से पढ़िए तथा सर्वाधिक उचित विकल्प को चुन कर लिखिए:
   कथन (A): वक्ता का मानना है कि दुनिया का तजुरबा किताबों से अधिक महत्वपूर्ण है।
   कारण (R): किताबों में दी गई जानकारी सीमित होती है और अनुभव विस्तृत होता है।
   i. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।
   ii. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं।
   iii. कथन (A) गलत है तथा कारण (R) सही है।
   iv. कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

**8. गद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25–30 शब्दों में लिखिए–** $3 \times 2 = 6$

(क) वामीरो कैसे जीवन साथी की कल्पना करती थी? उसकी यह कल्पना क्यों साकार नहीं हो पाती?

(ख) नूह किस कारण कुत्ते को गंदा जीव मानता था?

(ग) वजीर अली किब बात पर गवर्नर जनरल से नाराज़ हो गया था?

(घ) व्यवहारवाद की हानि स्पष्ट कीजिए।

**9. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए–** $5 \times 1 = 5$

मोर मुगट पीतांबर सौहे, गल वैजंती माला।
बिंदरावन में धेनु चरावे, मोहन मुरली वाला।
ऊँचा–ऊँचा महल बणावं बिच बिच राखूँ बारी।
साँवरिया रा दरसण पास्यूँ, पहर कुसुंबी साड़ी।
आधी रात प्रभु दरसण, दीज्यो जमनाजी रे तीरां।
मीराँ रा प्रभु गिरधर नागर, हिवड़ो घणो अधीराँ।।

(क) श्रीकृष्ण ने गले में क्या पहना हुआ है?
   i. वैजंती माला
   ii. फूलों की माला
   iii. सोने का हार
   iv. मोतियों की माला

(ख) मीरा श्रीकृष्ण को आधी रात को यमुना के किनारे दर्शन के लिए बुलाती है। इससे ज्ञात होता है कि मीरा का मन श्रीकृष्ण के दर्शन के लिए .............. है।
   i. व्याकुल
   ii. प्रसन्न
   iii. दु:खी
   iv. इनमें से कोई नहीं

CLICK HERE TO SEE ANSWERS

(ग) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्प में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।
अभिकथन (A) : मीराँ अपने प्रभु गिरधर नागर के दर्शन के लिए व्याकुल हैं।
कारण (R) : क्योंकि मीराँ को अपने प्रभु के पास पहुँचने का समय केवल दिन के समय मिलता है।
i कथन (A) गलत है, किन्तु कारण (R) सही है।
ii कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।
iii कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।
iv कथन (A) सही है किन्तु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(घ) श्रीकृष्ण के महल के बीच में मीरा क्या बनवाना चाहती है?
i. स्वयं के लिए घर
ii. सुंदर फूलों से सजी फुलवारी
iii. भव्य मंदिर
iv. गाय के लिए गौशाला

(ङ) मीरा श्रीकृष्ण से क्या निवेदन कर रही है?
i. उसके दुःख हरने का
ii. भक्तों पर कृपा बनाए रखने का
iii. आधी रात में मिलने आने का
iv. स्वयं के लिए महल बनावाने का

**10.** **काव्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए–** $3 \times 2 = 6$

(क) 'मेखलाकार' शब्द का क्या अर्थ है? कवि ने इस शब्द का प्रयोग यहाँ क्यों किया है?

(ख) ईश्वर कण–कण में व्याप्त है, पर हम उसे क्यों नहीं देख पाते?

(ग) 'सहायक' न मिलने की परिस्थिति में कवि क्या चाहते हैं?

(घ) कवि ने सहानुभूति को महाविभूति क्यों कहा है?

**11.** **पूरक पुस्तक 'संचयन' पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 40-50 शब्दों में लिखिए–** $2 \times 3 = 6$

(क) "हरिहर काका संयुक्त परिवार के मूल्यों के प्रति एक समर्पित व प्रेरक मानव थे।" 'हरिहर काका' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

(ख) विभाजन के इतने दुःखद परिणामों के बाद भी आज भौगोलिक और धार्मिक विवाद बढ़ते जा रहे हैं, इन्हें रोकने के लिए युवा शक्ति की क्या भूमिका होनी चाहिए? 'टोपी शुक्ला' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

(ग) नई श्रेणी में जाने और नई कॉपियों और पुरानी किताबों से आती विशेष गंध से लेखक का बालमन क्यों उदास हो उठता था? 'सपनों के–से दिन' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए।

CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP

## खंड–घ (रचनात्मक लेखन)

**12.** **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत–बिन्दुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए–** $1 \times 5 = 5$

(i) **मेट्रो रेल**
- भूमिका
- लोकप्रियता
- लाभ एवं सुविधाएँ
- परिवहन का सफल साधन

(ii) **पुस्तकालय का महत्त्व**
- पुस्तकालय का अर्थ व महत्त्व
- पुस्तकालय का वर्णन
- पुस्तकालय के नियमों का पालन
- पुस्तकालयों का अधिकाधिक प्रयोग

(iii) **भारतीय किसान**
- किसान का जीवन
- किसान की दशा
- दशा–सुधार के प्रयत्न
- शिक्षा व ज्ञान का प्रसार

**13.** **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए–** $1 \times 5 = 5$

बिजली के खराब मीटर की शिकायत करते हुए बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता को शिकायती पत्र लिखिए।

अथवा

बीमारी के कारण नवीं कक्षा की परीक्षा देने में असमर्थ छात्र की ओर से प्रधानाचार्य को एक पत्र लिखिए।

**14.** **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 60 शब्दों में सूचना लिखिए–** $1 \times 4 = 4$

नाटक प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए विद्यालय के सभी सदनों के इच्छुक छात्रों को आमंत्रित करते हुए छात्र सचिव की ओर से एक सूचना लिखिए।

अथवा

गुमशुदा बच्चे की तलाश के लिए सूचना लिखिए।

CLICK HERE TO SEE ANSWERS

**15.** **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन लिखिए–** $1 \times 3 = 3$

किसी विद्यालय की उपलब्धियों का एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।

अथवा

किसी हर्बल क्रीम के बारे में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।

**16.** 'बृद्धि' विषय पर लघु कथा लगभग 100 शब्दों में लिखिए। $1 \times 5 = 5$

अथवा

आपका टेलीफोन एक सप्ताह से खराब पड़ा है। इससे संबंधित शिकायत करने हेतु भारत संचार निगम लिमिटेड को 80 शब्दों में एक ई–मेल लिखिए।

www.nodia.in

CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP

# प्रतिदर्श प्रश्नपत्र 23

## कक्षा–10 परीक्षा 2024–25

## हिन्दी–ब (कोड–085)

**निर्धारित समय : 3 घंटे** **अधिकतम अंक : 80**

**सामान्य निर्देश :**

- इस प्रश्नपत्र में चार खंड हैं– क, ख, ग, और घ।
- खंड–क में अपठित गद्यांश से प्रश्न पूछे गए हैं, जिनके उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए दीजिए।
- खंड–ख में व्यावहारिक व्याकरण से प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
- खंड–ग पाठ्यपुस्तक पर आधारित है, निर्देशानुसार उत्तर दीजिए।
- खंड़–घ रचनात्मक लेखन पर आधारित है आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
- प्रश्न पत्र में कुल 16 प्रश्न हैं, सभी प्रश्न अनिवार्य है।
- यथासंभव सभी खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

---

## खंड–क (अपठित बोध)

**1.** **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** 7

समय का प्रबंधन जीवन में सफलता की कुंजी है। "समय अमूल्य है" क्योंकि इसे एक बार खो देने के बाद फिर से प्राप्त नहीं किया जा सकता। जो व्यक्ति समय की कद्र करता है, वह अपने जीवन में अनुशासन और आत्म–संयम को अपनाता है। समय प्रबंधन से न केवल हम अपने कार्यों को सही तरीके से पूरा कर पाते हैं, बल्कि जीवन में संतुलन भी बनाए रख सकते हैं। आज के तेज़ रफ्तार जीवन में, जहाँ हर व्यक्ति अपने लक्ष्यों को जल्दी प्राप्त करना चाहता है, समय का सही उपयोग और भी महत्त्वपूर्ण हो गया है। एक व्यवस्थित दिनचर्या और कार्यों की प्राथमिकता तय करना समय का सदुपयोग करने का सबसे अच्छा तरीका है। यदि हम अपने समय का सही प्रबंधन करते हैं, तो हम न केवल अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर सकते हैं, बल्कि अपने जीवन में सफलता और शांति भी हासिल कर सकते हैं। समय का सही उपयोग करने के लिए आवश्यक है कि हम अपने कार्यों को समय पर पूरा करें, व्यर्थ की चीज़ों में समय न गवाएँ, और अपने जीवन के हर क्षण का सम्मान करें। समय का सदुपयोग न केवल हमें एक सफल व्यक्ति बनाता है, बल्कि यह समाज में भी आदर और सम्मान का पात्र बनाता है।

(क) उपर्युक्त गद्यांश का मुख्य विषय क्या है?
   i. दिनचर्या का महत्त्व
   ii. समय प्रबंधन का महत्त्व
   iii. लक्ष्य प्राप्ति का तरीका
   iv. कार्यों की प्राथमिकता

(ख) समय अमूल्य है– पंक्ति से क्या आशय है?
   i. समय का कोई महत्त्व नहीं होता
   ii. समय को खो देना सही है
   iii. समय का सदुपयोग करना चाहिए
   iv. समय को बार–बार प्राप्त किया जा सकता है

CLICK HERE TO SEE ANSWERS

(ग) निम्नलिखित कथन और निष्कर्ष को ध्यान से पढ़कर दिए गए विकल्प से सही उत्तर चुनकर लिखिए:

कथन : समय का सदुपयोग करने से व्यक्ति सफल होता है।

निष्कर्ष : सफल लोग हमेशा अपने समय का सही उपयोग करते हैं।

i. कथन सही है, लेकिन निष्कर्ष गलत है।

ii. कथन और निष्कर्ष दोनों सही हैं।

iii. कथन गलत है और निष्कर्ष सही है।

iv. कथन और निष्कर्ष दोनों गलत हैं।

(घ) समय का प्रबंधन क्यों आवश्यक है?

(ङ) समय का सही उपयोग करने के कौन–कौन से उपाय हैं?

**2. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** 7

बेरोजगारी आज के समय में एक गंभीर आर्थिक और सामाजिक समस्या बन चुकी है, जो विकासशील देशों के लिए एक बड़ी चुनौती है। बेरोजगारी के बढ़ते स्तर से लोगों की आय और जीवन स्तर पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। विशेष रूप से युवाओं में बेरोजगारी की दर अधिक है, जिसके कारण उनमें असंतोष और मानसिक तनाव की स्थिति उत्पन्न हो रही है। बेरोजगारी न केवल व्यक्तिगत समस्याओं को बढ़ावा देती है, बल्कि समाज में अपराध, अस्थिरता और आर्थिक असमानता जैसी समस्याओं को भी जन्म देती है। इसके कारण समाज में कई वर्गों के बीच असंतुलन उत्पन्न हो रहा है, जिससे आर्थिक असमानता और तनाव बढ़ रहा है। बेरोजगारी को कम करने के लिए सरकारें कई उपाय कर रही हैं, जैसे कि रोजगार सृजन के कार्यक्रम, कौशल विकास योजनाएँ, और छोटे उद्योगों को बढ़ावा देना। इसके साथ ही, शिक्षा प्रणाली में सुधार कर व्यावसायिक प्रशिक्षण और तकनीकी शिक्षा पर जोर दिया जा रहा है ताकि लोग नई नौकरियों के लिए योग्य बन सकें। निजी और सार्वजनिक क्षेत्रों में निवेश भी बढ़ाया जा रहा है ताकि अधिक रोजगार के अवसर उत्पन्न हों। एक स्थिर और समृद्ध समाज के लिए रोजगार के अवसरों का सृजन और बेरोजगारी में कमी अत्यंत आवश्यक है।

(क) उपर्युक्त गद्यांश का मुख्य विषय क्या है?

i. शिक्षा संकट

ii. बेरोजगारी

iii. आर्थिक असमानता

iv. स्वास्थ्य समस्या

(ख) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। दिए गए विकल्पों में से एक सही विकल्प चुनकर लिखिए:

कथन (A) : बेरोजगारी के कारण समाज में आर्थिक स्थिरता बढ़ती है।

कारण (R) : बेरोजगारी के कारण लोगों की आर्थिक सुरक्षा कम हो जाती है।

i. कथन (A) सही है, कारण (R) गलत है।

ii. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।

iii. कथन (A) सही है, और कारण (R) उसकी सही व्याख्या है।

iv. कथन (A) गलत है किन्तु कारण (R) सही है।

CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP

(ग) बेरोजगारी को कम करने के लिए कौन–सा उपाय अपनाया जा रहा है?
   i. शिक्षा का महत्व घटाना
   ii. छोटे उद्योगों को बढ़ावा देना
   iii. रोजगार के अवसर कम करना
   iv. रोजगार सृजन बंद करना

(घ) बेरोजगारी के कारण समाज पर क्या प्रभाव पड़ता है?

(ङ) बेरोजगारी कम करने के लिए कौशल विकास योजनाएँ कैसे सहायक हो सकती हैं?

## खंड–ख (व्यावहारिक व्याकरण)

**3. 'पदबंध' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** $4 \times 1 = 4$

(क) गायक मुकेश ने शैलेंद्र के गीतों में जान डाल दी– वाक्य में से संज्ञा पदबंध चुनकर लिखिए

(ख) वाक्य में विशेषण पदबंध का उपयोग किसी समूह या वर्ग की विशेषता को व्यक्त करने के लिए किया जाता है। उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

(ग) वामीरो फटती हुई धरती के किनारे चीखती हुई दौड़ रही थी– वाक्य में रेखांकित पदबंध का भेद लिखिए

(घ) निर्भीक और साहसी वज़ीर अली अपने अधिकार के लिए लड़ रहा था– वाक्य में पदबंध का भेद बताते हुए कारण भी स्पष्ट कीजिए।

(ङ) सर्वनाम पदबंध का एक उदाहरण देकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।

**4. 'रचना के आधार पर वाक्य रूपांतरण' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** $4 \times 1 = 4$

(क) उसने मेहनत नहीं की, इसलिए वह रह गया– वाक्य का भेद लिखिए

(ख) जीवन में पहली बार मैं इस तरह विचलित हुआ हूँ– मिश्र वाक्य में रूपांतरित कीजिए।

(ग) सरल वाक्य और संयुक्त वाक्य के बीच अंतर एक उदाहरण सहित समझाइए।

(घ) सरल वाक्य को संयुक्त वाक्य में बदलने का एक उदाहरण दीजिए।

(ङ) डायरी में दर्ज यह घटना मेरे जीवन की सबसे यादगार घटना है– वाक्य का भेद बताते हुए कारण स्पष्ट कीजिए।

**5. 'समास' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** $4 \times 1 = 4$

(क) तत्पुरुष समास में प्रधान पद का महत्व क्या होता है?

(ख) द्विगु समास में संख्यावाचक पद की भूमिका क्या होती है?

(ग) 'राम–लक्ष्मण' द्वंद्व समास है कैसे?

(घ) 'त्रिनेत्र' सामासिक पद का विग्रह करते हुए भेद लिखिए।

(ङ) बहुव्रीहि समास और द्वंद्व समास में अंतर स्पष्ट करें।

CLICK HERE TO SEE ANSWERS

**6.** **'मुहावरे' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** $4 \times 1 = 4$

(क) भाई साहब ने कहा, "सपनों के सहारे चलना .................... के समान है।" (उपयुक्त मुहावरे द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।)

(ख) जब हरिहर काका ने अपने भाइयों को संपत्ति देने से इंकार किया, तो वे ......................... हो गए। (उपयुक्त मुहावरे द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।)

(ग) राजकपूर ने कहा, "हीरामन के किरदार में खुद को ढालने के लिए मुझे खून–पसीना एक करना पड़ा।" पंक्ति से मुहावरा चुनकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।

(घ) 'अंधेर नगरी, चौपट राजा' और 'ऊँट के मुँह में जीरा' मुहावरे में अंतर स्पष्ट कीजिए।

(ङ) 'खून जलाना' मुहावरे का वाक्य बनाइए।

## खंड–ग (पाठ्यपुस्तक)

**7.** **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर सर्वाधिक उचित विकल्प से चुनकर लिखिए–** $5 \times 1 = 5$

ग्वालियर से बंबई की दूरी ने संसार को काफ़ी कुछ बदल दिया है। वर्सोवा में जहाँ आज मेरा घर है, पहले यहाँ दूर तक जंगल था। पेड़ थे, परिंदे थे और दूसरे जानवर थे। अब यहाँ समंदर के किनारे लंबी–चौड़ी बस्ती बन गई है। इस बस्ती ने न जाने कितने परिंदों–चरिंदों से उनका घर छीन लिया है। इनमें से कुछ शहर छोड़कर चले गए हैं। जो नहीं जा सके हैं उन्होंने यहाँ–वहाँ डेरा डाल लिया है। इनमें से दो कबूतरों ने मेरे फ़्लैट के एक मचान में घोंसला बना लिया है। बच्चे अभी छोटे हैं। उनके खिलाने–पिलाने की ज़िम्मेदारी अभी बड़े कबूतरों की है। वे दिन में कई–कई बार आते–जाते हैं। और क्यों न आएं–जाएं? आखिर उनका भी घर है।

(क) वर्सोवा में पहले क्या था?

i. बड़ा बाजार
ii. घना जंगल
iii. एक बड़ा पार्क
iv. होटल और रेस्टोरेंट

(ख) नई बस्ती बनने से किसका घर छीन लिया गया?

i. इंसानों का
ii. परिंदों और चरिंदों का
iii. मछलियों का
iv. पेड़–पौधों का

(ग) दो कबूतरों ने लेखक के फ़्लैट में कहाँ घोंसला बनाया है?

i. खिड़की पर
ii. मचान में
iii. बालकनी में
iv. दरवाजे के पास

CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP

(घ) उनके खिलाने–पिलाने की ज़िम्मेदारी अभी बड़े कबूतरों की है– पंक्ति में 'ज़िम्मेदारी' का क्या अर्थ है?
i. खेल
ii. कर्तव्य
iii. अधिकार
iv. मनोरंजन

(ङ) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यान से पढ़िए तथा सर्वाधिक उचित विकल्प को चुन कर लिखिए:
कथन (A) : वर्सोवा में नई बस्ती के कारण परिंदों को अपना घर छोड़ना पड़ा।
कारण (R) : नई बस्ती के निर्माण के कारण जंगल और पेड़ कट गए हैं।
i. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।
ii. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं।
iii. कथन (A) गलत है तथा कारण (R) सही है।
iv. कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

**8. गद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25–30 शब्दों में लिखिए–** $3 \times 2 = 6$

(क) 'टी सेरेमनी' मे चाय पीते समय लेखक ने क्या निर्णय लिया? 'पतझर में टूटी पत्तियाँ' पाठ के आधार पर दीजिए।

(ख) वजीर अली किस पद पर था? उसे पद से क्यों हटाया गया था? 'कारतूस' पाठ के आधार पर लिखिए।

(ग) 'तीसरी कसम' फ़िल्म प्रदर्शित होने पर भी गुमनाम–सी क्यों रही?

(घ) लेखक के लिए ज्यादा देर तक पढ़ना क्यों मुश्किल था? पाठ 'बड़े भाई साहब' के आधार पर बताइए।

**9. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए–** $5 \times 1 = 5$

'मनुष्य मात्र बंधु है' यही बड़ा विवेक है,
पुराणपुरुष स्वयंभू पिता प्रसिद्ध एक है।
फलानुसार कर्म के अवश्य बाह्य भेद हैं,
परंतु अंतरैक्य में प्रमाणभूत वेद है।
अनर्थ है कि बंधु ही न बंधु की व्यथा हरे,
वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे।।

(क) पद्यांश के अनुसार, प्रत्येक मनुष्य अपना बंधु कैसे है?
i. एक राष्ट्र में जन्म लेने के कारण
ii. एक प्रांत में जन्म लेने के कारण
iii. एक जैसा भोजन खाने के कारण
iv. एक परमेश्वर की संतान होने के कारण

CLICK HERE TO SEE ANSWERS

(ख) मनुष्य–मनुष्य में बाहरी अंतर दिखाई देता है
   i. विचारों से अलग होने के कारण
   ii. रंग–रूप में अंतर होने के कारण
   iii. कर्म के अनुसार फल भोगने के कारण
   iv. विभिन्न जातियों में जन्म लेने के कारण

(ग) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्प में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।
अभिकथन (A) : कवि का मानना है कि सभी मनुष्य एक–दूसरे के बंधु हैं।
कारण (R) : क्योंकि सभी मनुष्यों के बीच बाहरी भेद हैं, लेकिन वेदों में अंतर्निहित एकता का प्रमाण मिलता है।
   i कथन (A) गलत है, किन्तु कारण (R) सही है।
   ii कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।
   iii कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।
   iv कथन (A) सही है किन्तु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(घ) प्रस्तुत पद्यांश के माध्यम से कवि ने क्या संदेश दिया है?
   i. पर के प्रति अनय का भाव
   ii. आपसी भाई–चारे का भाव
   iii. ईश्वर के प्रति कृतज्ञता का भाव
   iv. पर के प्रति अपनत्व का भाव

(ङ) संसार में सबसे बड़ा अनर्थ क्या है?
   i. जब व्यक्ति दीन–दुखियों की सहायता करता है
   ii. जब कोई व्यक्ति अपने ही बंधु के दुखों को दूर नहीं करता
   iii. जब कोई व्यक्ति अपने ही बंधु के दुख हरता है
   iv. जब कोई मनुष्य केवल अपने लिए ही जीता है

**10.** **काव्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25–30 शब्दों में लिखिए–** $3 \times 2 = 6$

(क) कविता में कवि की प्रार्थना से क्या संदेश मिलता है? अपने शब्दों में बताइए।

(ख) ‘पर्वत प्रदेश में पावस’ कविता के आधार पर पर्वत के रूप–स्वरूप का चित्रण कीजिए।

(ग) मीठी वाणी बोलने से औरों को सुख और अपने तन को शीतलता कैसे प्राप्त होती है?

(घ) ‘सर हिमालय का हमने न झुकने दिया’, इस पंक्ति में हिमालय किस बात का प्रतीक है?

CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP

**11.** **पूरक पुस्तक 'संचयन' पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 40-50 शब्दों में लिखिए-** $2 \times 3 = 6$

(क) भाइयों की किन बातों से हरिहर काका का दिल पसीज गया और वे ठाकुरबारी से घर लौट आए?

(ख) 'बाल शिक्षा' विद्यार्थियों को जीवन में महत्त्वपूर्ण होती हे, क्योंकि यह बाल केंद्रित होती है और इसमें अनुशासन लचीला होता है। कथन के आधार पर बताइए कि विद्यार्थियों में जीवन मूल्यों के विकास हेतु शिक्षा व्यवस्था में किस प्रकार के सुधार की आवश्यकता है। 'सपनों के-से दिन' पाठ के आधार पर लिखिए।

(ग) 'टोपी शुक्ला' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि ''इफ़्फ़न को अपनी दादी से विशेष लगाव था।

## खंड-घ (रचनात्मक लेखन)

**12.** **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत-बिन्दुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए-** $1 \times 5 = 5$

(i) **सड़कों पर जमा भीड़**
- सड़कें नगर की धमनियाँ हैं
- भीड़ जमा होने के कारण
- लोगों का असंयमित व्यवहार
- पुलिस की समस्या
- लोगों में जल्दबाजी की प्रवृत्ति

(ii) **विद्यालय में आयोजित वन-महोत्सव**
- वन-महोत्सव का अर्थ
- विद्यालय में वन महोत्सव का आयोजन
- कार्यक्रम का वर्णन
- वन-संरक्षण की प्रतिज्ञा

(iii) **प्रदूषण**
- अर्थ और विकराल स्वरूप
- प्रदूषण के प्रकार
- प्रदूषण से होने वाली हानियाँ
- प्रदूषण दूर करने के उपाय

**13.** **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए-** $1 \times 5 = 5$

छात्रावास के रसोईघर की नियमित सफाई कराने की व्यवस्था करने के लिए छात्रावास के संचालक महोदय को एक पत्र लिखिए।

अथवा

छात्रवृत्ति प्रदान करने के लिए अपने विद्यालय की प्रधानाचार्या को एक प्रार्थना-पत्र लिखिए।

CLICK HERE TO SEE ANSWERS

**14.** **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 60 शब्दों में सूचना लिखिए–** $1 \times 4 = 4$

विद्यालय का नया साइकिल स्टैंड दिनांक 01 जुलाई, 20xx से खुल जाएगा। विद्यालय की व्यवस्था कमेटी के अध्यक्ष की ओर से केवल साइकिल स्टैंड में ही साइकिलों को रखने की आवश्यक सूचना लिखिए।

अथवा

सोसायटी को स्वच्छ रखने हेतु सूचना लिखिए।

**15.** **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन लिखिए–** $1 \times 3 = 3$

सरकार की निःशुल्क कंप्यूटर शिक्षा योजना के लिए विज्ञापन तैयार कीजिए।

अथवा

कपड़ों का नया ब्राण्ड 'मेडोना' बाजार में आया है। उसके लिए विज्ञापन तैयार कीजिए।

**16.** 'बिना सोचे–समझे कोई काम नहीं करना चाहिए' विषय पर लघु कथा लगभग 100 शब्दों में लिखिए। $1 \times 5 = 5$

अथवा

आप अपना बैंक खाता दूसरी शाखा में ट्रांसफर कराना चाहते हैं, इस संदर्भ में बैंक प्रबंधक को 80 शब्दों का ई–मेल लिखिए।

www.nodia.in

CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP

# प्रतिदर्श प्रश्नपत्र 24

## कक्षा–10 परीक्षा 2024–25

## हिन्दी–ब (कोड–085)

**निर्धारित समय : 3 घंटे** **अधिकतम अंक : 80**

**सामान्य निर्देश :**

- इस प्रश्नपत्र में चार खंड हैं– क, ख, ग, और घ।
- खंड–क में अपठित गद्यांश से प्रश्न पूछे गए हैं, जिनके उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए दीजिए।
- खंड–ख में व्यावहारिक व्याकरण से प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
- खंड–ग पाठ्यपुस्तक पर आधारित है, निर्देशानुसार उत्तर दीजिए।
- खंड़–घ रचनात्मक लेखन पर आधारित है आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
- प्रश्न पत्र में कुल 16 प्रश्न हैं, सभी प्रश्न अनिवार्य है।
- यथासंभव सभी खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

---

## खंड–क (अपठित बोध)

**1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** 7

अभ्यास सफलता की कुंजी है। "अभ्यास से ही कौशल आता है" क्योंकि किसी भी कार्य में महारत हासिल करने के लिए निरंतर अभ्यास आवश्यक है। चाहे वह पढ़ाई हो, खेल हो, या कला, नियमित अभ्यास व्यक्ति को धीरे–धीरे बेहतर बनाता है। अभ्यास से न केवल हमारी क्षमताओं में वृद्धि होती है, बल्कि आत्मविश्वास भी बढ़ता है। किसी भी कठिन कार्य को सरल बनाने का सबसे अच्छा तरीका है, उसे बार–बार दोहराना और धीरे–धीरे उसमें सुधार करना। आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में, जहाँ हर क्षेत्र में उत्कृष्टता की आवश्यकता है, अभ्यास का महत्त्व और भी बढ़ गया है। विद्यार्थी से लेकर पेशेवर तक, सभी के लिए यह जरूरी है कि वे अपनी क्षमता को बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास करते रहें। अभ्यास की इस आदत से व्यक्ति की सोच में गहराई आती है और उसके कार्यों में परिपक्वता दिखती है। यह एक ऐसा गुण है, जो साधारण व्यक्ति को भी असाधारण बना सकता है। इसलिए, हमें अपने कार्यों में निरंतरता बनाए रखनी चाहिए और अभ्यास को अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। अभ्यास से न केवल हमारे कौशल में निखार आता है, बल्कि यह हमें अनुशासन और धैर्य भी सिखाता है, जो जीवन में सफलता पाने के लिए महत्त्वपूर्ण हैं।

(क) उपर्युक्त गद्यांश का मुख्य विषय क्या है?

i. पढ़ाई का महत्त्व

ii. अभ्यास का महत्त्व

iii. आत्मविश्वास का विकास

iv. अनुशासन का महत्त्व

CLICK HERE TO SEE ANSWERS

(ख) अभ्यास से ही कौशल आता है– पंक्ति से क्या आशय है?

i. कौशल केवल भाग्य से आता है

ii. अभ्यास से व्यक्ति की क्षमता बढ़ती है

iii. अभ्यास का कोई महत्त्व नहीं है

iv. कौशल बिना अभ्यास के भी आता है

(ग) निम्नलिखित कथन और निष्कर्ष को ध्यान से पढ़कर दिए गए विकल्प से सही उत्तर चुनकर लिखिए:

कथन : नियमित अभ्यास से व्यक्ति में आत्मविश्वास बढ़ता है।

निष्कर्ष : आत्मविश्वास केवल अभ्यास से प्राप्त होता है।

i. कथन सही है, लेकिन निष्कर्ष गलत है।

ii. कथन और निष्कर्ष दोनों सही हैं।

iii. कथन गलत है और निष्कर्ष सही है।

iv. कथन और निष्कर्ष दोनों गलत हैं।

(घ) अभ्यास का जीवन में क्या महत्त्व है?

(ङ) किसी भी क्षेत्र में महारत हासिल करने के लिए क्या करना चाहिए?

**2. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** 7

संगीत मानव जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो न केवल मनोरंजन का माध्यम है बल्कि मन को शांत करने और भावनाओं को व्यक्त करने का भी एक साधन है। प्राचीन काल से ही संगीत का प्रयोग उत्सवों, धार्मिक अनुष्ठानों और दैनिक जीवन में होता आ रहा है। भारतीय शास्त्रीय संगीत, जो राग और ताल पर आधारित है, अपनी अनूठी शैली और परंपराओं के लिए प्रसिद्ध है। इसके अलावा, आधुनिक संगीत की विभिन्न शैलियाँ जैसे पॉप, रॉक, जैज़, और हिप–हॉप भी लोगों के जीवन में गहरी छाप छोड़ती हैं और उन्हें नए अनुभव प्रदान करती हैं। संगीत सुनने से न केवल मानसिक स्वास्थ्य में सुधार होता है, बल्कि यह तनाव को भी कम करता है। अध्ययनों से पता चला है कि संगीत सुनने से व्यक्ति के मन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। संगीत की शक्ति इतनी गहरी होती है कि यह व्यक्ति के मन में गहरे भावों को जागृत कर सुकून का अनुभव कराती है। इसीलिए, संगीत को एक प्रकार की चिकित्सा के रूप में भी माना गया है। इसके विविध रूप आज भी लोगों के जीवन को समृद्ध बना रहे हैं और उन्हें आनंद और शांति प्रदान कर रहे हैं।

(क) उपर्युक्त गद्यांश का मुख्य विषय क्या है?

i. मनोरंजन

ii. संगीत

iii. भारतीय शास्त्रीय संगीत

iv. जीवन शैली

(ख) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। दिए गए विकल्पों में से एक सही विकल्प चुनकर लिखिए:

कथन (A) : संगीत सुनने से तनाव कम होता है।

कारण (R) : संगीत में ऐसी शक्ति होती है जो भावनाओं को जागृत कर सुकून देती है।

i. कथन (A) सही है, कारण (R) गलत है।

ii. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।

CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP

iii. कथन (A) सही है, और कारण (R) उसकी सही व्याख्या है।
iv. कथन (A) गलत है किन्तु कारण (R) सही है।

(ग) भारतीय शास्त्रीय संगीत किस पर आधारित है?
i. धुन और ताल
ii. राग और ताल
iii. लय और धुन
iv. शब्द और धुन

(घ) संगीत का मानव जीवन पर क्या प्रभाव पड़ता है?

(ङ) आधुनिक संगीत शैलियाँ कौन–कौन सी हैं?

## खंड–ख (व्यावहारिक व्याकरण)

**3.** **'पदबंध' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** $4 \times 1 = 4$

(क) ततँारा एक नेक और मददगार व्यक्ति था– वाक्य में से विशेषण पदबंध चुनकर लिखिए।

(ख) वाक्य में क्रिया पदबंध के बिना अर्थ अधूरा क्यों हो सकता है? एक वाक्य में क्रिया पदबंध का सही उपयोग दिखाइए।

(ग) बढ़ती हुई आबादियों ने समंदर का पीछे सरकाना शुरु कर दिया है– वाक्य में रेखांकित पदबंध का भेद लिखिए।

(घ) हम जब अकेले पड़ते है, तब अपने आपसे लगातार बड़बड़ाते रहते हैं– वाक्य में पदबंध का भेद बताते हुए कारण भी स्पष्ट कीजिए।

(ङ) संज्ञा पदबंध का एक उदाहरण देकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।

**4.** **'रचना के आधार पर वाक्य रूपांतरण' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** $4 \times 1 = 4$

(क) ज्यों ही मैं विद्यालय के द्वार पर पहुँचा, त्यों ही द्वार बंद हो गया– वाक्य का भेद लिखिए।

(ख) जब चोर को मौका मिला, तब वह भाग गया– संयुक्त वाक्य में रूपांतरित कीजिए।

(ग) संयुक्त वाक्य में "अथवा" का उपयोग एक उदाहरण सहित बताइए।

(घ) मिश्र वाक्य में प्रयुक्त "जब" और "तो" का उपयोग एक उदाहरण सहित लिखिए।

(ङ) अब लोग दूसरों के दुःख के प्रति संवेदनशील नहीं रहे– वाक्य का भेद बताते हुए कारण स्पष्ट कीजिए।

**5.** **'समास' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** $4 \times 1 = 4$

(क) बहुव्रीहि समास में किस प्रकार का विशेष अर्थ उत्पन्न होता है?

(ख) अव्ययीभाव समास अन्य समासों से कैसे भिन्न होता है?

(ग) 'सर्वत्र' अव्ययीभाव समास है कैसे?

(घ) 'देश–विदेश' सामासिक पद का विग्रह करते हुए भेद लिखिए।

(ङ) तत्पुरुष समास की विशेषता बताते हुए एक उदाहरण दीजिए।

CLICK HERE TO SEE ANSWERS

**6.** **'मुहावरे' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** $4 \times 1 = 4$

(क) बड़े भाई साहब ने कहा, "पढ़ाई में मेहनत करने के बजाय बहाने बनाना खुद .................. जैसा है। (उपयुक्त मुहावरे द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।)

(ख) हरिहर काका को परिवार और गाँववालों से न्याय पाने के लिए ......................... पड़ी। (उपयुक्त मुहावरे द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।)

(ग) शैलेंद्र ने कहा, "दर्शकों को सच्चे भाव प्रस्तुत करने के लिए दिल पर पत्थर रखना पड़ता है।" पंक्ति से मुहावरा चुनकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।

(घ) 'हाथ मलना' और 'आँख दिखाना' मुहावरे में अंतर स्पष्ट कीजिए।

(ङ) 'आसमान में उड़ना' मुहावरे का वाक्य बनाइए।

## खंड–ग (पाठ्यपुस्तक)

**7.** **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर सर्वाधिक उचित विकल्प से चुनकर लिखिए–** $5 \times 1 = 5$

बाहर बेढब–सा एक मिट्टी का बरतन था। उसमें पानी भरा हुआ था। हमने अपने हाथ–पाँव उस पानी से धोए। तौलिए से पोंछे और अंदर गए। अंदर 'चाजीन' बैठा था। हमें देखकर वह खड़ा हुआ। कमर झुकाकर उसने हमें प्रणाम किया। दो...झो...(आइए, तशरीफ लाइए) कहकर स्वागत किया। बैठने की जगह हमें दिखाई। अँगीठी सुलगाई। उस पर चायदानी रखी। बगल के कमरे में जाकर कुछ बरतन ले आया। तौलिए से बरतन साफ किए। सभी क्रियाएँ इतनी गरिमापूर्ण ढंग से की कि उसकी हर भंगिमा से लगता था मानो जयजयवंती के सुर गूँज रहे हों। वहाँ का वातावरण इतना शांत था कि चायदानी के पानी का खदबदाना भी सुनाई दे रहा था।

(क) चाजीन ने कौन–सी क्रिया गरिमापूर्ण ढंग से की?
i. अतिथियों का स्वागत
ii. अँगीठी सुलगाना
iii. चाय के बर्तन लाना
iv. ये सभी

(ख) पर्णकुटी के बाहर मिट्टी का बर्तन रखने का क्या उद्देश्य था?
i. चाय के बर्तन धोए जाने के लिए
ii. प्रत्येक व्यक्ति पानी से हाथ–मुँह धोकर कुटिया के अंदर प्रवेश करे
iii. किसी को भी पानी की कमी न हो
iv. पानी का महत्त्व बताने के लिए

(ग) ''उसकी हर भंगिमा से लगता था मानो जयजयवंती के सुर गूँज रहे हों'' पंक्ति में 'उसकी' शब्द किसके लिए प्रयुक्त हुआ है?
i. लेखक के मित्र के लिए
ii. स्वयं लेखक के लिए
iii. चाजीन के लिए
iv. वहाँ उपस्थित अन्य व्यक्ति के लिए

CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP

(घ) बगल के कमरे में जाकर कुछ बरतन ले आया– पंक्ति में 'बगल' का क्या अर्थ है?
   i. सामने
   ii. बाएँ
   iii. पीछे
   iv. पास का

(ङ) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यान से पढ़िए तथा सर्वाधिक उचित विकल्प को चुन कर लिखिए:
   कथन (A) : चाजीन ने सभी क्रियाएँ गरिमापूर्ण ढंग से की थीं।
   कारण (R) : वहाँ का वातावरण बहुत अशांत था।
   i. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।
   ii. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं।
   iii. कथन (A) गलत है तथा कारण (R) सही है।
   iv. कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

**8.** **गद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए–** $3 \times 2 = 6$

(क) पशु–पर्व में तताँरा का मन कार्यक्रमों क्यों नहीं लगा?

(ख) छोटे भाई ने बड़े भाई साहब के नरम व्यवहार का क्या फ़ायदा उठाया?

(ग) डॉ. दासगुप्ता जुलूस में घायल लोगों की देख–रेख तो कर ही रहे थे, उनके फ़ोटो भी उतरवा रहे थे। उन लोगों के फ़ोटो खींचने की क्या वजह हो सकती थी? स्पष्ट कीजिए।

(घ) शैलेंद्र द्वारा व्यक्त करुणा की विशेषता बताइए।

**9.** **निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए–** $5 \times 1 = 5$

अनंत अंतरिक्ष में अनंत देव हैं खड़े,
समक्ष ही स्वबाहु जो बढा रहे बड़े–बड़े।
परस्परावलंब से उठो तथा बढ़ो सभी,
अभी अमर्त्य–अंक में अपंक हो चढ़ो सभी।
रहो न यों कि एक से न काम और का सरे,
वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे।।

(क) 'परस्परावलंब' से क्या अभिप्राय है?
   i. एक–दूसरे से छल–कपट करना
   ii. एक–दूसरे से शत्रुता करना
   iii. एक–दूसरे का सहयोग लेना
   iv. दूसरे से स्वार्थ सिद्ध करना

(ख) अंतरिक्ष में खड़े देव अपनी बाहु को क्यों बढ़ा रहे हैं?
   i. मदद के लिए
   ii. स्वस्थता के लिए
   iii. मार्गदर्शन के लिए
   iv. समृद्धि के लिए

CLICK HERE TO SEE ANSWERS

(ग) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्प में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।

अभिकथन (A) : कवि का मानना है कि प्रत्येक व्यक्ति को परस्पर सहयोग से आगे बढ़ना चाहिए।

कारण (R) : क्योंकि मनुष्य का वास्तविक कर्तव्य केवल स्वयं के लिए जीना है।

i कथन (A) गलत है, किन्तु कारण (R) सही है।

ii कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।

iii कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।

iv कथन (A) सही है किन्तु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(घ) कवि मनुष्य को किस प्रकार रहने की सलाह देता है?

i. प्रतिशोध की भावना से

ii. हिंसा की भावना से

iii. सहयोग की भावना से

iv. पराधीनता की भावना से

(ङ) प्रस्तुत पद्यांश में कवि ने क्या संदेश दिया है?

i. जीवन की सार्थकता स्वार्थ सिद्धि में है

ii. जीवन की सार्थकता देवों के व्यवहार में है

iii. जीवन की सार्थकता कुटिल व्यवहार में है

iv. जीवन की सार्थकता परोपकार में है

**10. काव्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए–** $3 \times 2 = 6$

(क) कवि ने इस कविता में किस काफ़िले को आगे बढ़ाते रहने की बात कही है?

(ख) कबीर ने अपने हाथ में कौन–सी मशाल लेकर अपना घर जला लिया?

(ग) 'धज्जे उड़ाना' मुहावरे का प्रयोग 'तोप' के संदर्भ में किस रूप में हुआ है?

(घ) झरने का केवल शोर ही कैसे रह गया?

**11. पूरक पुस्तक 'संचयन' पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 40-50 शब्दों में लिखिए–** $2 \times 3 = 6$

(क) हरिहर काका द्वारा घर छोड़कर ठाकुरबारी चले जाने पर घर के सदस्यों पर क्या प्रभाव हुआ? उनकी ठाकुरबारी से घर वापसी किस प्रकार हुई? 'हरिहर काका' पाठ के आधार पर वर्णन कीजिए।

(ख) हेडमास्टर साहब लेखक को हर वर्ष किसी धनी लड़के की पुस्तकें दिलवा देते थे। उन दिनों नई किताबें भी बहुत ही कम कीमत में आ जाती थीं, परंतु मध्यमवर्गीय परिवार के लिए एक रुपये की भी बहुत कीमत थी। हेडमास्टर शर्मा जी शिक्षण अधिगम प्रक्रिया के किन सिद्धांतों के पक्षधर थे? स्पष्ट कीजिए।

(ग) मुन्नी बाबू टोपी का भाई था। जब माँ द्वारा टोपी की पिटाई की जा रही थी, तो वह कुछ नहीं बोला और यह नजारा चुपचाप देखता रहा। टोपी ने मुन्नी बाबू के बारे में कौन–सा रहस्य छिपाकर रखा था और क्यों? विस्तार से समझाइए।

CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP

# खंड-घ (रचनात्मक लेखन)

**12.** **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत-बिन्दुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए-** $1 \times 5 = 5$

(i) **व्यायाम और खेल**
- स्वास्थ्य का जीवन में महत्त्व
- खेल
- मनोरंजन का साधन
- व्यायाम और खेल के लिए आवश्यक नियम

(ii) **बदलती जीवन शैली : गिरता स्वास्थ्य**
- जीवन शैली में बदलाव
- स्वास्थ्य पर प्रभाव
- सुधारने के उपाय

(iii) **वर्षा ऋतु**
- अवधि व प्रभाव
- लाभ और हानि
- इससे जुड़ी स्मृतियाँ

**13.** **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए-** $1 \times 5 = 5$

अपने क्षेत्र में पेय जल की समस्या का उल्लेख करते हुए दिल्ली जल बोर्ड के प्रबंधक को एक पत्र लिखिए।

अथवा

अपने सहपाठी के साथ किए जाने वाले दुर्व्यवहार के लिए क्षमा माँगते हुए कक्षाध्यापक को एक पत्र लिखिए।

**14.** **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 60 शब्दों में सूचना लिखिए-** $1 \times 4 = 4$

आपके विद्यालय में 'रक्तदान शिविर' का आयोजन किया जा रहा है। प्रधानाचार्या की ओर से एक सूचना लिखिए।

अथवा

बैंक की नई शाखा से संबंधित सुझाव आमंत्रित करते हुए बैंक के शाखा प्रबंधक की ओर से एक सूचना लिखिए।

CLICK HERE TO SEE ANSWERS

**15.** **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन लिखिए–** $1 \times 3 = 3$

नहाने के साबुन का एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।

अथवा

25 वर्षीय सुन्दर, सुशील, 5 फीट 2 इंच वधू हेतु वर चाहिए। इस हेतु एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।

**16.** 'आत्म–अनुशासन ही सर्वोत्तम अनुशासन' विषय पर लघु कथा लगभग 100 शब्दों में लिखिए। $1 \times 5 = 5$

अथवा

आपने बैंक ऑफ बड़ौदा में खाता खुलवाया है, लेकिन आपको अभी तक चैक बुक नहीं मिली। इसके लिए शिकायत करते हुए बैंक प्रबंधक को चैक बुक भिजवाने के लिए लगभग 80 शब्दों में एक ई–मेल लिखिए।

www.nodia.in

CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP

# प्रतिदर्श प्रश्नपत्र 25

## कक्षा–10 परीक्षा 2024–25

## हिन्दी–ब (कोड–085)

**निर्धारित समय : 3 घंटे** **अधिकतम अंक : 80**

**सामान्य निर्देश :**

- इस प्रश्नपत्र में चार खंड हैं– क, ख, ग, और घ।
- खंड–क में अपठित गद्यांश से प्रश्न पूछे गए हैं, जिनके उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए दीजिए।
- खंड–ख में व्यावहारिक व्याकरण से प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
- खंड–ग पाठ्यपुस्तक पर आधारित है, निर्देशानुसार उत्तर दीजिए।
- खंड़–घ रचनात्मक लेखन पर आधारित है आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
- प्रश्न पत्र में कुल 16 प्रश्न हैं, सभी प्रश्न अनिवार्य है।
- यथासंभव सभी खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

---

## खंड–क (अपठित बोध)

**1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** 7

ईमानदारी एक ऐसा गुण है जो व्यक्ति को सच्चे अर्थों में महान बनाता है। ईमानदार व्यक्ति न केवल अपने जीवन में सफलता प्राप्त करता है, बल्कि समाज में भी आदर का पात्र बनता है। ईमानदारी सबसे बड़ी संपत्ति है क्योंकि यह व्यक्ति को आत्म–संतोष, आत्मविश्वास, और सम्मान प्रदान करती है। एक ईमानदार व्यक्ति सच्चाई और निष्ठा का पालन करता है और कठिन समय में भी अपने सिद्धांतों पर अडिग रहता है। आजकल के दौर में, जहाँ सफलता प्राप्त करने के लिए कई लोग अनुचित तरीकों का सहारा लेते हैं, ईमानदारी का महत्त्व और भी अधिक हो गया है। ईमानदार व्यक्ति दूसरों का विश्वास जीतता है और अपनी सत्यनिष्ठा से समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत बनता है। ऐसे व्यक्ति जीवन में सच्ची खुशी का अनुभव करते हैं और आत्म–संतोष का आनंद उठाते हैं। ईमानदारी व्यक्ति को अपने कार्यों में न केवल संपूर्णता प्रदान करती है, बल्कि उसे जीवन में एक मजबूत और स्थायी स्थान भी दिलाती है। इसलिए, हर व्यक्ति को ईमानदारी का पालन करना चाहिए और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिए। ईमानदार व्यक्ति समाज में बदलाव लाने में सक्षम होता है और उसका जीवन एक आदर्श के रूप में देखा जाता है।

(क) उपर्युक्त गद्यांश का मुख्य विषय क्या है?

i. सफलता का रहस्य

ii. ईमानदारी का महत्त्व

iii. समाज में आदर प्राप्त करना

iv. आत्म–संतोष का स्रोत

CLICK HERE TO SEE ANSWERS

(ख) ईमानदारी सबसे बड़ी संपत्ति है– पंक्ति से क्या आशय है?
   i. ईमानदारी केवल धनी लोगों के लिए होती है
   ii. ईमानदारी का कोई महत्त्व नहीं होता
   iii. ईमानदारी व्यक्ति के जीवन को संपूर्ण बनाती है
   iv. ईमानदारी केवल कठिन समय में काम आती है

(ग) निम्नलिखित कथन और निष्कर्ष को ध्यान से पढ़कर दिए गए विकल्प से सही उत्तर चुनकर लिखिए:
   कथन : ईमानदारी व्यक्ति को समाज में आदर दिलाती है।
   निष्कर्ष : समाज में आदर केवल ईमानदार व्यक्ति को ही मिलता है।
   i. कथन सही है, लेकिन निष्कर्ष गलत है।
   ii. कथन और निष्कर्ष दोनों सही हैं।
   iii. कथन गलत है और निष्कर्ष सही है।
   iv. कथन और निष्कर्ष दोनों गलत हैं।

(घ) ईमानदारी का पालन क्यों महत्त्वपूर्ण है?

(ङ) ईमानदार व्यक्ति समाज में किस प्रकार का आदर्श प्रस्तुत करता है?

**2. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** 7

विश्व स्तर पर ऊर्जा संकट एक बढ़ती हुई समस्या बन गई है, जो आर्थिक विकास और पर्यावरण संतुलन के लिए एक गंभीर चुनौती है। जीवाश्म ईंधन जैसे कोयला, तेल, और प्राकृतिक गैस जैसे परंपरागत ऊर्जा स्रोतों पर अत्यधिक निर्भरता से कार्बन उत्सर्जन बढ़ रहा है, जो जलवायु परिवर्तन में योगदान दे रहा है। इसके साथ ही, जीवाश्म ईंधनों के सीमित भंडार के कारण उनकी कीमतें बढ़ रही हैं और कई देशों को ऊर्जा की कमी का सामना करना पड़ रहा है, जिससे आर्थिक अस्थिरता बढ़ रही है। ऊर्जा की बढ़ती मांग के साथ, नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों की ओर तेजी से ध्यान दिया जा रहा है।

इस संकट से निपटने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों, जैसे सौर, पवन, और जल विद्युत पर जोर दिया जा रहा है। कई सरकारें सौर और पवन ऊर्जा उत्पादन में निवेश कर रही हैं और स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों के उपयोग को बढ़ावा दे रही हैं। इसके अलावा, ऊर्जा संरक्षण और कुशल ऊर्जा उपयोग के तरीकों को अपनाना भी इस संकट का समाधान करने के लिए आवश्यक है। ऊर्जा संकट को हल करने के लिए वैश्विक सहयोग की जरूरत है ताकि एक स्वच्छ, हरित और सुरक्षित ऊर्जा भविष्य की ओर बढ़ा जा सके।

(क) उपर्युक्त गद्यांश का मुख्य विषय क्या है?
   i. प्रदूषण
   ii. ऊर्जा संकट
   iii. जैव विविधता
   iv. जल संरक्षण

(ख) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। दिए गए विकल्पों में से एक सही विकल्प चुनकर लिखिए:
   कथन (A) : नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों का उपयोग ऊर्जा संकट को कम कर सकता है।
   कारण (R) : नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत पर्यावरण के अनुकूल और अक्षय होते हैं।
   i. कथन (A) सही है, कारण (R) गलत है।
   ii. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।

CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP

iii. कथन (A) सही है, और कारण (R) उसकी सही व्याख्या है।
iv. कथन (A) गलत है किन्तु कारण (R) सही है।

(ग) ऊर्जा संकट से निपटने के लिए कौन–सा तरीका अपनाया जा रहा है?
i. जीवाश्म ईंधनों पर निर्भरता बढ़ाना
ii. नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों पर जोर देना
iii. ऊर्जा का अधिकतम उपयोग करना
iv. ऊर्जा संरक्षण को अनदेखा करना

(घ) नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों का पर्यावरण पर क्या प्रभाव है?

(ङ) ऊर्जा संकट का वैश्विक अर्थव्यवस्था पर क्या प्रभाव पड़ता है?

## खंड–ख (व्यावहारिक व्याकरण)

**3.** **'पदबंध' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** $4 \times 1 = 4$

(क) चींटियों ने सुलेमान के लिए ईश्वर से दुआ की– वाक्य में से क्रिया पदबंध चुनकर लिखिए

(ख) विशेषण पदबंध का उपयोग वाक्य में तुलना व्यक्त करने के लिए कैसे किया जाता है? उदाहरण सहित समझाइए।

(ग) वामीरो <u>रोते–रोते</u> सो गई– वाक्य में रेखांकित पदबंध का भेद लिखिए।

(घ) जब उसने तताँरा को देखा तो वह फूटकर रोने लगी– वाक्य में पदबंध का भेद बताते हुए कारण भी स्पष्ट कीजिए।

(ङ) संज्ञा पदबंध का एक उदाहरण देकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।

**4.** **'रचना के आधार पर वाक्य रूपांतरण' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** $4 \times 1 = 4$

(क) वह नलकूप बिजली से चलाता है– वाक्य का भेद लिखिए।

(ख) जब लेखक जल्दी–जल्दी कार्य करने की योजना बनाते, तब उन्हें ओमा की याद आती– सरल वाक्य में रूपांतरित कीजिए।

(ग) मिश्र वाक्य का एक वाक्य लिखिए जिसमें "क्योंकि" का उपयोग हो।

(घ) संयुक्त वाक्य का एक उदाहरण लिखिए जिसमें "और" का उपयोग हो।

(ङ) बड़े भाई साहब ने कहा कि मेहनत करने से सफलता मिलती है– वाक्य का भेद बताते हुए कारण स्पष्ट कीजिए।

**5.** **'समास' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** $4 \times 1 = 4$

(क) द्विगु समास का अर्थ किस प्रकार समग्रता का बोध कराता है?

(ख) तत्पुरुष समास का प्रयोग कब किया जाता है?

(ग) 'अतिशुद्ध' अव्ययीभाव समास है कैसे?

(घ) 'सतसई' सामासिक पद का विग्रह करते हुए भेद लिखिए।

(ङ) बहुव्रीहि समास की विशेषता बताते हुए एक उदाहरण दीजिए।

CLICK HERE TO SEE ANSWERS

**6.** **'मुहावरे' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** $4 \times 1 = 4$

(क) जब महंत ने हरिहर काका को मनाने की कोशिश की, तो साधुओं ने सोचा, "यह तो .................... के बराबर है। (उपयुक्त मुहावरे द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।)

(ख) बड़े भाई साहब ने कहा, "तुम्हारा समय खेल–कूद में गँवाना ऐसा है जैसे समय को ....................।" (उपयुक्त मुहावरे द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।)

(ग) जब वामीरो ने घर लौटने से इनकार कर दिया, तो गाँववालों ने कहा, "अब यह तो हाथ से निकले पानी की तरह है।" पंक्ति से मुहावरा चुनकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।

(घ) 'मक्खन लगाना' और 'दाल में काला होना' मुहावरे में अंतर स्पष्ट कीजिए।

(ङ) 'आसमान सिर पर उठाना' मुहावरे का वाक्य बनाइए।

## खंड–ग (पाठ्यपुस्तक)

**7.** **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर सर्वाधिक उचित विकल्प से चुनकर लिखिए–** $5 \times 1 = 5$

वे दिन में कई–कई बार आते–जाते हैं और क्यों न आएँ–जाएँ आखिर उनका भी घर है, लेकिन उनके आने–जाने से हमें परेशानी भी होती है। वे कभी किसी चीज को गिराकर तोड़ देते हैं। कभी मेरी लाइब्रेरी में घुसकर कबीर या मिर्जा गालिब को सताने लगते हैं। इस रोज–रोज की परेशानी से तंग आकर मेरी पत्नी ने उस जगह जहाँ उनका आशियाना था, एक जाली लगा दी है, उनके बच्चों को दूसरी जगह कर दिया है। उनके आने की खिड़की को भी बंद किया जाने लगा है। खिड़की के बाहर अब दोनों कबूतर रात–भर खामोश और उदास बैठे रहते हैं।

(क) कबूतर लेखक के घर में दिन में कई बार क्यों आते–जाते रहते थे?

i. लेखक से घनिष्ठ प्रेम के कारण
ii. अपने अंडों के कारण
iii. लेखक की माता के स्नेह के कारण
iv. अपने अधिकार के कारण

(ख) लेखक व उनकी पत्नी को कबूतरों का आना–जाना अच्छा क्यों नहीं लगता था?

i. कबूतर उनका नुकसान करते थे
ii. कबूतर के प्रति उनमें घृणा भाव था
iii. वे कबूतर से डरते थे
iv. इनमें से कोई नहीं

(ग) कबूतरों के आने से लेखक को क्या नुकसान झेलना पड़ा?

i. पुस्तकालय की किताबें गंदी हो गई
ii. चीजें गिरकर टूट गईं
iii. i और ii दोनों
iv. कबूतर भोजन खा जाते थे

CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP

(घ) खिड़की के बाहर अब दोनों कबूतर रात–भर खामोश और उदास बैठे रहते हैं– पंक्ति में 'खामोश' का क्या अर्थ है?
i. बोलते हुए
ii. शांत
iii. चहचहाते हुए
iv. गाते हुए

(ङ) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यान से पढ़िए तथा सर्वाधिक उचित विकल्प को चुन कर लिखिएः
कथन (A) : लेखक की पत्नी ने कबूतरों से परेशान होकर उनका आशियाना दूसरी जगह कर दिया।
कारण (R) : लेखक की पत्नी को उनका आना–जाना अच्छा नहीं लगता था।
i. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।
ii. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं।
iii. कथन (A) गलत है तथा कारण (R) सही है।
iv. कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

**8. गद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25–30 शब्दों में लिखिए–** $3 \times 2 = 6$

(क) शैलेंद्र फ़िल्म–जगत में रहकर भी वहाँ के तौर–तरीकों को क्यों न अपना सके?

(ख) वजीर अली के मन में क्या योजना थी? वह किसे हटाकर कब्जा करना चाहता था? 'कारतूस' पाठ के आधार पर लिखिए।

(ग) ततँारा की तलवार के बारे में लोगों का क्या मानना था? वह तलवार लोगों के लिए रहस्य का विषय क्यो थी?

(घ) रावण का उदाहरण देकर बड़े भाई ने छोटे भाई को क्या समझाया? 'बड़े भाइे साहब' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

**9. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए–** $5 \times 1 = 5$

गिरि का गौरव गाकर झर–झर
मद में नस–नस उत्तेजित कर
मोती की लड़ियों–से सुंदर
झरते हैं झाग भरे निर्झर!
गिरिवर के उर से उठ–उठ कर
उच्चाकाँक्षाओं से तरुवर
हैं झाँक रहे नीरव नभ पर
अनिमेष, अटल, कुछ चिंतापर।

CLICK HERE TO SEE ANSWERS

(क) झरने की आवाज सुनकर कवि की नस–नस में जोश भर जाता है। इससे ज्ञात होता है कि कवि ............... है।
i. उदासीन
ii. उत्साही
iii. उमंग से भरपूर
iv. ii और iii दोनों

(ख) पर्वतो से बहने वाले झरनों की आवाज सुनकर कवि को कैसा लगता है?
i. मानों वे पर्वतों का गुणगान कर रहे हों
ii. मानो वे अपनी सुंदरता का गुणगान कर रहे हों
iii. मानो वे संसार में सबसे अधिक शक्तिशाली हों
iv. मानों उनके समान कोई दूसरा न हो

(ग) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्प में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।
अभिकथन (A) : कवि ने पर्वत से बहते निर्झरों का चित्रण गर्व और सौंदर्य के प्रतीक के रूप में किया है।
कारण (R) : पर्वत से बहते निर्झर मदमस्त होकर गिरते हैं, मानो मोतियों की लड़ियाँ बन रही हों।
i कथन (A) गलत है, किन्तु कारण (R) सही है।
ii कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।
iii कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।
iv कथन (A) सही है किन्तु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(घ) झरनों की आवाज का कवि पर क्या प्रभाव पड़ता है
i. वे कवि को नीरस बनाते हैं
ii. वे कवि में नया जोश भरते हैं
iii. वे कवि का मार्ग अवरुद्ध करते हैं
iv. वे कवि को निराशा प्रदान करते हैं

(ङ) पेड़ शांत आकाश को किस प्रकार निहार रहे हैं?
i. ऊँचा उठकर
ii. बिना पलक झपकाए
iii. प्रसन्न भाव से
iv. निराशापूर्ण भाव से

**10.** **काव्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए–** **$3 \times 2 = 6$**

(क) 'आत्मत्राण' कविता की पंक्ति ' तव मुख पहचानूं छिनः छिन में' का भाव अपने शब्दों में स्पष्ट कीजिए।

(ख) हम सब का पिता एक ईश्वर ही क्यों है?

(ग) मृग कस्तूरी को वन में क्यों ढूंढता है?

(घ) वे बताती है की दरअसल कितनी भी बड़ी हो तोप एक दिन तो होना ही है उसका मुंह बंद?

CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP

**11.** **पूरक पुस्तक 'संचयन' पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 40-50 शब्दों में लिखिए-** $2 \times 3 = 6$

(क) हेडमास्टर साहब लेखक को प्रत्येक वर्ष किसी धनी लड़के की पुस्तकें दिलवा देते थे, यद्यपि लेखक मध्यमवर्गीय था, पर उसके लिए एक रुपये की कीमत भी बहुत थी। 'सपनों के-से दिन' पाठ के आधार पर बताइए कि आप किस प्रकार गरीब व मध्यम वर्गीय बच्चों की अध्ययन में सहायता कर सकते हैं?

(ख) 'अम्मी शब्द सुनकर टोपी के घरवालों की प्रतिक्रिया संकीर्ण मानसिकता की द्योतक है।'' 'टोपी शुक्ला' पाठ के आधार पर उक्त कथन के संदर्भ में अपने विचार व्यक्त कीजिए।

(ग) महंत द्वारा हरिहर काका का अपहरण किया जाना, महंत के चरित्र की सच्चाई को सामने लाता है। ठाकुरबारी जैसी संस्थाओं से कैसे बचा जा सकता है? विचार व्यक्त कीजिए।

## खंड-घ (रचनात्मक लेखन)

**12.** **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत-बिन्दुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए-** $1 \times 5 = 5$

(i) **विद्यार्थियों में बढ़ती अनुशासनहीनता**
- अनुशासनहीनता के बुरे परिणाम
- अनुशासनहीनता के कारण होने वाली परेशानी
- देश के विकास के लिए विद्यार्थियों के आचरण पर ध्यान आवश्यक

(ii) **वृक्षों का महत्त्व**
- मानव जीवन और वृक्ष
- वृक्षों का वैज्ञानिक महत्त्व
- वर्षा कराने में वृक्षों का योगदान

(iii) **परिश्रम का महत्त्व**
- श्रम का महत्त्व
- सफलता के लिए परिश्रम आवश्यक है
- परिश्रम ही मूलमंत्र है

**13.** **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए-** $1 \times 5 = 5$

अपने प्रधानाचार्य को एक प्रार्थना-पत्र लिखिए, जिसमें फीस में छूट देने के लिए निवेदन किया गया हो।

अथवा

मनीऑर्डर खो जाने की शिकायत करते हुए रोहिणी, नई दिल्ली के डाकपाल को एक पत्र लिखिए।

CLICK HERE TO SEE ANSWERS

**14.** **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 60 शब्दों में सूचना लिखिए–** $1 \times 4 = 4$

विद्यालय में हो रही कविता प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु कक्षा नौ से बारहवीं तक के सभी विद्यार्थियों को आमंत्रित करते हुए एक सूचना लिखिए।

अथवा

विद्यालय परिसन में आपकी घड़ी कहीं गिर गई है। घड़ी खोने से संबंधित एक सूचना लिखिए।

**15.** **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन लिखिए–** $1 \times 3 = 3$

किसी शैक्षणिक संस्थान में उच्च शिक्षा के पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

अथवा

होली के प्राकृतिक रंगों के लिए एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।

**16.** 'अहंकार' विषय पर लघु कथा लगभग 100 शब्दों में लिखिए। $1 \times 5 = 5$

अथवा

आप गांगुली क्रिकेट क्लब के प्रबंधक हैं। आपने प्रिया गेम्स एंड स्पोर्ट्स, बी संत नगर, रतलाम को बॉल और बैट्स का ऑर्डर भेजा था। पंद्रह दिन बाद भी सामान न प्राप्त होने पर फर्म को लगभग 80 शब्दों में एक ई–मेल लिखिए।

www.nodia.in

CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP

# प्रतिदर्श प्रश्नपत्र 26

## कक्षा–10 परीक्षा 2024–25

## हिन्दी–ब (कोड–085)

**निर्धारित समय : 3 घंटे** **अधिकतम अंक : 80**

**सामान्य निर्देश :**

- इस प्रश्नपत्र में चार खंड हैं– क, ख, ग, और घ।
- खंड–क में अपठित गद्यांश से प्रश्न पूछे गए हैं, जिनके उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए दीजिए।
- खंड–ख में व्यावहारिक व्याकरण से प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
- खंड–ग पाठ्यपुस्तक पर आधारित है, निर्देशानुसार उत्तर दीजिए।
- खंड़–घ रचनात्मक लेखन पर आधारित है आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
- प्रश्न पत्र में कुल 16 प्रश्न हैं, सभी प्रश्न अनिवार्य है।
- यथासंभव सभी खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

---

## खंड–क (अपठित बोध)

**1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** 7

सफलता पाने के लिए जीवन में एक स्पष्ट लक्ष्य का होना अत्यंत आवश्यक है। बिना लक्ष्य के प्रयास व्यर्थ हैं क्योंकि एक निश्चित दिशा के बिना हम अपनी ऊर्जा को सही दिशा में नहीं लगा सकते। लक्ष्य न केवल हमें मार्गदर्शन प्रदान करता है बल्कि हमारे प्रयासों को एक स्थिर दिशा में केंद्रित करने में भी सहायक होता है। जब हम अपने जीवन में एक उद्देश्य तय कर लेते हैं, तो उसके प्रति समर्पण, ईमानदारी और मेहनत से कार्य करना अनिवार्य हो जाता है। हर व्यक्ति को जीवन में एक उद्देश्य और लक्ष्य रखना चाहिए। लक्ष्य निर्धारित करने से हमारे कार्यों में स्थिरता, अनुशासन, और आत्मविश्वास का संचार होता है। जीवन में कई बार कठिनाइयाँ आती हैं, लेकिन अगर हमारे पास एक स्पष्ट और सशक्त लक्ष्य होता है, तो हम इन चुनौतियों का सामना धैर्य के साथ कर सकते हैं। यही कारण है कि सफलता पाने वाले लोग अपने कार्यों के लिए एक ठोस योजना बनाते हैं और उसे पाने के लिए निरंतर प्रयास करते रहते हैं। इसलिए, हमें अपने जीवन में स्पष्ट और यथार्थवादी लक्ष्यों का निर्धारण करना चाहिए। यह न केवल हमें प्रेरित करता है, बल्कि हमारे जीवन को उद्देश्य, संतोष, और आत्मविश्वास भी प्रदान करता है।

(क) उपर्युक्त गद्यांश का मुख्य विषय क्या है?

i. अनुशासन का महत्त्व
ii. लक्ष्य का महत्त्व
iii. ऊर्जा का सदुपयोग
iv. मेहनत और निष्ठा

CLICK HERE TO SEE ANSWERS

(ख) बिना लक्ष्य के प्रयास व्यर्थ हैं– पंक्ति से क्या आशय है?
i. लक्ष्य के बिना मेहनत करना गलत है
ii. लक्ष्य से प्रयास में दिशा मिलती है
iii. मेहनत के लिए लक्ष्य आवश्यक नहीं
iv. लक्ष्य और मेहनत में कोई संबंध नहीं

(ग) निम्नलिखित कथन और निष्कर्ष को ध्यान से पढ़कर दिए गए विकल्प से सही उत्तर चुनकर लिखिए:
कथन : लक्ष्य निर्धारित करने से प्रयासों में अनुशासन आता है।
निष्कर्ष : अनुशासन बिना लक्ष्य के भी प्राप्त किया जा सकता है।
i. कथन सही है, लेकिन निष्कर्ष गलत है।
ii. कथन और निष्कर्ष दोनों सही हैं।
iii. कथन गलत है और निष्कर्ष सही है।
iv. कथन और निष्कर्ष दोनों गलत हैं।

(घ) लक्ष्य निर्धारित करना क्यों महत्त्वपूर्ण है?

(ङ) सफलता प्राप्त करने के लिए कौन–कौन से कदम उठाने चाहिए?

**2.** **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** 7

खाद्य सुरक्षा आज एक गंभीर वैश्विक चुनौती बन गई है, जिसका सामना बढ़ती जनसंख्या, जलवायु परिवर्तन और कृषि संसाधनों पर बढ़ते दबाव के कारण किया जा रहा है। अनेक देशों में जलवायु परिवर्तन के कारण सूखा, बाढ़ और मिट्टी की उर्वरता में कमी जैसी समस्याएँ उत्पन्न हो रही हैं, जिससे फसल उत्पादन पर नकारात्मक असर पड़ रहा है। इसके अलावा, खाद्य उत्पादन में कीटनाशकों और रसायनों के अत्यधिक उपयोग से स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, और इससे मिट्टी की गुणवत्ता भी प्रभावित होती है। खाद्य सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए कई प्रयास किए जा रहे हैं। जैविक खेती, आधुनिक कृषि तकनीकों और स्थायी खेती के उपायों को अपनाने पर जोर दिया जा रहा है। सरकारें किसानों को आर्थिक सहायता और प्रशिक्षण प्रदान कर रही हैं ताकि वे जलवायु के अनुकूल कृषि पद्धतियाँ अपना सकें। इसके अतिरिक्त, फसल विविधता को बढ़ावा देने और खाद्य अपशिष्ट को कम करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। खाद्य सुरक्षा एक वैश्विक जिम्मेदारी है, और इसके लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सहयोग की आवश्यकता है ताकि सभी के लिए पर्याप्त और पौष्टिक भोजन सुनिश्चित किया जा सके।

(क) उपर्युक्त गद्यांश का मुख्य विषय क्या है?
i. जलवायु परिवर्तन
ii. कृषि विकास
iii. खाद्य सुरक्षा
iv. जल संकट

(ख) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। दिए गए विकल्पों में से एक सही विकल्प चुनकर लिखिए:
कथन (A) : फसल विविधता बढ़ाने से खाद्य सुरक्षा को बढ़ावा मिलता है।
कारण (R) : विविधता से फसलों को जलवायु परिवर्तन के प्रति अधिक प्रतिरोधक क्षमता मिलती है।
i. कथन (A) सही है, कारण (R) गलत है।
ii. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।

CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP

iii. कथन (A) सही है, और कारण (R) उसकी सही व्याख्या है।
iv. कथन (A) गलत है किन्तु कारण (R) सही है।

(ग) खाद्य सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए कौन–सी विधि अपनाई जा रही है?
i. जैविक खेती
ii. पारंपरिक कृषि
iii. कीटनाशकों का अधिक उपयोग
iv. फसल जलवायु परिवर्तन

(घ) खाद्य सुरक्षा के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग क्यों आवश्यक है?

(ङ) कीटनाशकों का अत्यधिक उपयोग मिट्टी और स्वास्थ्य पर क्या प्रभाव डालता है?

## खंड–ख (व्यावहारिक व्याकरण)

**3.** **'पदबंध' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** $4 \times 1 = 4$

(क) मास्टर प्रीतम चंद से हमारा डरना स्वाभाविक था– वाक्य में से संज्ञा पदबंध चुनकर लिखिए।

(ख) क्या क्रिया विशेषण पदबंध का उपयोग एक ही वाक्य में दो बार हो सकता है? उदाहरण सहित स्पष्ट करें।

(ग) कबूतर परेशानी में इधर–उधर फड़फड़ा रहे थे– वाक्य में रेखांकित पदबंध का भेद लिखिए।

(घ) ग्वालियर से मुंबई की दूरी ने संसार को काफी हद तक बदल दिया है– वाक्य में पदबंध का भेद बताते हुए कारण भी स्पष्ट कीजिए।

(ङ) विशेषण पदबंध का एक उदाहरण देकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।

**4.** **'रचना के आधार पर वाक्य रूपांतरण' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** $4 \times 1 = 4$

(क) अब तक हरिहर काका सब कुछ समझ चुके थे– वाक्य का भेद लिखिए।

(ख) ग्वालियर में हमारा जो मकान था, उसके दालान में दो रोशनदान थे– संयुक्त वाक्य में रूपांतरित कीजिए।

(ग) संयुक्त वाक्य की परिभाषा एक वाक्य में लिखिए।

(घ) मिश्र वाक्य में मुख्य वाक्य और आश्रित वाक्य के बीच संबंध कौन स्थापित करता है?

(ङ) सिपाही ने कारतूस लेने से साफ मना कर दिया– वाक्य का भेद बताते हुए कारण स्पष्ट कीजिए।

**5.** **'समास' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** $4 \times 1 = 4$

(क) तत्पुरुष समास का प्रयोग भाषा को संक्षिप्त कैसे बनाता है?

(ख) द्वंद्व समास का अर्थ कैसे बनाया जाता है?

(ग) 'यथासंभव' अव्ययीभाव समास है कैसे?

(घ) 'भयभीत' सामासिक पद का विग्रह करते हुए भेद लिखिए।

(ङ) अव्ययीभाव समास की प्रमुख विशेषता क्या है?

CLICK HERE TO SEE ANSWERS

**6.** **'मुहावरे' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** $4 \times 1 = 4$

(क) शैलेंद्र ने कहा, "साहित्यिक कृतियों का फिल्म में अनुवाद करना .................... जैसा कार्य है।" (उपयुक्त मुहावरे द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।)

(ख) गाँव में कुछ लोग महंत और भाइयों दोनों के पक्ष में थे, वे .................... बन गए। (उपयुक्त मुहावरे द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।)

(ग) सुलेमान ने कहा, "मुझे खुदा ने सबका रखवाला बनाया है। मैं किसी के लिए मुसीबत नहीं हूँ।" पंक्ति से मुहावरा चुनकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।

(घ) 'मुँह में पानी भर आना' और 'मुँह में अंगारे डालना' मुहावरे में अंतर स्पष्ट कीजिए।

(ङ) 'गागर में सागर भरना' मुहावरे का वाक्य बनाइए।

## खंड–ग (पाठ्यपुस्तक)

**7.** **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर सर्वाधिक उचित विकल्प से चुनकर लिखिए–** $5 \times 1 = 5$

इस तरह अंग्रेज़ी पढ़ोगे, तो जिंदगी–भर पढ़ते रहोगे और एक हर्फ न आएगा। अंग्रेज़ी पढ़ना कोई हँसी–खेल नहीं है कि जो चाहे, पढ़ ले, नहीं ऐरा–गैरा नत्थू–खैरा सभी अंग्रेजी के विद्वान हो जाते। यहाँ रात–दिन आँखें फोड़नी पड़ती हैं और खून जलाना पड़ता है, तब कहीं यह विद्या आती है और आती क्या है, हाँ कहने को आ जाती है। बड़े–बड़े विद्वान भी शुद्ध अंग्रेज़ी नहीं लिख सकते, बोलना तो दूर रहा और मैं कहता हूँ, तुम कितने घोंघा हो कि मुझे देखकर भी सबक नहीं लेते। मैं कितनी मेहनत करता हूँ, यह तुम अपनी आँखों से देखते हो, अगर नहीं देखते, तो यह तुम्हारी आँखों का कसूर है, तुम्हारी बुद्धि का कसूर है। इतने मेले–तमाशे होते हैं, मुझे तुमने कभी देखने जाते देखा है? रोज ही क्रिकेट और हॉकी मैच होते हैं। मैं पास नहीं फटकता। हमेशा पढ़ता रहता हूँ। उस पर भी एक–एक दरजे में दो–दो, तीन–तीन साल पड़ा रहता हूँ, फिर भी तुम कैसे आशा करते हो कि तुम यों खेलकूद में वक्त गँवाकर पास हो जाओगे? मुझे तो दो–तीन साल ही लगते हैं, तुम उम्र–भर इसी दरजे में पड़े सड़ते रहोगे? अगर तुम्हें इस तरह उम्र गँवानी है, तो बेहतर है, घर चले जाओ और मजे से गुल्ली–डंडा खेलो। दादा की गाढ़ी कमाई के रुपये क्यों बर्बाद करते हो?

(क) छोटे भाई को घर लौटने का परामर्श दिया जा रहा था, क्योंकि
- i. वह पढ़ने की अपेक्षा खेलकूद में समय बर्बाद करता है
- ii. उसे खेलना पसंद नहीं है
- iii. वह मेहनत नहीं करता है
- iv. वह बड़े भाई जितना समझदार नहीं है

(ख) बड़े भाई को किस कारण लगता है कि छोटा भाई दादा की सारी कमाई बर्बाद कर रहा है?
- i. खेलकूद में अधिक रुचि होने के कारण
- ii. बड़े भाई को सम्मान न देने के कारण
- iii. स्वयं को अधिक बुद्धिमान समझने के कारण
- iv. अध्यापकों का आदर न करने के कारण

CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP

(ग) वक्ता ने छोटे भाई को घर जाने की सलाह क्यों दी?
- i. ताकि वह गुल्ली–डंडा खेल सके
- ii. ताकि वह ज्यादा पढ़ाई कर सके
- iii. ताकि वह मेले–तमाशे देख सके
- iv. ताकि वह अपनी पढ़ाई सुधार सके

(घ) तुम कितने घोंघा हो कि मुझे देखकर भी सबक नहीं लेते– पंक्ति में 'घोंघा' का क्या अर्थ है?
- i. मूर्ख
- ii. समुद्री जीव
- iii. जंगली जीव
- iv. सिद्धांतवादी

(ङ) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यान से पढ़िए तथा सर्वोत्तम उचित विकल्प को चुन कर लिखिए:

कथन (A): वक्ता अपने छोटे भाई को खेलकूद में समय बर्बाद करने से रोकता है।

कारण (R): वक्ता का मानना है कि खेलकूद में समय गँवाने से पढ़ाई में सफलता नहीं मिलती।
- i. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।
- ii. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं।
- iii. कथन (A) गलत है तथा कारण (R) सही है।
- iv. कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

**8. गद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25–30 शब्दों में लिखिए–** $3 \times 2 = 6$

(क) 'आज जो बात थी वह निराली थी'– किस बात से पता चल रहा था कि आज का दिन अपने आप में निराला है? स्पष्ट कीजिए।

(ख) लेखक के अनुसार मानव के पूर्व और वर्तमान स्वरूप में क्या अंतर आ गया है?

(ग) राजकपूर ने 'तीसरी कसम' में काम करके अपनी मित्रता किस प्रकार सिद्ध की?

(घ) सआदत अली वज़ीर अली का दुश्मन क्यों बन गया था?

**9. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए–** $5 \times 1 = 5$

स्याम म्हाँने चाकर राखो जी,<br>
गिरधारी लाला म्हाँने चाकर राखो जी।<br>
चाकर रहस्यूँ बाग लगास्यूँ नित उठ दरसण पास्यूँ,<br>
बिंदरावन री कुंज गली में, गोंविद लीला गास्यूँ।<br>
चाकरी में दरसण पास्यूँ, तीनूं बाताँ सरसी।

(क) मीरा श्रीकृष्ण की सेवा क्यों करना चाहती है?
- i. धन लाभ के लिए
- ii. दर्शन करने के लिए
- iii. यशस्वी बनने के लिए
- iv. अपना वर्चस्व स्थापित करने के लिए

CLICK HERE TO SEE ANSWERS

(ख) मीरा श्रीकृष्ण से क्या प्रार्थना कर रही है?
- i. मेरे कष्ट हर लो
- ii. मुझे अपनी दासी बना लो
- iii. मेरे जीवन को सुखों से भर दो
- iv. मेरा संसार में नाम कर दो

(ग) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्प में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।
अभिकथन (A) : भक्त ने भगवान गिरधारी के चाकर बनने की इच्छा प्रकट की है।
कारण (R) : भक्त को भगवान के दिव्य दर्शन और सेवा का आनंद पाने की लालसा है।
- i कथन (A) गलत है, किन्तु कारण (R) सही है।
- ii कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।
- iii कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।
- iv कथन (A) सही है किन्तु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(घ) निम्नलिखित कथनों में से कौन–सा कथन मीरा के भक्ति–भाव की विशेषता बताता है?
- i. मीरा श्रीकृष्ण के यहाँ सेविका बनकर रहना चाहती है।
- ii. श्रीकृष्ण के नाम स्मरण से मीरा को जेब खर्च प्राप्त हो जाएगा।
- iii. मीरा श्रीकृष्ण के कभी दर्शन नहीं करना चाहती है।
- iv. मीरा एक अत्यंत सुंदर सेविका है।

(ङ) श्रीकृष्ण के नाम स्मरण से मीरा को कौन–सा लाभ प्राप्त होगा?
- i. यश प्राप्त करने का
- ii. श्रीकृष्ण के दर्शन करने का
- iii. i और ii दोनों
- iv. इनमें से कोई नहीं

**10.** **काव्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25–30 शब्दों में लिखिए–** $3 \times 2 = 6$

(क) कवि के अनुसार युद्ध में जवानी की सार्थकता किसमें मानी जाएगी?

(ख) पर्वत के चरणों में फैले ताल की तुलना कवि ने किससे और क्यों की?

(ग) पृथ्वी किसका आभार मानती है और क्यों?

(घ) 'ज्ञान प्राप्ति' का मार्ग कठिन क्यों है?

**11.** **पूरक पुस्तक 'संचयन' पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 40–50 शब्दों में लिखिए–** $2 \times 3 = 6$

(क) हरिहर काका ने सम्पत्ति से संबंधित क्या निर्णय लिया और क्यों?

(ख) हेडमास्टर शर्मा जी का छात्रों के साथ कैसा व्यवहार था? 'सपनों के–से दिन' पाठ के आधार पर लिखिए।

(ग) इफ़्फन को 'टोपी शुक्ला' कहानी का महत्त्वपूर्ण पात्र कैसे माना जा सकता है?

CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP

## खंड–घ (रचनात्मक लेखन)

**12.** **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत–बिन्दुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए–** $1 \times 5 = 5$

(i) **जनतंत्र प्रणाली**
- अर्थ चुनाव और वोट
- सबकी सहमति का नेता
- प्रणाली का दोष

(ii) **सच्चा मित्र**
- सच्चे मित्र की पहचान
- मित्रता का महत्त्व
- सच्ची मित्रता के लिए स्वयं क्या करें?
- मित्रता : जीवन के लिए वरदान

(iii) **सफलता हेतु संघर्ष**
- अर्थ
- उद्देश्य
- मानसिक सोच
- सफलता की कुंजी

**13.** **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए–** $1 \times 5 = 5$

जुर्माना माफी के लिए प्रधानाचार्या जी को एक प्रार्थना–पत्र लिखिए।

अथवा

किसी कंपनी में क्लर्क के रिक्त पद के लिए आवेदन–पत्र लिखिए।

**14.** **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 60 शब्दों में सूचना लिखिए–** $1 \times 4 = 4$

आप क.ख.ग. विद्यालय की हिंदी की अध्यापिका/अध्यापक हैं। विद्यालय पत्रिका के लिए छात्रों से रचनाएँ मँगवाने हेतु एक सूचना लिखिए।

अथवा

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 'स्वच्छ भारत' शीर्षक पर स्लोगन/नारा आमंत्रित किए जाने हेतु एक सूचना लिखिए।

CLICK HERE TO SEE ANSWERS

**15.** **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन लिखिए–** $1 \times 3 = 3$

शैंपू बनाने वाली कंपनी के मालिक ने विज्ञापन बनाने को दिया है। आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।

अथवा

आप किसी कम्पनी के मैनेजर हैं। आपको अपनी कम्पनी के लिए प्रतिनिधि की आवश्यकता हैं इसके लिए एक विज्ञापन लिखिए।

**16.** 'परोपकार का फल' विषय पर लघु कथा लगभग 100 शब्दों में लिखिए। $1 \times 5 = 5$

अथवा

आपके घर के आस–पास कल कारखानों एवं यातायात का दबाव बढ़ रहा है, जिससे ध्वनि प्रदूषण की समस्या उत्पन्न हो रही है। अतः आप नगर योजना अधिकारी को ध्वनि प्रदूषण की समस्या से अवगत कराने के लिए लगभग 80 शब्दों में एक ई–मेल लिखिए।

www.nodia.in

CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP

# प्रतिदर्श प्रश्नपत्र 27

## कक्षा–10 परीक्षा 2024–25

## हिन्दी–ब (कोड–085)

**निर्धारित समय : 3 घंटे** **अधिकतम अंक : 80**

**सामान्य निर्देश :**

- इस प्रश्नपत्र में चार खंड हैं– क, ख, ग, और घ।
- खंड–क में अपठित गद्यांश से प्रश्न पूछे गए हैं, जिनके उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए दीजिए।
- खंड–ख में व्यावहारिक व्याकरण से प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
- खंड–ग पाठ्यपुस्तक पर आधारित है, निर्देशानुसार उत्तर दीजिए।
- खंड़–घ रचनात्मक लेखन पर आधारित है आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
- प्रश्न पत्र में कुल 16 प्रश्न हैं, सभी प्रश्न अनिवार्य है।
- यथासंभव सभी खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

---

## खंड–क (अपठित बोध)

**1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** 7

नैतिक मूल्य किसी भी समाज की नींव होते हैं। ये मूल्य व्यक्ति के चरित्र निर्माण में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और उसे सही–गलत का भेद समझने में सहायता करते हैं। नैतिक मूल्य जैसे ईमानदारी, सहानुभूति, दया, और सत्यनिष्ठा व्यक्ति को न केवल समाज में आदरणीय बनाते हैं, बल्कि उसके जीवन को भी सार्थक बनाते हैं। आज की प्रतिस्पर्धात्मक दुनिया में नैतिक मूल्यों का महत्त्व और भी बढ़ गया है। भौतिक सुख–सुविधाओं की प्राप्ति के लिए लोग अक्सर नैतिकता को नजरअंदाज कर देते हैं, जिससे समाज में अनैतिकता और अपराध बढ़ते जा रहे हैं। एक व्यक्ति जब नैतिक मूल्यों को अपनाता है, तो वह अपने परिवार, समाज और देश के लिए एक आदर्श उदाहरण बनता है। विद्यालय और परिवार नैतिक मूल्यों की शिक्षा देने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। बचपन में ही नैतिकता का बीजारोपण करने से व्यक्ति जीवनभर इन मूल्यों का पालन करता है। नैतिक शिक्षा व्यक्ति को न केवल व्यक्तिगत बल्कि सामूहिक जीवन में भी सशक्त बनाती है। हमें अपने जीवन में नैतिक मूल्यों का पालन करना चाहिए और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिए, ताकि समाज में एक सकारात्मक और स्वस्थ वातावरण का निर्माण हो सके।

(क) उपर्युक्त गद्यांश का मुख्य विषय क्या है?

i. समाज में शिक्षा का महत्त्व
ii. नैतिक मूल्यों की आवश्यकता
iii. प्रतिस्पर्धात्मक दुनिया
iv. विद्यालय की भूमिका

CLICK HERE TO SEE ANSWERS

(ख) नैतिक मूल्य व्यक्ति को आदरणीय बनाते हैं– पंक्ति से क्या आशय है?
i. नैतिकता का कोई महत्त्व नहीं है
ii. नैतिकता से व्यक्ति समाज में सम्मान पाता है
iii. नैतिकता व्यक्ति को कमजोर बनाती है
iv. नैतिकता केवल व्यक्तिगत लाभ के लिए होती है

(ग) निम्नलिखित कथन और निष्कर्ष को ध्यान से पढ़कर दिए गए विकल्प से सही उत्तर चुनकर लिखिए:
कथन : नैतिक शिक्षा केवल बच्चों के लिए आवश्यक है।
निष्कर्ष : वयस्कों को नैतिक शिक्षा की आवश्यकता नहीं होती।
i. कथन सही है, लेकिन निष्कर्ष गलत है।
ii. कथन और निष्कर्ष दोनों सही हैं।
iii. कथन गलत है और निष्कर्ष सही है।
iv. कथन और निष्कर्ष दोनों गलत हैं।

(घ) सरल भाषा में नैतिक मूल्यों का समाज में योगदान स्पष्ट कीजिए।

(ङ) विद्यालय और परिवार नैतिक मूल्यों की शिक्षा में कैसे योगदान करते हैं?

**2. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** 7

विश्व स्तर पर वनों की कटाई एक गंभीर समस्या बन चुकी है, जो पर्यावरण संतुलन और जैव विविधता के लिए खतरा है। वनों की अंधाधुंध कटाई के कारण वन्यजीवों के आवास नष्ट हो रहे हैं, जिससे कई प्रजातियाँ विलुप्त होने की कगार पर हैं। इसके अलावा, वनों की कमी के कारण कार्बन डाइऑक्साइड का स्तर भी बढ़ रहा है, जो जलवायु परिवर्तन में योगदान कर रहा है। वन वृक्ष न केवल कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करते हैं, बल्कि वायुमंडल में ऑक्सीजन का संचार भी करते हैं, जो मानव जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक है। साथ ही, वनों की मिट्टी को संरक्षित रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है, जिससे भूक्षरण की समस्या कम होती है। वनों की कटाई को रोकने के लिए कई देशों ने वृक्षारोपण कार्यक्रमों और वन संरक्षण नीतियों को अपनाया है। स्थानीय समुदायों को वनों के संरक्षण में शामिल किया जा रहा है और सतत विकास के सिद्धांतों पर जोर दिया जा रहा है। इसके साथ ही, लोगों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए कई अभियान चलाए जा रहे हैं। वनों की रक्षा के लिए हमें सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है, ताकि हम आने वाली पीढ़ियों को एक स्वस्थ पर्यावरण दे सकें।

(क) उपर्युक्त गद्यांश का मुख्य विषय क्या है?
i. पर्यावरण प्रदूषण
ii. जैव विविधता
iii. जलवायु परिवर्तन
iv. वनों की कटाई

(ख) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। दिए गए विकल्पों में से एक सही विकल्प चुनकर लिखिए:
कथन (A) : वृक्षारोपण कार्यक्रम वनों की कटाई को रोकने का एक प्रभावी उपाय है।
कारण (R) : वृक्षारोपण से पर्यावरण में कार्बन डाइऑक्साइड का स्तर बढ़ता है।
i. कथन (A) सही है, कारण (R) गलत है।
ii. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।

CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP

iii. कथन (A) सही है, और कारण (R) उसकी सही व्याख्या है।
iv. कथन (A) गलत है किन्तु कारण (R) सही है।

(ग) वनों के क्या प्रमुख कार्य हैं?
i. ऑक्सीजन उत्पन्न करना
ii. वन्यजीवों को आवास देना
iii. कार्बन डाइऑक्साइड अवशोषित करना
iv. उपरोक्त सभी

(घ) वनों की कटाई को रोकने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

(ङ) वनों की कटाई का मानव जीवन पर क्या प्रभाव है?

## खंड–ख (व्यावहारिक व्याकरण)

**3. 'पदबंध' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** $4 \times 1 = 4$

(क) कमरे में आते ही भाई साहब का वह रौद्र रूप देखकर प्राण सूख जाते– वाक्य में से सर्वनाम पदबंध चुनकर लिखिए।

(ख) विशेषण पदबंध और क्रिया विशेषण पदबंध का संयोजन वाक्य को कैसे प्रभावशाली बनाता है? उदाहरण देकर स्पष्ट करें।

(ग) वह भागा–भागा वहाँ पहुँच जाता– वाक्य में रेखांकित पदबंध का भेद लिखिए।

(घ) सुलेमान उनकी बातें सुनकर थोड़ी दूर पर रुक गए– वाक्य में पदबंध का भेद बताते हुए कारण भी स्पष्ट कीजिए।

(ङ) संज्ञा पदबंध का एक उदाहरण देकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।

**4. 'रचना के आधार पर वाक्य रूपांतरण' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** $4 \times 1 = 4$

(क) अब तक हरिहर काका सब कुछ समझ चुके थे– वाक्य का भेद लिखिए।

(ख) वे हरदम किताबें खोलकर अध्ययन करते रहते हैं– संयुक्त वाक्य में रूपांतरित कीजिए।

(ग) मिश्र वाक्य में "क्योंकि" का उपयोग किस उद्देश्य से किया जाता है?

(घ) सरल वाक्य को पहचानने का एक तरीका लिखिए और एक उदाहरण दीजिए।

(ङ) गाड़ीवान को जब कभी रात में गाड़ी रोकनी पड़ती, वह गाना गाने लगता– वाक्य का भेद बताते हुए कारण स्पष्ट कीजिए।

**5. 'समास' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** $4 \times 1 = 4$

(क) बहुव्रीहि समास का प्रयोग कब किया जाता है?

(ख) तत्पुरुष समास की पहचान कैसे की जाती है?

(ग) 'यथोचित' अव्ययीभाव समास है कैसे?

(घ) 'रात–दिन' सामासिक पद का विग्रह करते हुए भेद लिखिए।

(ङ) द्वंद्व समास में विपरीत अर्थ वाले पदों का प्रयोग कैसे होता है? इसका एक उदाहरण दीजिए।

CLICK HERE TO SEE ANSWERS

**6.** **'मुहावरे' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** $4 \times 1 = 4$

(क) हीराबाई की खूबसूरती ने सभी का .................... जीत लिया। (उपयुक्त मुहावरे द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।)

(ख) सरदार भगत सिंह में देश भक्ति की भावना .................... हुई थी। (उपयुक्त मुहावरे द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।)

(ग) दूसरों की पीड़ा देखकर आँखों में पानी आ जाता था, लेकिन अब समय बदल गया है।" पंक्ति से मुहावरा चुनकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।

(घ) 'घमंड का घड़ा फूटना' और 'आसमान पर चढ़ाना' मुहावरे में अंतर स्पष्ट कीजिए।

(ङ) 'नाक कटना' मुहावरे का वाक्य बनाइए।

## खंड–ग (पाठ्यपुस्तक)

**7.** **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर सर्वाधिक उचित विकल्प से चुनकर लिखिए–** $5 \times 1 = 5$

अब भाई साहब बहुत कुछ नरम पड़ गए थे। कई बार मुझे डाँटने का अवसर पाकर भी उन्होनें धीरज से काम लिया। शायद वह खुद समझने लगे थे कि मुझे डाँटने का अधिकार उन्हें नहीं रहा, या रहा भी, तो बहुत कम। मेरी स्वच्छंदता भी बढ़ी। मैं उनकी सहिष्णुता का अनुचित लाभ उठाने लगा। मुझे कुछ ऐसी धारणा हुई कि मैं पास ही हो जाऊँगा, पढ़ूँ या न पढ़ूँ, मेरी तकदीर बलवान है, इसलिए भाई साहब के डर से जो थोड़ा–बहुत पढ़ लिया करता था, वह भी बंद हुआ। मुझे कनकौए उड़ाने का नया शौक पैदा हो गया था और सारा समय पतंगबाजी की ही भेंट होता था, फिर भी मैं भाई साहब का अदब करता था और उनकी नज़र बचाकर कनकौए उड़ाता था। माँझा देना, कनने बाँधना, पतंग टूर्नामेंट की तैयारियाँ आदि समस्याएँ सब गुप्त रूप से हल की जाती थीं। मैं भाई साहब को यह संदेह न करने देना चाहता था कि उनका सम्मान और लिहाज मेरी नज़रो में कम हो गया है।

(क) बड़े भाई साहब के व्यवहार में लेखक को नरमी कब दिखाई देने लगी?

i. जब वे अच्छे अंकों से उत्तीर्ण हो गए
ii. जब वे परीक्षा में फेल हो गए
iii. जब छोटे भाई ने उनसे बात करना बंद कर लिया
iv. जब उन्हें लगा कि वे जरूरत से ज्यादा डाँटते हैं

(ख) मेरी स्वच्छंदता बढ़ी। मैं उनकी सहिष्णुता का अनुचित लाभ उठाने लगा और मुझे धारणा हुई कि मैं पढ़ूँ या ना पढ़ूँ, पास हो ही जाऊँगा। पंक्ति के माध्यम से बताइए कि छोटा भाई किस प्रकार बड़े भाई साहब की सहिष्णुता का लाभ उठाने लगा?

i. वह सारे दिन पतंगबाजी करने लगा
ii. उसने पढ़ाई करना बिल्कुल छोड़ दिया
iii. पतंग टूर्नामेंट की तैयारी करने लगा
iv. ये सभी

CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP

(ग) लेखक बड़े भाई साहब को किस बात का संदेह नहीं होने देना चाहता है?
i. अनुभव के कारण उनकी बात को जानने का
ii. उनका सम्मान लेखक की नज़रों में कम हो गया है
iii. उनकी पढ़ाई की पुस्तकें उसने फाड़ दी है
iv. उनकी शिकायत दादा जी से कर दी है

(घ) पतंग टूर्नामेंट की तैयारियाँ आदि समस्याएँ सब गुप्त रूप से हल की जाती थीं– पंक्ति में 'गुप्त' का क्या अर्थ है?
i. खुले में
ii. छुपाकर
iii. घर के बाहर
iv. मित्रों के साथ

(ङ) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यान से पढ़िए तथा सर्वाधिक उचित विकल्प को चुन कर लिखिए:
कथन (A) : लेखक को भाई साहब के डर से पढ़ाई करने की प्रेरणा मिलती थी।
कारण (R) : भाई साहब का आदर और लिहाज लेखक के मन में बना हुआ था।
i. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।
ii. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं।
iii. कथन (A) गलत है तथा कारण (R) सही है।
iv. कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

**8.** **गद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए–** $3 \times 2 = 6$

(क) शमसुद्दौला, टीपू सुल्तान और वज़ीर अली ने अफ़गानिस्तान के बादशाह को भारत क्यों बुलाया?

(ख) प्रकृति के अनेक रूप हैं– जड़ और चेतन। आप इनमें क्या संबंध मानते है?

(ग) मनोरुग्णता का मूल कारण क्या होता है?

(घ) वामीरो और तताँरा परस्पर मिलने पर निःशब्द क्यों रह गए?

**9.** **निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए–** $5 \times 1 = 5$

कर चले हम फिदा जानो–तन साथियों
अब तुम्हारे हवाले वतन साथियों
साँस थमती गई, नब्ज़ जमती गई
फिर भी बढ़ते कदम को न रुकने दिया
कट गए सर हमारे तो कुछ गम नहीं
सर हिमालय का हमने न झुकने दिया
मरते–मरते रहा बाँकपन साथियों
अब तुम्हारे हवाले वतन साथियों।

CLICK HERE TO SEE ANSWERS

(क) 'मरते–मरते रहा बाँकपन साथियों' से तात्पर्य है
- i. अंतिम साँस तक साहस से शत्रुओं का सामना किया
- ii. मरते–मरते मार्ग से विचलित हो गए
- iii. शरीर मे बाँकापन आ गया
- iv. इनमें से कोई नही

(ख) सैनिकों ने साँसे रुकने और नब्ज़ जमने पर भी क्या नहीं रोका?
- i. गीत गाना
- ii. अपने कदम आगे बढ़ाना
- iii. दुश्मनों को खोजना
- iv. युद्ध करना

(ग) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्प में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।

अभिकथन (A) : कवि का मानना है कि देश की रक्षा के लिए सैनिकों ने अपनी जान की कुर्बानी दी है।

कारण (R) : सैनिकों ने अपने कदमों को पीछे नहीं हटने दिया, चाहे परिस्थितियाँ कितनी भी कठिन क्यों न हों।
- i कथन (A) गलत है, किन्तु कारण (R) सही है।
- ii कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।
- iii कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।
- iv कथन (A) सही है किन्तु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(घ) युद्ध भूमि में सैनिकों का सिर कट जाने पर भी उन्हें किस बात का गर्व है?
- i. हिमालय पर्वत के सिर को झुकने नहीं दिया
- ii. देश के मान–सम्मान को ठेस नहीं लगने दी
- iii. मरते समय भी मन मे बलिदान व संघर्ष का जोश बना रहा
- iv. उपर्युक्त सभी

(ङ) मरते समय सैनिकों के मन में क्या बना रहा?
- i. भय और आतंक का भाव
- ii. बलिदान और संघर्ष का जोश
- iii. राष्ट्र के गुलाम होने का विचार
- iv. अन्य साथियों से बिछुड़ने का दुःख

**10.** **काव्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25–30 शब्दों में लिखिए–** $3 \times 2 = 6$

(क) कवि ने वृक्षों का वर्णन कैसे किया है?

(ख) उशीनर की प्रसिद्धि का क्या कारण है?

(ग) हमें निंदक को अपने पास क्यों रखना चाहिए?

(घ) तोप की वर्तमान स्थिति क्या है?

CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP

**11.** **पूरक पुस्तक 'संचयन' पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 40-50 शब्दों में लिखिए-** $2 \times 3 = 6$

(क) 'हरिहर काका' की अपने परिवार के सदस्यों से मोहभंग की शुरुआत किस प्रकार हुई? आप हरिहर काका के इस मोहभंग को उचित मानते हैं अथवा अनुचित? 'हरिहर काका' पाठ के आधार अपने विचार व्यक्त कीजिए।

(ख) लेखक के अनुसार उन्हें स्कूल खुशी से भागे जाने की जगह न लगने पर भी कब और क्यों उन्हें स्कूल जाना अच्छा लगने लगा?
'सपनों के-से दिन' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए।

(ग) 'टोपी शुक्ला' पाठ के आधार पर बताइए कि इफ़्फ़न की दादी मिली-जुली संस्कृति में विश्वास क्यों रखती थीं? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

## खंड-घ (रचनात्मक लेखन)

**12.** **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत-बिन्दुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए-** $1 \times 5 = 5$

(i) **संतोष धन**
- संतोष का अर्थ
- महत्त्व
- इसे अपनाना आवश्यक क्यों?
- संतोष में ही सुख का वास

(ii) **साहस ही सफलता है**
- अर्थ
- सफलता से तुलना
- मानव की उपलब्धियाँ इसी की देन
- साहस जैसे गुण को अपनाने का आह्वान

(iii) **पराधीनता : एक अभिशाप**
- अर्थ
- पराधीनता : एक अभिशाप कैसे?
- स्वाधीन जीवन का महत्त्व
- स्वाधीनता में ही सच्चा सुख

**13.** **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए-** $1 \times 5 = 5$

मनीऑर्डर देर से मिलने पर डाक प्रबंधक को एक शिकायती पत्र लिखिए।

अथवा

तेजी से बढ़ते डेंगू रोग पर चिंता व्यक्त करते हुए अपने प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री को एक पत्र लिखिए।

CLICK HERE TO SEE ANSWERS

**14.** **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 60 शब्दों में सूचना लिखिए–** $1 \times 4 = 4$

विद्यालय की ओर से आयोजित पुस्तक–प्रदर्शनी के संबंध में प्रधानाचार्य की ओर से जारी एक सूचना लिखिए।

अथवा

हास्य कवि सम्मेलन हेतु अध्यक्ष की ओर से कादंबरी अपार्टमेंट के निवासियों के लिए एक सूचना लिखिए।

**15.** **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन लिखिए–** $1 \times 3 = 3$

आप एक अच्छे चित्रकार हैं। अपने चित्रों की प्रदर्शनी के लिए एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

अथवा

रिलैक्सो चप्पल का विज्ञापन तैयार कीजिए।

**16.** 'बुद्धिमानी' विषय पर लघु कथा लगभग 100 शब्दों में लिखिए। $1 \times 5 = 5$

अथवा

आप नवीन शुक्ला हैं। आपका लैंड लाइन फोन खराब हो गया है। भारत संचार निगम को खराब फोन की मरम्मत के लिए शिकायत करते हुए लगभग 80 शब्दों में एक ई–मेल लिखिए।

www.nodia.in

CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP

# प्रतिदर्श प्रश्नपत्र 28

## कक्षा–10 परीक्षा 2024–25

## हिन्दी–ब (कोड–085)

**निर्धारित समय : 3 घंटे** **अधिकतम अंक : 80**

**सामान्य निर्देश :**

- इस प्रश्नपत्र में चार खंड हैं– क, ख, ग, और घ।
- खंड–क में अपठित गद्यांश से प्रश्न पूछे गए हैं, जिनके उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए दीजिए।
- खंड–ख में व्यावहारिक व्याकरण से प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
- खंड–ग पाठ्यपुस्तक पर आधारित है, निर्देशानुसार उत्तर दीजिए।
- खंड़–घ रचनात्मक लेखन पर आधारित है आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
- प्रश्न पत्र में कुल 16 प्रश्न हैं, सभी प्रश्न अनिवार्य है।
- यथासंभव सभी खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

---

## खंड–क (अपठित बोध)

**1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** 7

स्वच्छता का जीवन में अत्यधिक महत्त्व है। एक स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण न केवल हमारे शारीरिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है, बल्कि यह मानसिक शांति और सामाजिक सौहार्द को भी बढ़ावा देता है। स्वच्छता केवल व्यक्तिगत स्तर पर नहीं, बल्कि सामूहिक स्तर पर भी महत्त्वपूर्ण है। यदि हम अपने आस–पास के वातावरण को स्वच्छ रखते हैं, तो यह पूरे समाज के लिए लाभकारी होता है।

स्वच्छता का संबंध सीधा–सीधा बीमारियों से है। गंदगी और कचरे के कारण कई संक्रामक बीमारियाँ फैलती हैं, जो मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होती हैं। नियमित सफाई और कचरा प्रबंधन से इन बीमारियों से बचा जा सकता है। इसके अलावा, स्वच्छता मानसिक स्वास्थ्य पर भी सकारात्मक प्रभाव डालती है। एक साफ–सुथरा वातावरण व्यक्ति के मन को प्रसन्न और शांत रखता है।

सरकारें भी स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को इसके महत्त्व के प्रति जागरूक कर रही हैं। 'स्वच्छ भारत अभियान' इसका एक उदाहरण है, जिसके तहत हर नागरिक को स्वच्छता के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। हमें अपने घर, गली, और समाज को स्वच्छ रखने के लिए पहल करनी चाहिए। सामूहिक प्रयासों से ही हम स्वच्छ और स्वस्थ समाज की स्थापना कर सकते हैं।

(क) उपर्युक्त गद्यांश का मुख्य विषय क्या है?

i. बीमारियों का प्रसार
ii. स्वच्छता का महत्त्व
iii. स्वच्छ भारत अभियान
iv. सामूहिक प्रयास और स्वच्छता

CLICK HERE TO SEE ANSWERS

(ख) स्वच्छता का संबंध सीधा–सीधा बीमारियों से है– पंक्ति से क्या आशय है?
i. गंदगी से बीमारियाँ नहीं फैलतीं
ii. स्वच्छता से बीमारियों की रोकथाम होती है
iii. स्वच्छता का बीमारियों से कोई संबंध नहीं है
iv. बीमारियाँ स्वच्छता पर निर्भर नहीं करतीं

(ग) निम्नलिखित कथन और निष्कर्ष को ध्यान से पढ़कर दिए गए विकल्प से सही उत्तर चुनकर लिखिए:
कथन : स्वच्छता मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करती है।
निष्कर्ष : स्वच्छ वातावरण से मन प्रसन्न रहता है।
i. कथन सही है, लेकिन निष्कर्ष गलत है।
ii. कथन और निष्कर्ष दोनों सही हैं।
iii. कथन गलत है और निष्कर्ष सही है।
iv. कथन और निष्कर्ष दोनों गलत हैं।

(घ) सरल भाषा में स्वच्छता का समाज में योगदान स्पष्ट कीजिए।

(ङ) सामूहिक स्तर पर स्वच्छता क्यों महत्त्वपूर्ण है?

**2. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** 7

प्लास्टिक प्रदूषण एक गंभीर वैश्विक समस्या बन चुका है, जो मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण दोनों के लिए खतरा पैदा कर रहा है। हर साल टनों प्लास्टिक कचरा महासागरों, नदियों और जंगलों में जमा हो जाता है, जो न केवल वन्यजीवों के लिए हानिकारक है, बल्कि मानव जीवन पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालता है। प्लास्टिक के छोटे–छोटे कण, जिन्हें माइक्रोप्लास्टिक्स कहा जाता है, समुद्री जीवों के माध्यम से खाद्य श्रृंखला में प्रवेश कर जाते हैं, जिससे अंततः मानव स्वास्थ्य पर भी असर पड़ता है। इसके कारण श्वसन, पाचन और अन्य बीमारियाँ उत्पन्न होने का खतरा बढ़ता है, जो लंबे समय तक गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकती हैं।

प्लास्टिक प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए कई देशों ने कदम उठाए हैं। एकल–उपयोग वाले प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाने, पुनर्चक्रण को बढ़ावा देने, और पर्यावरण के अनुकूल विकल्पों का उपयोग करने जैसे उपायों पर जोर दिया जा रहा है। इसके साथ ही, लोगों में प्लास्टिक के उपयोग को कम करने और उसके प्रभावों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न जागरूकता अभियानों का आयोजन किया जा रहा है। प्लास्टिक प्रदूषण को कम करने के लिए हमें अपने जीवन में छोटे–छोटे बदलाव करने होंगे, ताकि हम आने वाली पीढ़ियों को एक स्वच्छ और स्वस्थ पर्यावरण प्रदान कर सकें।

(क) उपर्युक्त गद्यांश का मुख्य विषय क्या है?
i. प्रदूषण
ii. औद्योगिकीकरण
iii. जलवायु परिवर्तन
iv. प्लास्टिक प्रदूषण

(ख) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। दिए गए विकल्पों में से एक सही विकल्प चुनकर लिखिए:
कथन (A) : प्लास्टिक कचरा महासागरों में जमा हो जाता है।
कारण (R) : प्लास्टिक पर्यावरण में आसानी से नष्ट नहीं होता।

CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP

i. कथन (A) सही है, कारण (R) गलत है।
ii. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।
iii. कथन (A) सही है, और कारण (R) उसकी सही व्याख्या है।
iv. कथन (A) गलत है किन्तु कारण (R) सही है।

(ग) माइक्रोप्लास्टिक्स का क्या प्रभाव है?
i. वे जल को शुद्ध करते हैं
ii. वे खाद्य श्रृंखला में प्रवेश कर मानव स्वास्थ्य को प्रभावित करते हैं
iii. वे वनस्पतियों के लिए फायदेमंद हैं
iv. वे मिट्टी को उपजाऊ बनाते हैं

(घ) प्लास्टिक प्रदूषण को कम करने के लिए कौन–कौन से कदम उठाए जा रहे हैं?

(ङ) प्लास्टिक प्रदूषण का पर्यावरण और मानव जीवन पर क्या प्रभाव है?

## खंड–ख (व्यावहारिक व्याकरण)

**3.** **'पदबंध' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** $4 \times 1 = 4$

(क) तताँरा को मानो कुछ होश आया– वाक्य में से क्रिया पदबंध चुनकर लिखिए।

(ख) क्या एक वाक्य में संज्ञा पदबंध और क्रिया पदबंध का समावेश हो सकता है? उदाहरण देकर स्पष्ट करें।

(ग) ग्वालियर से मुंबई की दूरी ने काफी कुछ बदल दिया है– वाक्य में रेखांकित पदबंध का भेद लिखिए।

(घ) जो जितना बड़ा होता है, उसे उतना ही कम गुस्सा आता है– वाक्य में पदबंध का भेद बताते हुए कारण भी स्पष्ट कीजिए।

(ङ) क्रिया–विशेषण पदबंध का एक उदाहरण देकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।

**4.** **'रचना के आधार पर वाक्य रूपांतरण' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** $4 \times 1 = 4$

(क) जापान के अस्सी फीसदी लोग तनाव के कारण मन से अस्वस्थ हैं– वाक्य का भेद लिखिए।

(ख) रीति के अनुसार, दोनों को एक ही गाँव का होना आवश्यक था– मिश्र वाक्य में रूपांतरित कीजिए।

(ग) संयुक्त वाक्य में "परंतु" का उपयोग किसलिए किया जाता है?

(घ) सरल वाक्य की एक विशेषता लिखिए और उदाहरण भी दीजिए।

(ङ) बड़े भाई साहब हमेशा किताबों के ढेर में डूबे रहते थे– वाक्य का भेद बताते हुए कारण स्पष्ट कीजिए।

**5.** **'समास' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** $4 \times 1 = 4$

(क) द्वंद्व समास में दोनों पदों का समान महत्व क्यों होता है?

(ख) कर्मधारय समास में पूर्व पद और उत्तर पद के संबंध को समझाइए।

(ग) 'अत्यंत' अव्ययीभाव समास है कैसे?

(घ) 'जनसमूह' सामासिक पद का विग्रह करते हुए भेद लिखिए।

(ङ) तत्पुरुष समास में पूर्व और उत्तर पद के बीच संबंध को समझाइए और इसका एक उदाहरण दीजिए।

CLICK HERE TO SEE ANSWERS

**6.** **'मुहावरे' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** $4 \times 1 = 4$

(क) नूह ने घायल कुत्ते की बात सुनकर कहा, "दुनिया में हर कोई .................. लेकर नहीं आता।" (उपयुक्त मुहावरे द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।)

(ख) राजकपूर ने शैलेंद्र को सलाह देते हुए कहा, "फिल्म निर्माण कोई आसान काम नहीं है, इसमें बहुत .................. की जरूरत होती है।" (उपयुक्त मुहावरे द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।)

(ग) लेखक ने कहा, ''हमारे समाज में पहले दूसरों की परेशानियाँ देखकर दिल पसीज जाता था।'' पंक्ति से मुहावरा चुनकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।

(घ) 'आँखें फोड़ना' और 'तलवार खींचना' मुहावरे में अंतर स्पष्ट कीजिए।

(ङ) 'काम तमाम कर देना' मुहावरे का वाक्य बनाइए।

## खंड–ग (पाठ्यपुस्तक)

**7.** **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर सर्वाधिक उचित विकल्प से चुनकर लिखिए–** $5 \times 1 = 5$

मेरे और भाई साहब के बीच में अब केवल एक दरजे का अंतर और रह गया। मेरे मन में एक कुटिल भावना उदय हुई कि कहीं भाई साहब एक साल और फेल हो जाएँ, तो मैं उनके बराबर हो जाऊँ, फिर वह किस आधार पर मेरी फजीहत कर सकेंगे, लेकिन मैंने इस विचार को दिल से बलपूर्वक निकाल डाला। आखिर वह मुझे मेरे हित के विचार से ही तो डाँटते हैं। मुझे इस वक्त अप्रिय लगता है अवश्य, मगर यह शायद उनके उपदेशों का सही असर है कि मैं दनादन पास हो जाता हूँ और इतने अच्छे नंबरों से।

(क) 'कुटिल भावना' से क्या अभिप्राय है?

i. मन में कपट और द्वेष रखने का भाव
ii. दूसरे की प्रशंसा का भाव
iii. आदर और सम्मान की पृष्ठभूमि
iv. अकारण दु:खी होने का भाव

(ख) 'मेरे मन में एक कुटिल भावना उदय हुई कि कहीं भाई साहब एक साल और फेल हो जाएँ, तो मैं उनके बराबर हो जाऊँगा और फिर वह किस आधार पर मेरी फजीहत कर सकेंगे।' पंक्ति में लेखक की कुटिल भावना क्या है?

i. बड़े भाई की इज्जत न करने की
ii. बड़े भाई की शिकायत करने की
iii. बड़े भाई साहब के एक बार और फेल हो जाने की
iv. उपर्युक्त सभी

(ग) बड़े भाई के उपदेशों का असर छोटे भाई को किस रूप में दिखाई देता है?

i. लगातार पास होने में
ii. लगातार पढ़ने में
iii. लगातार खेलने में
iv. इनमें से कोई नहीं

CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP

(घ) मैं दनादन पास हो जाता हूँ– पंक्ति में 'दनादन' का क्या अर्थ है?
i. कठिनाई से
ii. जल्दी–जल्दी
iii. कभी–कभी
iv. धीरे–धीरे

(ङ) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यान से पढ़िए तथा सर्वोत्तम उचित विकल्प को चुन कर लिखिए:
कथन (A) : लेखक के अच्छे अंक आने का कारण उसके स्वयं के कठोर परिश्रम थे।
कारण (R) : लेखक को पढ़ाई में रुचि हो गई थी और उसने खेलकूद से दूरी बना ली थी।
i. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।
ii. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं।
iii. कथन (A) गलत है तथा कारण (R) सही है।
iv. कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

**8.** **गद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25–30 शब्दों में लिखिए–** **$3 \times 2 = 6$**

(क) तताँरा ने अपनी विलक्षण तलवार से धरती क्यों पाट डाली?

(ख) कुत्ते ने नूह का हृदय किस प्रकार परिवर्तित किया?

(ग) 'टी–सेरेमनी' में कितने आदमियों को प्रवेश दिया जाता था और क्यों?

(घ) वज़ीर अली आजमगढ़ के जगलों में क्या रह रहा था?

**9.** **निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए–** **$5 \times 1 = 5$**

रहो न भूल के कभी मदांध तुच्छ वित्त में,
सनाथ जान आपको करो न गर्व चित्त में।
अनाथ कौन है यहाँ? त्रिलोकनाथ साथ हैं,
दयालु दीनबंधु के बड़े विशाल हाथ हैं।
अतीव भाग्यहीन है अधीर भाव जो करें,
वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे।।

(क) प्रस्तुत पद्यांश में कवि ने क्या प्रेरणा दी है?
i. ईश्वर का स्मरण करने की
ii. धन के उन्माद में अहंकारी न होने की
iii. संघर्षों से न घबराने की
iv. अन्याय के विरूद्ध आवाज उठाने की

(ख) पद्यांश के अनुसार, हमें किस बात पर गर्व नहीं करना चाहिए?
i. हम धनी हैं
ii. हम सनाथ हैं
iii. हम अपने आपमें पूर्ण हैं
iv. हम उन्नति के लिए सक्षम हैं

CLICK HERE TO SEE ANSWERS

(ग) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्प में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।

अभिकथन (A) : कवि का मानना है कि मनुष्य को कभी भी तुच्छ धन पर गर्व नहीं करना चाहिए।

कारण (R) : क्योंकि सच्चा सहारा देने वाला त्रिलोकनाथ का साथ सभी के पास है।

i कथन (A) गलत है, किन्तु कारण (R) सही है।

ii कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।

iii कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।

iv कथन (A) सही है किन्तु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(घ) कवि ने अति भाग्यहीन किसे कहा है?

i. जो डरता है

ii. जो मदांध है

iii. जो धैर्य नहीं रखता

iv. जो उच्चता का भाव रखता है

(ङ) पद्यांश के आधार पर बताइए कि यहाँ कोई अनाथ क्यों नहीं है?

i. क्योंकि समाज सबका ध्यान रखता है

ii. क्योंकि सबको परिवार का सहारा है

iii. क्योंकि ईश्वर सबके साथ है

iv. क्योंकि हमे अपने परिश्रम पर विश्वास है

**10. काव्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए-** $3 \times 2 = 6$

(क) मीठी वाणी बोलने से क्या होता है?

(ख) पर्वत प्रदेश में पावस के दृश्य को कवि ने इन्द्रजाल क्यों कहा है?

(ग) तोप और चिड़िया किसके प्रतीक हैं?

(घ) काटी कुंजर पीर' के अनुसार कुंजर की क्या पीड़ा थी और वह कैसे दूर हुई?

**11. पूरक पुस्तक 'संचयन' पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 40-50 शब्दों में लिखिए-** $2 \times 3 = 6$

(क) ठाकुरबारी के साधु-संतों का कौन-सा आचरण लेखक के मन में उनके प्रति घृणा उत्पन्न कर रहा था?

(ख) "कोई भी भाषा आपसी व्यवहार में बाधा नहीं बनती।" 'सपनों के-से दिन' पाठ के किस अंश से यह सिद्ध होता है?

(ग) इफ़्फ़न की दादी अपने पीहर क्यों जाना चाहती थीं?

CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP

## खंड–घ (रचनात्मक लेखन)

**12.** **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत–बिन्दुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए–** $1 \times 5 = 5$

(i) **परंपराएँ : संस्कृति की वाहक**
- परंपराओं का महत्त्व
- परंपराओं का विभाजन
- संस्कृति की निर्मात्री

(ii) **टी.वी. रियल्टी शो का समाज पर प्रभाव**
- अर्थ
- रियल्टी शो का आकर्षण
- इसका प्रभाव

(iii) **वृक्षारोपण का महत्त्व**
- वृक्षारोपण का अर्थ
- वृक्षों की अंधाधुंध कटाई के प्रभाव
- वृक्षारोपण क्यों हमारा दायित्व

**13.** **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए–** $1 \times 5 = 5$

अपने क्षेत्र में बिजली की अनियमित्ताओं की शिकायत करते हुए क्षेत्रीय विद्युत अधिकारी को एक पत्र लिखिए।

अथवा

जल बोर्ड के अध्यक्ष को पत्र लिखकर अपने क्षेत्र में नियमित रूप से जल आपूर्ति की व्यवस्था हेतु निवेदन कीजिए।

**14.** **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 60 शब्दों में सूचना लिखिए–** $1 \times 4 = 4$

विद्यालय की सांस्कृतिक संस्था 'रंगमंच' की सचिव लतिका की ओर से 'स्वरपरीक्षा' के लिए इच्छुक विद्यार्थियों को यथासमय उपस्थित रहने की सूचना लिखिए।

अथवा

भारतीय विकास परिषद् की ओर से स्कूल में आयोजित 'अंतर्विद्यालयी विज्ञान प्रश्नोंत्तर प्रतियोगिता' के लिए सूचना लिखिए।

CLICK HERE TO SEE ANSWERS

**15.** **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन लिखिए–** $1 \times 3 = 3$

'सोलर कुकर' बनाने वाली एक कम्पनी के लिए एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

अथवा

'हस्त शिल्प केंद्र' के लिए एक विज्ञापन तैयार कीजिए जिसके माध्यम से ग्रामीण शिल्पकारों को आमंत्रित करना है।

**16.** 'मारने वाले से बड़ा बचाने वाला' विषय पर लघु कथा लगभग 100 शब्दों में लिखिए। $1 \times 5 = 5$

अथवा

अपने क्षेत्र में एक पार्क विकसित करने के लिए सभी कॉलोनीवासियों की ओर से नगर निगम अधिकारी को लगभग 80 शब्दों में एक ई–मेल लिखिए।

www.nodia.in

CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP

# प्रतिदर्श प्रश्नपत्र 29

## कक्षा–10 परीक्षा 2024–25

## हिन्दी–ब (कोड–085)

**निर्धारित समय : 3 घंटे** **अधिकतम अंक : 80**

**सामान्य निर्देश :**

- इस प्रश्नपत्र में चार खंड हैं– क, ख, ग, और घ।
- खंड–क में अपठित गद्यांश से प्रश्न पूछे गए हैं, जिनके उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए दीजिए।
- खंड–ख में व्यावहारिक व्याकरण से प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
- खंड–ग पाठ्यपुस्तक पर आधारित है, निर्देशानुसार उत्तर दीजिए।
- खंड़–घ रचनात्मक लेखन पर आधारित है आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
- प्रश्न पत्र में कुल 16 प्रश्न हैं, सभी प्रश्न अनिवार्य है।
- यथासंभव सभी खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

---

## खंड–क (अपठित बोध)

**1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** 7

प्रकृति हमारी सबसे अनमोल संपत्ति है, और इसका संरक्षण हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी होनी चाहिए। पेड़–पौधे, नदियाँ, पर्वत, और वन्यजीव हमारी पृथ्वी को जीवंत और सुंदर बनाते हैं। लेकिन, मानव गतिविधियों के कारण आज प्रकृति खतरे में है। वनों की कटाई, प्रदूषण, और अवैध शिकार जैसे कारकों ने पर्यावरण को गंभीर नुकसान पहुँचाया है।

वृक्षारोपण और वनों का संरक्षण पर्यावरण को बचाने के महत्त्वपूर्ण उपाय हैं। वृक्ष कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करके ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, जिससे वायुमंडल का संतुलन बना रहता है। साथ ही, वृक्षों की जड़ें मिट्टी को बाँधकर उसे कटाव से बचाती हैं। इसके अलावा, नदियों और जलस्रोतों की स्वच्छता बनाए रखना भी आवश्यक है। जलस्रोतों के प्रदूषण से न केवल मानव स्वास्थ्य पर असर पड़ता है, बल्कि जल में रहने वाले जीवों का भी अस्तित्व खतरे में आ जाता है।

वन्यजीव संरक्षण भी पर्यावरण संतुलन के लिए आवश्यक है। वन्यजीव खाद्य श्रृंखला को बनाए रखते हैं और पारिस्थितिकी तंत्र का संतुलन सुनिश्चित करते हैं। हमें अवैध शिकार और वन्यजीवों के निवास स्थानों के विनाश को रोकना चाहिए। सामूहिक प्रयासों से ही हम प्रकृति को संरक्षित कर सकते हैं और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वस्थ और सुरक्षित पर्यावरण सुनिश्चित कर सकते हैं।

(क) उपर्युक्त गद्यांश का मुख्य विषय क्या है?

i. वनों की कटाई
ii. प्रकृति का संरक्षण
iii. जल प्रदूषण
iv. वन्यजीवों का महत्त्व

CLICK HERE TO SEE ANSWERS

(ख) प्रकृति हमारी सबसे अनमोल संपत्ति है– पंक्ति से क्या आशय है?
i. प्रकृति का कोई मूल्य नहीं है
ii. प्रकृति जीवन के लिए आवश्यक नहीं है
iii. प्रकृति हमारी जीवनरेखा है
iv. प्रकृति केवल सुंदरता के लिए है

(ग) निम्नलिखित कथन और निष्कर्ष को ध्यान से पढ़कर दिए गए विकल्प से सही उत्तर चुनकर लिखिए:
कथन : वृक्षारोपण पर्यावरण संरक्षण में सहायक है।
निष्कर्ष : वृक्षारोपण से जलवायु परिवर्तन की समस्या हल हो सकती है।
i. कथन सही है, लेकिन निष्कर्ष गलत है।
ii. कथन और निष्कर्ष दोनों सही हैं।
iii. कथन गलत है और निष्कर्ष सही है।
iv. कथन और निष्कर्ष दोनों गलत हैं।

(घ) सरल भाषा में वृक्षारोपण का महत्त्व स्पष्ट कीजिए।

(ङ) वन्यजीव संरक्षण क्यों आवश्यक है?

**2. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** 7

भारतीय हस्तकला भारत की सांस्कृतिक धरोहर का एक अमूल्य हिस्सा है, जो देश की कला और शिल्प कौशल की गहरी परंपरा को दर्शाता है। भारत के हर राज्य की अपनी अनूठी हस्तकला है, जो स्थानीय संस्कृति और परंपराओं को प्रदर्शित करती है। राजस्थान का बंधेज, उत्तर प्रदेश का चिकनकारी, कश्मीर की पश्मीना शाल, और पश्चिम बंगाल का कांथा कार्य भारत की प्रसिद्ध हस्तकलाओं में से कुछ हैं। इसके अलावा, ओडिशा के पटचित्र और महाराष्ट्र का वारली चित्रकला भी अत्यंत प्रसिद्ध हैं। इन हस्तकलाओं को बनाने में कलाकारों की कुशलता और रचनात्मकता दिखाई देती है, जो पीढ़ी दर पीढ़ी हस्तांतरित होती रही हैं।

भारतीय हस्तकला का वैश्विक स्तर पर भी विशेष महत्व है और यह दुनिया भर में अपनी गुणवत्ता और सौंदर्य के लिए सराही जाती है। इसके संरक्षण के लिए भारत में सरकार और कई गैर–सरकारी संगठन काम कर रहे हैं, ताकि यह प्राचीन कला जीवित रह सके और कलाकारों को भी रोजगार प्राप्त हो सके। आधुनिक समय में, हस्तशिल्प उत्पादों की मांग बढ़ती जा रही है, और यह उद्योग भारतीय अर्थव्यवस्था में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। इसके साथ ही, हस्तकला का पर्यावरण पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है, क्योंकि इनमें प्राकृतिक सामग्री का उपयोग होता है, जो पर्यावरण के अनुकूल होता है।

(क) उपर्युक्त गद्यांश का मुख्य विषय क्या है?
i. भारतीय संगीत
ii. भारतीय हस्तकला
iii. भारतीय विज्ञान
iv. भारतीय नृत्य

CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP

(ख) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। दिए गए विकल्पों में से एक सही विकल्प चुनकर लिखिए:
कथन (A) : कांथा और बंधेज भारतीय हस्तकला के कुछ प्रसिद्ध उदाहरण हैं।
कारण (R) : कांथा और बंधेज केवल दक्षिण भारत में ही बनाए जाते हैं।
i. कथन (A) सही है, कारण (R) गलत है।
ii. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।
iii. कथन (A) सही है, और कारण (R) उसकी सही व्याख्या है।
iv. कथन (A) गलत है किन्तु कारण (R) सही है।

(ग) कश्मीर की कौन सी प्रसिद्ध हस्तकला है?
i. चिकनकारी
ii. बंधेज
iii. कांथा
iv. पश्मीना शाल

(घ) भारतीय हस्तकला के संरक्षण के लिए कौन–कौन से प्रयास किए जा रहे हैं?

(ङ) भारतीय हस्तकला का भारतीय अर्थव्यवस्था और पर्यावरण पर क्या प्रभाव है?

## खंड–ख (व्यावहारिक व्याकरण)

**3.** **‘पदबंध’ पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** $4 \times 1 = 4$

(क) बडे भाई–साहब बहुत बुद्धिमान, समझदार और गंभीर स्वभाव के व्यक्ति थे– वाक्य में से विशेषण पदबंध चुनकर लिखिए

(ख) क्या किसी वाक्य में एक ही प्रकार के पदबंध एक से अधिक बार आ सकते हैं? उदाहरण देकर समझाइए।

(ग) उसकी कल्पना में वह एक अद्‌भुत साहसी युवक था– वाक्य में रेखांकित पदबंध का भेद लिखिएं

(घ) इस भवन की बुनियाद खूब मजबूत डालना चाहते थे– वाक्य में पदबंध का भेद बताते हुए कारण भी स्पष्ट कीजिए।

(ङ) क्रिया–विशेषण पदबंध का एक उदाहरण देकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।

**4.** **‘रचना के आधार पर वाक्य रूपांतरण’ पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** $4 \times 1 = 4$

(क) हेडमास्टर साहब की डिग्री यहाँ बेकार हो गई– वाक्य का भेद लिखिए।

(ख) बृजलाल गोयनका वंदे मातरम् बोलते हुए मोनुमेंट की ओर भागे– संयुक्त वाक्य में रूपांतरित कीजिए

(ग) संयुक्त वाक्य की परिभाषा और एक वाक्य में विशेषता बताइए।

(घ) संयुक्त वाक्य और मिश्र वाक्य के बीच अंतर बताइए और उदाहरण भी दीजिए।

(ङ) हरिहर काका ने जमीन के मामले में अपने भतीजों से बहस की– वाक्य का भेद बताते हुए कारण स्पष्ट कीजिए।

CLICK HERE TO SEE ANSWERS

**5.** **'समास' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** $4 \times 1 = 4$

(क) अव्ययीभाव समास अन्य समासों से किस प्रकार भिन्न होता है?

(ख) द्वंद्व समास में दोनों पदों की भूमिका को स्पष्ट कीजिए।

(ग) 'शिवालय' तत्पुरुष समास है कैसे?

(घ) 'माता–पिता' सामासिक पद का विग्रह करते हुए भेद लिखिए।

(ङ) द्विगु समास की विशेषताएँ बताते हुए इसका एक उदाहरण दीजिए।

**6.** **'मुहावरे' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** $4 \times 1 = 4$

(क) नूह ने घायल कुत्ते की बात सुनकर कहा, "सबकी जिंदगी .................... नहीं होती।" (उपयुक्त मुहावरे द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।)

(ख) तताँरा ने कहा, "यह लड़ाई हमारे लिए .................... बन गई है।" (उपयुक्त मुहावरे द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।)

(ग) महंत ने अपनी चाल में हरिहर काका को फँसाना चाहा, लेकिन उसकी चाल उल्टी पड़ गई। पंक्ति से मुहावरा चुनकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।

(घ) 'आँख का तारा' और 'आँखों में खटकना' मुहावरे में अंतर स्पष्ट कीजिए।

(ङ) 'आँखों में धूल झोंकना' मुहावरे का वाक्य बनाइए।

## खंड–ग (पाठ्यपुस्तक)

**7.** **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर सर्वाधिक उचित विकल्प से चुनकर लिखिए–** $5 \times 1 = 5$

ग्वालियर से बंबई की दूरी ने संसार को काफी कुछ बदल दिया है। वर्सोवा में जहाँ आज मेरा घर हैं, पहले यहाँ दूर तक जंगल था। पेड़ थे परिंदे थे, और दूसरे जानवर थे। अब यहाँ समंदर के किनारे लंबी–चौड़ी बस्ती बन गई है। बस्ती ने न जाने कितने परिंदों–चरिंदों से उनका घर छीन लिया है। इनमें से कुछ शहर छोड़कर चले गए हैं। जो नहीं जा सके हैं, उन्होनें यहाँ–वहाँ डेरा डाल लिया है। इनमें से दो कबूतरों ने मेरे फ्लैट के एक मचान में घोंसला बना लिया है।

(क) ग्वालियर से बंबई की दूरी ने संसार को कैसे बदल दिया हैं?

i. बस्तियाँ बसाकर

ii. पशु–पक्षियों को रहने की जगह देकर

iii. प्रकृति की दया पर पलना

iv. अस्थिर रहना

(ख) गद्यांश के अनुसार 'डेरा डालने' से क्या अभिप्राय हैं?

i. अस्थायी घरों का निर्माण

ii. एक जगह से दूसरी जगह जाना

iii. प्रकृति की दया पर पलना

iv. अस्थिर रहना

CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP

(ग) लेखक ने वर्सोवा में आए बदलाव को किस दृष्टिकोण से प्रस्तुत किया है?
i. आधुनिक विकास की ओर एक सकारात्मक कदम के रूप में
ii. प्रकृति से संतुलन खो देने की स्थिति के रूप में
iii. स्थानीय जनसंख्या की आवश्यकताओं को पूरा करने के प्रयास के रूप में
iv. प्राकृतिक संसाधनों का सही उपयोग करने के उदाहरण के रूप में

(घ) बस्ती ने न जाने कितने परिंदों–चरिंदों से उनका घर छीन लिया है– पंक्ति में 'परिंदों–चरिंदों' का क्या अर्थ है?
i. पेड़–पौधे
ii. पक्षी और जानवर
iii. घर के सामान
iv. बच्चों के खिलौने

(ङ) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यान से पढ़िए तथा सर्वाधिक उचित विकल्प को चुन कर लिखिए:
कथन (A) : ग्वालियर से बंबई की दूरी ने संसार में कोई परिवर्तन होने से रोका है।
कारण (R) : परिंदों–चरिंदों ने बस्ती वालों से उनका घर छीन लिया है।
i. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।
ii. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं।
iii. कथन (A) गलत है तथा कारण (R) सही है।
iv. कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

**8.** **गद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए–** $3 \times 2 = 6$

(क) बड़े भाई साहब के अंदर का बचपन कब जागा?
(ख) शुद्ध सोने से गहने क्यों नहीं बनवाए जाते?
(ग) डायरी का एक पन्ना पाठ हमें क्या संदेश वेता है? यह ज्वलंत दस्तावेज क्यों है?
(घ) 'तीसरी कसम' फ़िल्म को कौन–कौन से पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है?

**9.** **निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए–** $5 \times 1 = 5$

ऐसी बाँणी बोलिए, मन का आपा खोई।
अपना तन सीतल करै, औरन कौ सुख होई।।

(क) प्रस्तुत पंक्तियों के माध्यम से कवि ने क्या संदेश दिया है?
i. पुस्तकीय ज्ञान को त्यागने का
ii. स्वयं का आत्मज्ञान करने का
iii. ईश्वर को समझ पाने का
iv. अहंकार और कटु वचन त्यागने का

CLICK HERE TO SEE ANSWERS

(ख) 'अपना तन सीतल करे' पंक्ति का क्या आशय है?

i. अपने ऊपर ठंडा जल डालना
ii. अपने मन को शांत और प्रसन्नचित्त रखना
iii. दूसरों के कटु वचन सुनकर शांत बने रहना
iv. कष्टों में भी मुस्कुराते रहना

(ग) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्प में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।

अभिकथन (A) : कवि का मानना है कि कठोर वाणी से दूसरों को सुख मिलता है।

कारण (R) : क्योंकि मधुर वाणी से स्वयं को शांति मिलती है और दूसरों को भी आनंद की प्राप्ति होती है।

i कथन (A) गलत है, किन्तु कारण (R) सही है।
ii कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।
iii कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।
iv कथन (A) सही है किन्तु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(घ) 'मन का आपा खोई' से क्या तात्पर्य है?

i. अपनत्व खोना
ii. साधना करना
iii. अहंकार खोना
iv. लीन होना

(ङ) मीठे वचनों का व्यक्ति पर क्या प्रभाव पड़ता है?

i. मन शांत और प्रसन्न हो जाता है
ii. सुनने वालों को सुख का अनुभव होता है
iii. i और ii दोनों
iv. सुनाने वाले को कष्ट का अनुभव होता है

**10.** **काव्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए-** **$3 \times 2 = 6$**

(क) इस गीत में ऐसी क्या खास है जो आपको जीवन भर याद रह जाती है?

(ख) समस्त संसार का पूजनीय कौन होता है? मनुष्यता कविता के आधार पर बताओ।

(ग) कवि ने तालाब की तुलना दर्पण से क्यों की है ?

(घ) भाव-भक्ति को जागीर क्यों कहा गया है? पद (मीरा) कविता के आधार पर बताइये।

**11.** **पूरक पुस्तक 'संचयन' पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 40-50 शब्दों में लिखिए-** **$2 \times 3 = 6$**

(क) हरिहर काका को पुलिस सुरक्षा क्यों प्रदान की गई?

(ख) हेडमास्टर शर्मा जी ने पी.टी. साहब को क्यों मुअत्तल कर दिया?

(ग) 'अम्मी' शब्द पर टोपी के घरवालों की क्या प्रतिक्रिया हुई?

CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP

## खंड–घ (रचनात्मक लेखन)

**12.** **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत–बिन्दुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए–** $1 \times 5 = 5$

(i) **भारतीय किसान के कष्ट**
- अन्नदाता की कठिनाइयाँ
- कठोर दिनचर्या
- सुधार के उपाय

(ii) **स्वच्छता आंदोलन**
- क्यों
- बदलाव
- हमारा दायित्व

(iii) **मन के हारे हार है मन के जीते जीत**
- निराशा अभिशाप
- दृष्टिकोण परिवर्तन
- सकारात्मक सोच

**13.** **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए–** $1 \times 5 = 5$

कक्षा में अनजाने में हो गए अभद्र व्यवहार के लिए कक्षाध्यापक से क्षमा–याचना करते हुए पत्र लिखिए।

अथवा

विद्यालय के गेट पर मध्यावकाश के समय ठेले और रेहड़ी वालों द्वारा जंक फूड बेचे जाने की शिकायत करते हुए प्रधानाचार्य को पत्र लिखकर उन्हें रोकने का अनुरोध कीजिए।

**14.** **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 60 शब्दों में सूचना लिखिए–** $1 \times 4 = 4$

आप हिंदी छात्र परिषद के सचिव हैं। आगामी सांस्कृतिक संध्या के बारे में अनुभागीय दीवार पट्टिका के लिए सूचना तैयार कीजिए।

अथवा

संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के अध्यक्ष की ओर से फिल्म प्रदर्शन की सूचना तैयार कीजिए।

**15.** **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन लिखिए–** $1 \times 3 = 3$

गर्मियों की छुट्टियों में आपने नृत्य संस्थान खोला है। उससे संबंधित एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

अथवा

स्कूल के हल्के व मजबूत बस्तों की कम्पनी के लिए एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।

CLICK HERE TO SEE ANSWERS

**16.** 'ईमानदारी' विषय पर लघु कथा लगभग 100 शब्दों में लिखिए। $1 \times 5 = 5$

अथवा

आपके विद्यालय का नया सत्र आरंभ हो गया है लेकिन बाजार में अभी तक आपकी हिंदी की पाठ्यपुस्तक उपलब्ध नहीं है। इस संदर्भ में एनसीईआरटी के व्यापार प्रबंधक को लगभग 80 शब्दों में एक ई–मेल लिखिए।

www.nodia.in

CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP

# प्रतिदर्श प्रश्नपत्र 30

## कक्षा–10 परीक्षा 2024–25

## हिन्दी–ब (कोड–085)

**निर्धारित समय : 3 घंटे** **अधिकतम अंक : 80**

**सामान्य निर्देश :**

- इस प्रश्नपत्र में चार खंड हैं– क, ख, ग, और घ।
- खंड–क में अपठित गद्यांश से प्रश्न पूछे गए हैं, जिनके उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए दीजिए।
- खंड–ख में व्यावहारिक व्याकरण से प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
- खंड–ग पाठ्यपुस्तक पर आधारित है, निर्देशानुसार उत्तर दीजिए।
- खंड़–घ रचनात्मक लेखन पर आधारित है आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
- प्रश्न पत्र में कुल 16 प्रश्न हैं, सभी प्रश्न अनिवार्य है।
- यथासंभव सभी खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

---

## खंड–क (अपठित बोध)

**1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** 7

शिक्षा मानव जीवन का एक महत्त्वपूर्ण पहलू है, जो न केवल व्यक्ति के बौद्धिक विकास में सहायक होती है, बल्कि उसके सामाजिक और नैतिक मूल्यों को भी समृद्ध करती है। शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञान प्राप्त करना ही नहीं, बल्कि व्यक्ति को एक अच्छा नागरिक बनाना भी है। आधुनिक समाज में शिक्षा का महत्त्व और भी बढ़ गया है, क्योंकि यह व्यक्ति को आत्मनिर्भर बनाती है और उसे अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक करती है।

शिक्षा का असली उद्देश्य समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना है। शिक्षित व्यक्ति न केवल अपने लिए, बल्कि समाज के लिए भी लाभकारी होता है। वह अपनी क्षमताओं का उपयोग समाज के विकास में करता है और दूसरों को भी प्रेरित करता है। शिक्षा से ही व्यक्ति में सहनशीलता, समझ, और सहानुभूति जैसे गुण विकसित होते हैं।

आज के समय में शिक्षा को हर वर्ग और समुदाय तक पहुँचाना अत्यंत आवश्यक हो गया है। सभी के लिए समान शिक्षा के अवसर प्रदान करने से ही एक समतामूलक समाज का निर्माण किया जा सकता है। इसके लिए सरकारों और सामाजिक संगठनों को मिलकर कार्य करना होगा ताकि हर व्यक्ति को शिक्षा का लाभ मिल सके।

(क) उपर्युक्त गद्यांश का मुख्य विषय क्या है?

i. शिक्षा का उद्देश्य
ii. शिक्षा और समाज
iii. शिक्षा का महत्त्व
iv. शिक्षा और अधिकार

**CLICK HERE TO SEE ANSWERS**

(ख) शिक्षा व्यक्ति को आत्मनिर्भर बनाती है– पंक्ति से क्या आशय है?

i. शिक्षा व्यक्ति को अपने पैरों पर खड़ा करती है

ii. शिक्षा केवल नौकरी पाने के लिए होती है

iii. शिक्षा से कोई लाभ नहीं होता

iv. शिक्षा केवल धन कमाने का साधन है

(ग) निम्नलिखित कथन और निष्कर्ष को ध्यान से पढ़कर दिए गए विकल्प से सही उत्तर चुनकर लिखिए:

कथन : शिक्षा समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाती है।

निष्कर्ष : शिक्षित व्यक्ति समाज के विकास में योगदान देता है।

i. कथन सही है, लेकिन निष्कर्ष गलत है।

ii. कथन और निष्कर्ष दोनों सही हैं।

iii. कथन गलत है और निष्कर्ष सही है।

iv. कथन और निष्कर्ष दोनों गलत हैं।

(घ) सरल भाषा में शिक्षा का समाज में योगदान स्पष्ट कीजिए।

(ङ) सभी के लिए समान शिक्षा के अवसर क्यों आवश्यक हैं?

**2. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** 7

जलवायु परिवर्तन के कारण ध्रुवीय बर्फ पिघलने की दर में तेजी आ रही है, जिससे समुद्र स्तर बढ़ रहा है और कई तटीय क्षेत्र डूबने के खतरे में हैं। इस गंभीर समस्या का समाधान करने के लिए वैज्ञानिक विभिन्न ग्लेशियर संरक्षण तकनीकों पर काम कर रहे हैं, जिसमें कृत्रिम साधनों द्वारा ग्लेशियरों को पिघलने से रोकने के उपाय शामिल हैं। इन तकनीकों में बर्फ की मोटाई बढ़ाने, बर्फ के ऊपर सुरक्षात्मक परतें बनाने और तापमान नियंत्रित करने के लिए विशेष उपकरणों का उपयोग किया जा रहा है। यह तकनीक न केवल ग्लेशियरों को पिघलने से बचा सकती है बल्कि समुद्र स्तर को स्थिर रखने में भी सहायक हो सकती है, जिससे तटीय क्षेत्रों को भविष्य में सुरक्षा मिलेगी। हालाँकि, इस प्रक्रिया में अत्यधिक संसाधनों और उन्नत तकनीकी विशेषज्ञता की आवश्यकता होती है, और इसे व्यापक रूप से किफायती बनाना एक बड़ी चुनौती है। यदि वैज्ञानिक इन तकनीकों को सफलतापूर्वक विकसित कर लेते हैं, तो यह जलवायु संकट का एक स्थायी समाधान बन सकता है और तटीय क्षेत्रों के लिए सुरक्षा प्रदान कर सकता है। इस प्रकार, ग्लेशियर संरक्षण तकनीक ध्रुवीय क्षेत्रों और तटीय समुदायों के भविष्य को सुरक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है, जिससे पर्यावरणीय संतुलन भी कायम रहेगा।

(क) उपर्युक्त गद्यांश की विषय–वस्तु क्या है?

i. समुद्र स्तर की वृद्धि

ii. ग्लेशियर संरक्षण तकनीक

iii. ऊर्जा उत्पादन

iv. वायु प्रदूषण

CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP

(ख) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। दिए गए विकल्पों में से एक सही विकल्प चुनकर लिखिए:

कथन (A) : ग्लेशियर संरक्षण तकनीक समुद्र स्तर को स्थिर रखने में सहायक हो सकती है।

कारण (R) : यह तकनीक ग्लेशियरों की पिघलने की दर को धीमा कर सकती है।

i. कथन (A) सही है, कारण (R) गलत है।

ii. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।

iii. कथन (A) सही है, और कारण (R) उसकी सही व्याख्या है।

iv. कथन (A) गलत है किन्तु कारण (R) सही है।

(ग) वैज्ञानिकों द्वारा ग्लेशियर संरक्षण तकनीक पर काम करने का मुख्य कारण क्या है?

i. तापमान में वृद्धि करना

ii. समुद्र स्तर को स्थिर रखना

iii. ऊर्जा उत्पादन बढ़ाना

iv. जलवायु परिवर्तन को बढ़ावा देना

(घ) ग्लेशियर संरक्षण तकनीक का उद्देश्य क्या है?

(ङ) ग्लेशियर संरक्षण तकनीक अन्य पर्यावरणीय उपायों से किस प्रकार भिन्न है?

## खंड–ख (व्यावहारिक व्याकरण)

**3. 'पदबंध' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** $4 \times 1 = 4$

(क) ततँारा एक नेक और मददगार व्यक्ति था– वाक्य में से विशेषण पदबंध चुनकर लिखिए।

(ख) किसी वाक्य में संज्ञा पदबंध और विशेषण पदबंध में अंतर कैसे करें? उदाहरण सहित समझाइए।

(ग) शुद्ध आदर्श भी <u>शुद्ध सोने</u> के जैसे ही होते हैं– वाक्य में रेखांकित पदबंध का भेद लिखिए।

(घ) वामीरो फटती हुई धरती के किनारे चीखती हुई दौड़ रही थी– वाक्य में पदबंध का भेद बताते हुए कारण भी स्पष्ट कीजिए।

(ङ) सर्वनाम पदबंध का एक उदाहरण देकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।

**4. 'रचना के आधार पर वाक्य रूपांतरण' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** $4 \times 1 = 4$

(क) वह घायल था फिर भी खेलता रहा– वाक्य का भेद लिखिए।

(ख) जब दुःशासन ने भरी सभा में द्रोपदी का चीरहरण किया था, तब आपने ही चीर को बढ़ाया था– सरल वाक्य में रूपांतरित कीजिए।

(ग) सरल वाक्य की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

(घ) समुच्चयबोधक अव्ययों में "लेकिन" का प्रयोग उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

(ङ) बड़े भाई साहब ने अपने अनुभवों के आधार पर मुझे समझाया– वाक्य का भेद बताते हुए कारण स्पष्ट कीजिए।

CLICK HERE TO SEE ANSWERS

**5.** **'समास' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** $4 \times 1 = 4$

(क) तत्पुरुष समास का उद्देश्य भाषा को संक्षिप्त और प्रभावी बनाना क्यों होता है?

(ख) अव्ययीभाव समास में पूर्व पद का योगदान क्या होता है?

(ग) 'दशानन' बहुव्रीहि समास है कैसे?

(घ) 'सुख–दुख' सामासिक पद का विग्रह करते हुए भेद लिखिए।

(ङ) बहुव्रीहि समास की विशेषता बताते हुए एक उदाहरण दीजिए।

**6.** **'मुहावरे' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** $4 \times 1 = 4$

(क) 26 जनवरी के दिन प्रदर्शनकारियों का साहस देखकर ऐसा लगा मानो वे .................... रखते हैं। (उपयुक्त मुहावरे द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।)

(ख) वजीर अली ने कर्नल की .................... दी। (उपयुक्त मुहावरे द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।)

(ग) गाँववालों के विरोध के समय कहा गया, "अब तो यहाँ सिर फटने की नौबत आ गई है।" पंक्ति से मुहावरा चुनकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।

(घ) 'अपना उल्लू सीधा करना' और 'नमक–मिर्च लगाना' मुहावरे में अंतर स्पष्ट कीजिए।

(ङ) 'हक्का–बक्का रह जाना' मुहावरे का वाक्य बनाइए।

## खंड–ग (पाठ्यपुस्तक)

**7.** **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर सर्वाधिक उचित विकल्प से चुनकर लिखिए–** $5 \times 1 = 5$

मेरी माँ कहती थी, सूरज ढले आँगन के पेड़ों से पत्ते मत तोड़ो, पेड़ रोएँगे। दीया–बत्ती के वक्त फूलों को मत तोड़ो, फूल बद्दुआ देते हैं। ..... दरिया पर जाओ तो उसे सलाम किया करो, वह खुश होता है। कबूतरों को मत सताया करो, वे हजरत मुहम्मद को अज़ीज़ हैं। उन्होंने उन्हें अपनी मजार के नीले गुंबद पर घोंसले बनाने की इजाजत दे रखी है। मुर्गे को परेशान नहीं किया करो, वह मुल्ला जी से पहले मोहल्ले में अजान देकर सबको सवेरे जगाता है।

सबकी पूजा एक–सी, अलग–अलग है रीत।<br>
मस्जिद जाए मौलवी, कोयल गाए गीत।।

(क) माँ ने शाम के समय पेड़ों से पत्ते न तोड़ने के पीछे क्या तर्क दिया?

i. उस समय पेड़ सोते हैं<br>
ii. उस समय पेड़ दूसरी दुनिया में होते हैं<br>
iii. ऐसा करने से पेड़ रोते हैं<br>
iv. उस समय पेड़ ध्यान लगाते हैं

(ख) माँ के अनुसार, दीया–बत्ती के समय फूल तोड़ने से क्या होता है?

i. फूल मुरझा जाते हैं<br>
ii. फूल बद्दुआ देते हैं<br>
iii. फूल अपने आप गिर जाते हैं<br>
iv. फूलों की सुगंध समाप्त हो जाती है

CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP

(ग) दरिया पर जाओ, तो उसे सलाम करो, वह खुश होता है, कबूतरों को मत सताया करो, वे हजरत मुहम्मद को अज़ीज हैं। दीया–बत्ती के वक्त फूलों को तोड़ने से वे बद्दुआ देते हैं।
पंक्ति के माध्यम से ज्ञात होता है कि लेखिका की माँ
i. प्रकृति से अत्यंत प्रेम करती हैं
ii. मन में प्राणी मात्र के प्रति दया–भाव रखती हैं
iii पशु–पक्षियों की रक्षा करना अपना कर्त्तव्य मानती हैं
iv. उपर्युक्त सभी

(घ) सबकी पूजा एक–सी, अलग–अलग है रीत– पंक्ति में 'रीत' का क्या अर्थ है?
i. नियम
ii. स्थान
iii. प्रथा
iv. भाषा

(ङ) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यान से पढ़िए तथा सर्वाधिक उचित विकल्प को चुन कर लिखिए:
कथन (A) : लेखक की माँ दरिया को सलाम करने की सलाह देती थीं।
कारण (R) : दरिया खुश होकर सबकी इच्छाएँ पूरी करता है।
i. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।
ii. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं।
iii. कथन (A) गलत है तथा कारण (R) सही है।
iv. कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

**8. गद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25–30 शब्दों में लिखिए–** $3 \times 2 = 6$

(क) अंग्रेजों की कंपनी का क्या नाम था? इस कंपनी ने भारत में किस प्रकार सफलता प्राप्त की थी?
(ख) दादा की गाढ़ी कमाई व्यर्थ करने से लेखक का क्या तात्पर्य है?
(ग) जापान के लोग अधिकतर किस रोग से ग्रस्त रहते हैं? और क्यों?
(घ) कलकत्ता का कलंक किस प्रकार धुला? डायरी का एक पन्ना पाठ के आधार पर बताइए।

**9. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए–** $5 \times 1 = 5$

जिंदा रहने के मौसम बहुत है मगर
जान देने की रुत रोज आती नहीं
हुस्न और इश्क दोनों को रुस्वा करे
वो जवानी जो खूँ में नहाती नहीं
आज धरती बनी है दुलहन साथियों
अब तुम्हारे हवाले वतन साथियों

CLICK HERE TO SEE ANSWERS

(क) 'दुल्हन' किसे कहा गया है?

i. धरती को

ii. आकाश को

iii. देशभक्त को

iv. दुश्मन सैनिक को

(ख) किसके लिए जान देने की रुत रोज नहीं आती?

i. मित्र के लिए

ii. धर्म के लिए

iii. देश के लिए

iv. प्रेम के लिए

(ग) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्प में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।

अभिकथन (A) : कवि का मानना है कि देश के लिए जान देना सर्वोच्च बलिदान है।

कारण (R) : देश के लिए जान देने का अवसर बार–बार नहीं आता, यह एक विशेष समय होता है।

i कथन (A) गलत है, किन्तु कारण (R) सही है।

ii कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।

iii कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।

iv कथन (A) सही है किन्तु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(घ) बलिदान न देने वाला यौवन किन्हें बदनाम करता है?

i. आलस और मेहनत को

ii. दुष्टता और सज्जनता को

iii. पुरुष और नारी को

iv. सुंदरता और प्रेम को

(ङ) पद्यांश में कैसी जवानी को व्यर्थ माना गया है?

i. जो दूसरों को न सताए

ii. जो जबरदस्ती किसी का धन न छीने

iii. जो देश के लिए खून न बहाए

iv. जो अपनी बहादुरी दूसरों को न दिखाए

**10.** **काव्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए–** **$3 \times 2 = 6$**

(क) 'दुखों से बचना' और 'दुखो को सहना' इन दोनों में क्या अंतर है? आत्मत्राण कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

(ख) अपने स्वभाव को निर्मल रखने के लिए कबीर ने क्या उपाय सुझाया है?

(ग) पृथ्वी किसका आभार मानती है और क्यों?

(घ) मीरा श्रीकृष्ण की सेवा करके वेतन रूप में क्या पाना चाहती हैं?

CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP

**11.** **पूरक पुस्तक 'संचयन' पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 40-50 शब्दों में लिखिए–** $2 \times 3 = 6$

(क) हरिहर काका को जबरन उठा ले जाने वाले कौन थे? उन्होंने उनके साथ कैसा बर्ताव किया?

(ख) नयी श्रेणी में जाने और नयी कॉपियों और पुरानी किताबों से आती विशेष गंध से लेखक का बालमन क्यों उदास हो उठता था?

(ग) "टोपी और इफ़्फन की दादी अलग–अलग मजहब और जाति के थे पर एक अनजान अटूट रिश्ते से बंधे थे।" इस कथन के आलोक में अपने विचार लिखिए।

## खंड–घ (रचनात्मक लेखन)

**12.** **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत–बिन्दुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए–** $1 \times 5 = 5$

(i) **जी.एस.टी : एक देश, एक कर**
- अर्थ
- क्यों जरूरी
- फायदे
- वास्तविक परेशानियाँ

(ii) **युवा–पीढ़ी के कर्तव्य**
- युवाः देश का भविष्य
- युवाओं के कर्तव्य
- कुछ भी करने का जज्बा

(iii) **विद्यार्थी और अनुशासन**
- विद्यार्थी का कर्तव्य
- अनुशासन के लाभ
- विद्यार्थी जीवन में इसका महत्व

**13.** **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए–** $1 \times 5 = 5$

पेयजल की समस्या की ओर सरकार का ध्यान दिलाने के लिए किसी समाचार–पत्र के संपादक के नाम पत्र लिखिए।

अथवा

कुछ समय पूर्व आपने एक टेलीविजन खरीदा है, जो अनेक कारणों से आपके लिए एक समस्या बना हुआ है। अपनी समस्या की जानकारी देते हुए विक्रेता के नाम पत्र लिखिए।

CLICK HERE TO SEE ANSWERS

**14.** **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 60 शब्दों में सूचना लिखिए–** $1 \times 4 = 4$

अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य की ओर से प्रतिभा–खोज प्रतियोगिता हेतु नामांकन की एक सूचना तैयार कीजिए।

अथवा

मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा जनसाधारण के लिए चुनाव के दिन सवेतन अवकाश देने की सूचना लिखिए।

**15.** **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन लिखिए–** $1 \times 3 = 3$

बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए खिलौने बनाने वाली एक कम्पनी खिलता बचपन के लिए एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।

अथवा

आपके विद्यालय में 'पहरेदार संस्था' की ओर से शीतल पेयजल की व्यवस्था की गई है। संस्था की ओर से विद्यार्थियों से जल का दुरुपयोग रोकने का आग्रह करते हुए एक विज्ञापन का आलेख तैयार कीजिए।

**16.** 'स्वावलम्बन' विषय पर लघु कथा लगभग 100 शब्दों में लिखिए। $1 \times 5 = 5$

अथवा

हिंदी शैक्षिक भ्रमण के रूप में इस बार आपकी कक्षा किसी गाँव में एक सप्ताह तक प्रौढ़ शिक्षा का कार्यक्रम करने की इच्छा रखती है। इसके लिए अनुमति माँगते हुए प्रधानाचार्य को लगभग 80 शब्दों में एक ई–मेल लिखिए।

www.nodia.in

CLICK HERE TO INSTALL NODIA APP